बैशाख कृष्ण पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 2 मई 2024
वर्ष-2, अंक-264, पृष्ठ-18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





कैमरे में कैद हुई निहारिका की भीतरी संरचना 18
अक्षय-अरशद शुरू करेंगे जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग 17










## नहर में स्नान करते समय सगी बहनों समेत चार डूबे

नानपारा, बहराइच

- शव बरामद, नानपारा कोतवाली के गिरधरपुर गांव का मामला

**अमृत विचार :** नानपारा कोतवाली के गिरधरपुर गांव में स्थित नहर में बुधवार को गांव के हम उम्र की किशोरियां और बालक स्नान कर रहे थे। स्नान करते समय सगी बहनों समेत चार डूब गए। काफी प्रयास के बाद चारों के शव बरामद कर लिए गए हैं।

कोतवाली नानपारा अंतर्गत गिरधरपुर गांव के ठीक सामने नहर स्थित है। बुधवार दोपहर में गांव निवासी आंचल (12) पुत्री शोभाराम, चोइनी (10) पुत्री शदबरन, बड़ी बहन माही (14) और राहुल (13) पुत्र सागर स्नान करने के गए। दोपहर 12 बजे सभी स्नान कर रहे थे। इसी दौरान स्नान करते समय पैर फिसलने से सभी बच्चे पानी में डूब गए। कुछ देर बाद परिवार के लोगों ने खोजबीन शुरू की तो नहर के निकट कपड़े और चप्पल मिले। जिस पर सभी ने नहर में खोजबीन शुरू की। ग्रामीणों की मदद से नहर से आंचल, चोईनी, राहुल व माही का शव बरामद कर लिया गया। चोईनी व माही सगी बहनें थीं। एसडीएम अश्विनी पांडेय ने बताया कि मृतकों के परिजनों को आपदा राहत कोष से आर्थिक सहायता राशि दिलाई जाएगी।

## अयोध्या पहुंच भक्ति भाव में डूब गईं राष्ट्रपति

अयोध्या कार्यालय

- रामलला को अपलक निहारती रहीं, जयकारे में हुईं शामिल
- हनुमानगढ़ी में उतारी आरती, सरयू आरती में भी हुईं शामिल

**अमृत विचार :** बुधवार शाम पुत्री के साथ अयोध्या पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भक्ति भाव में डूब गईं। श्रीराम मंदिर के गर्भगृह में रामलला को अपलक निहारती रहीं। आरती में शामिल हुईं। दोनों हाथ उठाकर जयकारे में शामिल हुईं।

हनुमानगढ़ी में हनुमंतलला के दर्शन किये। आरती उतारी व सरयू आरती में भी शामिल हुईं। उन्होंने तीन घंटे से भी अधिक समय रामनगरी में बिताए। भव्य और दिव्य राम मंदिर निहार वह भाव-विभोर दिखी। राष्ट्रपति बुधवार शाम 4:20 पर भारतीय वायु सेना के विमान से अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचीं। यहां उनका स्वागत राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किया। सड़क मार्ग से सीधे अयोध्या हनुमानगढ़ी पहुंचीं। बजरंगबली के दर्शन कर आरती उतारी। उनका आशीर्वाद लेकर मंदिर की परिक्रमा की। मुख्य पुजारी राजू दास ने राष्ट्रपति को स्मृति चिह्न भेंट किया। सरयू तट पहुंची राष्ट्रपति ने 2100 बत्ती से सरयू की आरती उतारी, दुग्धाभिषेक किया। करीब आधे घंटे बाद वह सीधे राम जन्मभूमि परिसर पहुंचीं। उन्होंने नवनिर्मित मंदिर देखा, गर्भगृह में पहुंची। रामलला की आरती में शामिल हुईं। रामजन्मभूमि परिसर स्थित कुबेर टाली पहुंचीं राष्ट्रपति ने भगवान शिव का भी जलाभिषेक किया। इसके बाद शाम लगभग 7:30 बजे दर्शन पूजन कार्यक्रम संपन्न करने के बाद वह अयोध्या एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना हो गईं। महंत नृत्यगोपाल दास, महासचिव चम्पत राय आदि ने राष्ट्रपति व राज्यपाल का स्वागत किया। पुजारी सत्येंद्र दास ने बताया कि आरती के दौरान राष्ट्रपति गर्भगृह में मौजूद थीं।



अयोध्या : रामलला के सामने हाथ जोड़ खड़ीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। अमृत विचार

### एक नजर

#### वाणिज्यिक एलपीजी की दर 19 रुपये घटी

**नई दिल्ली।** विमान ईंधन की कीमत में बुधवार को मामूली 0.7% की वृद्धि के साथ ही वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत में 19 रुपये प्रति सिलेंडर की कटौती की गई है। दिल्ली में विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत 749.25 रुपये प्रति किलोलीटर या 0.7% बढ़कर 101,642.88 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई। तेल कंपनियों ने 19 किग्रा वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत 19 रुपये घटाकर 1,745.50 रुपये कर दी।

#### सलमान के घर फायरिंग के आरोपी ने की आत्महत्या

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास के सामने गोलीबारी करने के एक आरोपी ने मुंबई पुलिस की अपराध शाखा के हवालात में बुधवार को आत्महत्या करने की कोशिश और अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी 23 वर्षीय अनुज थापन ने हवालात के शौचालय में चादर से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। थापन को सरकारी जीटी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में दुर्घटना से मौत का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि थापन मूल रूप से पंजाब का रहने वाला था।

# दिल्ली-एनसीआर में 130 स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

## ईमेल के जरिए मिली धमकी से छात्रों-अभिभावकों में दहशत, रूस से भेजे जाने का संदेह

नई दिल्ली/नोएडा, एजेंसी

दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में करीब 130 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। ईमेल से मिली धमकी के बाद बुधवार सुबह विद्यार्थियों और अभिभावकों में दहशत फैल गई। अधिकारियों ने बताया कि जांच में उन्हें कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला है। गृह मंत्रालय ने कहा है कि यह धमकी एक अफवाह प्रतीत होती है और घबराने की कोई जरूरत नहीं है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि स्कूलों को जो ईमेल मिला है, वह एक ही स्रोत से भेजा गया है जिसका मकसद दहशत फैलाना था। उन्होंने कहा कि इसके रूस से भेजे जाने का संदेह है। उन्होंने कहा कि यह भी हो सकता है कि दोषियों ने डार्क नेट का इस्तेमाल कर अपनी पहचान छिपा ली हो।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि दिल्ली पुलिस आईपीसी के कड़े प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज कर सकती है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार, उसे बुधवार दोपहर 12 बजे तक विभिन्न स्कूलों से ऐसे 97 फोन कॉल आए जिनमें बम रखे होने की धमकी की जानकारी दी गई थी। नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद और गुरुग्राम के कई निजी स्कूलों को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। दिल्ली पुलिस ने कहा कि उसने सभी स्कूलों की गहन जांच की, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।



डीपीएस को बम की धमकी के बाद निरीक्षण करते सुरक्षाकर्मी।

- गृह मंत्रालय ने कहा- सभी स्कूलों को एक ही स्रोत से भेजे गए ईमेल

### धमकी के पीछे आईएस का हाथ होने का संदेह

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस को स्कूलों में बम की धमकी के पीछे आईएस का हाथ होने का संदेह है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने इसके लिए जांच शुरू कर दी है। दिल्ली पुलिस के सूत्रों का कहना है कि प्रारंभिक जांच में लोकसभा चुनाव के दौरान आतंकवादी संगठन आईएस द्वारा गहरी साजिश का संकेत मिला है। 130 से अधिक स्कूलों को बुधवार तड़के ईमेल द्वारा बम की धमकी मिली, जिससे बड़े पैमाने पर निकासी और तलाशी शुरू हो गई। पुलिस और बम स्क्वायड ने तत्काल ही स्कूलों को खाली कराया। कई स्कूलों में परीक्षा भी थी, जिसे स्थगित कर दिया गया। अभिभावकों को जैसे ही धमकी के बारे में पता चला, घरों में दहशत फैल गयी और घबराए माता-पिता आनन-फानन में अपने बच्चों को लेने के लिए स्कूल पहुंचे।

### बिहार राजभवन को भी धमकी, बढ़ी सुरक्षा

**पटना।** बिहार के राजभवन में बम की सूचना वाले ईमेल मिलने के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पटना एसएसपी राजीव मिश्रा ने बताया कि राजभवन में जांच के दौरान कुछ संदिग्ध नहीं मिला। मंगलवार सुबह राजभवन और बिहार पुलिस को धमकी भरा ईमेल मिला, जिसमें राज्यपाल के आवास में बम की जानकारी है, जो अफवाह रहा।

### लखनऊ के एमिटी स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी

**लखनऊ।** वृन्दावन योजना सेक्टर आठ स्थित एमिटी इंटरनेशनल स्कूल को बम से उड़ाने धमकी मिली जो जांच में फर्जी निकली। बम स्क्वायड व पुलिस ने बच्चों को बाहर निकालकर सर्च ऑपरेशन चलाया। डीसीपी पूर्व प्रबल प्रताप सिंह के मुताबिक एमिटी इंटरनेशनल स्कूल में बम से उड़ाने का मेल स्कूल के आइडी पर आया था।

### सुप्रीम कोर्ट पहुंचा कोविशील्ड का मामला

## विशेषज्ञ समिति से कराई जाए दुष्प्रभावों की जांच

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को एक याचिका दायर कर कोविशील्ड टीके के किसी भी संभावित दुष्प्रभाव और जोखिम कारकों की जांच के लिए शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की देखरेख में चिकित्सा विशेषज्ञ समिति गठित करने का अनुरोध किया गया। याचिका के अनुसार, ब्रिटेन मुख्यालय वाली दवा कंपनी 'एस्ट्राजेनेका' ने कहा है कि कोविड-19 के खिलाफ उसका टीका बहुत दुर्लभ मामलों में कम प्लेटलेट काउंट और रक्त के थक्के बनने का कारण बन सकता है। इस टीके को भारत में कोविशील्ड के रूप में लाइसेंस के तहत बनाया गया था।



वकील विशाल तिवारी की ओर से दायर याचिका में केंद्र को उन लोगों को मुआवजे के निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया है, जो गंभीर रूप से दिव्यांग हैं या जिनकी कोविड के दौरान लगाए गए टीके के किसी भी दुष्प्रभाव के कारण मृत्यु हो गई है। दावा किया गया है कि एस्ट्राजेनेका ने वैक्सीन और थ्रोम्बोसिस के बीच थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम के साथ संबंध को स्वीकार किया है, जिसमें असामान्य रूप से प्लेटलेट्स का स्तर कम होता है और रक्त के थक्के बनते हैं। याचिका में कहा गया है कि कोविड-19 के बाद दिल का दौरा पड़ने और व्यक्तियों के बेहोश होने से मौत के मामलों में वृद्धि हुई है। युवाओं में भी दिल का दौरा पड़ने के कई मामले सामने आए हैं।

### कंपनी से चंदा लेकर हत्या का षड्यंत्र रचा : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर एक वैक्सीन निर्माता से राजनीतिक चंदा वसूलने के लिए लोगों की जिंदगी दांव पर लगाने का आरोप लगाया। उन्होंने मामले की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच की मांग की।

### मामले में स्पष्टीकरण दे केंद्र सरकार : राजीव शुक्ला

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव शुक्ला ने कहा कि केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार कोविशील्ड वैक्सीन प्रकरण पर तत्काल स्पष्टीकरण दे।

## छुट्टी के दिन का शपथ पत्र दाखिल करना डीएम अयोध्या को पड़ा भारी

विधि संवाददाता, लखनऊ

- हाईकोर्ट ने हाजिर होने का दिया आदेश
- रजिस्ट्रार से सीसीटीवी फुटेज भी किया तलब

**अमृत विचार :** अवमाननना के एक मामले में रविवार के अवकाश के दिन सायं साढ़े छह बजे का शपथ पत्र दाखिल करना, जिलाधिकारी, अयोध्या नीतीश कुमार को भारी पड़ गया।

हाईकोर्ट की लखनऊ बेनव्ह ने उन्हें अगली सुनवायी पर उपस्थित होकर, यह बताने को कहा है कि क्या वह स्वयं हाईकोर्ट परिसर में उपस्थित थे। इसी के साथ न्यायालय ने लखनऊ बेंच के सीनियर रजिस्ट्रार को भी आदेश दिया है कि वह सम्बंधित सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को सुरक्षित कर लें तथा अगली सुनवायी पर पेश करें। न्यायालय ने सम्बंधित ओथ कमिश्नर मो. जावेद को भी हाजिर होने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवायी 8 मई को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ ने भोला नाथ शर्मा की अवमानना याचिका पर पारित किया। याची ने उक्त याचिका पेंशन भुगतान के आदेश का अनुपालन न करने का आरोप लगाते हुए दाखिल की है। याचिका पर बुधवार को जिलाधिकारी, अयोध्या का सशपथ अनुपालन शपथ पत्र सुनवायी के दौरान दाखिल किया गया। न्यायालय ने पाया कि उक्त शपथ पत्र 28 अप्रैल की शाम साढ़े छह बजे मुख्य स्थायी अधिवक्ता के कार्यालय मे तैयार किया जाना दर्शाया गया है। जबकि 28 अप्रैल को रविवार होने की वजह से मुख्य स्थायी अधिवक्ता का कार्यालय बंद था। वहीं सरकारी वकील ने न्यायालय को बताया कि जिलाधिकारी नीतीश कुमार के कार्यालय के अधिकारियों ने उन्हें उक्त शपथ पत्र दिया था। सरकारी वकील के दफ्तर में उक्त शपथ पत्र को रिकॉर्ड पर लेने का प्रार्थना पत्र व इंडेक्स तैयार किया गया था। इन तथ्यों के सामने आने के बाद न्यायालय ने जिलाधिकारी नीतीश कुमार को तलब कर पूछा है कि क्या वह 28 अप्रैल को शाम साढ़े छह बजे हाईकोर्ट परिसर में स्वयं उपस्थित थे अथवा नहीं।

## गैंगस्टर गोल्डी बराड़ की अमेरिका में हत्या

नई दिल्ली, एजेंसी

- दावा : पंजाबी गायक मूसेवाला हत्याकांड में था मुख्य आरोपी

पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या का मुख्य आरोपी गोल्डी बराड़ की कथित तौर पर अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित होटल फेयरमाउंट में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। एक अमेरिकी समाचारपत्र के अनुसार मंगलवार की शाम 5.25 बजे अज्ञात हमलावरों ने वारदात को अंजाम दिया। बाद में इसकी जिम्मेदारी डल्ला-लखबीर गैंग ने ली है। हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

भारत सरकार ने बराड़ पर यूएपीए लगा रखा है। गृह मंत्रालय की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि बराड़ प्रतिबंधित खालिस्तानी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़ा हुआ है। वह भारत में कई बड़े अपराधों में शामिल है। लंबे समय से बराड़ के कनाडा में होने की बात मानी जा रही थी। साल 2019 में बराड़ स्टूडेंट वीजा पर पढ़ाई करने के लिए कनाडा गया था। वह कनाडा के 25 मोस्टवांटेडों में शामिल था। भारत के कई नेताओं को धमकी भरे फोन कॉल करने, फिरौती और हत्याओं के दावों को पोस्ट करने में भी आरोपी है।

## स्कूल के छात्रावास में बच्ची से दुष्कर्म

भोपाल, एजेंसी

- तीन पर रिपोर्ट, मप्र. के मुख्यमंत्री ने दिए एसआईटी से जांच के आदेश

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के एक निजी स्कूल के छात्रावास में आठ वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म किया गया, जिसके बाद तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मामले की विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने के आदेश दिए, जबकि विपक्षी कांग्रेस ने इस घटना को लेकर उनकी सरकार पर निशाना साधा और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की।

पुलिस ने बताया कि यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि घटना वास्तव में कब हुई। मिसरोद थाना प्रभारी मनीष राज भदौरिया ने बताया कि एक निजी स्कूल के छात्रावास में आठ वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म किया गया। इस संबंध में एक शिकायत के बाद पुलिस ने मंगलवार रात तीन लोगों के खिलाफ बलात्कार और पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि लड़की की मां की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) श्रद्धा तिवारी ने बताया कि आरोपियों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है क्योंकि लड़की ठीक से कुछ बता नहीं पा रही है। हम पीड़िता से दोबारा बात कर आरोपी की पहचान करेंगे। हम पहले उसकी मेडिकल जांच कराएंगे और बयान दर्ज करेंगे। भदौरिया ने कहा कि छात्रावास की सीसीटीवी फुटेज बरामद कर ली गई है।

### उज्जैन के आश्रम में 19 बच्चों से कुकर्म

**उज्जैन।** शहर के दंडी आश्रम के आचार्य और सेवादार पर बच्चों का यौन शोषण का आरोप लगा है। आश्रम में पढ़ने वाले 19 बच्चों ने इनके खिलाफ शिकायत की। दोनों के खिलाफ महाकाल थाने में मंगलवार देर रात 12.30 बजे मामला दर्ज किया गया। आश्रम के संचालक ने पुलिस बुलाकर आचार्य को गिरफ्तार कराया जबकि सेवादार फरार है। बड़नगर रोड स्थित 30 साल पुराने दंडी आश्रम में बच्चों के साथ कई दिनों से आचार्य राहुल शर्मा और सेवादार अजय ठाकुर गलत काम कर रहा था।

## अब्बास अंसारी को जमानत देने से हाईकोर्ट का इंकार

**विधि संवाददाता, लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने चित्रकूट जेल कांड मामले में विधायक अब्बास अंसारी की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने बुधवार को पारित किया।

इसके पूर्व न्यायालय ने अब्बास अंसारी और राज्य सरकार के वकीलों की बहस सुनने के पश्चात 24 अप्रैल को मामले में निर्णय सुरक्षित कर लिया था। मामले में अब्बास के साथ चित्रकूट जेल के अधिकारी व अब्बास की पत्नी निखत बानो को अभियुक्त बनाया गया था।

## सीबीआई ने की 10 राज्यों में 30 स्थानों पर छापेमारी, कई अहम चीजें बरामद

चेन्नई, एजेंसी

- एप से आधारित निवेश योजना के सिलसिले में की गई कार्रवाई

सीबीआई ने बुधवार को एप-आधारित कथित धोखाधड़ी वाले निवेश योजना से संबंधित मामले की जांच के दौरान 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 30 ठिकानों पर एक साथ छापे मारे। इस दौरान सीबीआई टीम ने लैपटॉप, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, कंप्यूटर हार्ड ड्राइव, सिम कार्ड, डेबिट कार्ड और अन्य अहम चीजें बरामद कीं।

सीबीआई ने बताया कि एचपीजेड टोकन एप से जुड़ी निवेश योजना के तहत धोखाधड़ी की शिकायत पर दो प्राइवेट कंपनियों और उनके निदेशकों तथा अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। आरोप है कि शिगू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड और लिलियन टेक्नोकैब प्राइवेट लिमिटेड अपने निदेशकों के साथ एचपीजेड टोकन एप से संबंधित धोखाधड़ी वाली निवेश योजना में आरोपी थे। जनता को गैर-मौजूद क्रिप्टो-मुद्रा माइनिंग मशीन किराये में निवेश करने के लिए गुमराह करते थे। एचपीजेड एक एप आधारित टोकन है जो उपयोगकर्ताओं को बिटकॉइन और क्रिप्टो करेंसी के लिए माइनिंग मशीनों में निवेश करके बड़े लाभ का झांसा देते हैं। सीबीआई ने दिल्ली-एनसीआर, जोधपुर, बेंगलुरु, मुंबई, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, बिहार और मध्य प्रदेश में 30 ठिकानों पर छापेमारी की। टीम को बड़ी संख्या में ईमेल अकाउंट की भी जानकारी मिली। सीबीआई ने बताया कि आरोपी पीड़ितों को बिटकॉइन खनन में निवेश पर भारी लाभ मिलने का प्रलोभन देकर एचपीजेड टोकन ऐप में निवेश कराते थे। जांच में पता चला कि आरोपियों ने 150 बैंक खातों का प्रयोग निवेशकों से धन एकत्र करने में किया था। इन फंडों का उपयोग शुरू में निवेशकों को विश्वास में लेने के लिए भुगतान के लिए किया जाता था।

## जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपये के पार

नई दिल्ली, एजेंसी

देश का सकल जीएसटी संग्रह अप्रैल में सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत बढ़कर 2.10 लाख करोड़ के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। घरेलू लेन-देन तथा आयात में मजबूत वृद्धि से ऐसा हुआ है। यह पहला मौका है जब किसी महीने में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह दो लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि सकल जीएसटी संग्रह अप्रैल 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपये के उच्च स्तर पर पहुंच गया। यह सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है, जो घरेलू लेनदेन (13.4%) और आयात (8.3%) में मजबूत वृद्धि के दम पर संभव हो पाया।



- घरेलू लेन-देन तथा आयात में मजबूत वृद्धि से अप्रैल में 2.10 लाख करोड़ रुपये का संग्रह

जीएसटी मार्च में 1.78 लाख करोड़ से अधिक रहा जबकि अप्रैल 2023 में यह 1.87 लाख करोड़ था। वित्त मंत्रालय के मुताबिक गत माह केंद्रीय जीएसटी संग्रह 43,846 करोड़ और राज्य जीएसटी संग्रह 53,538 करोड़ रहा। एकीकृत जीएसटी 99,623 करोड़ रहा, जिसमें आयातित वस्तुओं पर एकत्र 37,826 करोड़ रुपये शामिल हैं। अप्रैल में कुल उपकर संग्रह 13,260 करोड़ रहा, जिसमें आयातित वस्तुओं पर संग्रहित 1,008 करोड़ रुपये भी हैं। केंद्र सरकार ने एकीकृत जीएसटी संग्रह से केंद्रीय जीएसटी के लिए 50,307 करोड़ रुपये और राज्य जीएसटी के लिए 41,600 करोड़ रुपये का निपटान किया। डेलॉयट इंडिया में साझेदार महेश जयसिंह ने कहा कि जीएसटी संग्रह में बढ़ोतरी होने से प्रणाली में दूसरे दौर के सुधारों की दिशा में बढ़ने का मंच तैयार हो गया है।

### आर्थिक गतिविधियों में तेजी और दक्ष कर संग्रह से यह संभव हुआ : सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि आर्थिक गतिविधियों में तेजी और कर संग्रह में दक्षता के दम पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह दो लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। सीतारमण ने 'एक्स' पर इस मील के पत्थर को हासिल करने में राजस्व विभाग के केंद्रीय और राज्य अधिकारियों तथा केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के 'ईमानदार और सहयोगात्मक प्रयासों' की सराहना की। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था में मजबूत गतिविधियां और कुशल कर संग्रह की बदौलत जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। घरेलू लेनदेन और आयात में वृद्धि के कारण जीएसटी संग्रह बढ़ा है। बीते साल अप्रैल में जीएसटी संग्रह 1.87 लाख करोड़ रुपये था।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# भाजपा प्रत्याशी ने रोड-शो से दिखाई ताकत

जुलूस में शामिल रहे मंत्री विधायक व पार्टी कार्यकर्ता

## जय श्रीराम के नारों से गूंजा शहर, जगह-जगह स्वागत



नामांकन दाखिल करते भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह साथ में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। अमृत विचार



नामांकन जूलूस में शामिल लोग। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह ने बुधवार को नामांकन जुलूस के जरिए सियासी ताकत दिखाई। जुलूस में मंत्री व विधायक से लेकर आम लोग शामिल रहे। नौ किलोमीटर के जुलूस में जय श्रीराम के नारों से शहर गूंज गया। जगह-जगह फूल वर्षा की गई। गर्मी से निजात के लिए पानी और शरबत के स्टाल लगाए गए।

धूप और गर्मी पर सियासी गर्मी भारी पड़ी। जुलूस रामकथा पार्क अयोध्या से निकला। जय श्रीराम का जयघोष करते कार्यकर्ता आगे पैदल थे। उसके बाद मोटरसाईकिल का काफिला व भाजपा के दो रथ। एक रथ पर महंत कमलनयन दास, महंत मिथिलेश नंदनी शरण, आचार्य चित्रांशु, महंत मैथिली शरण, महंत वैदेही बल्लभ शरण दास, महंत परशुराम दास, जगदीश दास, मनीष दास, लोकसभा प्रभारी बांके बिहारी मणि त्रिपाठी रवार थे। दूसरे रथ पर पूर्व सांसद विनय कटियार, सांसद व प्रत्याशी लल्लू सिंह, मंत्री दया शंकर सिंह, राज्यमंत्री सतीश शर्मा, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, एमएलसी हरिओम पाण्डेय, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रामचन्दर यादव, डॉ. अमित सिंह चौहान, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू व गोरखनाथ सवार थे। जुलूस के स्वागत में रास्ते भर भाजपा के साथ विभिन्न संगठनों ने शिविर लगाए थे। इसमें पानी और शरबत का वितरण किया जा रहा था। शिविर से लोग पुष्पवर्षा भी कर रहे थे। व्यवस्था की जिम्मेदारी युवा मोर्चा के हाथ थी। जुलूस के आगे डीजे पर गीत बज रहे थे। जुलूस में गठबंधन की पार्टी राष्ट्रीय लोक दल, अपना दल, सुहेल देव भारतीय समाज पार्टी के कार्यकर्ता भी शामिल हुए। यह जुलूस प्रेस क्लब के आगे तक गया। कलेक्ट्रेट में समर्थकों की भारी भीड़ को पुलिस को रोकना पड़ा।

जुलूस में क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, प्रभारी श्रीकृष्ण शास्त्री, जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, पूर्व अध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल, कमला शंकर पाण्डेय, अभिषेक मिश्र, पूर्व विधायक रामू प्रियदर्शी, पूर्व चेयर मैन विजय गुप्ता, कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, करुणाकर पाण्डेय, गिरीश पाण्डेय डिप्पुल, ब्लॉक प्रमुख कप्तान सिंह, राजीव तिवारी, दिनेश वर्मा, इं. रणवीर सिंह, जिपं सदस्य इंद्रभान सिंह, चंद्र भान सिंह, आशा गौड़, बसंती सिंह, रीना द्विवेदी, शकुंतला गौतम, रालोद अवध जोन अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल, जिलाध्यक्ष बलराम यादव, समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता आदि शामिल रहे।

## हमारे फर्स्ट वोटर

### पहली बार सरकार चुनने की है खुशी



पहली बार मुझे भी देश को चलाने वाली सरकार चुनने का मौका मिलने जा रहा है। खुशी हो रही है। अपने मित्रों को भी फोन करके बता रही हूं कि अब हम लोगों को मौका मिला है। इसका सभी लोग लाभ उठाएं। एक अच्छी सरकार और अपनी पसंद का सांसद चुनने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग कर मतदान जरूर करें। साथ ही औरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।
– रोशनी तिवारी, छात्रा, घुरेहटा मिल्कीपुर

### मतदान करेंगे और करवायेंगे भी



इस बार मैं भी मतदान करूंगा। 20 मई को सुबह सबसे पहले अपने मताधिकार का प्रयोग करूंगा। खुशी हो रही है कि मुझे सरकार बनाने और सांसद चुनने का मौका मिला है। मेरे कई साथियों को मतदान करने का अधिकार मिला है। सभी चर्चा करते हैं कि मतदान जरूर करेंगे और लोगों से भी करवाएंगे। सभी युवाओं को वोटिंग में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। – **आनंद दूबे, छात्र, पूरे सीताराम दूबे, मिल्कीपुर।**

## बिना किसी प्रलोभन के करें मतदान

**रुदौली, अयोध्या :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बुधवार को कोतवाल देवेंद्र सिंह ने ग्राम बिड़हार के पंचायत भवन में बैठक की। इसमें भयमुक्त व बिना किसी प्रलोभन के मतदान करने की अपील की। कोतवाल देवेंद्र सिंह ने कहा कि मतदान के दौरान गड़बड़ी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में प्रधान पति शिव करन पासवान, दया शंकर श्रीवास्तव, अनुज श्रीवास्तव, जियालाल, छोटे लाल, सहित काफी संख्या ग्रामीण मौजूद रहे।

## तीन प्रत्याशियों ने किया नामांकन



नामांकन दाखिल करते सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

- भाजपा व सपा प्रत्याशी ने दोबारा भरा पर्चा
- भाजपा प्रत्याशी का नामांकन कराने पहुंचे उतराखंड के सीएम धामी

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में बुधवार को भाजपा और सपा सहित तीन प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र रिटर्निगं अफसर नितीश कुमार के सामने दाखिल किये। भाजपा और सपा प्रत्याशी ने दोबारा नामांकन पत्र दाखिल किया। भाजपा प्रत्याशी का नामांकन कराने उतराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कलक्ट्रेट पहुंचे थे।

सांसद व भाजपा के प्रत्याशी लल्लू सिंह ने तीन सेंटों में नामांकन दाखिल किया। उनके साथ विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, डॉ. अमित सिंह चौहान, मेयर गिरीश पति त्रिपाठी व अन्य लोग थे। सपा विधायक व इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने बुधवार को दूसरे दिन सादगी से नामांकन पत्र दाखिल किया। वह समर्थकों के साथ कचहरी के पास पहुंचे। यहां से नामांकन कक्ष तक पैदल जाकर दो सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। उनका नामांकन दाखिल कराने रुदौली से पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी उर्फ रुश्दी मियां, जिलाध्यक्ष पारसाथ यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष खिरौनी के प्रतिनिधि डा. राम सुमेर भारती सहित अन्य. लोग थे। इसके अलावा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी वृजेन्द्र दत्त त्रिपाठी ने एक सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने बताया कि बुधवार को दो प्रत्याशियों/प्रतिनिधियों ने एक-एक सेट में नामांकन फॉर्म लिया। अब तक कुल 37 लोगों ने 46 सेट में नामांकन पत्र लिया है। नामांकन कक्ष में सहायक रिटर्निंग ऑफिसर/उप जिलाधिकारी सदर राजकुमार पांडेय सहित नामांकन एवं अन्य चुनावी प्रक्रिया में लगे अधिकारी मौजूद रहे।

# न पूछा गया, न बुलाया गया, कैसे जाएं नामांकन में

- गठबंधन, सपा प्रत्याशी के नामांकन में नहीं पहुंचे आनंदसेन
- बोले – राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात में रखेंगे अपना पक्ष

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार:** इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद के नामांकन में पूर्व मंत्री आनंदसेन नहीं पहुंचे। लोगों की निगाहें उनको ढूंढ रही थी। उनकी दूरी से पार्टी के अंदरखाने में हलचल है। आनंदसेन ने कहा कि न पूछा गया, न बुलाया गया तो कैसे जाएं नामांकन में? कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिलने का प्रयास कर रहे हैं। उनकी व्यस्तता है। मिलेंगे जरूर। जैसे ही मुलाकात हुई अपना पक्ष रखेंगे।

समाजवादी पार्टी में यह दूरी पिछले दिनों से ही महसूस की जा रही थी, लेकिन चुनाव के समय अमूमन ऐसा होता नहीं है। आपसी दूरियां कम हो जाती है। खाई भर जाती है। लोग एक साथ चुनाव में जुट जाते हैं। लेकिन यहां तो स्थिति दूसरी है। समाजवादी पार्टी का कुनबा बड़ा है। आनंदसेन, पूर्व सांसद स्व. मित्रसेन यादव के पुत्र हैं। मिल्कीपुर और बीकापुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे हैं। बसपा की सरकार में राज्यमंत्री थे। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र से सपा के टिकट पर चुनाव लड़े। रनर रहे। 4.63 लाख वोट मिले थे। इस साल वह चुनाव मैदान में नहीं है। अलबत्ता उनके बड़े भाई अरविंद सेन भाकपा से प्रत्याशी है।

चुनाव घोषणा के बाद से ही सपा प्रत्याशी से उनकी दूरी महसूस की जा रही है। तब उनके भाई का भाकपा से टिकट भी नहीं हुआ था। इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने बुधवार को दोबारा नामांकन दाखिल किया। दो दिन पहले भी उन्होंने सादगी के साथ नामांकन दाखिल किया था। पहले दिन अनुपस्थित रहने के बाद सपाईयों को उम्मीद थी कि आनंद सेन दूसरे दिन नामांकन में जरूर दिखेंगे, लेकिन वह नहीं दिखे तो खुसुर-फुसुर शुरू हो गई। वह सपा की चुनावी कार्यक्रमों, सभाओं में भी दिख नहीं रहे हैं। बातचीत में पूर्व मंत्री का दर्द किसी हद तक छलकता है लेकिन पूरा बयां नहीं करते।

### फोन पर हुई बात, कहा था नामांकन में आने के लिए : जिलाध्यक्ष

आनंदसेन के नामांकन और सभाओं में न दिखने की बावत सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ नाथ यादव ने कहा कि आनंदसेन हीट स्ट्रोक से पीडित हो गए थे। फोन पर उनसे बात हुई थी। उन्होंने आने के लिए कहा भी था, लेकिन पहुंच नहीं पाए।



विजेता टीम ट्रॉफी के साथ। अमृत विचार

## जलालपुर स्पोर्टिंग ने रुदौली 786 इलेवन को हराया

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार:** कदिरापुर प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में जलालपुर स्पोर्टिंग ने रुदौली 786 इलेवन को आठ विकेट से पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मैच की विजेता टीम को सपा के प्रदेश कार्यकारिणी के विशेष आमंत्रित सदस्य एहसान मो. अली उर्फ चौधरी शहरयार ने शील्ड प्रदान की। रुदौली 786 इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 45 रन बनाए। इसके जवाब में जलालपुर स्पोर्टिंग ने चार गेंद शेष रहते निर्धारित लक्ष्य प्राप्त कर लिया। मैन-ऑफ-द-मैच आशुतोष यादव व मैन-ऑफ-द-सिरीज शान रहे। चौधरी शहरयार ने कहा की खेल नौजवानों में स्वच्छ प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करते हैं, जिसका लाभ उनको जीवन में मिलता है। इस मौके पर ताज हसन, मो. साजिद, शुऐब खां, हंसराज लोधी, मो. इद्रीस, सभासद मो. गुफ़रान आदि मौजूद रहे।

# सहकारी समिति में 15 साल से ताला बंद, 7000 किसान परेशान

हैदरगंज, अयोध्या

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। जिसमें विभिन्न दलों के लोग किसानों के हित का राग अलाप रहे हैं। इसी बीच यहां 15 साल से ताला बंद सहकारी समिति एक बार फिर चर्चा में है।

लगभग 15 वर्षों से तारुन ब्लॉक अंतर्गत साधन सहकारी समिति जाना बाजार बंद पड़ी हुई है। कमलेश वर्मा, पवन वर्मा, पवन कुमार, कमला वर्मा, राजबहादुर वर्मा, रामचंद्र यादव, देवराज तिवारी, गंगाराम यादव, हरिश्चंद्र यादव आदि किसानों का कहना है कि एक समय जब समिति चलती थी तब यहां तीन दिन में एक ट्रक खाद की खपत हो जाती थी। समिति बंद होने से यहां के किसानों को बड़ी समस्या हो रही है। उन्होंने बताया खाद, बीज, दवा भी अधिक दामों पर खरीदना पड़ रहा है। देखरेख और रंग रोगन के अभाव में समिति का भवन जर्जर होता जा रहा है।



15 साल से बंद पड़ी साधन सहकारी समिति जाना हुई जर्जर। अमृत विचार

- कई बार घोषणा के बाद भी अभी तक नहीं खुला ताला, 10 किलोमीटर दूर जाते हैं किसान

इस समिति के बंद होने से पछियाना, जाना, खपराडीह, कटौना, हारीपुर ग्राम पंचायतों के लगभग 7000 किसान प्रभावित हैं। जिन्हें खाद, बीज, दवा इत्यादि खेती संबंधी सामान लेने के लिए 10 किमी दूर स्थिति सहकारी समिति चरावां जाना पड़ता है।

> लाइसेंस खत्म हो जाने से समिति बंद है। दूसरी समिति चरावां से अटैच कर दी गई है। विभाग को अवगत करा दिया गया है, जैसे ही आदेश आता है समिति चालू करा दिया जाएगा। **–अमित सिंह, एडीओ, सहकारिता।**

## ट्रैक्टर-ट्रॉली व चालक के खिलाफ रिपोर्ट

- अवध विवि की छात्रा की मौत का मामला

**अयोध्या, अमृत विचार।** नगर कोतवाली क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आकर हुई अवध विश्वविद्यालय की छात्रा की मौत के मामले में मृतका के पिता ने बुधवार को ट्रैक्टर-ट्रॉली व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी संस्थान परिसर से घर कुढ़ा केशवपुर जा रही डी-फार्मा द्वितीय वर्ष की छात्रा अलसबा (20) की सोमवार को सड़क हादसे में मौत हो गई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में छात्रा के पिता मो. हसनैन का कहना है कि उनकी पुत्री साथियों के साथ सड़क किनारे जनौरा कट के पास सवारी का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान ट्रैक्टर यूपी 72 एएक्स 3468 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी पुत्री को टक्कर मार दी। ट्रॉली के पहिए के नीचे आने के चलते अलसबा खातून की मौत हो गई। नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि छात्रा के पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। दुर्घटना करने वाली ट्रैक्टर-ट्रॉली पुलिस के कब्जे में है। चालक की पहचान व तलाश कराई जा रही है।

## सार-संक्षेप



शत प्रतिशत मतदान की शपथ लेते श्रमिक। अमृत विचार

### मजदूर दिवस पर श्रमिकों ने ली मतदान की शपथ

**भेलसर, अयोध्या। अमृत विचार :** डीएसएम लायंस पब्लिक स्कूल रौजागांव में बुधवार को मजदूर दिवस पर मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन हुआ। डिस्ट्रिक्ट स्वीप आइकॉन डॉ. नेहाल रजा के निर्देशन में प्रधानाचार्य डॉ. भावना मिश्रा ने दिहाड़ी मजदूरों को मतदान करने की शपथ दिलाई। ऑईकान डॉ. निहाल रजा ने श्रमिकों को मतदान का महत्व बताते हुए कुछ इस तरह से अपने विचार व्यक्त किए... सो जाते हैं फ़ुटपाथ पे अख़बार बिछा कर, मज़दूर कभी नींद की गोली नहीं खाते। कहा कि आज एक मई है। आज का दिन श्रमिकों के त्याग परिश्रम एवं विकास में उनकी महत्वपूर्ण भागीदारी को स्मरण करने का दिन है। विद्यालय की चीफ एडवाइजर हुमा निहाल ने आए सभी श्रमिक भाईयों को मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और कर्मचारी मौजूद रहे।

### कार्मिकों व माइक्रो ऑब्जर्वर को किया प्रशिक्षित

**अयोध्या। अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में लगाए गए मतदान कार्मिकों और माइक्रो ऑब्जर्वर को बुधवार को साकेत महाविद्यालय में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के लिए 124 मतदान कार्मिक और 416 माइक्रो ऑब्जर्वर को बुलाया गया था। सीडीओ ऋषिराज, डीडीओ उपेंद्र पाल सहित मास्टर ट्रेनरों ने इनको प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण में एक मतदान कार्मिक और पांच माइक्रो ऑब्जर्वर अनुपस्थित रहे।

### डायलिसिस यूनिट के निर्माण के लिए किया निरीक्षण

**अयोध्या, अमृत विचार :** दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में प्रस्तावित 10 बेड के डायलिसिस यूनिट के निर्माण का रास्ता धीरे-धीरे खुलता जा रहा है। सीएसआर फंड से बनने वाले इस यूनिट के निर्माण के लिए इंडियन ऑडल के अधिकारियों ने बुधवार को स्थल का निरीक्षण किया। मीडिया प्रभारी डॉ. डीके सिंह ने बताया कि जीएम अतुल कपूर ने पुराने भवन स्थित डायलिसिस सेंटर के कक्ष का गहनता से निरीक्षण किया।

### पिता-पुत्रों के खिलाफ मारपीट का केस

**रुदौली, अयोध्या :** बाबाबाजार थाना पुलिस ने पिता-पुत्रों के खिलाफ मारपीटका केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम शेरपुर निवासी राम बक्स यादव ने बताया कि रंजिश के चलते गांव निवासी पंचम और उसके पुत्रों बृजेश व रविन्द्र ने लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। उसकी तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### किशोरी के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**मिल्कीपुर/अयोध्या। अमृत विचार :** इनायतनगर थाना क्षेत्र में एक नौ वर्षीय किशोरी के साथ दलित किशोर ने उस समय दुष्कर्म किया जब वो खेत किनारे खेलने गई थी। इनायतनगर थाने के प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी किशोर के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी किशोर को न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया है। पीड़िता को मेडिकल और उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पूरे मामले की विवेचना कराई जा रही है।

### पुत्री के अगवा करने का लगाया आरोप

**मवई, अयोध्या :** बाबाबाजार थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासिनी महिला ने थाने में शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि 28 अप्रैल की रात उसकी 18 वर्षीय पुत्री को अमरनाथ भगा ले गया। प्रभारी निरीक्षक थाना बाबा बाजार राजेश सिंह ने बताया कि नामजद आरोपी अमरनाथ के विरुद्ध अपहरण की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

लोकसभा चुनाव | विकास के साथ-साथ और मजबूत करने वाली हो सरकार

# मतदाताओं ने कहा-वोट तो अधिकार, कैसे देना भूलेंगे

मवई अयोध्या

अमृत विचार चुनावी चर्चा

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर लोगों में उत्साह है। किसकी सरकार बनेगी, सांसद कौन होगा इसको लेकर गली-गली चर्चाएं हो रही हैं। प्रत्याशी अपना नामांकन कर प्रचार प्रसार को तेज गति दे रहे हैं। चुनावी प्रचार के हो-हल्ला के बीच लोग अपने-अपने हिसाब से वोट देने की योजना बना रहे हैं।

चुनाव चर्चा मुहिम चला रहे 'अमृत विचार 'ने बुधवार को मवई में मतदाओं के बीच नब्ज टटोली। नेशनल हाईवे पर मथुरा का पुरवा के समीप एक होटल पर चली चर्चा में सभी ने कहा कि मवई ब्लॉक जिले में सबसे पिछड़ा माना जाता है।यहाँ न उच्च पढ़ाई के लिए कोई सरकारी स्कूल और डिग्री कॉलेज नही है। ऐसी जिसकी सरकार बननी चाहिए जो क्षेत्र व देश के विकास के साथ-साथ और देश को मजबूत करने वाली हो। स्थानीय निवासी अमरेश रावत ने कहा कि सरकार ऐसी होनी चाहिए कि जो शिक्षा पर विशेष ध्यान दे। सरकारी स्कूलों में भी प्राइवेट स्कूलों जैसी शिक्षा होनी चाहिए।जिससे कि गरीब लोगों के बच्चों को भी अच्छी शिक्षा मिल सके। इतने में राम कैलाश यादव बोल पड़े कि सरकार किसी भी दल की हो मध्यम वर्गीय लोगों का भी ख्याल रखें। संतोष यादव ने कहा कि सरकार ऐसी होनी चाहिये जो बेरोजगार युवाओं को रोजगार अथवा नौकरी की व्यवस्था करें। वहीं बगल बैठे मायाराम बोल पड़े कि मवई ब्लॉक क्षेत्र में कोई डिग्री कालेज नही है सरकार कोई भी बने स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था पर ध्यान देने वाली हो। साकिब खान ने कहा कि हाईवे पर आए दिन दुर्घटनाओं में लोगों की जान जाती है। ऐसे में यहाँ एक ट्रॉमा सेंटर बनना बहुत जरूरी है। हमें ऐसा जनप्रतिनिधि चुनना चाहिए जो मूलभूत सुविधाओं पर गौर करे। आदिल खान ने कहा कि सरकार कोई भी बने किसानों की सबसे बड़ी समस्या छुट्टा जानवरों से निजात मिलनी ही चाहिए। इस दौरान सभी ने 20 मई को मतदान का भी संकल्प लिया।



मवई में अमृत विचार की चुनाव चर्चा में जुटे मतदाता। अमृत विचार

- बोले- जिले में सबसे पिछड़ा माना जाता है मवई ब्लॉक

## श्रमिक विश्वविद्यालय परिवार के महत्वपूर्ण अंग : कुलपति

कुमारगंज अयोध्या

**अमृत विचार:** आचार्य नरेंद्र देव कृषि व प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर बुधवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने श्रमिकों को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया।

कुलपति ने कहा कि श्रमिक हमारे विश्वविद्यालय परिवार के महत्वपूर्ण अंग हैं। मेहनत व परिश्रम से इस विश्वविद्यालय को निरंतर आगे बढ़ाने में श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। विभिन्न फार्मों व प्रक्षेत्रों पर कार्य कर रहे अब तक 133 दैनिक श्रमिकों को नियुक्ति पत्र दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि आगे भी बचे श्रमिकों को विनियमित किया जाएगा। वानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. संजय पाठक ने कहा कि श्रम दिवस मजदूरों और श्रम वर्ग को समर्पित है। कार्यक्रम उद्या न वानिकी महाविद्यालय के फल विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. भानुप्रताप ने किया। डॉ. अशोक कुमार मौर्य ने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। विवि के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक व विश्वविद्यालय के श्रमिक मौजूद रहे।



श्रमिकों को सम्मानित करते कुलपति बिजेंद्र सिंह।

सन् राईज ट्रक एवं बस
में कुशल कर्मचारियों की आवश्यकता है
महा प्रबंधक विक्रय – लखनऊ/अयोध्या
प्रबंधक विक्रय – लखनऊ/अयोध्या – वाणिज्यक वाहन विक्रय– भारी वाहन क्षमता
प्रबंधक विक्रय – लखनऊ/अयोध्या – वाणिज्यक वाहन विक्रय– मध्यम वाहन क्षमता
बिक्री कार्यपालक – लखनऊ क्षेत्रा – लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, सुल्तानपुर व हरदोई
बिक्री कार्यपालक – अयोध्या क्षेत्रा– आजमगढ़, गोंडा, बहराईच व अयोध्या
ट्रैक्टर, कंस्ट्रक्शन मशीनरी, कमर्शियल व्हीकल, व्हीकल इन्श्योरन्स और कमर्शियल व्हीकल फाइनेंस क्षेत्र के लोगो को वरीयता दी जायेगी!
Corporate office- D 69 Vibhuti Khand, Gomti Nagar Lucknow-226010

Mahindra Rise.
TAKE THE HIGHROAD TO SUCCESS WITH MAHINDRA
SUN RISE TRUCK & BUS
(A UNIT OF SUN INFRAENGINEERING PVT.LTD.)
Authorised Dealer: Mahindra & Mahindra Ltd. Truck & Bus Division

SUN RISE TRUCK & BUS
Requires Experience Sales Staff
General Manager Sales - Lucknow / Ayodhya
Sales Manager - Lucknow / Ayodhya Commercial Vehicle HCV
Sales Manager - Lucknow / Ayodhya Commercial Vehicle LCV
DSE - Lucknow Territory-Lucknow, Barabanki, Raibareli, Sultanpur & Hardoi
DSE - Ayodhya Territory - Ayodhya, Azamgarh, Gonda, Bahraich
Preference will be given people from tractor/CV/CE/ commercial vehicle insurance and finance industry.
Share your CV/Resume at accounts.manager@suninfra.org Mob: 9335946003

# राष्ट्रपति ने 30 मिनट में 51 बार सरयू को किया प्रणाम

### 51 बटुकों और तीन आचार्यों ने 2100 बत्ती की कराई आरती, भावुक और भावविह्वल दिखीं राष्ट्रपति

## सरयू की साधना में लीन दिखीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पूजन अभिषेक कर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच की आरती

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** सरयू की जलधारा में अस्ताचल की ओर प्रस्थान करते सूर्य के प्रतिबिंब के बीच बुधवार शाम राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के साथ 5:58 पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सरयू तट पर अपने पग धरे। सरयू तट पूरी श्रद्धा के साथ 5:58 से 6:28 बजे तक सलिला सरयू की साधना में लीन रहीं। 30 मिनट की इस अवधि के दौरान उन्होंने करीब 51 बार सलिला सरयू को प्रणाम करते हुए अपनी आस्था व्यक्त की। केवल इतना ही नहीं सरयू अभिषेक पूजन के बाद करीब दो मिनट तक वहीं कुर्सी पर बैठ अपलक सरयू लहरों को निहारतीं रहीं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपनी पूरी के साथ पूरी तरह से अपने आध्यात्मिक प्रवास पर बुधवार शाम चार बजे रामनगरी पहुंचीं थीं। हनुमानगढ़ी में हनुमंतलला के दरबार में श्रद्धा निवेदित करने के बाद कुछ देर नयाघाट गेस्ट हाउस में विश्राम किया। इसके बाद सरयू तट पर आरती स्थल पर पहुंची। यहां सबसे पहले सरयू अभिषेक पूजन प्रारम्भ हुआ। तीन आचार्यों में से एक वरिष्ठ आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रों के बीच अभिषेक पूजन प्रारम्भ कराया। शाम 5:59 से 6:11 बजे तक चले अभिषेक पूजन के दौरान राष्ट्रपति ने पुष्प, दूध और लाल चुनरी सरयू में अर्पण की। अभिषेक पूजन में राष्ट्रपति की तल्लीनता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वह रामनामी ओढ़े धूप-बत्ती और अन्य पूजन विधियां बिना एक क्षण रुके करतीं रहीं। कल-कल करती सरयू और लहरों के अनहद के बीच सूर्य देवता अस्ताचल हुए तो चंद्रमा की छाया ने सरयू में स्थान बनाया।

अभिषेक पूजन के बाद दो मिनट तक राष्ट्रपति वहीं कुर्सी पर विराजमान होकर सरयू को निहारतीं रही। खास बात यह है रही कि इस दौरान राज्यपाल और मंत्री समेत उनके सुरक्षा कर्मी वहां से हट ऊपर आरती स्थल की ओर चले गए। इसके बाद राष्ट्रपति पांच कलश से सुसज्जित आरती स्थल पर पहुंची और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आरती प्रारम्भ हुई। 6:15 से 6:27 तक उन्होंने पूरी श्रद्धा से सरयू की आरती की। उनके साथ राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने भी सहभागिता की। आरती के बाद राष्ट्रपति ने कुछ क्षण आचार्य से बात की। इसके बाद रामलला के दर्शन के लिए प्रस्थान किया। सरयू आरती समिति के अध्यक्ष शशिकांत दास ने बताया कि आज के इस विशेष पूजन के दौरान 51 बटुक वैदिक और तीन आचार्य वेदक ध्वनि, स्वस्तिवाचन से पूजन अर्चन किया गया। 2100 बत्ती की आरती उतारी गई। उन्होंने बताया कि आरती के पूर्व राष्ट्रपति द्वारा षोडशोपचार से पूजन किया। जिसमें वैदिक परंपरा के मुताबिक चुनरी अर्पित की गई और दूध, दही, पंचामृत, मेवा अभिषेक किया।


सरयू जी की आरती उतारती राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। अमृत विचार


हनुमानगढ़ी पर बजरंगबली के दर्शन करतीं राष्ट्रपति। अमृत विचार

### राष्ट्रपति के दर्शन पूजन के जरिए ट्रस्ट ने दिया जवाब

**अयोध्या कार्यालय।** राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रित न किए जाने की बात कहने वालों को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने जवाब दे दिया। देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति ने बुधवार को गर्भगृह में श्रीराम लला के करीब पहुंच दर्शन–पूजन किया। गर्भगृह में प्राण प्रतिष्ठा के समय प्रधानमंत्री के अलावा अर्चक ही पहुंचे थे। राष्ट्रपति के दौरे के समय राहुल गांधी के उस बयान की चर्चा भी सुनने को मिली। जिसमें उनकी ओर से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को प्राण प्रतिष्ठा में न बुलाए जाने की बात कही थी। श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने राष्ट्रपति के आगमन और दर्शन–पूजन के जरिए इसका व्यावहारिक जवाब दिया। राष्ट्रपति को विशेष व्यवस्था के तहत गर्भगृह में श्रीविग्रह के समीप ले जाया गया। जहां केवल अर्चक ही पहुंचते हैं। प्राण प्रतिष्ठा के समय प्रधानमंत्री पहुंचे थे।

### देव नदियों में सरयू प्रथम नदी, आज मुझे दर्शन का सौभाग्य मिला

अभिषेक और आरती के बाद सरयू आरती समिति के अध्यक्ष शशिकांत दास ने बताया कि राष्ट्रपति ने आरती के बाद उनसे अपनी भावना को व्यक्त करते हुए कहा ' मुझे अभी रामलला के दर्शन करने हैं नहीं तो मैं अभी और कुछ देर यहां रहती। अध्यक्ष ने बताया कि इस दौरान वह भावुक भी हुई और कहा कि देव नदियों में सरयू प्रथम नदी है। जिसके दर्शन का सौभाग्य मुझे मिला है।

### सरयू तट पर राष्ट्रपति, रामपथ पर आस्था का आवेग

राष्ट्रपति के आगमन पर भी कुछ अलहदा दृश्य नहीं था। राष्ट्रपति जब हनुमानगढ़ी के दर्शन के बाद गेस्ट हाउस में विश्राम कर रहीं थीं तब रामपथ पर श्रद्धालुओं का सैलाब था। रामलला के दर्शन के लिए आतुर श्रद्धालुओं से पटे रामपथ पर बस उतनी देर यातायात प्रतिबंधित किया गया, जितनी देर राष्ट्रपति का आवागमन होना था। यह अलग बात है कि उदया चौराहे से लेकर चौतरफा बैरिकेडिंग रहीं लेकिन सुरक्षा कर्मियों ने कोई जबरदस्ती नहीं दिखाई। ऐसे ही सरयू तट से राष्ट्रपति के जाने के 20 मिनट बाद आम श्रद्धालुओं को नयाघाट पर प्रवेश दिया गया।

### मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम

- 5:58 पर सरयू तट पर पहुंचीं राष्ट्रपति।
- 5:59 पर सरयू अभिषेक पूजन किया प्रारम्भ।
- 5:59 से 6:11 बजे तक सरयू अभिषेक पूजन किया।
- 6:11 से 6:12 बजे तक कुर्सी पर बैठ सरयू निहारती रहीं।
- 6:13 से 6:27 बजे तक 2100 बत्ती की आरती की।
- 6:27 से 6:28 एक मिनट तक आचार्यों व बटुकों से बातचीत की।
- 6:28 पर राष्ट्रपति ने रामलला के दर्शन के लिए प्रस्थान किया।


अयोध्या एयरपोर्ट पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, कृषि मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को गुलाब का फूल देकर स्वागत किया।


एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति का हाथ जोड़कर का स्वागत करते मंडलायुक्त गौरव दयाल।

### राष्ट्रपति का एयरपोर्ट पर हुआ भव्य स्वागत

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अयोध्या एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत हुआ। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, मंडलायुक्त गौरव दयाल, जिलाधिकारी नितीश कुमार ने पुष्प भेंट कर स्वागत किया। मंदिर परिसर में ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास, महासचिव चंपत राय, सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा, गोपाल जी, पुजारी सत्येन्द्र दास ने राष्ट्रपति व राज्यपाल का स्वागत किया।


दर्शन के उपरांत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, राज्यपाल, व ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के साथ।


सरयू नदी में दुग्धाभिषेक करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।


राम मंदिर में राष्ट्रपति को मंदिर मॉडल भेंट करते ट्रस्ट सदस्य।

### स्वागत के लिए सरयू तट पर रेड कार्पेट

बेटी के साथ अयोध्या की आध्यात्मिक यात्रा पर पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के स्वागत के लिए सरयू तट पर आरती स्थल की सीढ़ियों पर रेड कार्पेट बिछाया गया था। फूलों से सजे आरती स्थल पर गेंदों और गुलाब की लड़ियों का तोरण द्वार बनाए गए थे। राष्ट्रपति के आगमन से एक घंटे पहले ही नयाघाट पर भजनों की गूंज होती रही। आरती स्थल पर पीताम्बर वस्त्रों में 51 बटुकों की उपस्थिति भी आकर्षण का केंद्र बनी रही।

### श्रद्धालुओं में दिखी राष्ट्रपति की एक झलक पाने की ललक

राष्ट्रपति के अयोध्या प्रवास के दौरान अयोध्या धाम में मौजूद श्रद्धालुओं में भी राष्ट्रपति की एक झलक पाने की ललक दिखी। लता मंगेशकर चौक पर गुजरात से आए भीखम भाई और उनकी पत्नी शुभि ने कहा कि हम लोग भी राष्ट्रपति को देखना चाहते थे। बीकानेर से आए रमेश सिंह ने कहा कि पहले प्रधानमंत्री आए उसके बाद राष्ट्रपति यह अयोध्या के बदलाव का प्रतीक है। सहारनपुर से परिवार के साथ रामलला के दर्शन के लिए आए शत्रुघ्न चौधरी ने भी कहा कि रामलला भव्य मंदिर में विराजमान है तो सभी श्रद्धा निवेदित करने आ रहे हैं। यह बड़ी बात है। अयोध्या धाम विश्व की धार्मिक नगरियों में उच्चतम स्थान पर पहुंच गई है। वहीं रामपथ पर भी श्रद्धालुओं में राष्ट्रपति को देखने की आतुरता दिखी। जब रामलला के दर्शन के लिए राष्ट्रपति जाने लगी तो सड़क के किनारे लोग जमा रहे।

### ग्रीन रूम में देखा राम मंदिर निर्माण का प्रजेंटेशन

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या पहुंची राष्ट्रपति ने बुधवार को श्रीराम मंदिर निर्माण का प्रजेंटेशन को देखा। तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने श्रीराम जन्म भूमि परिसर में बनाए गए ग्रीन रूम में इसकी व्यवस्था कराई थी। वह ग्रीन रूम में लगभग 15 मिनट तक रहीं। सूत्रों के मुताबिक ट्रस्ट ने श्रीराम मंदिर निर्माण की शुरूआत से अब तक कराए गए कार्यों के प्रजेंटेशन की व्यवस्था की थी। इसके लिए निर्माण करने वाले इंजीनियरों को लगाया गया था। यहां मंदिर के क्षेत्रफल को दर्शाया गया था। मंदिर की नींव खुदाई से लेकर कैसे–कैसे निर्माण कराया गया। इसमें कितने दिन लगे और किन वस्तुओं का निर्माण में इस्तेमाल किया गया। यह सभी जानकारियों को दर्शाया गया था। इससे जुड़े लोगों ने राष्ट्रपति को विस्तार से जानकारी दी गई। अभी मंदिर निर्माण में कितने लगेंगे। इसकी भी जानकारी दी। इस दौरान इंजीनियरों के साथ ट्रस्ट के पदाधिकारी व सदस्य भी मौजूद रहे।

# राहुल गांधी कभी सीरियस नहीं होते : धामी

▸▸ उत्तराखंड के मुख्यमंत्री बोले - अयोध्या के ऐतिहासिक धाम बनने में लल्लू का बड़ा योगदान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राहुल गांधी कभी सीरियस नहीं होते। विदेश में पीएम मोदी की आलोचना करते-करते देश की आलोचना करने लगते हैं। ये बातें बुधवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पत्रकारों से कहीं। वो भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह का बुधवार को नामांकन कराने पहुंचे थे। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने रामलला के दर्शन भी किए।

राहुल गांधी के राम मंदिर दर्शन करने की अटकलों पर सीएम धामी ने कहा कि जब उनको बुलाया गया था तब आए नहीं। अब चुनाव चल रहा है। इसलिए ऐसा है। कहा कि उन लोगों के लिए मंदिर जाना, पूजा करना, जनेऊ पहनकर दिखाना, यह सामान्य घटना है। भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा हो, भगवान राम के मंदिर का बनना हो, हर समय उन्होंने विरोध किया। वैसे भी सनातन का विरोध करते हैं। रामसेतु को भी कपोल कल्पित बताया। सुप्रीम कोर्ट से लेकर अनेकों प्रकार से उसमें अडंगा लगाने काम किया है। यह सनातन के लोग और राम भक्त जानते हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि अयोध्या अब पूरे विश्व का ऐतिहासिक धाम बन रहा है। एक कार्यकर्ता के रूप में एक कारसेवक के रूप में लल्लू सिंह का बड़ा योगदान रहा है। इस बार का चुनाव बहुत ऐतिहासिक होगा। लल्लू सिंह ऐतिहासिक मतों से जीतेंगे। यह अयोध्या की धरती है। देश और दुनिया में फिर से राम युग आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह कालखंड और सौभाग्य हम सभी राम भक्तों को मिला है। निश्चित रूप से यहां से ऐतिहासिक विजय होगी, क्योंकि ऐतिहासिक काम यहीं से हो रहा है।


उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात करते ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय।

राज राजेश्वरी हास्पिटल
एडवांस न्यूरो ट्रामा एवं मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल
नहरबाग–फैजाबाद–अयोध्या (निकट वीमार्ट)
राज राजेश्वरी फाउन्डेशन द्वारा संचालित

डा. विनीत सिंह
M.B.B.S., MS, M.Ch. न्यूरो सर्जरी (एम्स)
न्यूरो एवं स्पाइन सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट)
ईलाज
सिर की चोट, ब्रेन का ट्यूमर, फालिज/ब्रेन, हैमरेज/लकवा, सिरदर्द (माइग्रेन), मिर्गी के, दौरे/बेहोशी, दिमागी बुखार, रीढ़ की चोट/फ्रैक्चर, रीढ़ में गाँठ/ट्यूमर, कमर दर्द, लड़खड़ाहट/झुनझुनी, सायटिका/स्लिप डिस्क, नसों का रोग

डॉ. दिलीप कुमार झा
M.B.B.S., (जनरल फिजीशियन)
मेडिकल आफीसर (पूर्व) C.R.I.
विश्व स्वास्थ्य संगठन (भारत सरकार)
M.O. इण्डस हास्पिटल शिमला
विशेष अनुभव-
डायबिटीज, हृदय एवं श्वांस सम्बन्धी रोग, गठिया उदर विकार, गुर्दा रोग आदि

डॉ. जोया वर्मा
M.B.B.S., D.G.O.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
ईलाज
बिना दर्द के नार्मल डिलिवरी एवं सिजेरियन
गर्भावस्था के दौरान झटके आना
अनियंत्रित ब्लड प्रेसर
गर्भावस्था के दौरान प्रसूता की सम्पूर्ण देखभाल
बच्चेदानी की गांठ एवं बच्चेदानी का बाहर आना
सन्तानहीनता या बार-बार गर्भपात होना

डॉ. जे.पी. सिंह
M.B.B.S., DIP Card
हृदयरोग विशेषज्ञ
ईलाज
सीने में दर्द, हार्ट अटैक
सुगर, ब्लड प्रेसर, टी.बी., उदर रोग, पीलिया, स्वांस रोग,

डॉ. गौरव श्रीवास्तव
M.B.B.S., M.S. (ENT)
(नाक, कान, गला रोग विषेशज्ञ)
ईलाज
नाक, कान एवं गले के समस्त ऑपरेशन, थायराइड, पैरोटिड, नाक एवं मुँह से खून आना, नाक, कान गले से सम्बन्धित कैंसर के जाँच की सुविधा

डॉ. धर्मेन्द्र कुमार
M.S. (आर्थो)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
ईलाज
अस्थि एवं जोड़ रोग
समस्त आर्थोपैडिक ऑपरेशन की सुविधा
कुल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण

डॉ. कुँवर वैभव
(M.B.B.S., M.D. (PSY) M.I.P.S.
(न्यूरोसाइकियाट्रिस्ट)
मानसिक एवं मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ

इमरजेन्सी सेवा 24 घण्टे
उपरोक्त सभी बीमारियों का ईलाज हर समय प्रतिदिन उपलब्ध है
9415937193, 9455401385, 8756575054

## सार-संक्षेप

### खाकी वाले गुरुजी को भेंट की उनकी पेंसिल स्केच तस्वीर


खाकी वाले गुरु जी को चित्र भेंट करते ऋषभ।

**अयोध्या, अमृत विचार :** पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में नियुक्त खाकी वाले गुरुजी के नाम से प्रसिद्ध सब इंस्पेक्टर रणजीत यादव को सुल्तानपुर निवासी ऋषभ शर्मा ने बुधवार को उनकी पेंसिल स्केच तस्वीर बनाकर भेंट की। पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय उन्होंने छोटे भाई प्रिंस शर्मा के साथ पहुँचकर अपने हाथों से बनाई रणजीत यादव का रेखाचित्र भेंट किया। साकेत महाविद्यालय के छात्र ऋषभ ने बताया कि खाकी वाले गुरुजी से प्रेरित हूँ। इनके साथ एक साल से अयोध्या के गरीब असहाय बच्चों को निशुल्क पढ़ाने में मदद भी करता हूँ।

### 10 को मनाई जाएगी भगवान परशुराम की जयंती

**अयोध्या, अमृत विचार :** अखिल भारतीय चाणक्य परिषद एवं श्री श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट 10 मई को भगवान परशुराम की जंयती मनाएगा। आयोजन श्री राम मंत्रार्थ मंडपम हनुमान गुफा अयोध्या में होगा। उसी दिन दोराही कुआं राम कोट स्थित भगवान परशुराम भवन की आधारशिला रखी जाएगी। इसको लेकर संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित कृपा निधान तिवारी की अध्यक्षता में बुधवार को प्रेस क्लब में बैठक हुई। यहां आईपीएस बृजेश कुमार मिश्रा और सेवानिवृत्त एडिशनल कमिश्नर इंद्रप्रकाश तिवारी को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। संचालन महामन्त्री लषणधर त्रिपाठी ने किया। परिषद के कार्यकर्ता चुनाव ड्यूटी में धर्मेंद्र कुमार पांडे के दुखद मृत्यु पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में डॉ. आरडी पांडेय, परमानन्द पाठक, करूणा शंकर त्रिपाठी, राजेंद्र प्रसाद मिश्र ,वीरेंद्र कुमार द्विवेदी, यज्ञ नारायण चतुर्वेदी, चंद्रशेखर पांडे, बाबूराम पांडे, उमाशंकर तिवारी आदि मौजूद थे।

### तीन साल बाद फिर दर्ज कराई दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट

**रुदौली अयोध्या। अमृत विचार :** मवई थाना क्षेत्र निवासी एक विवाहिता ने तीन साल बाद फिर से अपने ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मवई थाना क्षेत्र के बीबीपुर गांव की रहने वाली समरीन बानों का निकाह 10 फरवरी 2020 को गांव के ही निवासी नफीस अहमद पुत्र अतीक के हुआ था। निकाह के बाद ससुरालीजनों की ओर से दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जाने लगा तो उसने वर्ष 2021 में ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में पति समेत ससुरालीजनों ने माफी मांग ली और आपसी सुलह–समझौता के आधार पर केस को बंद कर दिया गया। पीड़िता का कहना है कि सुलह–समझौते के बाद वह वापस अपने ससुराल गई तो उसे फिर से परेशान किया जाने लगा और 27 अप्रैल को ससुराल के लोगों ने उसके जेवरात छीन लिए तथा मारपीट कर ससुराल से भगा दिया। जिसके बाद फिर से शिकायत पुलिस को दी है। थाना प्रभारी आशा शुक्ला ने बताया कि विवाहिता की शिकायत पर पुलिस ने उसके पति पति नफीस, ससुर अतीक, सास सैय्यदा, देवर नदीम व सलीम तथा ननद तवस्सुम बानों के खिलाफ मारपीट और दहेज प्रताड़ना की धारा में नामजद रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है।

### डिवाइडर से टकराई कार, दो बच्चियां घायल

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी : अमृत विचार :** कोतवाली अंतर्गत कोटवा सड़क में हाईवे पर अयोध्या दर्शन करके वैगनआर कार पर सवार देव राज गुप्ता अपने ड्राइवर और दो बेटियों के साथ अपने घर दिल्ली जा रहे। उसी दौरान तेज़ रफ़्तार ट्रक के ओवरटेक करने पर इनकी कार डिवाइडर से टकरा गई। जिससे कार के अगले हिस्सा के परखच्चे उड़ गए। कार सवार देव राज की पीछे बैठी दोनों बेटियों को चोटें आई हैं। मौके पर टोल एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनीकोडर भेजा गया।

### कुर्सी विधानसभा क्षेत्र में दे रहे रणनीति को धार

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कुर्सी विधानसभा क्षेत्र में बड़े–बड़े नेताओं की बैठकों का दौर जारी है। हर पार्टी के प्रत्याशी के समर्थकों द्वारा अपनी–अपनी जीत के दावे किये जा रहे हैं। मालूम हो कि लोकसभा के चुनाव में राजरानी रावत जहां भाजपा से चुनाव मैदान में हैं। वहीं दूसरी ओर गठबन्धन प्रत्याशी के रूप में तनुज पुनिया मैदान में हैं। यही नहीं एक दिन पूर्व बीएसपी ने शिवकुमार दोहरे को अपना प्रत्याशी बनाया है। भाजपा द्वारा कुर्सी विधानसभा क्षेत्र में अब तक करीब 18 होली मिलन समारोह आयोजित कर कार्यकर्ताओं को टटोलने का प्रयास किया है। जिस क्षेत्र में जिस बिरादरी के लोग ज्यादा हैं, उसी बिरादरी के नेताओं की बैठकों की संरचना की जा रही है। वहीं गठबंधन के प्रत्याशी द्वारा क्षेत्र के सिहाली, इस्लाम नगर, अचैचा, नगर फतेहपुर, बाबंगज, घुंघटेर, बिलौली महाराज, देवखरिया आदि स्थानों पर गठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में बैठकें की जा चुकी हैं। अब बसपा के कार्यकर्ता भी सक्रिय होकर रणनीति तय करने में जुट गये हैं। गांव–गांव, गली–गली तथा शहर के चौराहों पर चाय की चुस्कियों के साथ आम मतदाता लोकसभा प्रत्याशियों के सम्बन्ध में चर्चा करते नजर आ रहे हैं।

## गेहूं खरीद एजेंसियों को जारी की गई चेतावनी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** जिले में गेंहू खरीद की स्थिति ठीक नहीं है। क्रय एजेंसियों के खरीद केंद्रों पर पिछले कई दिनों से गेंहू की आवक न के बराबर रही। खरीद के नोडल अफसर व एडीएम वित्त एवं राजस्व ने खरीद एजेंसियों को चेतावनी जारी की है। एडीएम महेंद्र कुमार सिंह ने गेंहू खरीद की समीक्षा की। इसमें जिले में लक्ष्य के सापेक्ष 1.97 फीसदी गेंहू की खरीद पाई गई। जबकि मंडल में गेंहू खरीद का औसत 3.83 फीसदी है। इसके बाद खरीद एजेंसियों की समीक्षा की। तो पता चला कि पिछले सप्ताह भर से कई एजेंसियों के क्रय केंद्रों पर गेंहू की खरीद नहीं हुई तो उन्होंने क्रय एजेंसियों को चेतावनी जारी की। कर्मचारियों को लगाकर खरीद का निर्देश दिया। ऐसा न होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

स्वास्थ्य जागरूकता : कई और बीमारियां भी हैं इसका कारण, लेकिन फिर भी अनदेखा न करें

# सीने में उठने वाला हर दर्द नहीं होता हृदय रोग



अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** आम तौर पर देखने में आया है कि आजकल हर कोई सीने में दर्द उठते ही परेशान हो जाता है। वह सीधा इसे हृदय रोग से जोड़कर भयभीत रहता है, लेकिन मेडिकल साइंस का मानना है कि सीने में उठने वाला हर दर्द हृदय रोग से जुड़ा हुआ नहीं होता। इसके पीछे कई और कारण व बीमारियां भी हैं। वहीं कुछ लोग दर्द को हल्के में लेकर टाल देते हैं। रामनगरी में तीन दिनों में हार्ट अटैक से कई लोगों की जान चली गई। ऐसे में लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना

**▸▸ कई अन्य कारण से भी होता है दर्द**

बहुत जरूरी है।

जिला अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ एमडी डीएम डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि सीने का दर्द कई और बीमारियों की ओर संकेत करता है। यह चिकित्सकों के लिए एक कॉमन चैलेंज भी होता है। सामान्यतः सीने में जलन, सीने का भारीपन, चलने व सीढ़ी चढ़ते समय सांस फूलना हृदय रोग के लक्षण हैं। शुगर, मोटापा, मेटाबोलिक सिंड्रोम, क्रोनिक,


डॉ. विनोद कुमार सिंह

सीओपीडी व लिपिड प्रोफाइल में एचडीएफ, टीजी आदि हृदय रोग के प्रमुख कारण होते हैं, लेकिन कुछ कारण ऐसे होते हैं, जिनमें हार्ट अटैक (मायो कार्डियन इंफ्रेक्शन) नहीं होता।

डॉ. सिंह का कहना था कि इसका ये मतलब भी नहीं कि लोग दर्द पर ध्यान न दें। लापरवाही जानलेवा हो सकती है। ऐसे में जब भी किसी के सीने में दर्द हो तो वो डॉक्टर से संपर्क कर उसका कारण जरूर जानें और उसका उपचार अवश्य करें।

### ऑक्सीजन न मिलने पर होता है सीने में दर्द

हार्ट अटैक में हृदय को सामान्य रूप से ऑक्सीजन न मिल पाने की वजह से सीने में दर्द व जलन होती है। हृदय की धमनियों में ब्लॉकेज आने की वजह से ऑक्सीजन सप्लाई हृदय को सामान्य रूप से नहीं मिल पाती। जिससे हृदय की कार्यप्रणाली अवरुद्ध हो जाती है। ऐसे में तीव्र जलन, असहनीय दर्द, घबराहट, दम घुटने जैसे लक्षण दिखने लगते हैं। ऐसी स्थिति में तत्काल नजदीकी अस्पतालों में पहुंच इलाज कराना चाहिए।

#### हृदय रोग के प्रमुख कारण

- हाई ब्लड प्रेशर।
- असामान्य शुगर।
- अत्यधिक मोटापा।
- अत्यधिक शराब व बीड़ी–सिगरेट का सेवन।
- आरामदायक जीवन शैली।
- अत्यधिक मानसिक तनाव।

#### बचाव के उपाय

- नियमित व्यायाम।
- शुगर के मरीज खूब पैदल चलें।
- जंक फूड का सेवन न करें।
- हाई बीपी के मरीज दवा लें और नमक कम खाएं।
- आठ घंटे की नींद लें।
- मानसिक तनाव से बचें।

# अच्छा प्रशासन ही अयोध्या को दिला रहा प्रसिद्धि

## विशेष सचिव डॉ. हीरालाल बोले- गाइड का काम है कि अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत को अन्य लोगों तक पहुचाएं

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग में बुधवार को टूरिस्ट गाइड प्रोग्राम के अंतर्गत व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सिंचाई एवं जल संसाधन के विशेष सचिव डॉ. हीरालाल ने प्रशिक्षु टूरिस्ट गाइड को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या का अच्छा प्रशासन ही अयोध्या को प्रसिद्धि दिला रहा है। एक अच्छा गवर्नेंस का होना किसी भी स्थान को प्रसिद्धि प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि गाइड का कार्य है कि प्रशासन के साथ मिलकर अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत को अन्य लोगों तक पहुचाएं।


अवध विश्वविद्यालय के व्याख्यान में विशेष सचिव का स्वागत करते शिक्षक।

उन्होंने कहा कि गाइडिंग में इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी की बहुत ही उपयोगिता है। टूरिस्ट गाइड जितने ही जागरूक होंगे, उतने ही उनकी मांग बढ़ती जाएगी। टूरिस्ट गाइड प्रशासन के गाइड लाइन का

**आयोजन**

अनुकरण करना होगा। अयोध्या की सुन्दर छवि बनाने का कार्य करें क्योंकि पहले वह व्यक्ति आप ही हैं जो किसी भी अतिथि से मिले उनमें फर्स्ट इम्प्रेशन डाल सकते है।

व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभागाध्यक्ष प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने कहा कि प्रशिक्षु टूरिस्ट गाइड को अयोध्या के पौराणिक स्थलों की जानकारी रखनी होगी। कार्यक्रम में प्रो. शैलेन्द्र कुमार वर्मा, डॉ. महेंद्र पाल सिंह, डॉ. आशीष पटेल, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. रामजी सिंह आदि मौजूद रहे।

# बेनकाब हो चुका है विपक्ष का चेहरा

अयोध्या कार्यालय

**▸▸ केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने किये रामलला के दर्शन**

**अमृत विचार :** विपक्ष का चेहरा बेनकाब हो चुका है। आज कल लोग ओछी राजनीति कर रहे हैं। जब से द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति बनी हैं तभी से विपक्ष के लोगों को अच्छा नहीं लग रहा। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले एक अनुसूचित जाति समुदाय से आने वाले गरीब परिवार के रामनाथ कोविंद को राष्ट्रपति बनाया था। लगातार इसको लेकर विपक्ष कोई न कोई राजनीति करता रहा है।

ये बातें बुधवार को केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहीं। रामलला के दर्शन करने के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब से चुनाव शुरू हुए तब से भय और भ्रम फैलाने का काम किया जा रहा है। इसके बाद भी राहुल गांधी ओछी राजनीति करने से बाज नहीं आएंगे।

कहा कि 500 वर्षों के संघर्ष के बाद जन्मभूमि परिसर में रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण हुआ। प्राण प्रतिष्ठा समारोह से लेकर अब तक देश के कोने-कोने से लोग रामलला का दर्शन करने पहुंच रहे हैं। मेरा भी सौभाग्य रहा कि रामलला के श्री चरणों का आशीर्वाद मिला। वो बस्ती जाने के दौरान अयोध्या में रामलला के दर्शन करने पहुंचे थे। मंत्री अनुराग ठाकुर ने कर्नाटक के अश्लील वीडियो विवाद को लेकर कहा कि कानून व्यवस्था राज्य की


रामलला का दर्शन करने पहुंचे अनुराग ठाकुर

सरकार का विषय है। इतने समय से प्रदेश में इस विषय की जानकारी थी तो प्रदेश की कांग्रेस की सरकार हाथ पे हाथ धरे क्यों बैठी थी? महिलाओं के प्रति अगर कोई भी अत्याचार करता है। चाहे वह राजनीतिक दल का ही क्यों न हो उसे माफ नहीं चाहिए। कांग्रेस की सरकार इसमें फेल हुई। राज्य में सरकार होने के बावजूद मैं पूछना चाहता हूं राहुल गांधी से। मल्लिकार्जुन खड़के कांग्रेस के अध्यक्ष हैं और कर्नाटक से ही आते हैं। गिरफ्तारी के लिए क्यों कदम नहीं उठाया गया। भारतीय जनता पार्टी और एनडीए के पास दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी हैं।

# तीन दिन में 82 बच्चों की सुपुर्दगी का आदेश

अयोध्या, कार्यालय

**अमृत विचार।** जिला बाल कल्याण समिति की ओर से तीन दिन में कागजात और दावे के परीक्षण के बाद कुल 82 बच्चों को उनके अभिभावकों के सुपुर्द किए जाने का आदेश किया गया है। इनमें से 22 बच्चे अपने अभिभावकों को मिल गए हैं। शेष बच्चों की सुपुर्दगी का गुरुवार को आदेश होने की उम्मीद जताई गई है। वहीं बच्चों के साथ सहारनपुर जा रहे मदरसे के प्रबंधक व मौलाना समेत पांच को पुलिस ने स्थानीय मददगारों के सुपुर्द किया है।

दिल्ली के एक एनजीओ की शिकायत और राज्य बाल आयोग

**▸▸ 95 में से 22 बच्चे मिले अभिभावकों को**

के निर्देश पर शुक्रवार सुबह बाल कल्याण समिति, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना और पुलिस आदि की संयुक्त टीम की ओर से देवकाली स्थित एक होटल के सामने हाईवे पर बिहार से प्रदेश के सहारनपुर जा रहे अरुणांचल में पंजीकृत एक बस सवार 95 बच्चों को मानव तस्करी की आशंका में राजकीय बाल गृह लखनऊ भेजवाया था। अयोध्या पहुंचे बच्चों के परिजनों ने शनिवार को आवश्यक कागजात तैयार कर सोमवार से सीडब्लूसी के समक्ष प्रस्तुत करना शुरू किया था। पहले दिन केवल पांच बच्चों की सुपुर्दगी का ही आदेश हो पाया था। दूसरे दिन मंगलवार को 35 का आदेश हुआ था। इनमें से अभिभावकों ने 22 बच्चों की सुपुर्दगी हासिल की है।

स्थानीय अधिवक्ता खालिद का कहना है कि शेष बच्चों के सुपुर्दगी का आदेश हासिल करने के लिए प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मदरसे के प्रबंधक और मौलवी को प्रक्रिया पूरी होने तक जिले में रुकने का निर्देश दिया है।

जिला सीडब्लूसी अध्यक्ष सर्वेश अवस्थी ने बुधवार को बताया कि 95 बच्चों में से 82 को सुपुर्दगी में दिए जाने का आदेश हुआ है। जल्द ही बाकी की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

## कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा शुरू

**निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार:** निंदूरा क्षेत्र के बांका नगर डिंगरी गांव में तीन दिवसीय श्री राम कथा के पहले दिन बुधवार को कथा पंडाल से कलश यात्रा निकाली गई। महिला व पुरुषों ने पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश रखकर यात्रा का शुभारंभ किया। श्रद्धालु गाजे बाजे के साथ अबीर गुलाल उड़ाते हुए शरीफाबाद, हाशिम नगर, अकबरपुर, बिनवापुर, रामनगर, बाजगहनी, चौबेपुर होते हुए धन्नाग तीर्थ स्थल पर पहुंचे। वहां आचार्य वेद प्रकाश ने विधि विधान से पूजन करवाया। इस मौके पर विजय यादव अखिलेश यादव व काफी संख्या में मौजूद रहे।

## पुत्री को गायब कर हत्या करने का आरोप

**बनीकोडर, बाराबंकी : अमृत विचार :** असंद्रा थाना क्षेत्र के रमगढ़ा मजरे सिल्हौर निवासी साहब प्रसाद के अनुसार करीब तीन वर्ष पूर्व उसने पुत्री प्रीति का विवाह गुलचप्पा थाना दरियाबाद निवासी किरसन के साथ किया था। शादी के बाद प्रीति ने एक पुत्री को जन्म दिया। आरोप है कि लड़की पैदा होने के बाद पति समेत अन्य ससुराली पुत्री को प्रताड़ित करने लगे। बीते 25 अप्रैल को पीड़ित जब अपनी पुत्री से मिलने ससुराल गया तो ससुरालियों ने उसे घर में घुसने नहीं दिया। विरोध जताने पर उसे और उसकी पत्नी कुंवारा को मारा पीटा। पीड़ित ने एसपी को प्रार्थना पत्र भेजकर ससुरालियों पर पुत्री को गायब कर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है।

# 15 जून तक करें ऑनलाइन आवेदन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने आवासीय परिसर के स्नातक, परास्नातक, पीजी डिप्लोमा, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों, विश्वविद्यालय के संघटक राजकीय महाविद्यालयों के समस्त पाठ्यक्रमों और सम्बद्ध महाविद्यालयों के व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू की है। जिसकी अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई है।

कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के निर्देश पर शुरू हुई प्रक्रिया की बुधवार को जानकारी देते हुए कुलसचिव डॉ. अंजनी कुमार मिश्र

**अवध विश्वविद्यालय**

**▸▸ स्नातक, परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू**

ने बताया कि आवासीय परिसर व संघटक राजकीय महाविद्यालय के समस्त पाठ्यक्रम एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित एलएलबी त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय पाठ्यक्रम के साथ एमएड, बीपीएड व एमपीएड पाठ्यक्रमों में सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश के लिए आवेदन शुरू कर दिए गए है। जिसकी अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई है।

प्रवेश समन्वयक प्रो. शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू कर दिए गए है। परिसर के पाठ्यक्रमों में आवेदन में मेरिट के आधार पर प्रवेश लिया जायेगा। जिसकी काउंसिलिंग 20 जून से संबंधित पाठ्यक्रम के विभागों में कराई जायेगी।

**प्रवेश परीक्षा छह जुलाई को**

कुलसचिव डॉ. अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में एलएलबी, एलएलएम व एमएड एवं फार्मेसी पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा का आयोजन 6 जुलाई को किया जाना प्रस्तावित है। इन पाठ्यक्रमों के प्रवेश परीक्षा परिणाम की घोषणा 15 जुलाई की जायेगी।

## घर से निकला युवक लापता, रिपोर्ट दर्ज

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी :** ग्राम छंदरौली निवासी छोटेलाल ने थाना लोनी कटरा में दर्ज कराई गई गुमशुदगी में बताया है कि उनका बेटा (28) कृपा शंकर 30 मार्च को सुबह 9:00 बजे घर से फ्लिपकार्ट कार्यालय 12 मोड़ के पास जाने के लिए निकला था लेकिन उसके सारे मोबाइल नंबर बंद हैं। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल रहा है। थाने पर दर्ज कराई गई गुमशुदगी में छोटे लाल ने बताया कि कार्यालय जाने पर पता चला कि उसका बेटा ड्यूटी पर आया ही नहीं।

# दो प्रतिष्ठानों पर 83 हजार का शमन शुल्क

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** क्षेत्रीय खाद्य नियंत्रक के निरीक्षण में दो प्रतिष्ठानों पर गेंहू का स्टाक ज्यादा मिला। दोनों फर्मों पर लगभग 83 हजार रूपये का शमन शुल्क लगाया गया है।

आरएफसी अशोक कुमार पाल के नेतृत्व में क्षेत्रीय विपणन अधिकारी एसएन पांडेय, डिप्टी आरएमओ एके सिंह सहित अन्य की टीम ने बुधवार को शान्ति

**▸▸ आरएफसी के नेतृत्व में टीम ने किया निरीक्षण, गेंहू स्टाक मिला ज्यादा**

रोलर फ्लोर मिल सोहावल, अम्मार मिनी राइस मिल रुदौली और राम गोपाल चावल उद्योग रुदौली के प्रतिष्ठान पर स्टाक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुरेश ट्रेडिंग कंपनी राम सनेही घाट का मालिक वहां से भाग निकला। स्टाक अपडेट ने होने पर 26 हजार 191 रूपये का शमन शुल्क जमा कराया गया। अम्मार मिनी राइस मिल मौली रुदौली पर स्टाक मे गड़बड़ी मिलने पर 56925 रूपये का शमन शुल्क लगाया गया है। बता दें कि गेंहू खरीद को लेकर शासन ने सभी आढ़तियों, मिलों को प्रतिदिन स्टाक पोर्टल पर दर्ज करने का निर्देश है। इसी की जांच करने टीम निकली थी।

मिड–डे मील | उत्तर प्रदेश को–ऑपरेटिव बैंक ने खाते का संचालन रोका

# 95 बच्चों को आठ दिन से मध्याह्न भोजन के लाले

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राजकरण वैदिक पाठशाला इंटर कॉलेज के प्रबंधन और जिला विद्यालय निरीक्षक के बीच चल रही रार में बच्चे फंस गए हैं। उत्तर प्रदेश को-ऑपरेटिव बैंक की मोतीबाग शाखा ने मिड-डे मील खाते के संचालन पर रोक लगा दी है। जिसके कारण 95 बच्चों को आठ दिनों से मध्याह्न भोजन के लाले पड़ गए हैं। प्रधानाचार्य ने कॉलेज प्रबंधन और बैंक के बीच दुरभि संधि का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री समेत जिलाधिकारी और डीआईओएस को पत्र भेजा है।

राजकरण वैदिक पाठशाला इंटर कॉलेज में कक्षा एक से आठ तक के बच्चों को मिड-डे मील प्रदान किया जाता है। यहां करीब 95 छात्र हैं जो



राजकरण वैदिक पाठशाला इंटर कॉलेज। अमृत विचार

मध्याह्न भोजन योजना से लाभान्वित होते हैं। कॉलेज प्रबंधन और जिला विद्यालय निरीक्षक के बीच वित्तीय और प्रशासनिक अधिकारों को लेकर लड़ाई शुरू हो गई। डीआईओएस ने वरिष्ठ शिक्षक उदय नारायण तिवारी को प्रधानाचार्य नियुक्त कर दिया। इस बीच प्रबंधन ने उत्तर प्रदेश को-ऑपरेटिव बैंक की मोतीबाग की शाखा में पत्र लिख कर खाता संचालन पर रोक लगवा दी। बैंक प्रबंधन ने बिना यह जाने की मिड-डे मील का आहरण वितरण अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक होता है, खाता बंद कर दिया। जिसके कारण मध्यान भोजन प्रभावित हो गया है।

प्रधानाचार्य उदय नारायण तिवारी ने मुख्यमंत्री समेत जिलाधिकारी और डीआईओएस को लिखे पत्र में आरोप लगाया है जानबूझ कर प्रबंधक के दबाव और दुरभि संधि के कारण खाता बंद कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मिड-डे मील जैसी महत्वपूर्ण योजना के संचालन में हस्तक्षेप का अधिकार बैंक को कदापि नहीं है। प्रधानाचार्य ने बुधवार को बताया कि आठ दिनों से व्यक्तिगत रूप से व्यवस्था कर बच्चों को मध्याह्न भोजन योजना का लाभ दे रहे हैं। उनका आरोप है कि कॉलेज से जुड़े अन्य प्रकरण से मिड-डे मील से कोई लेना-देना नहीं है।

> खाते पर रोक की जानकारी हुई है। प्रबंध समिति के लोग अनाधिकृत रूप से हस्तक्षेप कर रहे हैं। बैंक को पत्र भेज दिया गया है। आहरण वितरण अधिकारी की अनुमति के बिना खाते पर रोक नहीं लगाई जा सकती है। –डॉ. राजेश कुमार आर्या, जिला विद्यालय निरीक्षक

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपना नाम मूलचन्द्र से बदलकर मूलचन्द्र लोधी रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये। **पुत्र श्री हरीशंकर ग्राम करियामऊ थरियाँव फतेहपुर – 212622**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा बीटेक तृतीय वर्ष 2017 इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियर अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (AKTU) अनु.1313821019 व इनरोलमेंट नं. 13182110417 का अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **पवन सिंह पुत्र वृजभूषण सिंह नि. ग्राम नेवादा कनू तह. अमेठी, जनपद अमेठी।**

**तलाश गस्ती–गुमशुदा**

**थाना बछरावां जनपद रायबरेली**



1. नाम पता गुमशुदा – **मनोज कुमार गौतम** (उम्र 45 वर्ष) 2. **पिता का नाम** – छोटेलाल गौतम, **जाति**– गौतम 3. **पता**– ग्राम जोहवा हिसार थाना बछरावाँ जनपद रायबरेली 4. **सूचनाकर्ता** – श्री छोटेलाल पुत्र स्व0 बैजनाथ निवासी ग्राम जोहबा हिसार थाना बछरावाँ जनपद रायबरेली मो0नं0 8009630418 **हुलिया एवं पहनावा** – रंग–गोरा, आंख, नाक, कान कद औसत, **लम्बाई करीब**–05 फिट 3 इंच, **पहनावां**– नीली शर्ट चौखाना, पैन्ट नीली, काली चप्पल पहने हुए है। निवेदन है कि उक्त गुमशुदा मनोज कुमार के बारे में जिस किसी व्यक्ति को कोई जानकारी प्राप्त हो तो कृपया नीचे लिखे नम्बरो पर सम्पर्क करने की कृपा करें।

(सय्यैद नियाजी हुसैन) उपनिरीक्षक थाना बछरावां रायबरेली मो0नं0–7985873571

प्रभारी निरीक्षक थाना बछरावां रायबरेली मो0नं0 9454404126

**गुमशुदा**



**श्री राम आसरे** पुत्र गंगा आयु 90 वर्ष लगभग, ग्राम– गदाईपुर, थाना– जहाँगीराबाद के निवासी हैं। यह 14 वर्षो से लापता हैं, इसकी सूचना F.I.R. दर्ज कराई जा चुकी है। अभी तक लापता हैं। **विजय कुमार पुत्र रामआसरे निवासी ग्राम– गदाईपुर, परगना व तहसील नवाबगंज, जनपद– बाराबंकी।**

प्रवेश प्रारम्भ    प्रवेश प्रारम्भ

## वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

**वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग**

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

**बी.एस.सी. नर्सिंग**

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

**जी.एन.एम.**

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

**ए.एन.एम.**

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :–

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# लू का असर : अस्पताल में रोज भर्ती हो रहे उल्टी-दस्त के 40 मरीज

**चिंताजनक**

▸▸ **इलाज के लिए मरीजों की लग रहीं लंबी कतारें**

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में लू की चपेट में आने वाले मरीजों की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी हुई है। बुधवार को जिला अस्पताल में उल्टी-दस्त और बुखार से पीड़ित करीब 40 से अधिक मरीज पहुंचे।

बता दें कि चिलचिलाती धूप में मरीजों को अस्पताल पहुंचने में भी काफी परेशानी हो रही है। बुधवार को भी सुबह से ही गर्म हवाओं और चिलचिलाती धूप का सिलसिला शुरू हो गया। लगातार चल रही लू का सीधा असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। जिसके चलते अस्पतालों में मरीजों की संख्या में इजाफा देखने को मिल रहा है। जिला अस्पताल में फिजीशियन चिकित्सक डॉ. मनोज शुक्ला से परामर्श लेने के लिए मरीजों की लंबी कतार लगी रही। सुबह से दोपहर 2 बजे के बाद तक मरीजों का आना-जाना लगा हुआ था। डॉ. मनोज शुक्ला ने बताया कि प्रतिदिन उल्टी-दस्त के करीब 40 मरीजों को भर्ती किया जा रहा है। चिकित्सक डॉ. मनोज शुक्ला ने बताया कि लू का असर लोगों पर तेजी से पड़ता है। ऐसे में हमें एहतियात बरतना जरूरी है। लू से बचने के लिए थोड़े-थोड़े अंतराल पर पानी पीते रहना चाहिए। वहीं तेल, मसाले वाली खाद्य सामग्री का सेवन करने से भी बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि ओआरएस का सेवन करें।


मरीज देखते फिजीशियन डॉ. मनोज शुक्ला।


भर्ती मरीज का हालचाल लेते डॉक्टर।

> भीषण गर्मी के चलते अस्पताल में मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। अस्पताल आने वाले मरीजों को समुचित इलाज मिल सके इसके लिए डॉक्टरों को निर्देश दिए गए हैं।
> – **डॉ. ओमप्रकाश,** सीएमएस, जिला अस्पताल


जिला अस्पताल के औषधि वितरण केंद्र पर लगी मरीजों और तीमारदारों की भीड़।

# स्कूलों में गीत-नृत्य और रंगोली के जरिये समझाया मतदान का महत्व

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने छात्रों के माध्यम से अभिभावकों को किया जागरूक

**जागरुकता कार्यक्रम**

▸▸ **मतदाता जागरुकता गुब्बारे उड़ाकर स्वीप कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया**

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की उपस्थिति में सेंट पीटर्स इंटर कॉलेज अकबरपुर में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा मतदाता जागरुकता गुब्बारे उड़ाकर स्वीप कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मतदान कर भारत को मजबूत बनाने की अपील की गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने विद्यार्थियों को वोट के महत्व और मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। जिला निर्वाचन अधिकारी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप विभिन्न स्कूलों में स्वीप कार्यक्रम के तहत अनेक प्रकार के मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। एक तरफ जहां विद्यार्थियों को वोट के महत्व के बारे में बताया जा रहा है, वहीं जनपद के विभिन्न स्कूलों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रश्नोत्तरी, रंगोली, मेंहदी और भाषण आदि प्रतियोगिताएं भी कराई जा रही हैं। स्कूली बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक, मतदाता जागरुकता गीत और नृत्य के माध्यम से मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। सेंट पीटर्स इंटर कॉलेज में बच्चों ने भारत के नक्शे में मानव श्रृंखला बनाई और उसके पश्चात विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए अधिक से अधिक वोट डालने के लिए प्रेरित किया। मतदान करने के लिए सभी को शपथ दिलाया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने विद्यार्थियों से अपील की कि वह इन कार्यक्रमों में जो जानकारी प्राप्त कर रहे हैं, उसे अपने तक सीमित न रखकर अपने अभिभावकों और आस-पड़ोस के मतदाताओं को भी दें। वोट करने से लोकतंत्र को मजबूती प्रदान होती है, इसलिए हर मतदाता को मतदान कर भारत को मजबूत बनाना है। स्वीप के नोडल अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी प्रधानाचार्यो से अपील किया गया कि अभिभावक, शिक्षक मीटिंग में मतदान के लिए सभी को प्रेरित करें। मंच का संचालन अमित कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान प्रधानाचार्य सुमित्रा देवी, डॉ. तारा वर्मा, हरेंद्र यादव, विद्या देवी, रेनु वर्मा, विभा सिंह, फादर विल्सन, आलोक कुमार पाठक, डॉ. प्रियंका तिवारी, सत्यवती, सरिता, प्रबुद्ध सिंह, अजित कुमार सिंह और अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।


सेंट पीटर्स इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा लगाई गई मेंहदी का अवलोकन करते जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह व साथ में फादर विल्सन।


सेंट पीटर्स इंटर कॉलेज में रंगोली का अवलोकन करते जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह व साथ में अन्य।


गुब्बारे उड़ाते सीडीओ अनुराज जैन व जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह।

### 3 नामांकन पत्रों की बिक्री

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** बुधवार को 11 से 3 बजे के बीच कुल तीन नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। कोई भी उम्मीदवार न्यायालय जिला अधिकारी जिला मजिस्ट्रेट पर 6 मई तक 11 बजे से 3 बजे के मध्य किसी भी दिन सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर नामांकन कर सकता है। 29 अप्रैल से शुरू हो रही नामांकन प्रक्रिया छह मई तक चलेगी। इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच सात मई को संपन्न होगी। नौ मई को नाम वापसी की तिथि निर्धारित की गई है। 24 मई को राजकीय हवाई पट्टी अकबरपुर से पोलिंग पार्टी की रवानगी की जाएगी। 25 मई को मतदान और चार जून को राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अकबरपुर में मतगणना का कार्य संपन्न किया जाएगा। नामांकन को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में बैरीकेडिंग और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। नामांकन निर्धारित तिथि में सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक होगा।

# अनियंत्रित होकर स्कॉर्पियो पलटी, बाल-बाल बचे लोग

▸▸ **दुकान के सामने खड़ी बाइक को घसीटा, दो दुकानों के टिन शेड तोड़े**

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** बाइक सवार को बचाने के चक्कर में स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में लोग बाल-बाल बचे। सूचना पर पहुंचे सीओ देवेन्द्र कुमार ने घटनास्थल का जायजा लिया।

दुर्घटना जलालपुर मालीपुर मार्ग के शांतिनगर में बुधवार को सुबह घटित हुई। जलालपुर की ओर से एक स्कॉर्पियो मालीपुर की तरफ जा रही थी। जब वाहन शांतिनगर बाजार पहुंचा, तभी मालीपुर की तरफ से आ रहा तेज रफ्तार बाइक सवार अपने दाहिनी पटरी पर आ गया। स्कॉर्पियो चालक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में वाहन तेज रफ्तार सड़क से नीचे मोड़ दिया। अनियंत्रित स्कॉर्पियो दुकान के सामने खड़ी बाइक को घसीटते, दो दुकान में लगे टिन शेड को तोड़ते व सामान को क्षतिग्रस्त करते दुर्गा प्रसाद मोदनवाल की मिठाई की दुकान में घुसकर पलट गई। स्कॉर्पियो की टक्कर से गर्म कढ़ाई का खौलता तेल दुकानदार की पत्नी सविता के ऊपर गिर गया। दुकानदार मालीपुर थाना के दरगाह शाह रमजान के निवासी है।

हादसे के बाद देवेन्द्र किराना स्टोर पर रखा टिन शेड और नीचे रखा किराना का सामान इधर-उधर बिखर गया। मिठाई की दुकान में बैठे बड़ागांव के हरी श्याम मौर्य, कटका थाना के निमटिनी गांव निवासी ठेला चालक राधे श्याम मौर्य को हल्की चोटें आई हैं। स्कॉर्पियो चालक प्रमोद को हल्की चोट और उसमें बैठे वाहन मालिक अरविंद मिश्रा निवासी जैतपुर के बिहामदपुर के पुत्र सौरभ बाल-बाल बच गए।

### स्मैक के साथ चार अभियुक्त गिरफ्तार

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** थाना बसखारी पुलिस टीम ने मादक पदार्थों का अवैध विक्रय करने वाले चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखविर की सूचना पर बसखारी पुलिस टीम ने अभियुक्त रामकेश (45 वर्ष) निवासी वासुदेव नगर किछौछा थाना बसखारी, अनीस कुमार (28 वर्ष) निवासी जैनापुर थाना जलालपुर, फकरे आलम (40 वर्ष) निवासी दरगाह रसूलपुर थाना बसखारी, मो. आलम पुत्र मो. मुस्लिम (26 वर्ष) निवासी चुंगी किछौछा थाना बसखारी को थाना क्षेत्र के गोलपुर चौराहा से यादव चौराहा जाने वाली सडक़ से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से अवैध स्मैक बरामद किया गया है। अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया है।

### 'परिषदीय विद्यालयों में नामांकन बढ़ाएं'

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** सिंगारी देवी महाविद्यालय रामनगर के हॉल में प्रधानाध्यापकों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें परिषदीय विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने और अन्य शैक्षिक योजनाओं को समय से पूरा कर लेने पर विस्तार से चर्चा की गई। एआरपी आलोक त्रिपाठी ने कहा कि नए शिक्षा सत्र में नामांकन को बढ़ाने पर सभी को अपना ध्यान केंद्रित करना होगा। इसके लिए रैली निकालें और अभिभावक से संपर्क कर बच्चों का नाम परिषदीय विद्यालयों में कराने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने दीक्षा कार्यक्रम को समय से पूरा करने पर जोर दिया। इस मौके पर एआरपी बलराम यादव, राकेश त्रिपाठी आदि रहे।

## एक नजर

### हज जाने वाले यात्रियों का टीकाकरण 4 व 5 को

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** हज यात्रा के लिए जाने वाले यात्रियों का 4 व 5 मई को टीकाकरण किया जाएगा। यह जानकारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी छोटेलाल सरोज ने दी है। उन्होंने बताया कि 4 मई को मदरसा मंजरे हक टांडा और 5 मई को मदरसा करामतिया जलालपुर में हज यात्रियों का टीकाकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही जरूरी प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

### अवैध चाकू के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** अभियान के तहत थाना अलीगंज पुलिस टीम ने अभियुक्त लेड़ी उर्फ अली अहमद निवासी मोहल्ला राजघाट छज्जापुर थाना कोतवाली टांडा को मोजनपुर रेलवे क्रासिंग से एक अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक मो. शरीफ खां, कांस्टेबल मो. उवैश शामिल रहे।

### ट्रेन पर पत्थर फेंकने के मामले में मुकदमा दर्ज

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** वंदेभारत एक्सप्रेस पर पिछले एक पखवाड़े के अंदर तीन बार शरारती तत्वों द्वारा पत्थरबाजी की जा चुकी है। सोमवार को वंदेभारत पटना से चलकर वाराणसी, अकबरपुर, अयोध्या के रास्ते लखनऊ जा रही थी, तभी कटेहरी के पास कुछ लोगों ने पत्थर फेंक दिया। इससे ट्रेन के अगले हिस्से में लगा शीशा क्षतिग्रस्त हो गया था। लखनऊ पहुंचने पर अधिकारियों ने इसकी जानकारी अकबरपुर स्टेशन को दी। सूचना मिलते ही जीआरपी और आरपीएफ की टीम ने मौके का निरीक्षण भी किया। इसके बाद मामले में आरपीएफ प्रभारी जीएस गौतम की तहरीर पर अज्ञात शरारती तत्वों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### 270 वाहनों को चेक कर पांच का काटा चालान

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रांतर्गत पड़ने वाले बैंकों तथा प्रमुख चौराहों पर विशेष चेकिंग की गई। बैंक के आसपास बिना किसी कारण घूमने वालों को कार्रवाई की चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। प्रमुख मार्गों, चौराहों तथा सूनसान स्थानों पर समस्त थानों की गरुण वाहिनी पुलिस टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाकर बिना नंबर प्लेट वाली गाड़ियों तथा काली फिल्म वाली गाड़ियों व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की विशेष रूप से चेकिंग की गई। साथ ही दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, बिना हेलमेट घूमने वाले लोगों की सघन चेकिंग कर कुल 270 वाहनों को चेक कर पांच वाहनों का चालान किया गया।

## सार-संक्षेप

### जल्द कराएं वाहनों की फिटनेस : उपजिलाधिकारी

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर उपसंभागीय परिवहन कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें लोकसभा चुनाव में परिवहन व्यवस्था के नोडल अधिकारी आलापुर उपजिलाधिकारी सौरभ शुक्ल की अध्यक्षता में चुनाव में पर्याप्त वाहनों की उपलब्धता को लेकर चर्चा हुई। जांच पड़ताल के दौरान पाया गया कि इसमें 214 वाहनों का फिटनेस फेल है। एसडीएम ने अन्य तहसीलों के एसडीएम को वाहनों का फिटनेस जल्द कराने के लिए समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने को कहा है।

### दान के रुपए गबन करने के मामले में दो लोगों पर केस

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** थाना कटका के भियांव गांव में स्थित जामा मस्जिद में जुमे को आए धर्मार्थ दान का पैसा गांव के ही मोहम्मद मोअज्जम की शह पर बेलाल गबन की नीयत से अपने घर उठा ले जाता है। कमेटी द्वारा लगातार समझाने बुझाने पर भी यह लोग नहीं माने तब मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष ने उक्त प्रकरण की शिकायत कटका थाने में की। प्रकरण की पूरी जानकारी लेने के बाद थानाध्यक्ष कटका ने मोहम्मद मोअज्जम व बेलाल के खिलाफ कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### डॉ. राहुल बने होम्योपैथिक मेडिकल एसो. इकाई के अध्यक्ष


अकबरपुर होम्योपैथिक एसोसिएशन के नवनियुक्त पदाधिकारी।

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन अकबरपुर इकाई का समारोहपूर्वक गठन हुआ। इस दौरान विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों को मनोनीत कर स्वागत किया गया। नगर के एक होटल में आयोजित कार्यक्रम का आगाज बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरएम गौतम ने होम्योपैथिक चिकित्सा के जनक डॉ. हनीमैन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। डॉ. मनीष अग्रहरि और डॉ. नरेंद्र सोनी ने कार्यक्रम का संचालन किया। होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन के विभिन्न पदों पर मनोनीत पदाधिकारियों में अध्यक्ष डॉ. राहुल श्रीवास्तव, महामंत्री डॉ. नरेंद्र सोनी, कोषाध्यक्ष डॉ. मनीष अग्रहरि शामिल हैं। सभी ने पूरी निष्ठा के साथ अपने पद की गरिमा बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में डॉ. देवेंद्र सोनी, डॉ. पीयूष साहू, डॉ. जीके सेन, डॉ. रजनीश तिवारी, डॉ. शुभम श्रीवास्तव, डॉ. रविंद्र वर्मा, डॉ. अनुराग पांडेय, डॉ. पियूष चंद्र, डॉ. गौरव गुप्ता, डॉ. संदीप वर्मा, डॉ. राजवंत सिंह, डॉ. आरके सहाय, फार्मासिस्ट प्रवीण दुबे समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### एकजुट सर्वसमाज को बरगला रहे विपक्षी : डॉ. रजनीश


जलालपुर क्षेत्र में आयोजित सम्मेलन में मौजूद भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार रितेश पांडे।

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** भाजपा अपनी नीति और कार्यों के बल पर पुन: सत्ता में वापसी करेगी। साथ ही जनपद के भाजपा प्रत्याशी को जीत दिलाकर मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प साकार करेगी। उक्त बातें भाजपा के जिला उपाध्यक्ष डॉ. रजनीश सिंह के नेतृत्व में नगर में आयोजित एक सम्मेलन में कही गईं। उन्होंने कहा कि भाजपा जो भी कार्य करती है, वह धरातल पर दिखाई पड़ता है। सर्व समाज एकजुट है जिसे विपक्षी बरगलाने का कार्य कर रहे हैं, लेकिन जनता उनके बहकावे में आने वाली नहीं है। लोकसभा प्रत्याशी रीतेश पांडेय ने कहा कि विपक्ष केवल डंका पीट रही है। जनता सबको बखूबी जान चुकी है। कार्यक्रम का संचालन कवि अभय निर्भीक ने किया। इस अवसर पर संतोष सिंह, ब्लॉक प्रमुख भियांव गौरव सिंह, नगर अध्यक्ष देवेश मिश्रा, सूर्यभान सिंह, मानवेन्द्र सिंह, राजेंद्र सिंह, ओकार सिंह, मार्कन्ड प्रताप सिंह, मुन्ना सिंह, जयप्रकाश सिंह, अरुण सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### आग लगने से जली आधा दर्जन परिवारों की गृहस्थी

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** अहिरौली थाना क्षेत्र के बट्टूगढ़ के मजरा पंडित पूरा में लगी आग में आधा दर्जन परिवारों के कच्चे घर जल गए। आग लगने की सूचना पर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। आग लगने के कारण लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। लोनिया नाला के किनारे स्थित पंडित का पूरा गांव में अज्ञात कारणों से आग लग गई। इससे गांव निवासी अमरनाथ, रामानंद, विपिन, गुरुप्रसाद, रामप्रसाद के कच्चे घर की समूची गृहस्थी जलकर राख हो गई। इससे पीड़ितों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। आग लगने की सूचना पर फायरब्रिगेड कर्मियों के साथ ही अहिरौली और अकबरपुर कोतवाली पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची। सीओ सदर सुरेश कुमार मिश्र ने भी मौके का निरीक्षण किया। आग की घटना से गांवों में अफरा-तफरी का माहौल रहा।

# शातिर चोर गिरफ्तार, बाइक स्कूटी और चाकू बरामद

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** पुलिस ने बाइक, स्कूटी और अवैध चाकू के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर जलालपुर पुलिस ने एक युवक को जामा तलाशी के दौरान अवैध चाकू, बाइक और निशानदेही पर एक स्कूटी बरामद की है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट भेज दिया है।

जलालपुर थाना के उपनिरीक्षक दुर्योधन लाल वर्मा ने हेड कांस्टेबल दुर्गेश सिंह, राकेश कुमार, केशव सिंह के साथ जमालपुर चौराहे पहुंचकर आरोपी युवक को दबोच लिया। पकड़े गए युवक के पास से तलाशी के दौरान एक अवैध चाकू और एक ग्लैमर बाइक बरामद हुई है। पूछताछ में युवक ने बनारस से चुराकर लाई एक स्कूटी के बारे में भी बताया। जो थोड़ी दूर स्थित प्राथमिक विद्यालय हाजीपुर के तरफ झाड़ियों में छुपाकर रखी थी। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अमरजीत उर्फ खल्ले निवासी सरैया थाना जैतपुर बताया है। मामले का खुलासा करते हुए क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार मौर्य ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर न्यायालय भेज दिया गया है, अग्रिम कार्रवाई जारी है। इस मौके पर जलालपुर कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह मौजूद रहे।

### दो गिरफ्तार, 30 ली. अवैध शराब बरामद

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के नेतृत्व में अभियान चलाया जा रहा है। थाना राजेसुल्तानपुर क्षेत्र में अलग-अलग जगहों से अवैध शराब के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। कांस्टेबल सुनील सिंह यादव ने आबकारी अधिनियम में अभियुक्त रवींद्र प्रसाद निवासी देवरिया पंडित थाना राजेसुल्तानपुर के कब्जे से 20 लीटर कच्ची शराब और उप निरीक्षक शैलेंद्र चौधरी ने आबकारी अधिनियम में अभियुक्त अरुण निषाद निवासी चकइक्यावन थाना राजेसुल्तानपुर के कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर उसे गिरफ्तार किया है।

# चुनाव ड्यूटी में न बरतें लापरवाही : एसपी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** बुधवार को लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत होने वाले मतदान को निष्पक्ष, पारदर्शी, सकुशल और शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराए जाने के लिए रिजर्व पुलिस लाइन अकबरपुर में पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ द्वारा बाह्य जनपद चुनाव ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को ब्रीफ किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने कर्मियों को निर्देश दिए कि ड्यूटी स्थान पर सतर्कता बरतें। जिससे मतदान को निष्पक्षता और शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि डयूटी पॉइन्ट पर किसी भी बाहरी व्यक्ति से किसी प्रकार की सुविधा न लें और मतदान स्थलों पर किसी प्रकार की अव्यवस्था या मतभेद होने पर इसकी सूचना तत्काल सम्बन्धित अधिकारियों को दें। उन्होंने कहा कि चुनाव डयूटी एक अति महत्वपूर्ण डयूटी है इसमे किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि सभी पुलिस बल की गरिमा बनाये रखते हुए पूर्ण सतर्कता बरतते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। इसी के साथ पुलिस अधीक्षक ने समस्त पुलिस के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी विशाल पांडेय, प्रतिसार निरीक्षक तथा बाह्य जनपद चुनाव ड्यूटी में लगे समस्त अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।


पुलिस के वाहनों को हरी झंडी दिखाते पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ।

**लापरवाही** — कई बार शिकायत के बाद भी जिम्मेदार अनजान, लोगों को सताता है हादसे का डर

# बांस व बल्ली गिरी तो समझो बिजली गुल

आलापुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में कई जगहों पर बिजली विभाग बांस-बल्ली के सहारे बिजली की आपूर्ति कर रहा है। जो हादसे को दावत दे रहे हैं। कई बार शिकायत के बाद जिम्मेदार इस ओर आंखें मूंदे हुए हैं। वहीं लोगों को हर समय हादसे का डर सताता रहता है।

नगर पंचायत जहांगीरगंज और जहांगीरगंज से कम्हरिया मार्ग पर कई जगहों पर बांस-बल्ली के सहारे ही बिजली की आपूर्ति हो रही है। कई बार तेज हवा के चलते तार टूटकर बांस-बल्ली समेत नीचे गिर रहे हैं। जिनसे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। कई बार शिकायत के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी इस ओर काई ध्यान नहीं दे रहे हैं। तहसील क्षेत्र में कई स्थानों पर बांस-बल्ली के सहारे आपूर्ति की जा रही है, तो वहीं अन्य क्षेत्रों में जर्जर और बिजली के तार बिजली की आपूर्ति में रोड़ा बन रहे हैं। क्षेत्र में तार टूटकर गिरने और शॉर्ट सर्किट से उपभोक्ताओं को घंटों बिना बिजली के रहना पड़ता है। क्षेत्र के उपभोक्ता राजेश, अजय कुमार, अखिलेश कुमार, मनीष कुमार ने बताया कि अगर बिजली विभाग इस समस्याओं का समाधान नहीं करेगा तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। मामले में जब जेई रविंद्र कुमार से बात करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन ही नहीं उठा।


जहांगीरगंज से कम्हरिया मार्ग पर बांस व बल्ली के सहारे आपूर्ति की जाती बिजली।

### हादसे में जा चुकी है वृद्ध और बालिका की जान

हरिहरपुर गांव में कुछ महीने पहले बिजली विभाग की लापरवाही के कारण एक बुजुर्ग और एक बालिका की खंभे से टूटकर गिरे तार की चपेट में आने से मौत हो गई थी। इसके बाद गांव वालों ने कई बार विद्युत केंद्र पर लिखित शिकायत भी की थी।

> बांस-बल्ली से लटक रहे तारों के बारे में जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि 11 हजार वोल्टेज की लाइन है या सर्विस लेन की लाइन है जांच करके बताएंगे। – **बृजेश कौशिक,** एसडीओ

# प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत


छात्रा को पुरस्कृत करते मौलाना मुमताज अली। अमृत विचार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार :** जलालपुर स्थित मदरसा बकीयतुल्लाह में दीनी बेदारी शीर्षक से आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। पुरुस्कृत होने वालों में होनहार छात्र कायम मेहदी जाफराबाद का नाम उल्लेखनीय है। इसी कड़ी में संस्था के संस्थापक दिवंगत मौलाना जाहिद अली की स्मृति में वार्षिक मजलिस संपन्न हुई। जिसे संबोधित करते हुए मौलाना मुमताज अली ने कहा कि इल्म एक नूर है और खुदा जिसके दिल में चाहता है उतार देता है। मौलाना अली शहाब हिंदी, मौलाना अशफाक हुसैन, मौलाना कौसर अली, मौलाना मोहम्मद जफर मारूफी, मौलाना अकील अब्बास, मौलाना जैगम अब्बास, मौलाना रमजान अली, मास्टर इसहाक मेहदी आदि थे।

## एक नजर

### खंड विकास अधिकारी ने किया गांव का भ्रमण

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव ने ग्राम पंचायत पचुर्खी मनोहरजोत का स्थलीय भ्रमण किया। यहां पर उन्होंने मनरेगा के तहत ग्राम पंचायत द्वारा कराये जा रहे जलाशय के सुंदरीकरण के कार्य में लगे श्रमिकों को फूल माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। एडीओ आईएसबी आजम खान, एपीओ राजेश सोनी, ग्राम रोजगार सेवक राकेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

### अधेड़ को लाठी-डंडे से पीटकर किया घायल

**रुपईडीह, अमृत विचार :** भवन निर्माण को लेकर कौड़िया के पकड़ी मारूडीह पूरेबदाचक निवासी हरिराम दुबे को कुछ लोगों ने लाठी-डंडों व धारदार हथियार से प्रहार कर जख्मी कर दिया। घटना की रिपोर्ट उन्होंने गांव के ही उत्तम सहित चार लोगों के विरुद्ध दर्ज कराई है।

### शिविर लगाकर बैंक ने वसूले 12.50 लाख रुपये

**रुपईडीह, अमृत विचार :** बकाया वसूली अभियान के तहत इंडियन बैंक की शाखा आर्य नगर ने किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत भुड़कुड़ा गांव में शिविर लगाकर 16 किसानों से 12 लाख पचास हजार रुपए का ऋण वसूल किया। शाखा प्रबंधक वीरेंद्र मिश्र ने बताया कि इस वसूली में शाखा के सहायक प्रबंधक विनय कुमार शुक्ल का भरपूर सहयोग रहा।

### बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**रुपईडीह, अमृत विचार :** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ब्लाक के ग्राम पंचायत बनगाँई में स्कूली बच्चों द्वारा रैली निकाल कर मतदाताओं को आगामी 20 मई को होने वाले चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने के प्रति जागरूक किया। रैली में बाबू राम कश्यप, पंचायत सचिव यमुना प्रसाद, प्रधानाध्यापक कुलदीप चाहक, कृष्ण कुमार चतुर्वेदी, ग्राम रोजगार सेवक शिवकुमार सोनकर भी शामिल रहे।

### फंदे से लटकता मिला युवती का शव

**धानेपुर, अमृत विचार :** धानेपुर के वार्ड पंडित दीनदयाल नगर में एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल पर जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नगर पंचायत धानेपुर के वार्ड पंडित दीनदयाल की रहने वाली 22 वर्षीय अमीना खातून उर्फ गुड़िया पुत्री बदरूद जमा दोपहर में छत के कुंडी के सहारे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। स्वजन ने बताया की युवती की अगले महीने युवती की सीरबनकट के रहने वाले हैदर अली के साथ शादी की तारीख नियत थी।

# मजदूरों को गुलाम बनाने की साजिश कर रही सरकार: कौशलेंद्र

## केंद्र सरकार के श्रमिक संहिता को बताया शोषण का हथियार, मजदूर दिवस पर श्रम संगठनों की केंद्र व राज्य सरकार को चेतावनी

गोंडा कार्यालय



मजदूर दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते सीआईटीयू के प्रदेश उपाध्यक्ष।

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एटक के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष कामरेड सत्यनारायण त्रिपाठी ने कहा नई श्रम नीति कानून न होकर केवल नियम है जो पूंजीपतियों के लिए शोषण का हथियार है। मजदूर वर्ग को पहले से प्राप्त सुविधाओं को छीना जा रहा है। ट्रेड यूनियनों की आयोजन समिति देवीपाटन मण्डल गोंडा की तरफ से आयोजित मजदूर सभा को संबोधित करते हुए सीआईटीयू के प्रदेश उपाध्यक्ष कॉमरेड कौशलेंद्र पांडेय ने कहा वर्तमान सरकार पूंजीपतियों एवं क्रोनी कैपिटल के हाथ में मजदूरों को गुलाम बनाने की साजिश कर रही हैं।

मजदूर दिवस की सभा की अध्यक्षता अमेरिका यादव सत्य प्रकाश पांडेय, सलमा परवीन, डीएस सिंह तथा संचालन कॉमरेड रामकृपाल यादव ने किया। सभा के मुख्य अतिथि उप श्रम आयुक्त देवीपाटन मंडल अनुभव वर्मा तथा विशिष्ट अतिथि श्रम प्रवर्तन अधिकारी योगेश दीक्षित रहे। कॉमरेड कौशलेंद्र पांडेय ने कहा कि आठ घंटे के प्रतिदिन काम को विश्व के सभी देशों के लाखों मजदूरों ने अपने संघर्ष और बलिदान के बल पर लागू कराया था और न्यूनतम मजदूरी, बोनस, पीएफ चिकित्सा सुविधा आदि हासिल किया गया था। कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना छीन ली गयी है और अब तक आठवां वेतन आयोग गठित न करके सरकार अपनी पूंजीवादी व्यवस्था को आगे बढ़ा रही है। सभा में केंद्र व प्रदेश सरकार की जनविरोधी व मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ संगठित होने की अपील की गयी।

मुख्य अतिथि अनुभव वर्मा ने कहा की केंद्र सरकार की बहुत सी योजनाएं मजदूरों के लिए लागू है। सभी मजदूरों को अपना पंजीकरण कराना चाहिए तथा सभी मजदूरों को लाभ लेना चाहिए। सभा को अमित शुक्ला, ईश्वर शरण शुक्ला, खगेन्द्र जनवादी, सुनील सिंह, शिवाकांत दुबे, गणेश दत्त त्रिपाठी, बृज बहादुर वर्मा, सुरेश कुमार कनौजिया, आद्या प्रसाद तिवारी, राम रंग चौबे, सूर्य प्रकाश मिश्रा, अनिल कुमार श्रीवास्तव, एलआईसी से गुरु प्रसाद तिवारी, मीनाक्षी खरे आदि ने भी संबोधित किया। सभा में लोक निर्माण विभाग बिजली कर्मचारी संघ, यूपीएमएसआरए, पूर्वांचल चीनी मिल, सिंचाई विभाग, एलआईसी एजेंट फेडरेशन, आशा कर्मचारी यूनियन, आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन, मिड डे मील रसोईया कर्मचारी यूनियन, पोस्टल एम्प्लॉयज यूनियन, रेलवे ठेका मजदूर भवन निर्माण खेत मजदूर यूनियन सहित तमाम असंगठित क्षेत्र के ठेका मजदूर व संविदा कर्मचारी समेत आरती शुक्ला, निर्मला तिवारी गिरजावती, कुसुम तिवारी, तारा देवी, ममता तिवारी, कविता सिंह, मुन्नी सिंह, किरन तिवारी, किरन बाला राधा संतोष शुक्ला विनीत तिवारी आनन्द सिंह, रोबी गांगुली, रामदास कनौजिया सुकई भारती, एहसान हुसैन, वेद प्रकाश, रानी देवी पाल, मंगल प्रसाद मौर्य, शिवाकांत दुबे, हरिओम श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। मजदूर दिवस के मौके पर श्रम संगठनों ने महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित 23 सूत्रीय मांग पत्र उप श्रमायुक्त अनुभव वर्मा के माध्यम से प्रदेश सरकार को भेजा गया।

### बुजुर्गों की पिटाई के मामले में तीन लोगों पर केस दर्ज

**करनैलगंज, अमृत विचार :** नशे में धुत युवक ने दो बुजुर्गों को लाठी डंडों से पीटा। जान बचाने के लिए जब वह घर में घुस गए तो घर में घुसकर उनकी पिटाई की गई। पुलिस ने बुजुर्ग की तहरीर पर तीन पर केस दर्ज किया है। ग्राम कुर्था निवासी रामनरेश ने दर्ज रिपोर्ट में कहा कि वह अपने भाई रामकरन और लड़के राहुल के साथ घर के दरवाजे पर बैठे थे। इस बीच गांव के ही कंशराज व पलिया तथा वंश राज शराब पीकर गाली दे रहे थे। जब मना किया गया तो तीनों ने मिलकर दोनों भाइयों को मारना शुरू कर दिया। जान बचाने के लिए जब वह घर में घुस गए तो तीनों लोगों ने घर में घुसकर लाठी डंडों से पीटा और गाली गलौज करते हुए धमकी दी। दोनों बुजुर्ग घायल अवस्था में घर में पड़े रहे। पुलिस ने बुजुर्ग की तहरीर पर कंशराज, पलिया एवं वंशराज निवासी ग्राम कुर्था पर केस दर्ज किया है। कोतवाल निर्भय नारायण सिंह का कहना है कि कार्रवाई की जा रही है।

# सौगात: मेडिकल कॉलेज में 45 बेड का नया वार्ड शुरू

## पहले दिन भर्ती हुए 15 मरीज, ऑक्सीजन व वेंटीलेटर भी होगा

गोंडा कार्यालय


मेडिसिन वार्ड का निरीक्षण करते मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. धनंजय कोटस्थाने।

**अमृत विचार:** जिले के महाराजा देवी बक्श सिंह स्वायत्तशासी मेडिकल कालेज में बुधवार को 45 बेड के नए वार्ड का शुभारंभ किया गया। मेडिकल कालेज के कोविड अस्पताल में बनाए गए इस नए वार्ड का नाम मेडिसिन वार्ड रखा गया है। बुधवार को इस नए वार्ड में 15 मरीज भर्ती किए गए। इस नए वार्ड के शुभारंभ से बेड की कमी से जूझ रहे मरीजों को सहूलियत मिल सकेगी।

मेडिकल कॉलेज स्थित कोविड अस्पताल में 45 बेड का मेडिसिन वार्ड का शुभारंभ बुधवार को हो गया। इस वार्ड में आधुनिक संसाधनों की व्यवस्था की गई है। मेडिसिन विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर व सीनियर रेजीडेंट की तैनाती के बाद यह कदम उठाया गया है। ट्रायल बेस पर मेडिसिन वर्ल्ड का शुभारंभ हो गया है। पहले दिन करीब 15 मरीजों को यहां पर भर्ती किया गया है। जिनका उपचार किया जा रहा है।

इस वार्ड में सुविधा व संसाधन का विशेष ध्यान दिया गया है। वार्ड में तैनात स्वास्थ्य कर्मी पूर्णतया प्रशिक्षित व काफी मेहनती है। अस्पताल के मेडिकल कॉलेज से संबद्ध हो जाने से सुविधाएं बढ़ने की लोग उम्मीद बढ़ गई हैं। उनकी यह उम्मीदें अब परवान चढती दिख रही हैं।

अस्पताल अब अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होने की राह में एक कदम आगे बढ़ गया है। कोविड काल के दौरान अस्पताल परिसर की नई बिल्डिंग में कोविड लेवल टू अस्पताल संचालित किया गया था लेकिन काफी दिनों से कोविड मरीज न आने से अब उसमें नए वार्ड संचालित किए जाने की बनायी गयी है।

अस्पताल के फर्स्ट फ्लोर में 450 बेड का वार्ड बनाया गया है। वहीं सेमी प्राइवेट वार्ड के साथ ही तीनों फ्लोर मिलाकर 100 बेड पूरे किए जाने है, लेकिन अब ट्रायल बेस पर पहले 45 बेड का मेडिसिन वार्ड संचालित किया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य धनंजय कोटस्थाने ने मेडिसिन वार्ड के शुभारंभ होने पर वहां पहुंचकर निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

प्राचार्य ने सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। साथ ही स्वास्थ्य कर्मियों को दायित्व के निर्वहन को लेकर सजग रहने को कहा। अस्पताल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा एम डब्ल्यू खान ने बताया कि मरीजों के लिए सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। इसी कड़ी में मेडिसिन वार्ड संचालन की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गयी है। उन्होंने बताया कि नए मेडिसिन वार्ड के शुभारंभ होने से मरीजों को आधुनिक सुविधाओं के साथ सेवा मिलेगी। फिलहाल यह ट्रायल बेस पर है। यह सफल रहा तो पूरे कोविड अस्पताल को 100 बेड के मेडिसिन वार्ड में तब्दील कर दिया जाएगा।

### सेवानिवृत कर्मचारी को दी गयी विदाई

**मसकनवा, अमृत विचार :** छपिया ब्लाक में तैनात वरिष्ठ लिपिक रंजीत सिंह के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सेवानिवृत्ति कर्मचारी को बीडीओ ओम प्रकाश यादव और एडीओ पंचायत हरिओम पाल सहित कर्मचारियों ने अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह, और रामायण देकर सम्मानित किया। बीडीओ ओम प्रकाश यादव ने कहा कि विदाई बहुत ही भावुक पल होता है। कर्मचारी कभी सेवानिवृत्त नही होता है। वह अपने अनुभवों को समाज में बांटता है। सेवानिवृत्ति कर्मचारी ने आभार व्यक्त किया। एडीओ पंचायत हरि ओमपाल, नसंजय जायसवाल, रवि जायसवाल, सीवन्द्र त्रिपाठी, दिनेश प्रजापति, अमित मिश्रा, शैलेंद्र शाह, राम मोहन वर्मा, उपेन्द्र पाण्डेय, रवि कांत यादव जय कुमार, कौशल किशोर, उमेश भारती, राजेन्द्र, राम प्रकाश, अर्जुन कुमार, पारख चंद्र, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# छात्र बनाएंगे समाचार, दी गई ट्रेनिंग

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** एलबीएस कॉलेज में समाचार लेखन विषय पर विद्यार्थियों का छह दिवसीय शिक्षण-प्रशिक्षण संपन्न हुआ। महाविद्यालय के ललिता शास्त्री सभागार में चल रहे एड-ऑन कोर्स के अंतर्गत हिंदी विभाग ने विद्यार्थियों को 30 घंटे में पत्रकारिता के हुनर सिखाए।

पाठ्यक्रम के समापन सत्र के अध्यक्ष प्राचार्य प्रो. रवीन्द्र कुमार ने कहा कि समाचार लेखन में भाषा का सजग और सतर्क व्यवहार किया जाता है। उन्होंने कहा एक पत्रकार को बहुत अध्ययनशील होना चाहिए। सूक्ष्म दृष्टि से श्रेष्ठ समाचार बनाने की समझ पैदा होती है। हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र नाथ मिश्र ने कहा खोजी पत्रकार समाचार सूंघ लेते हैं। कलम, कागज और कैमरे के सहारे पत्रकार तरह-तरह की घटनाओं और लोक संवेदना को जन-जन तक पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कोई कार्य असंभव नहीं है। पूरे मनोयोग से किया गया कार्य बेहतर परिणाम लाता है। कोर्स के सफल संचालन के लिए समन्वयक अच्युत शुक्ला को उन्होंने बधाई दी। विचार व्यक्त करते हुए प्रो. जयशंकर तिवारी ने कहा कि पत्रकारिता के जरिए संवैधानिक मूल्यों का विकास किया जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतिदिन सृजनात्मक लेखन के लिए प्रेरित किया। कोर्स के समन्वयक अच्युत शुक्ला ने पाठ्यचर्या में नियमित और तल्लीन होकर प्रशिक्षित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। कोर्स के संचालन में विद्यार्थियों को स्वल्पाहार आदि की व्यवस्था के लिए उन्होंने महाविद्यालय के प्राचार्य और विभागाध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया। श्री शुक्ल ने कोर्स के सभी सत्रों के सुंदर संचालन के लिए विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. मुक्ता टंडन को धन्यवाद दिया। समापन सत्र में विद्यार्थियों ने पाठ्यक्रम के सफल संचालन के लिए गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। प्रियांशी उपाध्याय, अंकित कुमार, प्रिया शुक्ला, हर्षिता सिंह, स्वाति सिंह, अभिषेक शुक्ला सहित अनेक विद्यार्थियों ने अपने विचारों को साझा किया। अंत में विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। पाठ्यक्रम का राष्ट्रगान से समापन हुआ।

# एसपी ने मतदान केंद्रों का लिया जायजा


मतदान केंद्र का निरीक्षण करते एसपी विनीत जायसवाल। अमृत विचार

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** एसपी विनीत जायसवाल ने कोतवाली देहात क्षेत्र अंतर्गत संवेदनशील मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारी ने संवेदनशील मतदान केंद्रों में पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की उपस्थिति का जायजा लिया। कहा लोस चुनाव पांचवें चरण 20 मई प्रस्तावित निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये पुलिस प्रशासन तैयार है। चुनाव में गड़बड़ करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर है। चुनाव के दौरान किसी प्रकार की अराजकता फैलाने वाले लोगों पर कड़ी कानूनी कार्यवाही की जायेगी। इस मौके पर देहात देवेंद्र श्रीवास्तव समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### संदिग्ध वाहनों की हुई चेकिंग

एसपी ने बुधवार को बैरियरों पर संदिग्ध वाहनों, व्यक्तियों की चेकिंग कर रही एफएसटी टीमों को चेक किया। कहा संदिग्ध वाहनों, व्यक्तियों की चेकिंग की जाए। अधिकारी ने बताया गया कि जिले में कुल 21 एफएसटी टीमों द्वारा चेकिंग की जा रही है। टीम चौराहों, तिराहों, कस्बों, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिगं कर रही है।

### 28533 को किया जा चुका है पाबंद

एसी ने बताया कि अब तक कुल 28,533 व्यक्तियों को पाबंद किया गया है। शस्त्र अधिनियम में 20 अदद अवैध शस्त्र व 25 अदद अवैध कारतूसों को बरामद किया गया। अब तक कुल 45 लाइसेंसी शस्त्रों को निरस्तीकरण की रिपोर्ट भेजी गई है। एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए 11 अभियोग में कुल 12 किलो 78 ग्राम अवैध गांजा, 1913 नशीली गोलियां व 50 ग्राम स्मैक पाउडर बरामद किया गया है। आबकारी अधिनियम में 1403 ली अवैध कच्ची शराब, 35 .64 ली देशी शराब व 72 .54 लीटर विदेशी मदिरा सहित 43 .5 लीटर बीयर बरामद किया गया है।

# आग से गृहस्थी समेत गन्ने व गेंहू की फसल राख


घटना के बाद मौके पर मौजूद प्रशासनिक अफसर। अमृत विचार


ग्राम पंचायत आंटा के भोंदू पुरवा में आग से जला आशियाना। अमृत विचार

**परसपुर, अमृत विचार:** ग्राम पंचायत डेहरास के चंदई पाण्डेय पुरवा के पास अज्ञात कारणों से आग लग गयी। अग्निकांड में एक व्यक्ति की गृहस्थी जलकर राख हो गयी। जबकि गन्ने और गेंहू की तीन एकड़ फसल भी स्वाहा हो गयी। घटना में करीब डेढ लाख की क्षति हुई है।

डेहरास के चंदईपुरवा के पास अज्ञात कारणों से आग लगी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप अख्तियार कर लिया। इसकी सूचना फायर कर्मियों को दी गयी लेकिन जब तक फायर कर्मी मौके पर पहुंचे तब तक आग एक किमी के दायरे में फैल गयी। बाद में मुख्यालय से तीन गाड़ियां और भेजी गयीं तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका। इस अग्निकांड में करीब तीन एकड गन्ने व गेंहू की फसल जलकर राख हो गयी। लेखपाल पवन तिवारी ने बताया कि इस घटना में बटाईदार जोखू यादव का 10 बीघा गन्ने की पेड़ी व 5 बीघा गन्ने की बीज, राजमणि पांडेय का आवासीय छप्पर, गृहस्थी का सामान सहित लगभग एक लाख रुपए तक का नुकसान व गोपीनाथ पांडेय का 5 बिस्वा गेहूं की फसल जल गयी। आग से हुए नुकसान का आंकलन कर क्षतिपूर्ति के लिए शासन को रिपोर्ट भेजी जा रही है। इस दौरान परसपुर बेलसर सीबीएन मार्ग एक घन्टे तक बंद रहा। मौके पर तहसीलदार मनीष कुमार, नायब तहसीलदार अल्पिता वर्मा व जयशंकर सिंह के साथ कानूनों लेखपाल सहित पुलिस बल के साथ करनैलगंज विधायक अजय सिंह के भाई मनमोहन सिंह, भूपेंद्र सिंह, अमरेंद्र सिंह, अभिषेक सिंह, केदार नाथ पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा।

### अगलगी में पांच घर जले

**परसपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत आंटा के भोंदू पुरवा में बुधवार सुबह लगभग 9 बजे के करीब विद्युत सार्टसर्किट से लगी आग से पांच घर जल कर राख हो गये। आग से पीड़ित फूलमती पत्नी सम्मय दीन ने बताया कि बुधवार की सुबह लगभग 9 बजे के करीब विद्युत सार्टसर्किट से लगी आग से सम्मय दीन, छोटकऊ, राम चंदर, बदलू, बदाले, बाबादीन का घर जल गया। गोल्डी मौर्या पुत्री छोटकऊ ने बताया कि आगामी जुलाई में उसकी शादी की तारीख रखनी थी जिसके लिये रखा सामान व नगदी भी जल गया। वही छोटकऊ मौर्या की एक बछिया भी आग की चपेट में आने से झुलस कर घायल हो गयी। घर अंदर रखा गृहस्थी का सामान गेंहू, चावल, सरसो, चारपाई, पंखा, साईकल सहित अन्य गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया।

# आग लगने से 12 बकरियों की मौत


विश्नोहरपुर में लगी आग बुझाते कुश्ती संघ के प्रदेश अध्यक्ष करण भूषण सिंह।

**नवाबगंज, अमृत विचार:** कैसरगंज से बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के पैतृक गांव विश्नोहरपुर में बुधवार को विद्युत शार्ट सर्किट से आग लग गयी। इस अग्निकांड में दो परिवारों की 12 बकरियों की जलकर मौत हो गयी। सांसद को बेटे व प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष करण भूषण सिंह व उनके सहयोगियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत यह रही कि आग पर समय रहते काबू पा लिया गया वरना बड़े पैमाने पर धन हानि हो सकती थी।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के विश्नोहरपुर गांव में ही कैसरगंज सांसद बृजभूषण ने सिंह का पैतृक आवास है। बगल में ही सांसद कैसरगंज का इंडोर स्टेडियम है। बुधवार की सुबह इंडोर स्टेडियम के बगल नसीरुद्दीन के मकान में अचानक आग लग गयी। आग की लपटों को देख गांव में हड़कंप मच गया। इसी बीच जिम से निकल रहे कुश्ती संघ के प्रदेश अध्यक्ष करण भूषण शरण सिंह ने आग को देता तो दौड़कर मौके पर पहुंचे और अपने सहयोगियों के साथ आग बुझाने में जुट गए। सांसद आवास के सारे पानी के मोटर आनन फानन में जनरेटर से चालू कर दिए गए। पावर हाउस पर सूचना देकर बिजली आपूर्ति बंद करायी गयी। लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस अग्निकांड में नसरुद्दीन व उनके पिता हदीस की 12 बकरियों की झुलसकर मौत हो गयी। करण भूषण शरण सिंह की सूचना पर पहुंचे लेखपाल राहुल ने बताया कि नसरुद्दीन और उनके पिता हदीस की बकरियां जल गई हैं। रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेजी जा रही है।

**प्रतिभा को सलाम** — श्री चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में मेधावी सम्मान समारोह का आयोजन, अफसरों ने मेधावियों का बढ़ाया हौसला, बताए सफलता के मूलमंत्र

# शील्ड, मेडल और प्रमाण पत्र पाकर खिल उठे मेधावियों के चेहरे



छात्रा अनुकृति श्रीवास्तव को सम्मानित करते तहसीलदार मनीष कुमार व सम्मान समारोह में मेधावी बच्चों के साथ मौजूद अफसर। अमृत विचार

**करनैलगंज, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाले मेधावियों को शील्ड, मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

बुधवार को नगर के श्री चित्रगुप्त इंटर कालेज में समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि रामजीलाल मोदनवाल, तहसीलदार मनीष कुमार, नायब तहसीलदार अलपिका वर्मा व प्रबंधक वीके श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कुल 63 मेधावियों को सम्मानित किया गया। इनमें हाईस्कूल के मेधावी रोली तिवारी, गौरवी सिंह, वैष्णवी सिंह, सौम्या, शुभी मिश्रा, नेहा त्रिपाठी, अंकिता पाल, अंश मोर्य, तनु सिंह, किरन सिंह, अक्षिता तिवारी समेत 32 मेधावियों को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं इंटरमीडिएट की अनुकीर्ति श्रीवास्तव जो प्रदेश में 8वीं व जिले में दूसरे स्थान पर रही, अलसिफ़ा नाज, कीर्ति सिंह, संजय गोस्वामी, रिदिमा सिंह, जाह्नवी मिश्रा, शबा अंसारी, अमीना नफीस, आफिया खातून, याकूब अहमद, शिखर मिश्र समेत 31 मेधावियों को सम्मानित किया गया। तहसीलदार मनीष कुमार ने कहा जिंदगी है तो जोखिम है, परीक्षा या जीवन में रिस्क के समय घबड़ाहट नही धैर्य की आवश्यकता है। इंटरनेट, सोशल साइट्स ज्ञान का सागर है किंतु मेधावियों को प्रयोग में सचेत रहने की आवश्यकता है। मेहनत और धैर्य ही कामयाबी दिलाएगी। असली संघर्ष की शुरुआत तो अब है। वहीं, नायब तहसीलदार अलपिका वर्मा ने कहा कि असली लड़ाई इंटर के बाद शुरू होती है। लक्ष्य साधकर सही दिशा में परिश्रम ही मंजिल तक पहुंचाएगा। कभी हताश निराश न हो। किसी भी मामले में प्रतिक्रिया देने से पहले परिस्थितियों को भांपे उसके बाद सोंच समझ कर कदम बढ़ाएं। रामजीलाल मोदनवाल ने मेधावियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन राजन मिश्र व चंद्रप्रकाश शुक्ल चंदा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य जीके श्रीवास्तव, काजल सिंह, रेनू गुप्ता, शिल्पी गुप्ता, मुशरत वारसी, प्रवेश मिश्र, उत्तम गुप्ता, भास्कर दूबे, अवधराज वर्मा, सुरेश चंद्र गुप्ता, रईस, अरुण श्रीवास्तव, अनिमेश सिंह व पवन देव सिंह आदि उपस्थित रहे।


पक्षियों के बर्तन में पानी डालने की अपील करते विशिष्टजन। अमृत विचार

### पक्षियों को पानी देने के लिए किया प्रेरित

**इटियाथोक, अमृत विचार :** इटियाथोक के विद्यालयों को नया सोच सेवा समिति परिवार के द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर, जनता इंटर कॉलेज व श्री राम तीरथ स्मारक महाविद्यालय में बर्तन का वितरण किया गया। साथ में अपील किया गया कि प्रतिदिन उस बर्तन में पानी अवश्य डाले। जिसका उद्देश्य हैं कि अब कोई पंछी प्यास से नही मरे। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक प्रवेश प्रताप शर्मा ने बताया कि संस्था यह अभियान पूरी गर्मी चालू रखेगी। साथ में अजय राठौर व समिति के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे। क्षेत्र के लोगों ने इस कार्य के लिए समिति की सराहना की।

## एक नजर

### बाइक की ठोकर से अधेड़ की गई जान

**उमरी बेगमगंज, अमृत विचार :** भैंस चराने गए 56 वर्षीय हरगोविंद सिंह निवासी सनौली मोहम्मदपुर बाइक सवार ने ठोकर मार दी जिससे वह बुरी तरह से चोटिल हो गए। इलाज के लिए लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मृतक के बेटे सुरजीत सिंह की तहरीर पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष संजीव वर्मा ने बताया केस दर्ज कर कार्रवाई होगी।

### किशोरी को अगवा करने का आरोपी गिरफ्तार

**मनकापुर, अमृत विचार :** किशोरी को अगवा करने के वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। कोतवाल संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि एक गांव की किशोरी को अगवा करने के मामले में किशोरी के पिता के तहरीर पर कोतवाली मनकापुर में जनपद शाहजहांपुर के थाना निगोही क्षेत्र के ग्राम कजरी नूरपुर निवासी वकील यादव के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। तभी से आरोपी फरार चल रहा था। जिसे वरिष्ठ उप निरीक्षक प्रबोध कुमार व हेड कांस्टेबल प्रभाकर चौधरी, कांस्टेबल अंजली किरन मौर्या ने बुधवार को झिलाही रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया है।

### रहस्यमय हालात में किशोरी लापता, रिपोर्ट

**धानेपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र की रहने वाली एक किशोरी रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई है। पिता की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है। धानेपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति के मुताबिक उसकी 16 साल की लड़की बगैर बताए कहीं चली गई है। बताया कि काफी खोजबीन किया लेकिन नहीं पता चला। जिस पर रिपोर्ट दर्ज कराई गयी।

# सपा-बसपा समेत छह उम्मीदवारों ने दाखिल किए नामांकन पत्र

## कांग्रेस के पूर्व इस्पात मंत्री स्व. बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री हैं सपा प्रत्याशी श्रेया वर्मा



डीएम कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल करतीं सपा प्रत्याशी श्रेया वर्मा। अमृत विचार



नामांकन पत्र दाखिल करते बसपा प्रत्याशी सौरभ। अमृत विचार



कैसरगंज सीट से निर्दलीय के तौर पर नामांकन पत्र जमा करतीं अरुणिमा पांडेय।

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** सपा व बसपा के प्रत्याशियों समेत कुल छह उम्मीदवारों ने गोंडा संसदीय सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। सपा प्रत्याशी के तौर पर श्रेया वर्मा व बसपा के टिकट पर सौरभ ने अपना नामांकन पत्र भरकर जमा किया। इसके अतिरिक्त कैसरगंज सीट से भी निर्दलीय प्रत्याशी अरुणिमा पांडेय समेत तीन प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र जमा किया।

सपा ने गोंडा संसदीय सीट से इस बार पूर्व केंद्रीय इस्पात मंत्री स्व. बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा को उम्मीदवार बनाया है। स्व. बेनी वर्मा 2009 में गोंडा सीट से सांसद रह चुके हैं। अब श्रेया भी अपने बाबा के नक्शे कदम पर गोंडा सीट से चुनाव मैदान में हैं। श्रेया का मुकाबला भाजपा के टिकट पर लगातार दो बार जीत दर्ज कर चुके सांसद कीर्तिवर्धन सिंह से है। बुधवार को श्रेया वर्मा ने अपने समर्थकों के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वह सपा जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन, पूर्व विधायक नंदिता शुक्ला, पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह व सदर विधानसभा से सपा प्रत्याशी रहे सूरज सिंह के साथ सुबह 11.45 बजे कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची और जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा के समक्ष दो सेटों में अपना नामांकन पत्र जमा किया। बहुजन समाज पार्टी से सौरभ ने अपना नामांकन पत्र भरा। सौरभ मोतीगंज के कुंदुरखी के रहने वाले हैं। बसपा ने उन्हे गोंडा सीट से अपना प्रत्याशी बनाया है। इसके अतिरिक्त राष्ट्र वादी पार्टी आफ इंडिया से विनीता कौशल निवासी-लक्ष्मनपुर तरबगंज, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से राघवेंद्र निवासी नवागांव देवरिया अलावल, ओमप्रकाश तिवारी निवासी किरतापुर रेहरा बाजार बलरामपुर ने लोकसभा गोण्डा से निर्दलीय व रामउजागर निवासी भरथापुर बलरामपुर ने लोकसभा गोण्डा से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर नामांकन दाखिल किया। कैसरगंज लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर लखनऊ निवासी अरुणिमा पाण्डेय ने अपना नामांकन पत्र जमा किया। नवी अहमद निवासी बहराइच ने लोकसभा कैसरगंज से निर्दलीय नामांकन किया। नरेन्द्र पाण्डेय निवासी इन्द्रानगर लखनऊ ने लोकसभा कैसरगंज से बीएसपी पार्टी से नामांकन किया।

### कई निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी खरीदे पर्चे

गोंडा लोकसभा सीट से नामांकन के लिए एक निर्दलीय प्रत्याशी ने नामांकन पत्र खरीदा। रिटर्निंग अफसर ने बताया कि सदर विधानसभा क्षेत्र के बिसवां दामोदर गांव के रहने वाले राजकुमार ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर एक सेट नामांकन पत्र खरीदा है। राम कृष्ण त्रिपाठी – निवासी– बहराइच ने स्वयं लोकसभा कैसरगंज से निर्दलीय एक सेट फार्म लिया। मदन गोपाल निवासी– बाराबंकी ने निर्दलीय लोकसभा कैसरगंज से दो सेट फार्म लिया। धर्मेंद्र कुमार मिश्रा निवासी किरतापुर रेहरा बाजार उतरौला बलरामपुर ने स्वयं निर्दलीय लोकसभा गोण्डा से एक सेट फार्म लिया।

# दूल्हा 68, जबकि दुल्हन 18 वर्ष की

संवाददाता, उमरीबेगमगंज



**अमृत विचारः** उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र के ऐली परसौली गांव में एक अजीबोगरीब शादी का मामला सामने आया है। यहां एक 68 वर्षीय बुजुर्ग ने 18 साल की युवती से शादी रचाकर सबको हैरान कर दिया है। युवती 6 माह की गर्भवती भी बताई जा रही है। इस शादी को लेकर लोग तरह तरह की चर्चा कर रहे हैं।

दरअसल उमरीबेगमगंज थाना क्षेत्र के ऐली परसौली गांव के रहने वाले गंगा यादव का भतीजा ननकू पुत्र शोभाराम एक साल पहले एक क्षेत्र की युवती माया (उम्र 18,काल्पनिक नाम) को अपने साथ ले आया था। लेकिन, पहले से ही शादीशुदा होने के नाते उसके परिवार के लोगों ने इसका विरोध कर दिया। घर में विरोध के चलते ननकू ने माया को अपने चाचा गंगा के घर छोड़ दिया। करीब तीन माह पहले गंगा की पत्नी का स्वर्गवास हो गया। गंगा की कोई औलाद भी नहीं थी। इसी बीच गंगा को पता चला कि माया करीब 6 माह की गर्भवती है तो वे परेशान हो गए। किसी जंजाल में फंसने के डर और गांव वालों के दबाव बनाने पर गंगा ने माया से शादी रचा ली।

इस बेमेल जोड़ी को लेकर क्षेत्र में चर्चा का बाजार गर्म है। कुछ लोग तो ऐसे विवाह को गंगा की जमीन हड़पने के लिए साजिश बता रहे हैं। वहीं, गंगा के भाई रामकिशन यादव का कहना है की लड़की ने जमीन जायदाद हड़पने के लिए दबाव बनाकर यह शादी की है। इसमें गांव के भी कुछ लोग मिले हुए हैं।

## ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार घायल, केस दर्ज

**परसपुर, अमृत विचारः** थाना तरबगंज क्षेत्र के ग्राम दुर्गापुर निवासी राम कुमार पुत्र राम उजागर ने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि उनका भतीजा राहुल मंगलवार को शाम पांच बजे अपनी मोटर साईकिल से करनैलगज से वापस अपने घर जा रहा था मोटर साईकिल के पीछे अरबिन्द पुत्र सरवन ग्राम रकबा पसका थाना परसपुर भी बैठे थे। भतीजा मोटर साईकिल लेकर आंटा के आस पास पहुचे कि अज्ञात टैक्टर का चालक तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक चलाकर भतीजे के मोटर साईकिल मे जोरदार टक्कर मार दिया जिससे दोनों लोग गिर कर घायल हो गये।



ब्लॉक संसाधन केंद्र के बाहर बीईओ के साथ मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

### शिक्षक समस्याओं के निस्तारण पर बीईओ का सम्मान

**मनकापुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ मनकापुर के पदाधिकारियों ने मण्डल अध्यक्ष व अध्यक्ष मनकापुर के नेतृत्व में बुधवार को बीईओ मनकापुर ध्रुव चंद्र जायसवाल से मुलाकात की और शिक्षकों की समस्याओं का तत्काल निराकरण करने के लिए बीआरसी को स्वच्छ और कार्यालय को बेहतरीन बनाने के लिए तथा परिवार के मुखिया के रूप में पूर्ण सहयोग प्रदान करने के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मण्डल उपाध्यक्ष राधे श्याम गुप्ता, मण्डल संयुक्त मंत्री राम बदल मिश्रा, रुद्र प्रताप सिंह, ब्लॉक वरिष्ठ उपाध्यक्ष लोकेश कुमार, ब्लॉक मंत्री वीरेंद्र कुमार तिवारी, ब्लॉक महिला उपाध्यक्ष रिचा मिश्रा, आराधना चौधरी, स्नेह लता उपाध्याय, ब्लॉक संयुक्त मंत्री कृष्ण कुमार वर्मा, प्रवीण कुमार, अशोक कुमार यादव, चन्द्र प्रकाश वर्मा ब्लॉक आडिटर प्रवीण कुमार, गोवर्धन सिंह, पूनम गुप्ता आदि मौजूद रहीं।

# डीएम ने श्रमिकों से किया मतदाता जागरूकता संवाद

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचारः** जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अनूठी पहल पर जिला पंचायत सभागार में विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर जनपद के श्रमिकों के साथ मतदाता जागरूकता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया है कि मतदान के लिए हम सभी श्रमिक सभी मतदाताओं को मतदान के दिन शतप्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक करेंगे। मतदाताओं को मतदान करने के संबंध में विभिन्न प्रकार के माध्यम से हम लोग एक साथ मिलकर जागरूक करेंगे। कार्यक्रम के दौरान श्रमिक ने मतदाता जागरूकता के संबंध में अपने अपने विचार प्रतुत किये। जनपद के सभी श्रमिक ने एक साथ मेरा गोण्डा मेरी शान का नारा लगाते हुए कहा कि अबकी बार सभी लोग जनपद में शतप्रतिशत मतदान करने लिए लोगों को जागरूक करने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे जनपद के सभी श्रमिक शतप्रतिशत मतदान के लिए प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम के दौरान श्रमिक संगठन के पदाधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी की अनूठी पहल को हम सभी लोग पूरे जनपद में जनजन तक जरूर पहचायेंगे कि आगामी 20 मई, 2024 को अधिक से अधिक संख्या में निकल कर अपने मताधिकार का शतप्रतिशत प्रयोग करें, और अपने घर के आसपास के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें, और 20 मई को शतप्रतिशत मतदान करके अपने जनपद का नाम सर्वाधिक मतदान प्रतिशत में अंकित कराकर जिले का नाम रोशन कराने का भागीदार अवश्य बने। कार्यक्रम में महेश प्रकाश, नेहा मिश्रा, चंद्रशेखर अनुभव वर्मा, राकेश कुमार, मोहम्मद अब्बास, योगेश दीक्षित, संदीप सिंह, रघुनाथ पाण्डेय तथा सभी मजदूर पदाधिकारीगण सहित कई लोग मौजूद रहे।



नवाबगंज में श्रमिकों को जागरूक करते अफसर। अमृत विचार

### श्रमिकों को मतदान के लिए किया जागरूक

**नवाबगंज, अमृत विचार :** लोकतंत्र के महापर्व पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मजदूर दिवस पर बुधवार को कस्बे के गांधी चौक पर मजदूरों के बीच पहुंचकर दैनिक मजदूरों को श्रम प्रवर्तन विभाग के अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप ने जागरूक करते हुए कहा कि आने वाले 20 मई को लोकतंत्र के महापर्व पर ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें और मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि आप लोग निष्पक्ष होकर मतदान करें और अगर कोई व्यक्ति मतदान करने से रोकता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान मजदूरों की दैनिक मजदूरी पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आप लोगों को दैनिक मजदूरी के भुगतान में आने वाले समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। सभी मजदूरों को श्रम प्रवर्तन विभाग द्वारा मोबाईल नम्बर साझा किया गया। समस्त दैनिक मजदूरी करने वाले मजदूरों ने आने वाले 20 मई को लोकतंत्र के महापर्व में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए सहमति जताई। इस मौके पर उपस्थित अखिल भारतीय उधोग व्यापार मंडल उपाध्यक्ष सरदार जिंदल सिंह आदि मौजूद रहे।

# गली और मोहल्लों में मेरा गोण्डा मेरी शान गीत की मची रही धूम

## स्वच्छता वाहनों से गांव-गांव पहुंचा मतदाता जागरूकता गीत

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** लोकसभा निर्वाचन में मतदाता प्रतिशत बढ़ाने के लिए तैयार किया गया जागरूकता गीत मेरा गोण्डा मेरी शान खूब धूम मचा रहा है। यह जागरूकता गीत जनपद में संचालित सभी स्वच्छता वाहनों, ई-रिक्शा समेत अन्य माध्यमों से गांव-गांव तक पहुंच रहा है। उधर, सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी इस गीत का अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा की पहल पर तैयार किए गए इस गीत के माध्यम से जनपदवासियों को आगामी 20 मई को होने वाले मतदाता के लिए प्रेरित किया गया है। इसकी गीत को लोकगायक शेनदत्त सिंह ने अपनी आवाज दी है। गीत कबीर का और संगीत प्रकाश सोनी का है।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा कि "यह गीत प्रत्येक मतदाता को समर्पित है, जो अपने राष्ट्रीय कर्तव्य पर ध्यान देता है और सभी बाधाओं को पार करते हुए अपना वोट डालता है। यह गीत नए मतदाताओं को प्रेरित करता है, भविष्य के मतदाताओं और युवा मतदाताओं को प्रोत्साहित करता है, सौ वर्ष की आयु के मतदाताओं, सैनिक मतदाताओं, पीडब्ल्यूडी मतदाताओं की आकांक्षाओं को दर्शाता है मतदाताओं को इस गीत के माध्यम से प्रेरित करने का प्रयास किया गया है। डीएम ने बताया कि मतदाता जागरूकता हेतु जनपद में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार एक मई से जनपद में ग्राम पंचायतों में ई-रिक्शा के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है।

# सुझावः मत्स्य पालक किसान मछली पालन की करें तैयारी

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचारः** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि कुमारगंज, अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. मिथिलेश कुमार पांडेय ने मत्स्य पालकों को मई में मत्स्य पालन की तैयारी के सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि मछली पालकों के लिए मई नया तालाब शुरू करने और पुराने तालाबों की साफ-सफाई करने का सही समय होता है। ऐसे में कुछ बातों का ध्यान रखकर मछली पालन में नुकसान से बच सकते हैं। मछली पालन के लिए सही जगह का चुनाव करना चाहिए,साथ ही पुराने तालाबों की मरम्मत करनी चाहिए और नये तालाबों का निर्माण शुरू कर देना चाहिए। मत्स्य बीज उत्पादक ग्रास कार्प की ब्रीडिंग हैचरी में शुरू कर दें। तालाब में जलीय कीटों, खरपतवार व अतिरिक्त मछलियों की सफाई थोड़े-थोड़े समय में करते रहना चाहिए।

मत्स्य विशेषज्ञ डॉ. ज्ञानदीप गुप्ता ने बताया तालाब में मछलियों के बीज डालने से पहले 200-250 किलो प्रति हेक्टेयर की दर से बुझे हुए चूने का प्रयोग करें। प्लैंकटान नेट से नर्सरी, तालाब, ग्रोआउट तालाब और प्रजनक तालाब के पानी में प्राकृतिक भोजन की उपलब्धता की जांच करनी चाहिए और साथ ही जैविक और रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार करना चाहिए।

# सीडीपीओ ने मतदान के लिए किया प्रेरित

## ग्राम पंचायत सिंगरिया में निर्वाचक मतदाता के तहत हुआ जागरूकता कार्यक्रम

संवाददाता, परसपुर

**अमृत विचारः** विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिंगरिया में बुधवार को सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक मतदाता के अंर्तगत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

नोडल अधिकारी प्रभारी सीडीपीओ साधना साहू ने उपस्थित जनों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि आगामी 20 मई को जनपद में होने वाले सामान्य लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए लोकतंत्र का पर्व मनाना है। 20 मई को वोट देने जाना है। आओ मिलकर लोकतंत्र का बढ़ाएं मान,20 मई को करें शत प्रतिशत मतदान आदि स्लोगन के साथ शत प्रतिशत मतदान अवश्य करने व आस पास के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने की अपील की। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि आप अपने मत की कीमत समझिये आपके मत से सरकार का निर्माण होता है। उन्होंने उपस्थित लोगों को लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखते हुए देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाये रखने तथा स्वतंत्र,निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सरोज सिंह, जागृति सिंह, सरिता सिंह, सावित्री सिंह, शोभा सिंह, माधुरी सिंह, प्रतिभा सिंह, अंजली, साबरुन्निशा, जमीला आदि रहीं।

### मनरेगा श्रमिकों को मतदान के लिए किया जागरूक

**मसकनवा, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर स्वीप चौपाल कार्यक्रम के तहत लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के उपलक्ष्य मे मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। ब्लाक मुख्यालय सभागार में बीडीओ ओम प्रकाश यादव ने मनरेगा श्रमिकों, ग्राम पंचायत कर्मचारी, ग्राम रोजगार सेवक,ग्राम सचिव को निर्वाचन में मतदान के लिए जागरूक किया गया। अध्यक्ष खण्ड विकास अधिकारी ओमप्रकाश सिंह यादव ने मतदान के लिए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया। उन्होंने प्रचार प्रसार के लिए प्रेरित किया। लोगों को शपथ दिलाया गया। ए पी ओ शिवेन्द्र त्रिपाठी ने सभी श्रमिकों को श्रमिक दिवस पर मतदान के लिए उत्साहित करते हुए अधिक से अधिक संख्या में वोट दिलाने के लिए प्रेरित किया। बी डी ओ ओम प्रकाश यादव, ए डी ओ पंचायत हरि ओमपाल, संजय जायसवाल, रवि जायसवाल, दिनेश प्रजापति, अमित मिश्रा, शैलेंद्र शाह, राम मोहन वर्मा, उपेन्द्र पाण्डेय, कौशल, उमेश भारती, राजेन्द्र, राम प्रकाश, अर्जुन कुमार, पारख चंद्र, राकेश कुमार सहित सैंकड़ो लोग मौजूद रहे।

# बैरिकेडिंग पर पुलिस से भिड़े ग्रामीण

## अयोध्या में वीआईपी दौरे से रोजाना दिन में बंद रहता है रास्ता

**नवाबगंज, अमृत विचारः** अयोध्या में आए दिन होने लाले वीआईपी दौरे ने नवाबगंज इलाके के आसपास के गांवों के लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बुधवार को बैरिकेडिंग लगाए जाने से नाराज ग्रामीण पुलिस से भिड़ गए। दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक हुई। हालांकि बाद में नवाबगंज थाना प्रभारी ने हस्तक्षेप करते हुए आधार कार्ड देखर ग्रामीणों को बैरिकेडिंग से आने जाने की अनुमति दी।

पावन नगरी अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण हो जाने से दिनों दिन श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है, तो वहीं दूसरी तरफ आये दिन कोई न कोई बड़े नेता मंत्री का अयोध्या धाम में दर्शन पूजन करने का आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कटरा शिवदयाल गंज तिराहे पर बैरिकेडिंग कर दिया जाता है। जिससे कटरा शिवदयाल गंज से सटे कटरा भोगचंद, खजुरिया टेढिया पुल, महेशपुर, वजीराबाद, दुर्गागंज मांझा के लोगों को घर जाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अन्य जिलों से आए पुलिस कर्मियों को कटरा शिवदयाल तिराहे पर और गांव जाने वाले मार्ग पर तैनात कर दिया जाता है। जिससे ग्रामीणों को दवा इलाज कराने और बच्चों को विद्यालय लेकर आने जाने में अभिभावकों को काफी परेशानियों से होकर गुजरना पड़ता है। बुधवार को अयोध्या में महामहिम राष्टपति द्रौपदी मुर्मू के दौरे को लेकर कटरा शिवदयालगंज तिराहे पर बैरिकेडिंग की गयी थी। गांव के लोग जब इस बैरिकेडिंग से गुजरने लगे तो पुलिस ने उन्हे रोक दिया। इस पर दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक हुई। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ महीनों पहले बालापुर गांव में एडीजी जोन गोरखपुर द्वारा सरस्वती विधा मंदिर बालापुर के प्रांगण में गांव चौपाल का आयोजन किया गया था। उस समय चौपाल में ग्राम प्रधान राधेश्याम यादव, विष्णु कुमार गौतम,महादेव सागर , समेत ग्रामवासियों द्वारा उठाया गया था।

# कोचिंग संचालक पर 15 हजार जुर्माना

## सार्वजनिक संपत्ति को गंदा करने वाले पर डीएम के आदेश पर हुई कार्रवाई

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचारः** जिले में सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाना या उसे गंदा करना अब महंगा पड़ेगा। ऐसा करने वालों को भारी जुर्माना भी भरना पड़ सकता है। नपा परिषद द्वारा ऐसी ही एक कार्रवाई बुधवार को की गई। नपा ने एक कोचिंग संचालक पर 15 हजार जुर्माना लगाया है। कोचिंग संचालक सार्वजिक सम्पत्ति को गंदा कर रहा था। डीएम के आदेश पर इस प्रकार के प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई के लिए क्विक रेस्पॉंस टीम का गठन कर दिया गया है।

गोण्डा के कृष्ण क्लासेज के नाम से संचालित एक कोचिंग सेंटर के संचालक ने अपने प्रचार-प्रसार के




सार्वजनिक दीवार पर चस्पा पोस्टर।

लिए सार्वजनिक दीवरों पर पोस्टर चिपका दिए थे। यह वही सार्वजनिक स्थल हैं जिनका बीते दिनों जिला प्रशासन और नगर पालिका परिषद के प्रयासों से सौंदर्यीकरण किया गया है। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गोण्डा संजय मिश्र ने बताया कि प्रकरण के सामने आने के बाद तत्काल कार्यवाही की गई है। संचालक पर 15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

उन्होंने कहा कि उनकी टीम लगातार नजर बनाए हुए हैं। ऐसी किसी भी गतिविधि पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने अपील की है कि नगर पालिका के नियमों का पालन करें और सार्वजनिक संपत्ति का विरूपण न करें। उन्होंने साफ किया है कि सार्वजनिक संपत्ति के विरूपण के खिलाफ कड़े कदम उठाने का उद्देश्य गोण्डा नगर के सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई, सुरक्षा और विकास को सुनिश्चित करना है।

## सार-संक्षेप

### हनुमान जी की लीलाओं का वर्णन सुनकर श्रोता भावविभोर



**खरगूपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के असिधा गाँव में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में मंगलवार को हनुमान जी की लीलाओं का सजीव वर्णन सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए। कथा वाचक पंडित राम केवल पाण्डेय शास्त्री ने हनुमान जी के चरित्र का वर्णन किया। उन्होंने कहा की हनुमान जी निष्काम भक्त हैं और उन्हें वीर शिरोमणि के साथ भक्त शिरोमणि की भी उपाधि दी गई है।श्री हनुमान जी ने न केवल राम रावण युद्ध में अतुलनीय भूमिका का निर्वहन किया है।महाभारत के धर्म–अधर्म युद्ध में पांडवों का साथ देकर धर्म की विजय कराई है। हमें हनुमान जी से निस्स्वार्थ सेवा की सीख लेनी चाहिए। कथा के दौरान राम राखन तिवारी, पंकज तिवारी , सुधीश पाण्डेय, राजेश तिवारी, विमल, राजकुमार मिश्रा सहित भारी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे।

### पोल टूटा, 72 घंटे से बिजली गुल

**करनैलगंज, अमृत विचार :** करनैलगंज–परसपुर मार्ग पर अमन कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर के सामने स्थित 11 हजार की विद्युत लाइन का पोल सोमवार को मौरंग लदे डंपर की टक्कर से टूट गया। पोल टूटने से लाइन क्षतिग्रस्त हो गई।भीषण गर्मी में हाई टेंशन लाइन का विद्युत पोल टूटने से तीन मजरों की दो हजार आबादी प्रभावित है। लोगों नें शीघ्र आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है। करनैलगंज–परसपुर मार्ग पर अमन कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर के सामने स्थित 11 हजार की विद्युत लाइन का पोल सोमवार को मौरंग लदे डंपर की टक्कर से टूट गया। पोल टूटने से लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इससे नगर क्षेत्र के कंजर पुरवा, रविदास नगर व गोसाईं पुरवा की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। तीन दिन बीतने के बाद भी अब तक पोल व लाइन की मरम्मत करा आपूर्ति बहाल नहीं की जा सकी है। इससे दो हजार से अधिक की आबादी प्रभावित है। क्षेत्र के संतोष गुप्ता, शिवा जी शर्मा, झब्बर गुप्ता, मोनई, मोहम्मद आरिफ, झब्बर, जहीर व बब्बन चौरसिया ने बताया कि 1912 सहित उपकेंद्र के कर्मचारियों व अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन पोल सही करा व लाइन की मरम्मत करा आपूर्ति बहाल नहीं की जा सकी है। उपखंड अधिकारी नरसिंह नारायण भारतीय ने बताया कि मामला संज्ञान में है, पोल मंगवाया गया है जल्द ही लाइन की मरम्मत करा आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

### घर में घुसकर महिला को पीटा

**धानेपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरईपारा के मजरा रामनगर की रहने वाली विनीत तिवारी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव के रहने वाले दबंगों ने मंगलवार को पुरानी रंजिश को लेकर दोपहर में उसके घर पर आकर अपशब्द कहते हुए उसके साथ मारने पीटने लगे। पीड़ित महिला ने बताया कि उसका पति सामन लाने बाजार गया हुआ था। वही दबंगों ने घर में अकेली पाकर ईंटा पत्थर से फेंक कर उसको घायल कर दिया। पीड़ित महिला ने बताया कि वह लगातार दो दिनों से थाने का चक्कर काट रही है। लेकिन पुलिस अभी तक दबंगो के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। महिला ने बताया कि दबंगों ने उसके घर में घुसकर और अपशब्द कहते हुए उसकी पिटाई की और जान से मारने की धमकी देते हुए दबंग चले गए। महिला ने इसकी शिकायत थाने पर की महिला के मुताबिक वह लगातार दो दिनों से थाने का चक्कर काट रही है, लेकिन पुलिस उसकी कोई सुनवाई नहीं कर रही है। न ही कोई कार्रवाई कर रही है। प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ला ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच–पड़ताल के लिए पुलिस भेजा गया है।

## एक नजर

### आज न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे अधिवक्ता

**बलरामपुर, अमृत विचार।** नवीन दीवानी परिसर में कई मांगो को लेकर अधिवक्ता 2 मई को न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए अपना विरोध दर्ज कराएंगे। यह जानकारी जिला एसोसिशन के अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ने दी है।

### अधिवक्ता समागम और विचार गोष्ठी आज

**बलरामपुर, अमृत विचार।** सदर तहसील के अधिवक्ता भवन में विचार गोष्ठी और अधिवक्ता समागम का आयोजन 02 मई को किया गया है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी कुलदीप सिंह ने बताया कि जनपद के सभी अधिवक्ता कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्य वक्ता के रूप में अवध बार एसोसिएशन लखनऊ के वरिष्ठ अधिवक्ताओं को भी आमंत्रित किया गया है।

### गैंसड़ी में ग्लोबल हॉस्पिटल किया गया सील

**बलरामपुर।** बुधवार को जिला अधिकारी बलरामपुर के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी के नेतृत्व मे ग्लोबल हॉस्पिटल गैंसड़ी को सील कर दिया गया। सील करते समय अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव, उप निरीक्षक श्रवण कुमार वर्मा, डीएमओ राजेश पाण्डेय, वरिष्ठ सहायक राजेश कुमार हंस, डॉ जहांगीर आलम, अरविंद मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### ई-रिक्शा चालकों का हुआ नेत्र परीक्षण

**बलरामपुर।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अभियान के तहत एसपी के निर्देशन में यातायात कार्यालय पर निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अभियान के तहत निशुल्क नेत्र परीक्षण का शिविर आयोजन किया गया जिसमें जिला मेमोरियल चिकित्सालय के नेत्र चिकित्सक त्रिलोकी प्रसाद तथा आर आई परिवहन प्रदीप कुमार व प्रभारी यातायात उमेश यादव के मौजूदगी में ई-रिक्शा व टैक्सी चालकों का नेत्र परीक्षण कराया गया।

### सीएमओ ने पोषण अभियान का लिया जायजा

**बलरामपुर, अमृत विचार।** बुधवार को सीएमओ डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने विकास खण्ड बलरामपुर, श्रीदत्तगंज तथा उतरौला के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर कटिया, कपौआ शेरपुर तथा तेंदुआ तकिया में आयोजित ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवम् पोषण दिवस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय सभी एएनएम टीकाकरण करते हुए उपस्थित रहीं। तेंदुआ तकिया की सीएचओ उम्मे आतिया अनुपस्थित थी। इस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला डॉ चंद्र प्रकाश को निर्देशित किया की अनुपस्थित सीएचओ उम्मे आतिया से स्पष्टीकरण प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई करें। सीएमओ ने समस्त एएनएम को निर्देश दिया कि अभी बच्चों व गर्भवती महिलाओं को सभी स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान किया जाए। टीकाकरण से कोई भी लाभार्थी वंचित न रहे। निरीक्षण के समय इरमिला जैसवाल, आशा सरोज मौर्या, श्रुतिकीर्ति आदि उपस्थित रहे।

### बॉर्डर के गांव में पुलिस व जवान कर रहे गश्त

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने चुनाव की तैयारियों, सुरक्षा प्रबंधन को लेकर समस्त समस्त चौकी/बीट प्रभारियों की समीक्षा बैठक की। इस दौरान सभी चौकी/बीट कर्मचारियों से चुनाव सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने, मतदान केन्द्रों, शराब बरामदगी, शस्त्र बरामदगी, निरोधात्मक कार्यवाही, जमीनी विवाद में कार्यवाही, शस्त्र धारकों का सत्यापन कर शस्त्रों को जमा करवाने, फोर्स के ठहरने की हेतु चिन्हित विद्यालयों की व्यवस्था, मतदान केन्द्र तक पहुँचने वाले मार्गों, बॉर्डर एरिया के मतदान केन्द्रों बारे में जानकारी, इण्डोनेपाल बॉर्डर में बैरियर, सीसीटीवी कैमरा आदि के बारे में जानकारी ली।

# तीसरे दिन भाजपा व सपा प्रत्याशियों ने किया नामांकन

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच भरे गए पर्चे

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** श्रावस्ती लोकसभा और गैंसड़ी विधानसभा चुनाव के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। नामांकन के तीसरे दिन भारतीय जनता पार्टी से साकेत मिश्र पुत्र नृपेन्द्र मिश्र प्रस्तावक प्रदीप सिंह द्वारा 02 सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया है।

बुधवार को चार लोगों ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अपर जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष से नामांकन पत्र लिया है। तीन दिनों में 20 लोगों ने नामांकन पत्र लिया है। गैसड़ी विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी शैलेश कुमार सिंह शैलू और समाजवादी पार्टी प्रत्याशी राकेश यादव ने अपना नामांकन दाखिल किया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह के उपस्थिति में श्रावस्ती लोकसभा सीट के लिए प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र लिया। मो० अशरफ- बहुजन समाज पार्टी, कृष्ण कुमार- भारतीय लोकमत राष्ट्रवादी पार्टी, बालमुकुंद- निर्दलीय, रामगोपाल वर्मा- निर्दलीय के नाम से नामांकन पत्र लिया गया। नामांकन के तीसरे दिन तक कुल 2 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। गैसड़ी विधानसभा उपचुनाव के लिए अब तक 10लोगो ने नामांकन पत्र की खरीद की है। नामांकन के तीसरे दिन अब दो उम्मीदवारो ने नामांकन पत्र दाखिल किया है।



गैसड़ी विधानसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल करते भाजपा प्रत्याशी शैलेश सिंह शैलू।



नामांकन पत्र दाखिल करते भाजपा लोकसभा प्रत्याशी सकेत मिश्रा। अमृत विचार

कलेक्ट्रेट के गेट नंबर 2 से नामांकन कक्ष तक बेरीकेडिंग की गई है। गेट पर पुलिस द्वारा सघन तलाशी के बाद ही प्रत्याशी व उनके प्रस्तावक को प्रवेश दिया जा रहा है। तीसरे दिन भी नामांकन प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। माना जा रहा हैं श्रावस्ती लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी साकेत मिश्र व गैसड़ी विधानसभा उपचुनाव में बीजेपी प्रत्याशी शैलेश सिंह शैलू दूसरे सेट का नामांकन 6 मई को करेंगे। वही श्रावस्ती लोकसभा से सपा प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा के दूसरे सेट का नामांकन 5 मई को दाखिल करने की चर्चा है।

बलरामपुर में आज गैसड़ी विधानसभा उपचुनाव में सपा प्रत्याशी राकेश यादव ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके पहले पहलवारा स्थित आवास पर राकेश यादव ने पूजा अर्चना की। उसके बाद उनका रोड शो निकला। इस दौरान राकेश यादव का जगह-जगह स्वागत किया गया। सपा प्रत्याशी राकेश यादव का काफिला कलेक्ट्रेट पहुंचा जहां इन्होंने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद राकेश यादव ने अपनी प्रथिमिकताएं गिनाई। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में स्वास्थ्य और शिक्षा में बेहतर सुधार के प्रयास किए जाएंगे। गैसड़ी विधानसभा क्षेत्र में विकास के अधूरे कार्यों को पूरा किया जाएगा। जातिवाद की राजनीति से ऊपर उठकर क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किए जायेंगे। युवाओं को रोजगार से जोड़ा जाएगा। इस दौरान श्रावस्ती लोकसभा से सपा प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा, सपा जिलाध्यक्ष माणिकलाल कश्यप, राम सागर अकेला, मसूद खां, सफीउल्लाह, परशुराम वर्मा, इकबाल जावेद, विशाल श्रीवास्तव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



नामांकन दाखिल करते गैंसड़ी विधानसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी राकेश यादव।

# दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की सजा

**बलरामपुर, अमृत विचार।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम राजेश भारद्वाज ने दुराचार का दोषी करार देते हुए एक व्यक्ति को 10 वर्ष के कैद की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने दोषी को 25 हजार रुपए अर्थ दण्ड भी अदा करने का आदेश दिया है। अपर शासकीय अधिवक्ता फौजदारी नवीन कुमार तिवारी ने बताया कि थाना तुलसीपुर में एक व्यक्ति ने मुकदमा लिखाने का प्रार्थना पत्र दिया था।

आरोप लगाया था कि 03 मई 2017 को घर में मजदूरी करने वाले एक व्यक्ति ने मेरी पत्नी को अकेला पाकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया। पुलिस ने मुकदमा लिखकर जांच शुरू की। जांच अधिकारी ने मनकौरा निवासी ननके कहार को दुराचार करने का आरोपी मानते हुए आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। सरकारी अधिवक्ता ने 6 गवाहों को न्यायालय में पेश किया। दोनो पक्षों की दलीलों को सुनने और पत्रावली का अवलोकन करने के बाद एडीजे प्रथम ने ननके को दुराचार का दोषी करार देते हुए 10 वर्ष की सज़ा सुनाई। अर्थ दण्ड न करने पर दोषी 15 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

# सड़क, बिजली व पानी को लेकर करेंगे चुनाव बहिष्कार

▸▸ **ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर वोट न डालने की दी चेतावनी**

**बलरामपुर, अमृत विचार।** बिजली, पानी व सड़क समेत अस्पताल सरीखी मूलभूत सुविधाएं अभी भी आम आदमी को मुहैया नहीं हो सकी हैं। सदर तहसील के कई गांव में अभी भी तमाम लोग इन सुविधाओं से महरूम हैं। जबकि इनकी फरियाद न तो जिम्मेदार अफसरों ने सुनी और न ही जन प्रतिनिधियों ने। हर तरफ से मायूसी हाथ लगने पर ग्राम भदवार और बरहवा के लोगों ने लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का निर्णय लिया है।

सदर तहसील का ग्रामसभा भदवार और बरहवा आज भी विकास की बांट जोह रहा है। स्थानीय निवासी सद्दाम पासवान ने कहा कि सड़क , बिजली, पानी, अस्पताल की कमी है। कोई लाभ नहीं मिला। कभी भी कोई अधिकारी, नेता नहीं आये। न ही किसी ने यहां की समस्याओं को जानने का प्रयास किया है इसलिए इस बार यहां के लोगो ने वोट नहीं देने का मन बनाया है। ग्रामीण राजेश कुमार ने बताया कि पिछली बार भी मतदान का बहिष्कार किया गया था लेकिन अधिकारियों ने आकर हमारी समस्याओं को निस्तारण करने का आश्वासन दिया। सड़क,बिजली जैसे तमाम समस्याओं का निराकरण कराने के कोरे दावों के साथ चले गए फिर कभी नही आये और न ही यहां की समस्याओं का ध्यान दिया।

एक ग्रामीण ने कहा कि सड़क न होने से बच्चे अच्छे स्कूलों तक नही पहुँच पाते, अस्पताल पहुँचने में देरी से मरीज की जान चली जाती है। जंगल के करीब गांव के होने से जंगली जानवरों का खतरा है। लेकिन प्रशासन व नेताओ ने कभी इस गांव की सुध नहीं ली। जिससे यहां के ग्रामीणों ने मतदान न करने का निर्णय किया है।

सिद्धार्थ सरोज ने कहा कि हम लोग परेशान हो गए है। अब लोकसभा चुनाव 2024 का बहिष्कार कर अपने मताधिकार का प्रयोग का न करने ठोस फैसला लिया गया है।

# आग की दो घटनाओं में 63 झोपड़ियां जलीं

**बलरामपुर।** हरैया क्षेत्र के बरहवा गांव में मंगलवार देर रात करीब 11:00 बजे सहदेव के घर में अज्ञात कारणों से लगी आग में रामगोपाल, उद्धव, प्रसाद, रामखेलावन, चतुर्भुजी, राम फेरन ,सुकई, तीरथराम, पारस राममनोहर, राम फकीरे, पंचम, उदय प्रसाद, दुर्गा प्रसाद, नंदराम, त्रिभुवन, दशरथ, चेतराम, चिनगुद, ज्ञानमती, धनीराम, अवध बिहारी, राजू, जोधा, धर्मेंद्र, राम पलटन, नरेंद्र कुमार सहित 33 लोगो को झोपड़ी जलकर राख हो गई। जिसमें चेतराम का 8 हजार रुपए नगद तथा राजू की एक साइकिल जल गई। वही दूसरी घटना हरैया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लौकीकला के मजरे इमलिहवा की है जहां दोपहर करीब 3:00 बजे राजेश कुमार के झोपड़ी में अज्ञात कारणों से आग लग गई। तेज हवा के कारण आग ने फूलचंद, राजू, भूरे, रामदुलारे, अवधेश कुमार प्रेम कुमार, कमलेश कुमार, झलारे, रामफेरे, राधेश्याम, घनश्याम, महेश कुमार, रक्षाराम, मंगरे, गुल्ले, जिलेदार सहित 30 लोगो को झोपड़ी को अपने चपेट में ले लिया।

# राजनीतिक विज्ञापन का प्रचार अनुमति के बिना नहीं

▸▸ **व्यय प्रेक्षक ने मीडिया मॉनिटरिंग सेल व कन्ट्रोल रूम का किया निरीक्षण**

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय क्षेत्र 58-श्रावस्ती हेतु नियुक्त माननीय व्यय प्रेक्षक, जी वेंकटेश्वरन आईआरएस ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में निर्वाचन के दौरान प्रिन्ट/इलेक्ट्रानिक/सोशल मीडिया एवं रेडियो पर प्रत्याशियों के द्वारा जारी किये जाने वाले सम्भावित विज्ञापन पर निगरानी हेतु गठित मीडिया सर्टिफिकेशन एण्ड मॉनिटरिंग सेल (एमसीएमसी) एवं जिला सम्पर्क केन्द्र/कन्ट्रोलरूम का निरीक्षण कर जायजा लिया।

प्रेक्षक ने प्रभारी अधिकारी एमसीएमसी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा को निर्देश दिया कि प्रिन्ट/इलेक्ट्रानिक मीडिया, रेडियो में प्रकाशन प्रसारण पर व्यापक निगरानी रखी जाए, जिससे राजनीतिक दल, घोषित प्रत्याशियों अथवा उनके समर्थकों द्वारा सोशल मीडिया (विकिपीडिया, ट्विटर, यूट्यूब फेसबुक आदि) पर किसी भी प्रकार का राजनैतिक विज्ञापन का प्रचार बिना अनुमति के नहीं किया जा सकता है। बिना अनुमति के प्रचार-प्रसार करने पर उसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जायेगा। सम्बन्धित के खिलाफ भारतीय दण्ड संहिता के सुसंगति प्रावधानों के अनुरूप वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने स्वयं सभी प्रत्याशियों की सोशल मीडिया प्रोफाइल की जानकारी ली। प्रेक्षक द्वारा जिला सम्पर्क केन्द्र के निरीक्षण के दौरान सहायक नोडल अधिकारी/जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौरव खड़ायत को निर्देश दिया कि कन्ट्रोलरूम में आने वाली सभी शिकायतों का समय सीमा के अन्तर्गत निराकरण भी सुनिश्चित कराया जाए। इस दौरान उन्होंने प्रेक्षक को अवगत कराया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जनपद में जिला सम्पर्क केन्द्र/कन्ट्रोलरूम का संचालन 24x7 घण्टे तीन पालियों में किया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### श्रम दिवस पर मजदूरों का किया गया सम्मान




श्रमिक दिवस पर सम्मानित किए गए मजदूर। अमृत विचार

**बलरामपुर।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर बुधवार को जगह-जगह गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान देश में श्रमिकों के अहम योगदान पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान श्रमिकों को अंगवस्त्र व तिलक लगाकर सम्मानित भी किया गया। विकास भवन स्थित जिला पंचायत रिर्सोस सेंटर में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए सह प्राचार्य हरिकिरत सिंह ने मजदूरों के सम्मान, एकता व अधिकारों पर जोर दिया। आरसेटी निदेशक पंकज कुमार वर्मा, ओम प्रकाश पांडेय, प्रफुल कुमार पांडेय व उमाशंकर वाल्मीकि ने भी मजदूरों के हक की बात कही। वात्सल्य पब्लिक स्कूल एवं वात्सल्य इण्टरनेशनल स्कूल में श्रमिक दिवस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रबंध निदेशक डॉ आशुतोष प्रसाद शुक्ला ने श्रमिकों को तिलक लगाकर व अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान श्रमिकों के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मैनेजर वीरेन्द्र प्रसाद शुक्ला ने देश के विकास में श्रमिकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शिखा सिंह, शिवम सिंह, मनीषा सिंह, सोनाली तिवारी, इकरा मुनीर मानसी गुप्ता व अनीता शर्मा आदि रहे। सेंट जॉर्ज कान्वेंट स्कूल श्रमिक सम्मान व गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रबंधक जीडी पांडेय ने कहाकि सुई से लेकर गगनचुंबी भवन के निर्माण में श्रमिकों की भूमिका सराहनीय है। गोष्ठी को रजनी, दिलीप ओझा, एमबी पाण्डेय, जानवी पांडे, व शकीना खान आदि ने भी संबोधित किया। भारतीय खेतिहर मजदूर यूनियन की तरफ से भीखमपुर गांव में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान श्रमिकों के हत में आवाज बुलंद किया गया। इस अवसर पर महामंत्री कल्लू सिंह चौहान, पीतांबर, राम तीरथ मौर्य, शफीक अहमद व जगदंबा प्रसाद मौर्य आदि मौजूद रहे।

### उप गन्ना आयुक्त ने गन्ना सर्वे का किया औचक निरीक्षण

**उतरौला।** बजाज चीनी उतरौला परिक्षेत्र के ग्राम पिपरा रामचंदर में डॉ .आर बी राम उप गन्ना आयुक्त देवीपाटन मंडल ने बजाज चीनी मिल के सहायक महाप्रबंधक गन्ना आर एस मिश्रा के साथ गन्ना सर्वे का औचक निरीक्षण किया जो की सही पाया गया। गन्ना आयुक्त ने वहां पर उपस्थित किसानों को अधिक उत्पादन लेने के लिए तथा गन्ना फसल को बेधक कीटों से बचाव के लिए जानकारी दिए तथा अधिक गर्मी पड़ने के कारण गन्ने की फसल की सिंचाई बराबर करते रहने के बारे में कृषकों को जानकारी दिए। जिसमें बजाज चीनी मिल के सहायक महाप्रबंधक गन्ना आर एस मिश्रा ने किसानों से अपील किया गया कि किसान भाई गन्ना सर्वे के दौरान अपने खेतों पर उपस्थित रह कर अपने खेतों का गन्ना सर्वे अवश्य करा लें जिससे आगामी पेराई सत्र में किसानों को गन्ना आपूर्ति करने कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। उप गन्ना आयुक्त द्वारा गन्ना सर्वे निरीक्षण के दौरान नरेंद्र सिंह ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक केपी मिश्रा गन्ना विकास निरीक्षक गन्ना सर्वेकर्ता शशांक मिश्रा ओमप्रकाश वर्मा कृषक रामगुनी कल्लू हफीजुल्ला रामतीरथ आदि लोग मौजूद रहें।

### एमएलके पीजी कॉलेज के पूर्व छात्र को मिला अवार्ड

**बलरामपुर।** एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर के पूर्व छात्र प्रो . महेश प्रसाद को विगत दिनों लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा गया। पूर्व छात्र को मिले अवार्ड से महाविद्यालय परिवार ने हर्ष जताते हुए बधाई दी है। प्रो . महेश प्रसाद को महाविद्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान एशियन बायोलॉजिकल रिसर्च फाउंडेशन द्वारा उन्हें लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया था । यह सम्मान उन्हें सम्मेलन के सहसरंक्षक व प्रबंध समिति के सचिव लेफ्टिनेंट कर्नल आर के मोहन्ता, प्राचार्य व सम्मेलन के अध्यक्ष प्रो0 जे पी पाण्डेय व आयोजन सचिब व विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन ने स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया।

### कटे फटे होंठ व विकृत तालू वाले बच्चों का निःशुल्क परीक्षण

**बलरामपुर।** स्माइल ट्रेन संस्था के अन्तर्गत सिप्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल लखनऊ द्वारा, जन्म से कटे होंठ और तालू का नि :शुल्क आपरेशन व उपचार के लिए पंजीकरण शिविर का आयोजन बुधवार को उतरौला के साजिदा हॉस्पिटल एंव जच्चा-बच्चा केंद्र पर किया गया। डॉ वरुण शुक्ल द्वारा शिविर में आए 77 बच्चों का चिकित्सक परीक्षण किया गया। जिनमें से 23 बच्चों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। साजिदा अस्पताल एवं जच्चा बच्चा केंद्र के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉक्टर एहसान खान ने बताया कि जन्म से कटे होंठ एवं कटे तालू नामक जन्मजात विकार से ग्रसित मरीजों के नि :शुल्क उपचार/सर्जरी के लिए निशुल्क पंजीकरण शिविर में कटे होंठ व तालू वाले 77 बच्चों का जांच किया गया। तथा आपरेशन के लिए 23 बच्चों को चिन्हित किया गया है। डॉ . एहसान खान ने कहा कि स्माइल ट्रेन प्रोजेक्ट के तहत जन्मजात कटे होंठ और कटे तालू वाले बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने की कोशिश की जा रही है। जन्मजात कटे होंठ और तालू वाले बच्चों की मुफ्त सर्जरी व उपचार के लिए निशुल्क पंजीकरण किया गया है। ऑपरेशन के लिए चिन्हित बच्चों को संस्था की एम्बुलेंस से लखनऊ के लिए रवाना किया गया है। इन सभी बच्चों का फ्री ऑपरेशन और पूरा इलाज स्माइल ट्रेन संस्था के माध्यम से सिप्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बर्न एवं ट्रामा सेंटर लखनऊ में निशुल्क किया जाएगा। स्माइल ट्रेन संस्था के प्रोजेक्ट जनरल मैनेजर मोहम्मद आमीन खान ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करना तथा गरीब बच्चों व उनके परिजनों को उनके चेहरों पर नयी मुस्कान देना है। आगे की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिन बच्चों को ऑपरेशन के लिए लखनऊ ले जाया जाएगा, उनके वह उनके अभिभावकों के रहने खाने, तथा वापस घर आने तक की व्यवस्था नि :शुल्क रहेगी। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इस कार्यक्रम का लाभ लेने की अपील की।

# मताधिकार है एक महत्वपूर्ण कर्तव्य : जिला निर्वाचन अधिकारी

**प्रोत्साहन**

▸▸ **जिला निर्वाचन अधिकारी ने घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र देकर शत-प्रतिशत मतदान के लिए किया अपील**

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा, पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया एवं एसएसबी कमाण्डेंट आर के राजेश्वरी ने तहसील भिनगा के अन्तर्गत ग्राम ककरदरी में स्वीप कार्यक्रम के तहत चौपाल लगाकर मतदाता जन जागरूकता कार्यक्रम का शुभारम्भ किया तथा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं एसएसबी कमाण्डेंट ने मतदाताओं के घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र वितरित कर 25 मई को भारी संख्या में मतदान केन्द्र पर पहुंचकर मतदान करने हेतु अपील भी किया।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मताधिकार एक महत्वपूर्ण कर्तव्य है, जो आपको सशक्त व मजबूत लोकतंत्र बनाकर बेहतर भविष्य का मौका देता है। उन्होंने कहा कि सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए 25 मई को प्रातः सात बजे मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान अवश्य करें। इससे जिले व राष्ट्र के विकास में आपकी भागीदारी सुनिश्चित होगी। उन्होंने जनपद वासियों को अश्वस्त किया कि जिले में सुरक्षित व शांतिपूर्ण वातावरण में निर्भीक होकर मतदान करें और लोकतंत्र के निर्माण में अपनी महती भूमिका निभायें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बिना किसी बहकावे में आये निर्भय होकर लोकसभा निर्वाचन में अपने अमूल्य मताधिकार का प्रयोग करें।

एसएसबी कमाण्डेंट ने ग्राम वासियों से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने हेतु अपील किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी भिनगा पीयूष जायसवाल, डिप्टी कमाण्डेंट एसएसबी संदीप जेटली सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण तथा भारी संख्या में जनसमुदाय उपस्थित रहा।



स्वीप कार्यक्रम के तहत चौपाल लगाकर मतदाताओं को जागरूक करतीं जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा। अमृत विचार

**चर्चा** धीरे-धीरे जिले में चढ़ रहा है चुनावी पारा

# शिक्षा, रोजगार और छुट्टा पशुओं से परेशानी बनेगा मुद्दा

**बलरामपुर, अमृत विचार।** श्रावस्ती लोकसभा के लिए छठे चरण में मतदान होना है। नामांकन प्रक्रिया जारी है। बढ़ती उमस और गर्मी के बीच चुनावी पारा भी बढ़ रहा है। धीरे धीरे मतदान का दिन नजदीक आ रहा है वैसे वैसे प्रत्याशियों को धड़कन भी तेज हो जा रही है। चुनाव प्रचार भी अपने सबाब पर पहुंचने को बेताब है। नेताओं की चुनावी जनसभा का दौर शुरू हो चुका है। इन सबके बीच अमृत विचार की टीम ने मतदाताओं के बीच पहुंचकर उनकी नब्ज टटोली।

दिन बुधवार समय करीब 3 बजे स्थान भगवतीगंज चौराहा। जहां एक बंद होटल पर धूप से बचने के लिए कुछ लोग बैठे दिखाई दिए। अमृत विचार के वहां पहुंचने पर मालूम हुआ कि सभी लोग चुनाव की चर्चा में व्यस्त हैं। अपने अपने हिसाब से पार्टियों के प्रत्याशियों के जिताने की जुगत में लगे है। सरदार बोले इस फिर से भाजपा का आना तय है। भाजपा ने विकास के तमाम काम किए है। इस पर रोज अली ने सरदार की इत्तेफाक रखते हुए कहा कि काम तो हुए हैं लेकिन छुट्टा पशुओं से जीना मुहाल है। रात भर खेत की रखवाली करने पड़ती है।



भगवतीगंज में चाय की दुकान पर चुनावी चर्चा करते लोग। अमृत विचार

इस ओर सरकार को कुछ ठोस कदम उठाने चाहिए। बगल बैठे गोबरे ने कहा कि सरकार चाहे जिसकी बने हमें तो बस अपने बच्चों की अच्छी शिक्षा चाहिए ताकि पढ़ लिख बच्चा अच्छा रोजगार पा सके। प्रभु ने कहा इस सरकार में रोजगार मिल नही रहा। युवा बेरोजगार घूम रहे है। अच्छी शिक्षा मिल भी जाए अगर रोजगार न मिला तो क्या फायदा।

इस पर आफताब ने बात काटते हुए कहा कि इस सरकार में जिसने भी मेहनत से पढ़ाई की उसे नौकरी मिली है। बहुत से बच्चों को अच्छी नौकरियां मिली है। बगल बैठे एक व्यक्ति बोले पेपर लीक भी तो हो रहे है। सरकारों को पहले इसे रोकना होगा। रोशन बोले कि कानून व्यवस्था मजबूत हुई है। किसानों को सम्माननिधि मिल रहा है। इस सरकार में स्वास्थ्य सुविधा बेहतर हुई है। इस दौरान सभी लोगों ने मतदान करने का संकल्प लिया है।

# चुनाव के तृतीय चरण के लिए संभल रवाना हुई पुलिस

**श्रावस्ती।** बुधवार को पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा लोक सभा चुनाव 2024 को सकुशल संपन्न करने हेतु रिजर्व पुलिस लाइन भिनगा श्रावस्ती से जनपदीय पुलिस को ब्रीफ कर हरी झंडी दिखाकर तृतीय चरण चुनाव हेतु कुल उपनिरीक्षक- 06, मुख्य आरक्षी/आरक्षी-61 को वाह्य जनपद संभल के लिए रवाना किया गया। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों को चुनाव आयोग की गाईडलाइन का पालन करते हुए अनुशासन व कर्तव्यपरायणा से ड्यूटी निभाने की नसीहत दी तथा मतदान के दौरान शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यक सन्देश दिया। यह भी बताया कि चुनाव ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मचारी किसी भी पार्टी अथवा उम्मीदवार की तरफ से उपलब्ध कराए गए चाय व भोजन को स्वीकार नहीं करेंगे।

## एक नजर

### एनबीडब्ल्यू के सात वारंटी गिरफ्तार

बहराइच। मोतीपुर थाने की पुलिस ने सात एनबीडब्ल्यू के अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने बताया कि रवि कुमार गौतम पुत्र कमला प्रसाद निवासी पुरैना रघुनाथपुर, गोविन्द पुत्र सन्तराम निवासी मझाव, विजय कुमार, रामकिशुन पुत्र प्रधान उर्फ हरिवंश, विनोद पुत्र त्रिभुवन निवासी मझाव, हीरालाल पुत्र त्रिभुवन और मन्त्री पुत्र रामदयाल मझाव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### दो परिवार में कराया सुलह

बहराइच। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित 'परिवार परामर्श केन्द्र' द्वारा आपसी परिवारिक विवाद को समाप्त कराकर 02 परिवारो में सुलह कराते हुए परिवारो को टूटने से बचाया गया। प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र उप निरीक्षक रमाशंकर मिश्रा, हेड कांस्टेबल ओम प्रकाश यादव, महिला सिपाही सविता मिश्रा, गिरजावती यादव, निशी त्रिवेदी द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर–समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया है।

### पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष का निधन

बहराइच। शहर निवासी भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गुलाब चंद शुक्ला कई दिनों से बीमार चल रहे थे। उनका इलाज मेडिकल कॉलेज बहराइच में चल रहा था। बुधवार को इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन पर जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे, उपाध्यक्ष राहुल राय, भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर आनंद गोंड समेत अन्य ने शोक जताया है। मालूम हो कि अस्पताल में इलाज के दौरान भी विधायक समेत अन्य लोग हाल जानने के लिए गए थे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम संग मनाया श्रमिक दिवस




बालिका विहान विद्यालय में श्रम दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती बेटियां और मिला सम्मान। अमृत विचार



मिहीपुरवा विकास खंड के उर्रा में जागरूकता रैली निकालते कर्मी।

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार। जिले में श्रम दिवस बुधवार को मनाया गया। शहर के बालिका विहान विद्यालय में श्रमिकों की बेटियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अधिकारियों ने श्रम दिवस के बारे में बताया। गांवों में जागरूकता रैली निकाली गई। ब्लॉक मुख्यालयों पर भी कार्यक्रम आयोजित हुए।

समाजशास्त्र विभाग द्वारा संचालित विहान आवासीय बालिका विद्यालय श्रम विभाग द्वारा वित्त पोषित है। श्रमिक विद्यालय होने के कारण एक मई मजदूर दिवस विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रम विभाग के श्रम प्रवर्तन अधिकारी सूरज तिवारी और विशिष्ट अतिथि मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष शंकर गोयल, सचिन, शिखर अग्रवाल कोषाध्यक्ष, अमन अग्रवाल, अंकुर डोलिया, निशंक, गर्वित रहे। विद्यालय की वार्डन प्रिया प्रसाद द्वारा बताया गया कि अंतरराष्ट्रीय तौर पर मजदूर दिवस मनाने की शुरुआत सन 1886 ईस्वी में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों ने सरस्वती वंदना से की। समापन में मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा बच्चों को स्टेशनरी के सामान वितरित किए गए। इस अवसर पर वार्डन प्रिया प्रसाद, प्रियंका श्रीवास्तव, भू रत्न प्रभा, निधि, रोमन, अंकित व संजीव मौजूद रहे। विकास खंड मिहीपुरवा के उर्रा में श्रम दिवस पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम रोजगार सेवक अनिता आर्य की देखरेख में महिला मेट सरोज जायसवाल, कबूतरी समेत अन्य ने रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। बाबागंज में मुख्यालय पर आज मजदूर दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। ब्लाक मुख्यालय से सटे अमृत सरोवर तालाब को गुब्बारे से सभी पिलरों को सजाया गया। इस अवसर पर तालाब में पम्पिंग सेट से पानी भरवाया गया। अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा विकास राव ने बताया कि सभी मजदूरों मतदाता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर रमेश, नरेश, प्रमोद, सुखराम, मेवा, दिनेष राजू, शिवपाल, धरेमन्द्र, शत्रोहन, शोहन लाल, छेदी सहित दर्जनों मजदूर उपस्थित रहे।

# एफएसटी और पुलिस टीम ने पकड़ी 2.48 लाख नकदी

पयागपुर, बहराइच

अमृत विचार। गोंडा बहराइच मार्ग पर बुधवार को जांच के दौरान पुलिस और एफएसटी टीम ने वाहन से 2.48 लाख से अधिक की नकदी बरामद की है। बरामद नकदी के कागजात न दिखाने पर उसे जब्त कर सीज कर दिया गया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

आदर्श आचार संहिता के क्रम में एफएसटी टीम व पुलिस द्वारा चलाये जा रहे वाहन चेकिंग अभियान में मजिस्ट्रेट अजय कुमार सिंह उप निरीक्षक रुदल बहादुर सिंह, थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी सहित गठित टीम द्वारा बुधवार को इकौना-पयागपुर मार्ग पर बिलोरवा के पास बैरियर लगाकर की जा रही चेकिंग के दौरान मारुति डिजायर वाहन संख्या UP32MA4915 वाहन स्वामी मसूद आलम पुत्र रसूल बख्श नईमी निवासी थाना इकौना जिला श्रावस्ती व चालक रिजवान सिद्दीकी पुत्र मन्नू निवासी इकौना जनपद श्रावस्ती के पास से 2लाख 48 हजार 680/- नगद बरामद किया गया। थानाध्यक्ष कमलशंकर चतुर्वेदी ने बताया कि बरामद राशि को सीज कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है। कागज दिखाने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# तेंदुए के हमले में बालिका की मौत

## घर से बालिका को खींच ले गया तेंदुआ, 200 मीटर की दूरी पर मिला क्षत विक्षत शव

मिहींपुरवा, बहराइच

अमृत विचार। जनपद के धर्मापुर गांव निवासी एक आठ वर्षीय बालिका को तेंदुआ घर से खींच ले गया। उसका शव परिवार के लोगों ने बुधवार सुबह क्षत -विक्षत हालत में बरामद किया।

कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के धर्मापुर रेंज अंतर्गत धर्मापुर गांव निवासी श्यामा (8) पुत्री चुन्नू मंगलवार शाम को घर के सामने अन्य बच्चों के साथ मौजूद थी। बालिका कुछ देर में बच्चों से अलग हुई। इसी दौरान एक तेंदुआ जंगल से निकल कर आया और बालिका को उठा ले गया। बालिका के न दिखने पर परिवार के लोगों ने खोजबीन शुरू की। लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। जिस पर परिवार के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। बुधवार सुबह सभी बालिका को खोजबीन कर रहे थे। तभी घर से 200 मीटर की दूरी पर बालिका का क्षत-विक्षत शव मिला। सूचना पाकर वन क्षेत्राधिकारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

डीएफओ बी शिव कुमार ने बताया कि बालिका को शाम को तेंदुआ खींच ले गया था। अलग-अलग टुकड़ों में शव बरामद हुआ है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है। तात्कालिक आर्थिक सहायता राशि 10हजार रूपये पीड़ित परिवार को दिया गया है।



तेंदुए के हमले में बालिका की मौत के बाद जांच करते अधिकारी। अमृत विचार

# ईवीएम का द्वितीय रेंडमाइजेशन पूरा



सूचना कार्यालय में मौजूद प्रेक्षक, डीएम। अमृत विचार

बहराइच

अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए कलेक्ट्रेट परिसर स्थित राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र में जिलाधिकारी मोनिका रानी व सामान्य प्रेक्षक अनिल राज राय की अध्यक्षता में बुधवार को रेंडमाईजेशन का कार्य पूरा हुआ। लोकसभा सामान्य निर्वाचन में चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं प्रत्याशियों के निर्वाचन अभिकर्ताओं की मौजूदगी में 56-बहराइच सुरक्षित संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में समाहित विधानसभा क्षेत्रों 282-बलहा, 283-नानपारा, 284-मटेरा, 285-महसी व 286-बहराइच के बूथवार इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों का द्वितीय रेंडमाइजेशन का कार्य सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा, नानपारा अश्वनी पाण्डेय, महसी के अखिलेश कुमार सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राम दयाल, तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# प्रधानाध्यापक ने छात्रों को किया सम्मानित

रुपईडीहा, बहराइच

अमृत विचार। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल छात्रों को सम्मानित किया गया।

परीक्षा नियामक प्राधिकारी उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा जारी किए गए राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा परिणाम में विकास क्षेत्र नवाबगंज के उच्च प्राथमिक विद्यालय बसभरिया के दो बच्चों ने सफलता प्राप्त की है। छात्र विशाल कुमार ने इस परीक्षा में 150 में 105 अंक हासिल कर जनपद में 23 वां तथा इसी विद्यालय के छात्र आकाश ने 150 में 91 अंक हासिल कर जनपद में 37 वां स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में प्रभारी प्रधानाध्यापक विनय कुमार सिंह द्वारा बच्चों को सम्मानित किया।सम्मान समारोह में, शिक्षक आकाश गौतम, विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारी सहित विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के माता-पिता व अभिभावक मौजूद रहे। बच्चों की इस उपलब्धि पर खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा, एआरपी सुनील कुमार, विपिन सिंह, राकेश मौर्या व निर्मल शुक्ला ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय के शिक्षकों व बच्चों को शुभकामनाएं दी हैं।वही नवाबगंज क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय विशुनापुर के अध्ययनरत छात्र अरविन्द वर्मा पुत्र राम कुमार ने इसी उपरोक्त परीक्षा में 150/ 86 नम्बर प्राप्त कर जिले में 42 वीं रैंक प्राप्त किया।जिसके उपलब्धि में शिक्षक खुशीराम वर्मा व आनंद आर्य ने छात्र कों सम्मानित किया।



छात्रों को सम्मानित करते शिक्षक। अमृत विचार

# हादसों में युवक समेत 3 की मौत, 5 घायल

बहराइच/हुजूरपुर/राजीचौराहा

अमृत विचार। जिले के कोतवाली देहात, हुजूरपुर और राम गांव थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में युवक समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पांच लोग घायल हुए हैं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कोतवाली देहात के बाबागंज नहर पुलिया के पास बुधवार सुबह पौने नौ बजे दो बाइक की टक्कर के बाद ट्रैक्टर ट्रॉली ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में एक बाइक पर सवार मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लाल बोझा निवासी शिवदीन (20) राजेश कुमार की मौत हो गई। दूसरे बाइक पर सवार पयागपुर थाना क्षेत्र के कोल्हुवा निवासी प्रेम कुमार पुत्र जगदेव प्रसाद, शिवकुमार वर्मा घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



(फाइल फोटो)।

उधर रामगांव थाना क्षेत्र के रेहुआ मंसूर गांव ससुराल जा रहे बाइक सवार कोतवाली नानपारा के इटहा गांव निवासी बृजेंद्र कुमार (26) पुत्र दाताराम की अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। हुजुरपुर थाने के लखवापुर निवासी 19 वर्षीय ननके मोर्य पुत्र हरिराम, 19 वर्षीय पंकज पुत्र जमुना प्रसाद मंगलवार देर शाम बाइक पर सवार दोनों युवक रिश्तेदारी में जा रहे थे। जैसे ही बाइक कंजिया चौराहे के पास पहुंची। आगे जा रहे कंबाइन मशीन से टक्कर हो गई।

कंबाइन मशीन में फंसी बाइक काफी दूर तक खिंचती चली गई। जिसके चलते पंकज की मौत हो गई। आनन-फानन में ननके को गंभीर रूप से घायल अवस्था मे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लाए जाने पर चिकित्सकों ने इलाज के बाद उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है । ग्रामीणों ने घेर कर कंबाइन मशीन को चौराहे पर पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस को सौंप दिया।

# छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों का सम्मान

कैसरगंज, बहराइच

अमृत विचार। विकासखंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय देवलखा में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित छात्रों का एक सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जिसमे विकासखंड कैसरगंज के उच्च प्राथमिक विद्यालय देवलखा के 6 छात्रों ने अपनी प्रतिभा की चमक बिखेरी।

परीक्षा परिणाम में जनपद की मेरिट लिस्ट में उच्च प्राथमिक विद्यालय देवलखा से शोभित कुमार मौर्य का 9वां स्थान,अनामिका मौर्य 21वां स्थान, कपिल मौर्य 25वां स्थान ,दीपाली 36वां स्थान ,पूजा कुमारी 38 वां स्थान व पीयूष कुमार मौर्य का 40वां स्थान पर चयन हुआ है ।खंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र बहादुर चौधरी ने विद्यालय के छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी बच्चों को सम्मानित किया एवं शुभकामनाएं दी साथ ही उनके शिक्षकों की प्रशंसा की ।एआरपी महेंद्र चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले बच्चों को कक्षा 9 से कक्षा 12 तक की पढ़ाई के दौरान एक हजार प्रतिमाह की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। शिक्षक हरवीर सिंह ने बताया कि उक्त परीक्षा में आवेदन करने वाले बच्चों के मार्गदर्शन हेतु शिक्षकों द्वारा अतिरिक्त कक्षाएं संचालित की गई, व्हाट्सएप ग्रुप पर परीक्षा की तैयारी से संबंधित शैक्षिक सामग्री का निरन्तर प्रेषण किया गया ।

सम्मान समारोह में खण्ड शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र बहादुर चौधरी, एआरपी महेन्द्र कुमार चौधरी, नोडल संकुल आशीष रत्न प्रकाश श्रीवास्तव , उमा प्रसाद ,प्रधानाध्यापक महेंद्र पाल सिंह,हरवीर सिंह,नूरजहां बेगम , पुष्पा देवी ,श्वेता सिंह , जितेंद्र कुमार संकुल शिक्षक फ़ज़ील अहमद , दीनदयाल कुशवाहा एवं श्री सगीर अंसारी उपस्थित रहे।



उच्च प्राथमिक विद्यालय में सम्मानित किए गए विद्यार्थी। अमृत विचार

# आम नागरिक भी शीतल पेय का उठाएंगे आनंद



पेयजल का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

रिसिया, बहराइच। रिसिया नगर के इंदिरा नगर मोहल्ले में भारत विकास परिषद द्वारा जनता को पेय जल की सुविधा मुहैया कराए जाने के लिए संजय चिरानिया की दुकान के सामने स्टाल लगाकर पियाऊ की व्यवस्था कराई गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय जायसवाल ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्याऊ स्टाल का शुभारम्भ किया। इस मौके पर भारत विकास परिषद के संरक्षक डा. गणेश प्रसाद, जय प्रकाश अग्रहरि, महेश अग्रवाल ने कहा कि राहगीरों को इस भीषण गर्मी में पानी पिलाना पुण्य का काम है। भारत विकास परिषद द्वारा आम जनता के लिए पेयजल की व्यवस्था की गई है, सराहनीय कार्य है। इस मौके पर अशोक शर्मा सभासद, कृष्ण लाल श्रीवास्तव, संजय चिरानिया, अध्यक्ष राजेश गोयल महामंत्री, मनोज पांडे सचिव की अलावा भारत विकास परिषद के सदस्य मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### अभिभावक-शिक्षक बैठक में बांटे आमंत्रण पत्र



अभिभावकों को मतदान के लिए जागरूक करते शिक्षक। अमृत विचार

बहराइच, अमृत विचार। जिले के विकास खण्ड चित्तौरा में उच्च प्राथमिक विद्यालय कमोलिया खास में बुधवार को आयोजित पैरेंट्स टीचर मीटिंग में छात्रों के अभिभावकों को 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए मतदान अवश्य करने के लिये प्रेरित किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अफसाना बेगम ने लोगो को विभाग द्वारा 13 मई को वोट डालने हेतु आमंत्रण पत्र देकर, डमी बैलेट यूनिट से मतदान की प्रक्रिया समझाई। शिक्षिका आँचल श्रीवास्तव ने छात्रों के अभिभावकों को हस्ताक्षर द्वारा मतदान करने हेतु संकल्प दिलाया। इस दौरान छात्रों द्वारा निर्मित सेल्फी पॉइंट लोगो के बीच आकर्षण का केंद्र रहा। बैठक में अंजू यादव, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि भूरे पांडे, एसएमसी अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता,सोमा देवी, रेनू देवी, मंसाराम, सलमान आदि उपस्थित रहे>

### आग लगने से चार घरों की गृहस्थी हुई राख



आग लगने से जले मकान और जांच करती पुलिस।

जरवल, बहराइच, अमृत विचार। झुकिया के मुडियाडीह गांव में अज्ञात कारणों से आग लग गयी ।आग में चार घरों की गृहस्थी जलकर राख हो गई। जरवलरोड थाना क्षेत्र के झुकिया मुडियाडीह में बुधवार को गांव निवासी ग्रामीण के मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गयी। देखते ही देखते आग की लपटों ने जय प्रकाश, वेद प्रकाश राव, सुभाष और निर्मल के घरों को अपनी चपेट में ले लिया। फूस के मकान धू धू कर जलने लगे। गांव वालों ने पम्पिंग सेट चलाकर कडी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। अग्निकांड में घर में रखा अनाज,वर्तन,पम्पिंग सेट,साइकिल कुर्सी समेत घर की गृहस्थी जलकर राख हो गयी। सूचना पर जरवलरोड पुलिस भी मौके पर पहुंच गई ।ग ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। क्षेत्रीय लेखपाल ने गांव पहुंचकर आग से हुए क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दिया है। अग्निकांड में तीन लाख से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

### गोले को दगाने के प्रयास में बालक झुलसा



घायल बालक ।

मोतीपुर, बहराइच, अमृत विचार। जिले के नैनिहा गांव में 28 अप्रैल को आई बरात में एक गोला गांव निवासी ग्रामीण के छत पर बिना दगे ही गिर गया। मंगलवार शाम को छात्र ने उसे दागने का प्रयास किया। तभी गोला हाथ में दग गया और वह झुलस गया। मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नैनिहा में 28 अप्रैल को बारात आई थी। जिसमें जमकर आतिशबाजी हुई थी। आतिशबाजी में एक गोला संतोष के छत पर बिना दगे ही पड़ा रहा। उस गोले को गांव निवासी अमित (11) संतोष ने मंगलवार शाम को हाथ में गोला लेकर दागने का प्रयास किया, लेकिन तभी गोला बालक के हाथ में दग गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान हालत में सुधार न होने पर बालक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### अंडर 19 क्रिकेट खिलाड़ियों का ट्रायल शुरू



इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में चयन में शामिल होते खिलाड़ी।

बहराइच, अमृत विचार। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में व डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन बहराइच के आयोजन में अंतर जिला अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए जोन टीम का चयन इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में ट्रायल के माध्यम से आयोजित किया जा रहा है। चयन प्रक्रिया चार दिनों तक इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में चलेगी। ट्रायल में बहराइच जोन की बहराइच ,लखीमपुर, श्रावस्ती व सीतापुर के खिलाड़ियो द्वारा ट्रायल दिया जा रहा है। डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव इशरत महमूद खान ने बताया कि चयन प्रक्रिया बुधवार सुबह 10 बजे शुरू हुई है और चार दिनों तक चलेगी । ट्रायल में सबसे अधिक संख्या तेज गेंदबाजों की रही। एक-एक कर खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते रहे। इन खिलाड़ियों की प्रतिभा को चयनकर्ता बारीकी से समझ रहे है। चयन प्रक्रिया में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन बहराइच जोन टीम के लिए किया जाएगा।

कार्यशाला

एसजी पीजीआई ने की 12 हजार बच्चों की स्क्रीनिंग, मेडिकल क़ॉलेज में होगा इलाज

# अनुवांशिक बीमारियों से पीड़ित मिले 12 बच्चे

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार। जन्म लेने वाले एक हजार बच्चों में एक बच्चे को जन्मजात थायराइड की कमी हो सकती है। समय से इलाज न होने पर यह स्थाई दिव्यांगता का रूप ले सकती है। इसमें मंद बुद्धि या गंभीर बीमारी शामिल है। इससे बचने के लिए जन्म के बाद तीसरे दिन तक सभी नवजात की जन्मजात थायराइड की जांच अवश्य कराना चाहिए।

मेडिकल कॉलेज बहराइच में आयोजित कार्यशाला में एसजीपीजीआई लखनऊ के मेडिकल जेनेटिक्स विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ शुभा फड़के ने बताया अनुवांशिक बीमारियों की रोकथाम के लिए पिछले पांच वर्षो से जनपद बहराइच और श्रावस्ती में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा फंडिंग उम्मीद परियोजना चलाई जा रही थी। इस दौरान मुख्य पांच अनुवांशिक बीमारियों के लिए 12 हजार बच्चों की स्क्रीनिंग की गई। जिसमें 12 बच्चे जन्मजात थायराइड की कमी वाले चिन्हित किए गए । प्रोजेक्ट का समय पूरा हो जाने पर सभी विवरण सहित बच्चों को आगे की जांच और इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज बहराइच को सौंप दिया गया है। डॉ शुभा ने बताया अनुवांशिक बीमारी में जन्म के समय स्वस्थ दिखाई देने वाले शिशु में थैलेसीमिया, हीमोफीलिया व मंदबुद्धि जैसी कई जटिलताएं हो सकती हैं। इसके लिए जन्में सभी नवजात की 24 घंटे के अंदर जांच व समय से इलाज करके कुछ बीमारियों के दुष्परिणामों से उन्हे बचाया जा सकता है। इस मौके पर मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. संजय खत्री, एसजीपीजीआई मेडिकल जेनेटिक्स विभाग से डॉ. अमिता मोइरांगथेम, एसएनसीयू इंचार्ज डॉ. असद अली, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.रिचा यादव , डॉ. ध्रुव , डॉ. विपुल अग्रवाल, सरिता, गायत्री किरन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



मेडिकल कॉलेज में जांच करते लखनऊ से आए चिकित्सक। अमृत विचार

## आनुवांशिक बीमारी के संभावित लक्षण

- खून की कमी होना और बार बार खून चढ़वाना
- जिगर तिल्ली बढ़ना और प्लेटलेट तथा डबल्यूबीसी की कमी होना
- बच्चे के विकास की गति कम ( मंदबुद्धि )होना
- लंबाई कम होना
- चेहरे में भारीपन, उँगलियों में जकड़न होना
- परिवार में बार – बार गर्भपात होना
- नवजात शिशु या बच्चे की एक वर्ष की आयु से पूर्व मृत्यु

### गर्भ धारण से पूर्व कराएं जांच

डिप्टी सीएमओ डा संजय सोलंकी ने बताया कि आनुवांशिक बीमारियाँ माता अथवा पिता या दोनों से बच्चे को मिल सकती हैं। इसके लिए गर्भवती अथवा गर्भ धारण करने से पूर्व माता–पिता की जांच कर बीमारी का पता लगाया जा सकता है। इसके साथ ही जिनके परिवार में आनुवांशिक दोष का इतिहास रहा हो उन्हे बच्चे की प्लानिंग से पहले जांच अवश्य करानी चाहिए।

### जरूरी बचाव

- जन्म के 24 घंटे के बाद खून की जांच से रोग की पहचान करना
- शादी से पहले लड़के व लड़की के खून की जांच कराना
- नजदीकी रिश्ते में विवाह करने से बचना
- गर्भधारण से चार महीने के अन्दर भ्रूण की जांच कराना

अर्थागमो नित्यमरोगिता च प्रिया च भार्य प्रियवादिनी च ।
वश्यश्च पुत्रोऽर्थकरी च विद्या षट् जीवलोकस्य सुखानि राजन् ॥

धन प्राप्ति, स्वस्थ जीवन, अनुकूल पत्नी, मीठा बोलने वाली पत्नी, आज्ञाकारी पुत्र तथा धनार्जन करने वाली विद्या के ज्ञान से छह बातें संसार में सुख प्रदान करती हैं ।

## संपादकीय

# संघर्ष विराम का समय

गाजा में हर दिन हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। राफा पर इजराइल के सैन्य हमले से संघर्ष में वृद्धि होगी और इसके कारण हजारों फिलिस्तीनी नागरिक मारे जाएंगे। शीघ्र ही अगर युद्ध विराम समझौता नहीं किया गया तो यह युद्ध गाजा में चौतरफा विनाश और भीषण परिणामों के साथ, पूरे क्षेत्र में और भी भयंकर नतीजों के साथ फैल जाएगा। गाजा में युद्ध 7 अक्टूबर 2023 को उस समय भड़का था, जब हमास ने इसराइल के दक्षिणी इलाके में घातक हमला किया था जिसमें लगभग 1200 लोग मारे गए थे। उसके बाद इजराइली सैन्य हमलों में 34,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें से अधिकांश नागरिक हैं और 73 हज़ार से अधिक घायल हुए हैं, जिनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं। इस बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेस ने एक बार फिर इजराइल और हमास से युद्ध विराम के लिए सहमति की अपील की है। गुटेरेस की यह अपील ऐसे समय में जारी की गई है जब इजराइल और हमास के बीच युद्ध विराम समझौते के लिए बातचीत चल रही है। उधर युद्ध विराम समझौते को आगे बढ़ाने के लिए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन बुधवार को इजरायल पहुंच गए हैं। हमास और इजरायल के बीच युद्ध छिड़ने के बाद से एंटनी ब्लिंकन की यह सातवीं यात्रा है। उन्होंने इजराइली नेताओं से मुलाकात की। क्योंकि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बिडेन इजराइल को गाजा पट्टी के एक हिस्से में बड़ा जमीनी हमला शुरू करने से रोकने की कोशिश कर रहे थे, जहां फिलिस्तीनियों ने युद्ध के दौरान शरण मांगी थी।

इजराइल ने इजराइली जेलों में बंद लगभग 600 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में हमास की हिरासत में अपने 33 बंधकों (महिलाओं, बुजुर्गों और बीमारियों से पीड़ित) को रिहा करने के मध्यस्थों के सुझाव पर सहमति व्यक्त की है। जेलों में बंद इन फिलिस्तीनियों में से कई हत्या के मामलों में आरोपी हैं। ब्लिंकन और बिडेन के अन्य शीर्ष सहयोगी भी हमास से छह सप्ताह के संघर्ष विराम और कुछ फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले में बंधकों को मुक्त करने के लिए एक समझौते पर सहमत होने का आह्वान कर रहे हैं। वार्ता महीनों से रुकी हुई है और इजराइली अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि वे अपनी मांगें कम करने पर सहमत हुए हैं। नवंबर में, हमास ने सात दिवसीय संघर्ष विराम के दौरान 100 से अधिक बंधकों को मुक्त कर दिया। वास्तव में अब और देरी नहीं कार्रवाई करने का समय आ गया है। क्योंकि कोई अन्य विकल्प नहीं है। अस्थायी संघर्ष विराम से स्थायी संघर्ष विराम हो सकेगा।

# आर्थिक उदारवाद से मध्यवर्ग की आकांक्षाओं को लगे पंख



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

अवतारवाद की अवधारणा में विश्वास रखने वाले और इस विश्वास की चारदीवारी में अपनी चेतना को कैद कर देने वाले भारतीय जनमानस में इन कृत्रिमताओं की जड़ें जमाना आसान साबित हुआ और एक नए दौर का आगाज हो गया।

90 के दशक से ही निजीकरण के महिमा मंडन ने मध्य वर्ग को बेहद उत्साहित कर रखा था और दस वर्ष के मनमोहन काल में बढ़ी समृद्धि ने इस वर्ग की आकांक्षाओं को जैसे पंख लगा दिए थे। इन्हीं पंखों पर चढ़ कर कारपोरेट नेशनलिज्म ने अपनी ऊंची उड़ान भरी जिसे जमीन पर रेंगता आर्थिक रूप से निम्न तबका हसरत भरी निगाहों से ताकता रहा।

कारपोरेट नेशनलिज्म इसी तरह आता है जैसे भारत में आया। स्वप्नों को त्रासदियों में बदल देने वाले छद्म राष्ट्रवाद और पुनरुत्थानवाद की आड़ में मुनाफे का निरंकुश खेल, जिसमें राजनीति बंधक बन जाती है और लोकतंत्र जैसे किसी प्रहसन में तब्दील हो जाता है। चल रही व्यवस्था से नाराज लोगों को अच्छे दिनों के ख्वाब दिखाना, बेरोजगारी से त्रस्त समाज को नौकरी के सब्जबाग दिखाना, अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का भरोसा दिलाना और जनता की तमाम जहालतों का ठीकरा व्यवस्था पर काबिज लोगों और उनकी नीतियों पर फोड़ना। इस तरह यह अपना रास्ता बनाता है।

इतना ही काफी नहीं होता। कारपोरेट नेशनलिज्म को अपने पांव पसारने के लिए एक ऐसे प्रायोजित नायक की जरूरत होती है जिसके छद्म छवि निर्माण से जनता को भ्रमित और चमत्कृत किया जा सके ताकि उसे लगे कि हमारा उद्धार करने वाला आ गया और कि हमें उसका खैर मकदम करते हुए अपने सिस्टम की चाबी उसे सौंप देनी चाहिए।

अवतारवाद की अवधारणा में विश्वास रखने वाले और इस विश्वास की चारदीवारी में अपनी चेतना को कैद कर देने वाले भारतीय जनमानस में इन कृत्रिमताओं की जड़ें जमाना आसान साबित हुआ और एक नए दौर का आगाज हो गया।

ऐसा दौर, जिसने भारतीय पत्रकारिता का घोर नैतिक पतन देखा, जिसने मध्य वर्ग की जटिल मानसिकता के भीतर की कुरूपताओं को उजागर किया, तथाकथित सवर्णों के बड़े हिस्से की सांप्रदायिक चेतना को उभारा और जिसने तथाकथित निचली जातियों के कई भ्रष्ट राजनीतिक ठेकेदारों के राजनीतिक चरित्र को खोल कर सामने रख दिया। सबसे महत्वपूर्ण कि इस दौर ने नवउदारवाद के भारतीय संस्करण की परतों को उधेड़ कर रख दिया और हमें अहसास दिलाया कि अपने मुनाफे के लिए कारपोरेट का एक प्रभावशाली तबका किस कदर जन विरोधी हो सकता है।

आर्थिक उदारवाद ने मध्यवर्ग के एक हिस्से को इतनी समृद्धि तो दे ही दी है कि बतौर बकरा उनके जिस भी हिस्से में दांत गड़ाया जाए, मांस ही मांस मिलेगा। हास्यास्पद यह कि अपने नोंचे जाने पर भी ये बकरे गर्व का उत्सव मनाते हैं और डिजाइनर स्कूलों, अस्पतालों में खुद के लूटे जाने को स्टेटस सिंबल मानते हैं। सरकारी अस्पतालों और स्कूलों की कल्पना से ही इन्हें उबकाई आती है। इसलिए इन्होंने इस पर सोचना ही छोड़ दिया है कि इनकी दशा सुधारने से देश और समाज का भला होगा, खुद उनका भी। कारपोरेट नेशनलिज्म ऐसे बिजनेस मॉडल को आदर्श मानता है जिसमें शिक्षा और स्वास्थ्य मुनाफा की संस्कृति की बलि चढ़ जाए।

कारपोरेट नेशनलिज्म ने निजीकरण को मुक्ति का मार्ग घोषित किया। हमारे देश के बिजनेस क्लास ने साबित किया कि मुनाफे की संस्कृति में अधिकाधिक लाभ कमाने के लिए वह नैतिक रूप से कितना नीचे गिर सकता है। अधिकाधिक मुनाफा कमाना, अधिकाधिक श्रम लेना, न्यूनतम वेतन देना। नीति निर्माण की प्रक्रिया पर अपनी पकड़ को निरंतर सख्त करता यह वर्ग अमानवीयता की हदों से गुजरता गया जहां शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत संरचनाओं पर उसके बढ़ते आधिपत्य ने एक पतित संस्कृति का निर्माण किया।

जब हम नवउदारवाद के भारतीय संस्करण की बातें करते हैं तो हम इसके चरित्र को यूरोप और अमेरिका से अलग कर देखने की कोशिश करते हैं। लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति जागरूक और पढ़े लिखे देशों में निजी उपक्रमों पर नियामक संस्थानों का कठोर नियंत्रण होता है और वे निर्धारित मानकों की उपेक्षा नहीं कर सकते। हमारे देश में ये उपक्रम तय मानकों को धता बताने में बिलकुल भी गुरेज नहीं करते। ऐसा हर क्षेत्र में है जिस कारण हमारे देश में निजीकरण संगठित लूट का एक माध्यम बन गया है। क्या कोई सोच सकता है कि यूरोप के पढ़े लिखे देशों के डिजाइनर प्राइवेट स्कूल हमारे देश की तरह बच्चों की स्तरीय शिक्षा से अधिक चिंता उनके ड्रेस और उनकी किताबों के माध्यम से अधिकाधिक मुनाफा लूटने पर करें?

आर्थिक उदारवाद ने मध्यवर्ग के एक हिस्से को इतनी समृद्धि तो दे ही दी है कि बतौर बकरा उनके जिस भी हिस्से में दांत गड़ाया जाए, मांस ही मांस मिलेगा। हास्यास्पद यह कि अपने नोंचे जाने पर भी ये बकरे गर्व का उत्सव मनाते हैं और डिजाइनर स्कूलों, अस्पतालों में खुद के लूटे जाने को स्टेटस सिंबल मानते हैं। सरकारी अस्पतालों और स्कूलों की कल्पना से ही इन्हें उबकाई आती है। इसलिए इन्होंने इस पर सोचना ही छोड़ दिया है कि इनकी दशा सुधारने से देश और समाज का भला होगा, खुद उनका भी।

कारपोरेट नेशनलिज्म ऐसे बिजनेस मॉडल को आदर्श मानता है जिसमें शिक्षा और स्वास्थ्य मुनाफा की संस्कृति की बलि चढ़ जाए। हेल्थ स्ट्रक्चर में सरकारी निवेश से अधिक तवज्जो करदाताओं की गाढ़ी कमाई से चलाई जा रही बीमा योजनाओं के माध्यम से निजी सेक्टर को मुनाफा के अवसर देना इसी आर्थिक चिंतन का हिस्सा है।

हालांकि, कोरोना महामारी के दौरान अमेरिका तक में सार्वजनिक हेल्थ बीमा के माध्यम से चिकित्सा प्रणाली की विफलता उजागर हो चुकी है। हमारे देश में तो उस दौर की दुर्दशा की याद अभी भी अधिक पुरानी नहीं पड़ी। लेकिन उस दुर्दशा के बावजूद न नीति निर्माताओं ने कोई सीख ली, न जनता ने।

कोरोना संकट ने साबित किया कि दुनिया के जिस भी देश ने स्वास्थ्य में सरकारी संरचना को मजबूती दी है वही इस महामारी का बेहतर तरीके से सामना कर सका। लेकिन, कॉर्पोरेट संस्कृति इन सीखों पर भ्रम का आवरण चढ़ाने में देर नहीं लगाती। कारपोरेट नेशनलिज्म जब एक बार किसी सिस्टम पर काबिज हो जाता है तो आसानी से इसके तंबू नहीं उखड़ते। जब तक यह बकरों के खून को चूस सकता है, जब तक यह मानवता को तहस नहस कर सकता है, तब तक अंतिम दम तक यह फन काढ़कर खड़ा रहता है। बहुत सारे लोग, जिनमें कुछ नामचीन चिंतक पत्रकार भी शामिल हैं, उम्मीदें लगाए हैं कि 2024 शायद इनका विराम बिंदु साबित हो। लेकिन, यह इतना आसान नहीं। कोई राजनीतिक दल या दलों का समूह तब तक इन्हें अपदस्थ नहीं कर सकता जब तक जनता इनके तंबुओं के बांस उखाड़ने पर आमादा न हो जाए। फिलहाल तो ऐसी अधिक उम्मीद नहीं।

नौकरी और अच्छे भविष्य, अच्छी अर्थव्यवस्था और अच्छे दिनों के आश्वासनों के पुल पर चढ़ कर आया, नेशनलिज्म और ठेठ सांप्रदायिकता को अपने औजारों की तरह यूज करते कारपोरेट राज को असल चुनौती किसी राजनीतिक दल से नहीं, जनता से ही मिलती है और इसके कनात तब उखड़ते हैं जब तक चतुर्दिक त्राहि त्राहि नहीं मच जाती और बिलबिलाती जनता विरोध में मुट्ठियां नहीं कस लेती। इतिहास इस तथ्य का साक्षी है। हालांकि बिलबिलाती जनता जब विरोध में मुट्ठियां कस लेती है तो झूठे स्वप्नों का आख्यान रचते, देश और जनता को ठगते सिस्टम के अलंबरदारों की कैसी दुर्गति होती है यह भी इतिहास अनेक उदाहरणों से हमें बताता है। लगता नहीं कि भारत के मतदाताओं का बड़ा हिस्सा अभी उस व्यामोह से बाहर निकल सका है जिसका वितान कारपोरेट नेशनलिज्म के सूत्रधारों ने रचा है। शायद अभी और फजीहतें बाकी हैं।

## प्रसंगवश

# विकास के अग्रदूत:श्रमिक



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

जब बहुत बड़ा भार होता है, तब पांच-सात मजदूर मिल कर उसे खिसकाते हैं, उठाते हैं, खड़ा करते हैं और यथास्थान ले जाते हैं, तब वे एक स्वर में जिन शब्दों का उच्चारण करते हैं, वे शब्द मानो उनके जीवन की व्यथा-कथा हैं, विवशता और हिम्मत। निर्धन मजदूर का जीवन मानो इन शब्दों का ही आख्यान है -

पल्ले पर गई हे ईसा।/ कोई बात नहीं है हे ईसा।/ थोरी रह गयी हे ईसा।/ पार पकर लयी हे ईसा। जिन श्रमिकों ने सडकें बनायी हैं, समुद्र को पाटा है, पर्वतों को पीस कर खेत बनाए हैं, खानों में प्रवेश करके संपदा का दोहन किया है, अपनी जान हथेली पर लेकर बहुमंजिले महल बनाए हैं, जिनकी बदौलत उद्योग चल रहे हैं, वे श्रमिक ही विकास के अग्रदूत हैं, देश का असली निर्माण करने वाले तो वे श्रमिक ही हैं। परन्तु यह कैसी व्यवस्था है, यह कैसी विडंबना है कि इतने श्रम के बाद भी वे ही आवासहीन हैं, वे ही धनहीन हैं? उनका जीवन त्रासदियों से आकुल-व्याकुल है।

इन कमेरों के श्रम के बिना वह बाजार और बाजार की नियामक-शक्तियां, वह अर्थव्यवस्था, वे बैंक, वह पैसा उत्पादन नहीं कर सकता। निर्माण नहीं कर सकता। रक्षा नहीं कर सकता। बाजार की नियामक-शक्तियां सब मिल कर के भी बाजार को नहीं चला सकेंगी। श्रम के बिना बाजार नहीं चलेगा। यह अलग है कि श्रम अपने परिवेश और व्यवस्था में कितना सस्ता और कितना महंगा है। बाजार की शक्तियां मनुष्य की इस श्रम-शक्ति का यांत्रिक-विकल्प खोजती रहती हैं। बेरोजगारी जितनी अधिक होगी, श्रम उतना सस्ता होगा। उत्पादक को उत्पादन का लाभ न मिले और बिचौलिया मुनाफ़ा कमाए तो भला उत्पादन कैसे बढ़ेगा? प्राइवेट-स्कूल-कालेज हैं, अध्यापक और अध्यापिकायें पढ़ा रही हैं, उन्हें क्या मिल रहा है? दस हजार-पंद्रह -हजार? बाकी मुनाफा कौन ले रहा है? जो खेती कर रहा है, उसे क्या मिला? कितना मिला? बाकी मुनाफा किसे मिला? श्रमिक आधे पेट रहे और कारपोरेट का पेट फूलता जाय। इस विश्व बाजार-व्यवस्था में मनुष्य की श्रम शक्ति का महत्व दिन-प्रतिदिन घटता जा रहा है। मनुष्य की महिमा घट रही है।

# अर्थव्यवस्था की वैश्विक चुनौतियां



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर, केआईटी, कानपुर

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में हर देश अपने आयात एवं निर्यात का एक खाता रखता है। यह वैसा ही है जैसे हमारा बचत खाता सभी निकासी एवं जमा पैसों का अलग-अलग हिसाब रखता है।

अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक पंडितों को धता बताते हुए भारत, वैश्विक अपेक्षाओं से भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। इसी के फलस्वरूप पूरी दुनिया अब भारत को निर्विवाद रूप से तेज़ी से प्रगति करने वाली अर्थव्यवस्था मान चुकी है। परंतु इसी के साथ अपने प्रतिस्पर्धी एवं पड़ोसी देश चीन के साथ अपनी तुलना करने पर हमें कुछ कठोर यथार्थ का भी सामना करना पड़ता है। आज नहीं तो कल वैश्विक मंच पर चीन को पछाड़ने के लिए हमें कठोर यथार्थ को स्वीकार करते हुए उन सभी मुद्दों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, जहां हम चीन से पीछे रह गए हैं। एक ओर जहां चीन की प्रति कैपिटा इनकम 12 हजार अमेरिकी डॉलर से अधिक है। तो वहीं दूसरी और भारत की प्रति कैपिटा इनकम मात्र 2200 अमेरिकी डॉलर है। एक तरफ चीन ने अपने देश से गरीबी का उन्मूलन कर दिया है। तो वहीं दूसरी और भारत में गरीबी एक यक्ष प्रश्न है। देश की आजादी के समय भारत की स्थिति चीन से काफी बेहतर थी किंतु भारत की अर्थव्यवस्था के विकास में हुई कुछ भारी गलतियों के कारण हम चीन से विकास की रफ्तार में बहुत पीछे छूट गए थे।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में हर देश अपने आयात एवं निर्यात का एक खाता रखता है। यह वैसा ही है जैसे हमारा बचत खाता सभी निकासी एवं जमा पैसों का अलग-अलग हिसाब रखता है। सभी आयात एवं निर्यात संबंधी गणना को 'बैलेंस ऑफ पेमेंट' के नाम से जाना जाता है। इसमें दो तरह के खाते होते हैं। जिसमें से पहला 'कैपिटल अकाउंट' और दूसरा 'करंट अकाउंट' के नाम से जाना जाता है। 'कैपिटल अकाउंट' में वह सभी ट्रांजैक्शन (लेन-देन) दर्ज होते हैं जो कि किसी दीर्घकालिक संपत्ति (एसेट) या फिर उत्तरदायित्व (लायबिलिटी) से संबंध रखते हैं। उदाहरण स्वरुप कोई कर्ज लेना एक लायबिलिटी है। तो कोई प्रत्यक्ष विदेशी निवेश एसेट का निर्माण करता है। इसके इतर 'करंट अकाउंट' वह खाता है जहां दर्ज किए गए ट्रांजैक्शन किसी एसेट अथवा लायबिलिटी से संबंध नहीं रखते हैं। यह करंट अकाउंट दो भागों में विभाजित हो जाता है। पहला 'ट्रेड अकाउंट' जिसमें सभी वस्तुएं जैसे कि इलेक्ट्रॉनिक्स, पेट्रोलियम, कृषि संबंधित उत्पाद आदि शामिल रहते हैं। तथा दूसरा 'इनविजिबल अकाउंट' जिसमें सेवाएं, लाभांश, दान, उपहार, ब्याज आदि को दर्ज किया जाता है।

यदि करंट अकाउंट के इन्हीं ट्रेड एवं इनविजिबल खातों का कुल योग ऋणात्मक होता है, तो इसे 'करंट अकाउंट डेफिसिट' बोला जाता है। यही करंट अकाउंट डेफिसिट भारत की लगभग स्थाई समस्या बन चुकी है। आसान शब्दों में इसे समझें तो भारत लंबे समय से आयात की अपेक्षा निर्यात कम कर रहा है। और हम विश्व मंच पर एक आयात प्रधान देश बन कर रह गए हैं। केंद्र सरकार इस क्षेत्र को गंभीरता से लेते हुए अपने दूरगामी लक्ष्य पर जिस प्रकार से कार्य कर रही है, उसी का परिणाम है कि हमारा करंट अकाउंट डिफिसिट कम होने की ओर अग्रसर है। भारतीय रिज़र्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार भारत का चालू खाता घाटा अप्रैल-सितम्बर 2022 के 48.8 बिलियन डॉलर के मुकाबले आधे से अधिक घटकर वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में 17.5 बिलियन डॉलर का हो गया है। परंतु इस घाटे से उबर कर 'सरप्लस अकाउंट' बनने में अभी समय लगेगा।

भारत के साथ अच्छी बात यह है कि साल दर साल हमारे चालू खाते का घाटा देश के कैपिटल अकाउंट के सरप्लस से बैलेंस हो जाता है। और इस तरह से भारत का फॉरेन एक्सचेंज रिज़र्व लगातार मजबूत होता रहता है। परंतु कैपिटल अकाउंट को मजबूती विदेशी निवेश तथा कर्ज से मिलती है और इसलिए बहुत हद तक इस पर वैश्विक एवं घरेलू आर्थिक स्थितियों का नियंत्रण होता है। मंदी की चपेट में आते ही किसी देश का कैपिटल अकाउंट सरप्लस खत्म हो सकता है। ऐसी स्थिति में भारत के लिए अत्यंत आवश्यक खनिज तेल इलेक्ट्रॉनिक उपकरण व प्राकृतिक गैस के आयात पर संकट उत्पन्न हो सकता है। और इस संकट का अर्थ है देश में गंभीर स्थितियां पैदा होना। साथ ही कैपिटल अकाउंट का मूल्यवर्धन होने का अर्थ लाभ ब्याज एवं डिविडेंड के रूप में पैसा बाहर जाना भी होता है। इसलिए कैपिटल अकाउंट के बढ़ने से यदि विदेशी मुद्रा कोष बढ़ रहा है, तो इसे स्वस्थ दृष्टिकोण नहीं माना जाना चाहिए। इसका अर्थ है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देने वाला यह उपकरण भी पूरी तरह से सुरक्षित नहीं है। भारत का बड़ा ऊर्जा आयातक होना इस घाटे में बड़ा रोल अदा करता है।

## सोशल फोरम

# हर मजदूर का एक मालिक

मज़दूर दिवस पर बताने जैसी बात ये कि हमारे घर में एक बच्ची मालिक है और बाकी सब उसके मज़दूर। वो आगे आगे, सब उसके पीछे पीछे। सब मुंह ताकते हैं उसका। वह क्या सोच रही है?

हर मज़दूर का एक मालिक होता है। मालिक एक निश्चित तनख़्वाह के एवज में यह तय करता है कि मजदूर क्या करेगा, क्या नहीं करेगा, कब करेगा। मालिक खुद काम नहीं करता वो काम करवाता है। मालिक बात मनवाता है और मज़दूर बात मानता है। मालिक मन की बात करता है, मज़दूर सुनता है। मालिक की मर्ज़ी, चाहे जब उठे, चाहे जब सो जाए। जब मर्ज़ी हो मज़दूरों की तरफ देखे जब चाहे अनदेखा कर दे। पर मज़दूर को इस बाबत बुरा मानने का हक नहीं होता। पर ना मज़दूर की गति मालिक के बिना, और ना मालिक की हैसियत मज़दूरों के बिना। दोनों लड़े झगड़े या शांति से रहें, इन्हें साथ रहना ही होता है।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

पर मालिक होता है चतुर। चतुर है इसीलिए मालिक है। बहुत बार वो मजदूर की तरफ़ मुस्कुरा कर निहार लेता है। पीठ थपथपा देता है, हाल चाल पूछ लेता है बच्चों के। मज़दूर इतने भर में निहाल हो जाते हैं और चतुर मालिक इसके एवज़ में मज़दूरों से वो सब भी करवा ले जाता है जिसे बेगार कहते हैं।

मज़दूर दिवस पर बताने जैसी बात ये कि हमारे घर में एक बच्ची मालिक है और बाकी सब उसके मज़दूर। वो आगे आगे, सब उसके पीछे पीछे। सब मुंह ताकते हैं उसका। वह क्या सोच रही है? उसे क्या चाहिए। इसके बदले में मुस्कुराती है सभी को देखकर और यदा कदा पप्पियों से नवाजती है। मजदूर राजी हैं इस तनख़्वाह से और मजे की बात यह कि काम के घंटे तय न होने के बावजूद राजी हैं। चूंकि मालिक मिलनसार और खुशमिजाज है, इसलिए वो उसकी हर ख़्वाहिश को सिर माथे पर लेने के लिए तैयार बने रहते हैं। मालिक मज़दूर दोनों एक दूसरे से खुश हों ऐसी व्यवस्था अमूमन होती नहीं। पर हमारे घर में है। और इस व्यवस्था के चलते सब राजी खुशी हैं और अमन चैन कायम है।

-फेसबुक वॉल से

# ढंग से जीने की आजादी देता है संविधान



हफीज किदवई
लेखक

इन संविधान के न होने पर पता नही कोई हुकूमत कह दे कि हर दवा का पहला परीक्षण प्रत्येक परिवार के एक सदस्य पर होगा और आप देखते ही देखते चूहों की जगह ले लेंगे। संविधान है, इसलिए यह मनमानी तो नहीं हो सकती है।

अगर कोई आपको पकड़ कर कहे कि चलो उठो, तुम्हें फ़लाने नेता को खून देना है। तो आप उसे किस अधिकार से मना कीजिएगा। यही नहीं अगर कोई अधिकारी कह दे कि आपकी किडनी निकालकर फ़लाने को लगा दी जाए। तो आपके पास ऐसी कौन सी ताक़त है, जो यह करने से रोकिए।

अच्छा अगर कोई कहे कि सुबह आपको नाश्ते में पोहा, दोपहर खाने में बाटी चोखा और रात को हल्का खाना ढोकला ही खाना है। इसके अतिरिक्त कुछ नहीं खाया जा सकता, पीने के केवल दो विकल्प हैं, सत्तू या फिर पानी, बाकी कोई सॉफ्ट ड्रिकन नहीं पी सकते हैं। तो ऐसा करने से मना करने की कौन सी ताक़त है आपके पास। अच्छा यह भी छोड़िए, अगर कोई आपसे कह दे कि आप सिर्फ फ़लाने तरीके की लड़की या लड़के से ही शादी कर सकते हैं। कोई दूसरे से नहीं, या फिर आप प्रेम सिर्फ अपने ही धर्म, मज़हब या फिर कॉलोनी में कर सकते हैं, तो वह कौन सी ताकत है, जिससे आप इस पाबंदी से निपटेंगे। मसला यह है कि आप जो रोजमर्रा की ज़िंदगी जीते हैं, अगर इसमें कोई अपना ज़बरन हस्तक्षेप करे, तो वह कौन सी ताक़त है, जो इसे रोकेगी।

जानते हैं यह ताकत क्या है। यह है हमारे देश का संविधान। इसमें लिखी हमारे अधिकार और कर्तव्यों की वह लाइन है, जो ऐसा हर काम करने से रोकती है यह है हमारी ताक़त। हमारे संविधान ने हमें दैहिक स्वतंत्रता दी है। इसलिए कोई भी,कभी भी, खड़ा होकर हमारी नसों से खून नहीं निकलवा सकता है, हमारी किडनी नहीं छीन सकता है, हमारी गाड़ी नहीं उठवा सकता है, हमारे खानों को सीमित नही कर सकता है, हमारे मनोरंजन पर पहरा नहीं बैठा सकता है।

लोग संविधान को केवल आरक्षण जैसे विषयों पर ही लाकर ख़त्म कर देते हैं। आरक्षण तो सिर्फ़ एक मामूली हिस्सा है, असली बात तो यह है कि हमारा संविधान, हमें, हमारे ढंग से जीने की आज़ादी देता है। अगर यह नहीं होगा, तो कोई भी ताकतवर आपको पकड़कर चार यूनिट खून ले लेगा और कोई अधिकार न होने पर, आप सिर्फ खून देंगे और रोएंगे। इसलिए ज़रूरी है संविधान, इसलिए ही बात हो रही है कि इसे बचा लो। आरक्षण के पन्ने से ज़्यादा यह बात महत्वपूर्ण है, जिसपर बात ही नहीं हो रही।

अभी वैक्सीन का तमाशा बाहर आया है। जानते हैं सुप्रीम अदालत में हुकूमत ने क्या कहा है कुछ रोज़ पहले, यही की उसने कभी भी वैक्सीन लगाना अनिवार्य नहीं किया था। यानि वैक्सीन वैकल्पिक थी। यह जानते हैं किस डर से कही गई बात है। संविधान का डर, क्योंकि वह ज़बरदस्ती से रोकता है। जबकि आपको पता है कि हर जगह पर वैक्सीन लगवाना अनिवार्य ही था मगर यह विभागीय स्तर पर हुआ था। हमारा संविधान इतना ही शक्तिशाली है कि उसमें हर कमज़ोर के लिए ताकत रखी गई है।

आपको हमेशा लगता होगा कि आप बड़े ताकतवर हैं। आपको संविधान की ज़रूरत ही क्या है। संविधान हमारी ज़िंदगी मे क्या ही रोल निभाता है। यह तो दलित और अल्पसंख्यक के लिए है। मगर जब कभी आप कमज़ोर पड़ते हैं, डॉक्टर के आगे, वकील के आगे, पुलिस के आगे, अधिकारी के आगे, दबंग के आगे, नेताओं के आगे,तब यही संविधान होता है, जो आपकी ताक़त बनकर इनका मुकाबला करता है। यह सिर्फ कुछ पन्नों की किताब नहीं है, इसकी अहमियत समझिए ।

यहां कोई यह नही कह सकता है कि फलानी कुर्सी पर सिर्फ काले रंग के लोग बैठेंगे। कोई यह नही कह सकता कि इस नल से केवल गोरे लोग पानी पिएंगे। यहां केवल छोटे कद के लोगों का इलाज होगा। यहां सिर्फ लंबे कद के लोगों की सुनवाई होगा। यहां हमारा संविधान हमें रंग, कद, वज़न, लिंग, धर्म, जाति, वर्ग से बराबर करता है और कुछ लोग कहते हैं मसला केवल आरक्षण है।

ज़रा ग़ौर कीजिये। संविधान नहीं रहेगा, तो सिर्फ आरक्षण ही नहीं जाएगा, बहुत कुछ जाएगा और नया क्या आएगा, आपको और हमें नहीं पता। इन संविधान के न होने पर पता नही कोई हुकूमत कह दे कि हर दवा का पहला परीक्षण प्रत्येक परिवार के एक सदस्य पर होगा और आप देखते ही देखते चूहों की जगह ले लेंगे। संविधान है, इसलिए यह मनमानी तो नहीं हो सकती है। इस बात की गंभीरता को समझिए। देश के संविधान का सम्मान कीजिए।

# बिहार: सनातन और कानून तार तार

इस समय देश में सनातन धर्म और संस्कृति की झंडाबरदार भाजपा सरकार है। बिहार में कुछ दिन पहले तो उसके मुखिया नीतीशकुमार कथित 'सेकुलर' पाले में थे और विशेष अवसरों पर पल्लेदार मुस्लिम टोपी भी लगा लेते थे, किंतु अब, जैसा कि वे कहते हैं, उनका स्थायी हृदय परिवर्तन हो गया है और वे भाजपाई खेमें में ही हमेशा रहेंगे। ऐसे में बिहार को भी भगवा मान लेना समीचीन होगा। वहां भाजपा का सत्ता में साझा है और उसके दो उप मुख्यमंत्री भी हैं। ऐसा होते हुए भी वहां हो रही घटनाएं विचलित कर देने वाली हैं, क्योंकि उनसे सनातन धर्म सांसें तोड़ रहा है और कानून की धज्जियां उड़ रही हैं। यहां के बांका जिले के सदर थाना क्षेत्रांतर्गत हिरमोती गांव में एक दामाद का अपनी सास से विवाह संपन्न हो गया। सिकंदर यादव का विवाह ढाई दशक पहले दिलेश्वर और गीता दंपति की बेटी के साथ हुआ था, जो दो बच्चों को जन्म देने के बाद परलोक सिधार गई। सिकंदर ने अन्यत्र शादी कर ली, लेकिन पटी उससे भी नहीं और तलाक़ हो गया। इस बीच सिकंदर का पहले वाली ससुराल आना जाना बना रहा और 45 वर्षीय सास गीता से प्रेम हो गया। प्रेम उभय पक्षीय था। बात बढ़ी और एक दिन ससुर ने दोनों को गलत हालत में देख लिया। पंचायत बुलाई गई। दोनों की पेशी हुई। दोनों ने परस्पर प्रेम प्रसंग को स्वीकारा। तब ससुर सहित सबने दोनों के विवाह का निर्णय लिया। लोग बुलाए गये और डंके की चोट पर दामाद ने सास की मांग में सिंदूर डाला और विदा कराकर अपने घर ले गया। यही नहीं, इस विवाह का प्रशासन तंत्र में पंजीकरण भी हुआ। क्षेत्र में खूब चर्चा हुई।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

सनातन धर्म के सिद्धांतों और लोकमान्य संस्कृति के अनुसार यह विवाह घृणास्पद और गर्हित है। सास धर्म-माता होती है। अंग्रेज भी इसे 'मदर-इन-ला' कहते हैं, यानी विधानतः माता। तथ्य यह भी है कि कानून भी ऐसे विवाह की अनुमति नहीं देता। हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 5 को धारा 11 के साथ पढ़ने पर स्थिति साफ हो जाती है। कुछ रिश्तों में शादियां वर्जित हैं, जैसे मां बेटा, भाई बहन, ससुर बहू आदि इनमें सास और दामाद भी है। इसके अलावा जिन दो का विवाह हो रहा हो, यदि उनमें किसी का जीवन साथी जिंदा है, तो बिना तलाक़ हुए विवाह नहीं हो सकता। ज्ञातव्य है यह विवाह अवैध होने के कारण धारा 494 भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत 7 वर्ष की सजा से दंडनीय है।

बिहार के सनातन धर्म के ध्वज वाहक कहां हैं? इन दिनों भाजपा 'मंगलसूत्र' को भी चुनावी मुद्दा बना रही है। तो क्या 400 पार का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु मोदी-नीतीश एक एक महिला को दो दो मंगल सूत्रों से सज्जित कर देंगे? यानी जीवित पतियों वाली नारियों के अमर्यादित विवाह होने देंगे?

# लेबर मंडी में सूरज चढ़ते ही घटने लगती है मजदूरी, परिवार पालना हुआ मुश्किल

## मेंहदावल चौक पर काम की आस में पहुंचते हैं मजदूर



लेबर मंडी में ग्राहकों की राह देखते मजदूर। अमृत विचार

संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** जनपद मुख्यालय खलीलाबाद के मेंहदावल चौक पर सुबह होते ही लेबरों की मंडी गुलजार हो जाती है। पौ फटते ही इस चौक पर सैकड़ों मजदूर इस उम्मीद के साथ पहुंच जाते हैं कि आज उन्हें कोई जरुरतमंद मिलेगा और उनकी दिहाड़ी बन जाएगी। जिसके सहारे परिवार के लोगों को दो वक्त की रोटी नसीब हो जाएगी।

कोई व्यक्ति चौराहे पर पहुंच कर गाड़ी खड़ी करता है तो उसे दर्जनों मजदूर घेर लेते हैं और उसपर सवालों की बौछार करने लगते हैं कि "बाबूजी कितने लेबर चाहिए, काम क्या करना है, राजगीर चाहिए या लेबर, कितने दिनों का काम है, आदि आदि सवाल शुरु कर देते हैं। जिन्हें काम मिल गया वे बड़ी खुशी से अपने खरीदार के साथ रवाना हो जाते हैं। सुबह 7 बजे से 10 बजे तक की प्रतीक्षा के बावजूद जिन मजदूरों को काम नहीं मिल पाता वे बड़ी मायूसी के साथ अपने घरों को रवाना हो जाते हैं। यहां लेबरों की कोई फिक्स मजदूरी निर्धारित नहीं है। मजदूर राम किशुन, बालकेश, रामधनी, सुरेश और संजय कुमार ने बताया कि वे जनपद मुख्यालय के 15 किलोमीटर एरिया से रोज यहां आते हैं। सुबह 8 बजे तक जिन मजदूरों को काम मिल जाता है उनको 450 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से मजदूरी मिल जाती है। दिन में 9 से 9.30 बजे के आसपास काम मिला तो 400 रुपए मजदूरी मिलती है। लेकिन अगर 10 बजे काम मिल पाया तो मजदूरी 350 या 300 ही मिलती है।

उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी के चलते इन दिनों अधिकांश मजदूरों को काम नहीं मिल पा रहा है। जिसके चलते उन्हें मायूस होकर घर लौटना पड़ता है। सरकार ने मनरेगा योजना चलाकर मजदूरों को 100 दिन के रोजगार की गारंटी दिया है लेकिन ग्राम प्रधानों द्वारा अपने चहेतों का फर्जी जाब कार्ड बनाकर मजदूरों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है।

### मनरेगा मजदूर संगठन ने मनाया राष्ट्रीय श्रमिक दिवस



राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाते मनरेगा मजदूर। अमृत विचार

**संतकबीरनगर।** हर वर्ष की भांति बुधवार 1 मई को राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के रूप में मनाया गया। मनरेगा मजदूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अम्बिका प्रसाद श्रमिक की अध्यक्षता में खलीलाबाद स्थित सरयू नहर कॉलोनी में मजदूर दिवस के रूप में मनाया गया। मौजूद श्रमिकों को सम्बोधित करते हुए मनरेगा मजदूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंबिका प्रसाद श्रमिक ने कहा कि मनरेगा मजदूरों को देश और प्रदेश की सरकार कोई तवज्जो नहीं दे रही है। इतना ही नहीं मनरेगा मजदूर को दी जाने वाली दैनिक मजदूरी भी बेहद कम है। जिसमें मनरेगा मजदूरों का गुजर बसर होना मुश्किल हो जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में संगठन द्वारा एक वृहद निर्णय लिया जाएगा कि हम अपने मत का प्रयोग कहां करें। मजदूर दिवस के दिन श्रमिकों ने मजदूर दिवस मनाने के साथ ही अपनी समस्याएं भी राष्ट्रीय अध्यक्ष के समक्ष रखा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि 2 मई सरयू नहर कॉलोनी में प्रेसवार्ता करके वर्तमान चुनाव में बाहरी भागो जिला बचाओ अभियान को आगे बढ़ाने का प्रयास करूंगा। जिसमें जिले के प्रजापति समाज के राष्ट्रीय एकीकरण संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार प्रजापति भी शामिल रहेंगे।

### लेबर मंडी में नहीं है छाया और पेयजल का इंतजाम

खलीलाबाद के मेंहदावल चौक पर पिछले कई दशकों से लेबर मंडी लगती है। यहां मजदूर सर्दी गर्मी और बरसात में खुले आसमान के नीचे खड़े होकर अपने ग्राहक की राह देखते हैं। सारी जानकारी होने के बावजूद नगरपालिका द्वारा मजदूरों के लिए छाजन और पेयजल का कोई प्रबंध नहीं किया गया है। सुबह 8 बजते ही सूर्य आग उगलने लगते हैं और मजदूर दिन में 11 बजे तक खुले आसमान के नीचे तपती धूप में खड़े रहने के बाद अपनी भाग्य को कोसते हुए घर वापस लौट जाते हैं।

### दरगाह में जेठ मेला को लेकर तैयारी की समीक्षा बैठक

**बहराइच, अमृत विचार।** शहर स्थित सैय्यद सालार मसऊद गाजी दरगाह में एक माह तक चलने वाले सालाना जेठ मेले को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। तीस मई से मेला का आगाज होगा। दो जून को खास रविवार की रस्म अदायगी होगी। बुधवार दोपहर में दरगाह गोल घर में तैयारी समीक्षा बैठक कमेटी सदर सैय्यद शमसाद अहमद की अध्यक्षता मे हुई। प्रभारी मैनेजर हाजी अलीमुलहक ने मेले के बाग के ठहराव स्थलों, पेयजल, सफाई, बिजली, चिकित्सा व्यवस्था की तैयारियों का ब्यौरा दिया। इस अवसर पर गिरदावर हाजी अजमतउल्ला, इलियास अली शब्बू, तनवीर अहमद आदि मौजूद रहे।

# पीस पार्टी प्रत्याशी ने दाखिल किया नामांकन

संतकबीरनगर



नामांकन दाखिल करते पीस पार्टी के प्रत्याशी गिरिवर सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन में छठें चरण के मतदान को लेकर नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन । पीस पार्टी के प्रत्याशी गिरवर सिंह ने बुधवार को रिटर्निंग आफिसर व जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। 11 व्यक्तियों ने 23 सेटों में नामांकन पत्र भी प्राप्त किया। नामांकन पत्र प्राप्त करने वालों में निर्दलीय अश्वनी कुमार पुत्र लालमनि, रविन्द्रनाथ पाण्डेय पुत्र यमुना प्रसाद, सत्यनारायन पुत्र राममिलन प्रजापति, सत्यवंत प्रताप सिंह पुत्र सिंघासन सिंह, रामचन्द्र पुत्र जयराम गुप्ता, रामकृष्ण द्विवेदी पुत्र रामलाल द्विवेदी, दानिश अशरफ के लिए बदरे आलम पुत्र जमालुद्दीन ने नामांकन पत्र प्राप्त किया। इनके अलावा अखिल भारतीय हिन्दू महासभा से रामाकान्त पाण्डेय पुत्र रामदयाल पाण्डेय, आजाद अधिकार सेना से सतीश सिंह पुत्र अशोक सिंह, मौलिक अधिकार पार्टी से श्याम कुमार राव पुत्र रामनवल और भारतीय आरक्षण मुक्ति दल (अटल बिहारी के लिए) हरेन्द्र कुमार उपाध्याय पुत्र ओंकारनाथ उपाध्याय ने नामांकन पत्र प्राप्त किया। नामांकन पत्र प्राप्त किये जाने और नामांकन पत्रों को दाखिल किये जाने की अंतिम तिथि 6 मई शाम 3 बजे तक निर्धारित है।

कलेक्ट्रेट परिसर में जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष संख्या 3 को नामांकन कक्ष बनाया गया है।

### चुनाव ड्यूटी के लिए बदायूं रवाना हुए पुलिस कर्मी

**संतकबीरनगर।** तृतीय चरण के मतदान के दौरान सुरक्षा ड्यूटी के लिए बुधवार को 112 पुलिस कर्मियों का जत्था बुधवार को बदायूं जनपद के लिए रवाना हुआ। अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह ने बताया कि जनपद संतकबीरनगर से बीते 16 अप्रैल को प्रथम चरण में चुनाव ड्यूटी के लिए 16 उपनिरीक्षक, 210 मुख्य आरक्षी और आरक्षी रवाना हुए थे। इसके अलावा द्वितीय चरण की चुनाव ड्यूटी के लिए 20 अप्रैल को अतिरिक्त 26 मुख्य आरक्षियों और आरक्षियों को रवाना किया जा चुका है। मंगलवार को तृतीय चरण का चुनाव सम्पन्न कराने के लिए अतिरिक्त 6 उपनिरीक्षकों, 106 मुख्य आरक्षियों और आरक्षियों को जनपद बदायूं के लिए रवाना किया गया है।

### गायत्री महायज्ञ व प्रज्ञा पुराण कथा शुरु

**पयागपुर, बहराइच।** शांतिकुंज हरिद्वार की टोली द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का शुभारंभ सैकड़ों पीत वस्त्रधारी महिलाओं ने भव्य कलश शोभा यात्रा निकाल कर किया। पयागपुर क्षेत्र के पहलवारा गाँव मे गायत्री परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद प्रज्ञा पुराण कथा एवं गायत्री महायज्ञ के शुभारंभ दिवस पर सैकड़ों पीत वस्त्र धारी महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर"युग निर्माण कैसे होगा, व्यक्ति के निर्माण से, हम बदलेंगे, युग बदलेगा, नारी को लजाओ मत, गंदे चित्र लगाओ मत"जैसे जयघोष करते हुए इकौना मार्ग के रास्ते सेमरियावां चौराहा होते हुए देवरिया गाँव से कार्यक्रम स्थल पहलवारा पहुँची, जहाँ विद्वान पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश को स्थापित किया गया। परिब्राजक ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने बताया कि पाँच दिनों तक चलने वाले इस पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा कार्यक्रम में प्रतिदिन सुबह गायत्री महायज्ञ और सायं काल में शांतिकुंज हरिद्वार से आये कथावाचक सत्यनारायण "सूर्य"की टोली के द्वारा संगीतमय श्रीमद प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन होगा।

# कार्मिकों को कोड संख्या का आवंटन



मतदान कार्मिकों का प्रथम रेंडमाइजेशन सम्पन्न कराते जिला निर्वाचन अधिकारी। अमृत विचार

संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि मतदान कार्मिकों का प्रथम रेण्डमाइजेशन कर कार्मिकों को कोड संख्या का आवंटन कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आज सम्पन्न हुए रेण्डमाइजेशन में 1819 पीठासीन अधिकारियों, 1819 मतदान अधिकारी प्रथम, 1912 मतदान अधिकारी द्वितीय और 2090 मतदान अधिकारी तृतीय को कोड आवंटित किया गया है। निर्वाचन आयोग के ईपीडीएस साफ्टवेयर से कार्मिक कोड आवंटित किया गया है। क्रिटकल बूथों की निगरानी के लिए 280 माइक्रो आब्जर्वरों को भी रेण्डम आधार पर कार्मिक कोड का आवंटन किया गया है। 11 मई को हीरालाल डिग्री कॉलेज खलीलाबाद में दो पालियों में माइक्रो आब्जर्वरों, पीठासीन अधिकारियों और मतदान अधिकारी प्रथम का प्रशिक्षण कराया जाएगा। प्रथम पाली का प्रशिक्षण 9.30 बजे से 1 बजे तक और द्वितीय पॉली का प्रशिक्षण 2.30 से शाम 6 बजे तक कराया जाएगा। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी सुरेश चन्द्र केसरवानी, डीसी एनआरएलएम जीशान रिजवी, प्रशिक्षु उप जिलाधिकारी मंजुल मयंक, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी चन्द्रशेखर यादव, जिला कृषि अधिकारी पी.सी. विश्वकर्मा सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

# मजिस्ट्रेट की टीम ने जांच के दौरान बैग से बरामद किए चार लाख रुपये

मटेरा, बहराइच

**अमृत विचार।** नानपारा बहराइच मार्ग पर बुधवार शाम को जांच के दौरान बोलेरो वाहन से एफएसटी की सेकेंड टीम ने चार लाख रूपये बरामद किया। कागजात न मिलने पर नकदी सीज कर दिया है।

लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में एफएसटी और एसएससी टीम द्वारा वाहनों की जांच की जा रही है। बुधवार शाम को नानपारा बहराइच मार्ग पर मटेरा थाना क्षेत्र के मटेरा चौराहे के पास मजिस्ट्रेट नितिन कुमार मौर्य की अगुवाई में उपनिरीक्षक तेज नारायण की अगुवाई में टीम जांच कर रही थी। जाट के दौरान नानपारा से मिहीपुरवा की ओर बोलेरो वाहन जाती दिखी। मजिस्ट्रेट ने वाहन रुकवा कर जांच की तो वहां के अंदर बाग में 400000 नकदी मिली। नगदी का कोई भी कागजात वाहन स्वामी नहीं दिखा सका पूछताछ में उसने बताया कि रायबरेली में जमीन के बिक्री की गई है जिसका वह रुपए लेकर जा। रहा है, लेकिन कागजात न मिलने पर नकदी को सीज कर दी गई है। वाहन स्वामी की पहचाना मोतीपुर थाना क्षेत्र के गोपिया निवासी मातफेर के रूप में हुई है।

# इंस्पेक्टर धनघटा ने किया निःशुल्क प्याऊ का उद्घाटन

धनघटा, संतकबीरनगर




निःशुल्क प्याऊ का उद्घाटन करते प्रभारी निरीक्षक धनघटा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने भीषण गर्मी को देखते हुए सोमवार को धनघटा चौराहे पर निःशुल्क प्याऊ लगाया। यहां अगले दो महीने तक लोगों को निःशुल्क ठंडा जल उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक धनघटा अनिल कुमार और विशिष्ट अतिथि महिला रिपोर्टिंग चौकी प्रभारी आरती पाण्डेय ने फीता काटकर प्याऊ का उद्घाटन किया। इस मौके पर मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार ने कहा कि भीषण गर्मी के सीजन में इस तरह की व्यवस्था करना बेहद पुनीत कार्य है। महिला रिपोर्टिंग चौकी प्रभारी आरती पांडेय ने कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने इस प्रकार की सराहनीय व्यवस्था कर समाज में एक अच्छा संदेश दिया है। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सौरभ त्रिपाठी ने बताया कि क्षेत्र की समस्याओं को पत्रकार साथी लगातार उठाते रहते हैं। जिससे पीड़ितों को न्याय मिलता है। संगठन के सभी साथियों के सहयोग से एक प्रयास किया गया है जो लगातार पूरी गर्मी चलेगा। इस मौके पर मंडल महामंत्री बुद्धिसागर मिश्र, मीडिया प्रभारी रमेश दूबे, अकील अहमद, अशोक धवल, बलवंत पांडेय, चंद्रभान यादव, अखिलेश यादव, विंध्यवासिनी यादव, प्रमोद गोस्वामी, शिवराम चतुर्वेदी, महिला कांस्टेबल रागिनी सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# धान कूटने वाली मशीन में साड़ी फंसने से महिला की मौत

सांथा, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** बेलहर कला थानाक्षेत्र के ग्राम औरहिया मंझरिया गांव में धान कुटवा रही महिला की साड़ी धान कूटने वाली मशीन में फंस गई। ट्रैक्टर चालक जबतक मशीन रोकता महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई । जिसकी इलाज मिलने से पहले ही मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद पूरे परिवार और समूचे गांव में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची बेलहर पुलिस ने मृतका के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुधवार की सुबह लगभग 11.30 बजे ग्राम औरहिया मंझरिया निवासी पार्वती पत्नी राम उजागिर ट्रैक्टर से चालित धान कूटने वाली मशीन से धान कुटवा रही थी। इसी बीच उनकी साड़ी मशीन में फंस गई जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गई। स्वजन जब तक उन्हें सीएचसी मेंहदावल पहुंचाते तब तक उनकी मृत्यु हो गई थी।

घटना की सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला की मृत्यु के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक बेलहर कला ने बताया कि अभी तक मामले की तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलते ही मामले की जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** बखिरा पुलिस ने थानाक्षेत्र के एक गांव की नाबालिग लड़की के साथ डरा धमकाकर जबरन दुष्कर्म करने वाले नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष श्याम मोहन ने बताया कि अभियुक्त प्रदुम्न पुत्र मखंजु निवासी ग्राम बरडाड़ थाना बखिरा ने थानाक्षेत्र के एक गांव की नाबालिग बालिका के साथ जबरन दुष्कर्म किया था। पीड़ित परिजनों की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मंगलवार को मुकदमा कायम कर उसकी तलाश कराई जा रही थी। बुधवार को मुखबिर की सूचना पर उसे देवपुर राम जानकी मंदिर के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया गया है।

## वर्ग पहेली-57

**बाएं से दाएं**

4. साथ चलने या रहने वाला।
5. ख़र्च या व्यय किया हुआ, किसी कार्य या व्यवसाय में लगाया हुआ, निवेश किया हुआ (धन)।
7. 1. बंगाल नामक प्रांत 2. एक दवा जो ताकत बढ़ाती है।
8. धन या रुपया प्राप्त करने की घोर लालसा; प्रबल धनलिप्सा; संपत्ति हासिल करने की लालसा या घोर तृष्णा।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. विस्तार, फैलाव, प्रसार 2. परिमाण 3. समूह, झुंड।
2. आपत्तिजनक संवादों
3. 1. (इस्लाम) ख़ुदा या ईश्वर का हुक्म जिसका पालन करना बंदों का फ़र्ज़ होता है
5. 1. निरोध करने की क्रिया या भाव, बंधक या रोक में रखना 2. रोक, रुकावट 3. वैद्यक या आयुर्वेद में पारा का शोधन करते समय किया जाने वाला एक संस्कार।
6. झींगा मछली।



### वर्ग पहेली-56 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 के | द | ■ | ■ | ■ | ■ | 2 घूँ |
| मा | ■ | 3 पे | 4 प | र | वे | ट |
| ■ | 5 सृ | ■ | चे | ■ | ■ | ना |
| 6 अ | व | हे | लि | त | ■ | ■ |
| ■ | यं | ■ | म | ■ | 7 म | ■ |
| ■ | से | ■ | ■ | 8 जू | झ | ना |
| 9 नि | वा | र | ण | ■ | ला | ■ |

## सुडोकू-136

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | | | | | | | |
| | | 1 | | 7 | 2 | | | |
| 6 | | | | 9 | | | 5 | 3 |
| 7 | | | 8 | 6 | | | | |
| | 8 | | | | | | 3 | |
| | 6 | | | 5 | 1 | | | |
| 2 | 9 | | | | | | | 5 |
| | | | 6 | 3 | | | | |
| | | 6 | | | 4 | | 7 | 8 |

### सुडोकू-135 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 | 8 | 5 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 5 | 7 | 6 | 2 | 1 |
| 5 | 9 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 7 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 9 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 2 | 5 | 3 | 1 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 |
| 9 | 6 | 4 | 2 | 7 | 8 | 1 | 5 | 3 |
| 6 | 4 | 5 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 | 2 |
| 1 | 8 | 9 | 7 | 2 | 3 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 2 | 7 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 मई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 3 मई 01.52 तक तत्पश्चात दशमी।

**मेष** — आज कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली परेशानी दूर होगी। आप जितनी मेहनत करेंगे आपको उसका परिणाम तुरन्त प्राप्त होगा। नए भावनात्मक रिश्तों की शुरुआत हो सकती है। आपको मित्रों से भरपूर सहयोग मिलेगा।

**वृष** — आज युवा अपने करियर को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। आप अपने काम का पूरी तरह से आनन्द ले पायेंगे। कारोबार में कुछ नया प्रयोग कर सकते हैं। अपने लाभ के लिये स्वार्थी बनना ठीक नहीं है। आज लोगों के प्रति अपना व्यवहार न बिगाड़ें।

**मिथुन** — घर में आज बिना बुलाये मेहमान आ सकते हैं। जल्दबाजी में आपके काम बिगड़ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में थोड़ी अनियमितता हो सकती है। पेट में गैस की समस्या हो सकती है। मसालेदार व तामसिक भोजन का सेवन न करें। हर विषय पर आपको राय देने से बचना चाहिए।

**कर्क** — आज सुबह आप किसी महत्वपूर्ण कार्य से यात्रा कर सकते हैं। लेकिन आज आपको यात्रा करने से बचना चाहिए। थकान और बुखार जैसी परेशानी हो सकती है। कार्यस्थल पर आप काफी सक्रिय रहने वाले हैं। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**सिंह** — आज आप धर्म-कर्म में काफी व्यस्त रहने वाले हैं। आपका आत्मविश्वास काफी बढ़ा हुआ रहेगा। किन्तु आप अनावश्यक बातों को लेकर क्रुद्ध हो सकते हैं। अपना मन शांत रखें व अच्छी संगत में रहें। चल-अचल सम्पत्ति के विवाद शांत होंगे।

**कन्या** — आज व्यवसाय में बड़े अनुबंध मिलने की संभावना बन रही है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में मन लगाना चाहिए। आय की दृष्टि से दिन बहुत ही उत्तम है। विरोधियों के ऊपर आपका प्रभाव बढ़ेगा। जल का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें। सेहत की समस्या दूर होगी।

**तुला** — आज शेयर मार्केट में कार्य कर रहे लोगों को लाभ मिलेगा। बच्चों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं। मन आज थोड़ा व्यथित रहेगा। प्रेमी जन से बहसबाजी हो सकती है। लेन-देन के मामलों में सावधानी रखें। कमर दर्द की शिकायत हो सकती है।

**वृश्चिक** — आज महत्वपूर्ण मीटिंग आदि से बचें। कार्यक्षेत्र में लोगों से बहुत ज्यादा अपेक्षा न करें। अपनी इच्छानुसार कार्य होने से मन संतुष्ट रहेगा। परिजनों के लिए कुछ उपहार खरीद सकते हैं। जीवनसाथी से झगड़ा हो सकता है।

**धनु** — आज बॉस आपके ऊपर कुछ ज्यादा निर्भर रहेंगे। आज किसी को धोखा न दें। रुके हुए बहुत से काम आसानी से हो जायेंगे। पिता के साथ आवश्यक विषयों पर चर्चा करना उत्तम होगा। लम्बी दूरी की यात्रा की योजना बना सकते हैं।

**मकर** — आज आप अपने जीवनसाथी से मन की बातें शेयर कर सकते हैं। कारोबार को लेकर आप थोड़े तनाव में हो सकते हैं। नींद में बाधा उत्पन्न हो सकती है। योग और प्राणायाम को अपनी जीवनशैली का अङ्ग बनाएं। निजी जीवन में परेशानियों का अनुभव करेंगे।

**कुंभ** — आज आपका मानसिक तनाव पहले से काफी कम होगा। रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। जोश में आकर कोई गलत निर्णय न लें। सभी कार्य समय पर हो जायेंगे। शाम के समय आपको कुछ शुभ समाचार मिल सकते हैं।

**मीन** — आज दिन का शुरुआती भाग आपके लिए बेहद सुखद रहेगा। भावनाओं में बहकर कोई निर्णय न लें। जीवनसाथी को लेकर थोड़ी चिन्ता रहेगी। दांपत्य सुख में कमी आ सकती है। खर्चों पर नियंत्रण रखें। अपनी जीवनशैली में बदलाव न करें।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-घनिष्ठा 3 मई 01.49 तक तत्पश्चात शतभिषा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- तकदीर का तमाशा — सुबह : 09 .55
- आखिरी गुलाम — रात : 07 .11

&pictures
- धड़क — सुबह : 10 .41
- जवानी जानेमन — रात : 08 .00

SONY PIX
- टैक्सी ड्राइवर — सुबह : 07 .11
- जर्नी 2 : द मिस्टीरियस आइलैंड — शाम : 05 .11

ZEE CINEMA
- त्रिमूर्ति — सुबह :11 .50
- डार्लिंग्स — रात : 08 .45

colors CINEPLEX
- 777 चार्ली — सुबह :10 .07
- भगवंत केसरी — शाम : 06 .42

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात :08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीचर : दिल्ली से आगरा की दूरी 210 किमी है तो मेरी उम्र क्या है?
स्टूडेंट : 50 वर्ष।
टीचर : सही है, कैसे पता चला?
स्टूडेंट : मेरे भाई की उम्र 25 वर्ष है और वो आधा पागल है।

पति : मैं नाश्ता नहीं करूंगा, लेट हो रहा है।
पत्नी : मैंने पराठे आज वाइन डालकर बनाए हैं।
4 पराठे के बाद पति : मजा आ गया, कौन सी वाइन डाली थी?
पत्नी : अजवाइन।

## एक नजर

### मई व जून में दीवानी कोर्ट का समय परिवर्तित

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** उच्च न्यायालय के निर्देश के क्रम में 02 मई से 30 जून 2024 तक न्यायिक अधिष्ठान के समस्त न्यायालयों की कार्यावधि प्रातः 07 से अपरान्ह 01 बजे तक निर्धारित किया गया है। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी अनिल श्रीवास्तव ने बताया है कि माह मई व जून में समस्त कार्यालय 6.30 बजे से 1.30 बजे तक खुले रहेंगे। समस्त कर्मचारीगण प्रातः 6.30 बजे उपस्थित रहेंगे और 1.30 बजे तक कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रातः 10.30 से 11 बजे तक लंच रहेगा।

### आग लगने से भूसा जला

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** अज्ञात कारणों से आग लग जाने से लगभग साढ़े पांच बीघे गेहूं का भूसा जलकर राख हो गया। मंगलवार को क्षेत्र के तौकलपुर गांव में रामचरित्र सिंह के खेत से अचानक लगी आग से देवनारायण सिंह का दो बीघे खेत में रखा गेहूं का भूसा एवम राणा सिंह सहित दो लोगों के लगभग साढ़े तीन बीघे का भूसा जलकर राख हो गया। पीड़ित व्यक्तियों के अनुसार आग की चपेट में आने से लगभग बीस हजार का नुकसान हुआ है। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड एवं ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह से आग पर काबू पाया गया।

### सर्पदंश से वृद्धा की मौत

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** करौंदीकला थाने के मगरसन कला गांव निवासी कौशल्या पत्नी राम अजोर की साप काटने से मृत्यु हो गई। मगरसन कला गांव निवासी कौशल्या उम्र 60 वर्ष घर में काम कर रही थी। कि तभी उन्हें हाथ में सांप काट लिया। पारिवारीजन उन्हें आनन-फानन में सीएचसी कादीपुर ले आए जाहं डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। कौशल्या के निधन से पारिवारिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# मेनका गांधी समेत दो ने किया नामांकन

## अब तक तीन प्रत्याशियों ने भरा है पर्चा और 52 लोगों ने खरीदा है नामांकन पत्र

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में बुधवार को भाजपा प्रत्याशी मेनका संजय गांधी कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन किया। दो दिनों में तीन प्रत्याशियों ने पर्चा भरा है। अब तक कुल 52 लोगों ने पर्चा खरीदा है।

बुधवार को भारतीय जनता पार्टी से मेनका संजय गांधी पत्नी स्व संजय गांधी द्वारा नामांकन कक्ष, जिलाधिकारी न्यायालय पहुंचकर अपना नामांकन पत्र रिटर्निंग आफिसर/जिला निर्वाचन अधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना के समक्ष 04 सेट में दाखिल किया गया। दूसरा नामांकन आजाद पार्टी से गिरीश लाल सुत राम लखन द्वारा 01 सेट में दाखिल किया गया। इस प्रकार नामांकन के तीसरे दिन तक कुल-03 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया। नामांकन के तीसरे दिन नामांकन कक्ष से कुल 06 प्रत्याशियों द्वारा कुल 08 सेट नामांकन पत्र क्रय किये गये, जिसमें से सतक्रान्ति पार्टी से आकाश सिंह सुत सुभाष सिंह द्वारा 01 सेट, विश्वबन्धुत्व पार्टी से सुधीर कुमार सिंह सुत बब्बन सिंह द्वारा 01 सेट, निर्दलीय प्रत्याशियों में राम करन निषाद सुत रूदला निषाद द्वारा 02 सेट, ओम प्रकाश अग्रहरी सुत शीतला प्रसाद द्वारा 02 सेट, सर्वेश वर्मा सुत रामसूरत वर्मा द्वारा 01 सेट, राजकुमार वर्मा सुत रामचन्द्र वर्मा द्वारा 01 सेट नामांकन पत्र क्रय किये गये। इस प्रकार नामांकन के तीसरे दिन तक कुल-29 राजनीतिक/गैर राजनीतिक दलों द्वारा कुल-52 नामांकन पत्र क्रय किये गये।



कलेक्ट्रेट पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी ने किया नामांकन। अमृत विचार



नामांकन के पहले मेनका गांधी के रोड शो में उमड़ी भीड़। अमृत विचार

### करोड़ों की मालकिन मेनका के पास नहीं है अपना वाहन

**सुलतानपुर :** गांधी नेहरू परिवार की छोटी बहू और सुलतानपुर से भाजपा प्रत्याशी व सांसद मेनका संजय गांधी करोड़पति हैं, लेकिन उनके पास अपना खुद का वाहन नहीं है। उनके नाम से एक राइफल है। यह ब्यौरा उन्होंने बुधवार को दाखिल नामांकन पत्र के साथ अपने शपथ पत्र में दिया है। शपथ पत्र में मेनका ने बताया है कि उनके पास 3,415.59 ग्राम (3.415 किग्रा) सोने के जेवरात है। 85 किलोग्राम सोना है, जिसकी कुल कीमत 2,82,24,879 रुपये है, जबकि उनके ऊपर विभिन्न बैंक की 1,15,67,520 रुपये की देनदारी है। मेनका गांधी के हाथ में नगदी के रुप में मात्र 48,500 रुपये हैं। इन सबको मिलाकर शपथ पत्र के मुताबिक मेनका गांधी के पास 43,43,61,048 रुपये (सकल कुल मूल्य) की संपत्ति है। इसके अलावा मेनका के पास वाणिज्यिक भवन तथा आवासीय भवन भी हैं, जिनकी कीमत 50 करोड़ से अधिक है। जबकि, वर्ष- 2019 में मेनका के पास 24,65,27,583 रुपये (सकल कुल मूल्य) की संपत्ति थी। जबकि उस समय उनके वाणिज्यिक व आवासीय भवन की कीमत 29 करोड़ रुपये थी।

### नामांकन के बाद बार एसोसिएशन पहुंची मेनका

**सुलतानपुर :** सांसद संजय मेनका गांधी नामांकन के बाद बार एसोसिएशन पहुंची। बार अध्यक्ष अरविंद पांडेय, महासचिव आर्तमणि मिश्र ने उनका संघ भवन में स्वागत अभिनंदन किया। सांसद मेनका गांधी ने वकीलों से चुनाव में समर्थन की अपील की। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष करुणाशंकर दूबे, सुभाष तिवारी, एमपी त्रिपाठी, राय साहब सिंह, महेंद्र शर्मा, विद्या भूषण पांडेय, प्रदीप यादव, अजय पाठक, अरुण पांडेय, जितेंद्र मिश्र, डीजीसी राम अचल मिश्र, पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, आकाश जायसवाल, अवधेश दूबे आदि मौजूद रहे।

### वकीलों ने किया स्वागत

सांसद मेनका संजय गांधी बुधवार को कलेक्ट्रेट में नामांकन दाखिल किया। इससे पूर्व वकीलों ने कलेक्ट्रेट के पास उनका उनका स्वागत कर जीत की अग्रिम बधाई दी। इस मौके पर अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के संरक्षक अरविंद सिंह राजा एडवोकेट, इंजीनियर अभिषेक सिंह चौहान, मृत्युंजय नारायण सिंह, अंश सिंह, अंकित सिंह, सजल सिंह, समाजसेवी अनिल सिंह, भैयादीप सिंह, धर्मवीर सिंह व वैभव सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### 70 प्रतिशत हमारा, 30 प्रतिशत में बंटवाराः संजय निषाद

▸▸ 4 लाख से जीत का संकल्प दिलाया प्रभारी मंत्री आशीष पटेल ने

**संवाददाता, सुलतानपुर :** बुधवार को मेनका संजय गांधी नगर स्थित शास्त्री नगर के अपने अस्थाई आवास पर विधि विधान से पूजा-अर्चन करने के बाद फूलों से सजाई गई खुली जीप से लाव लश्कर व ढोल नगाड़े के साथ नामांकन के लिए निकली। उनके साथ योगी सरकार के मंत्री संजय निषाद, आशीष पटेल, जिला प्रभारी मीना चौबे, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा, एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक विनोद सिंह, राज प्रसाद उपाध्याय व पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे। आग उगलते सूर्यदेव, उत्साहित कार्यकर्ता, हर 50 कदम पर होती फूलों की बौछार के बीच अयोध्या- प्रयाग राष्ट्रीय राजमार्ग पर सांसद मेनका गांधी की जब विशाल रोड शो निकला तो यहां भगवा टोपी व गमछा धारण किए हजारों की संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने स्वागत में बेशुमार प्यार लुटाया। हाथों में बीजेपी का झंडा लिए नारेबाजी भी कर रहे थे। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी में भारी उत्साह का माहौल देखा गया। मुख्य सड़क से लेकर लोगों के घरों तक से रोड शो देखने वालों का मजमा लगा रहा। सांसद मेनका के नामांकन के बाद दीवानी के पास निर्माणाधीन पार्किंग स्थल पर जनसभा में सभी पहुंचे। निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद ने कहा विपक्ष बिना दूल्हे की बारात है। विपक्ष ने पहले ही अपनी हार स्वीकार कर ली है। उन्होंने कहा 70 प्रतिशत हमारा है 30 प्रतिशत में भी बंटवारा है। उन्होंने निषाद पार्टी के कार्यकर्ताओं से कहा कमल की सरकार ने हमारा सम्मान व सुरक्षा मुकम्मल किया है। प्रभारी मंत्री आशीष पटेल ने कहा कांग्रेस की सरकार में जब समाजवादी पार्टी सहयोगी थी तो इन्होंने न तो सैनिक स्कूल न ही केंद्रीय व नवोदय विद्यालय और न ही नीट की परीक्षा में पिछड़ों को आरक्षण देने का काम किया। मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने सैनिक स्कूल, केंद्रीय, नवोदय व नीट में पिछड़ों को आरक्षण देने का काम किया है। सपा की चार बार सरकार थी इन्होंने पिछड़ों व दलितों के लिए कुछ भी नहीं किया।

# मई दिवस पर रेलवे श्रमिकों के संघर्ष को किया गया याद

▸▸ मई दिवस पर नार्दन रेलवे मेंस यूनियन ने की संगोष्ठी

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** नार्दन रेलवे मेंस यूनियन कार्यालय में 'मई दिवस' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं द्वारा मई दिवस के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। पूर्व शाखा अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव ने कर्मचारियों को पूर्व में आयोजित रेल श्रमिकों की हड़तालों के दौरान श्रमिकों के साथ-साथ उनके परिवारों को असहाय परिस्थितियों से गुजरना पड़ा। उसके बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने एक मई 1886 को अमेरिका के शिकागो शहर में लाखों मजदूरों ने आंदोलन किया तथा शहादत की। उसका उद्देश्य आज भी भारत वर्ष में पूरा नहीं हो सका। उनहोंने कहा कि रेलवे में आज भी ऐसी कई कैटेगरियां हैं, जिसमें मजदूरों को आठ घंटे से पन्द्रह घंटे तक काम करना पड़ रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक शाखा मंत्री बीके मिश्रा ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ फार्मासिस्ट केसी मीना, एसके प्रजापति, हिमांशू चौबे, सीएमआई ज्योति स्वरूप श्रीवास्तव, स्टेशन अधीक्षक बीएस मीना, केपी यादव, अमरेंद्र यादव, आसिम सज्जाद, रईस अहमद, राजेंद्र यादव सहित दर्जनों कर्मचारी मौजूद रहे।

### मजदूरों के स्वास्थ्य के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं हैः रामकुमार

**सुलतानपुर :** बीपी सिंह स्मारक जनसंघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकुमार सिंह लाल भइया के नेतृत्व में तिकोनिया पार्क में मई दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों से मजदूरों की समस्याओं के निस्तारण में सरकारों का रवैया उदासीन है। मजदूर संगठन या तो भंग कर समाप्त कर दिए गए या श्रमिकों को ठेके पर कर दिया गया। उन्होंने कहा कि भट्ठे पर मजदूरों का बहुत ही बुरा हाल है। जो घोषणाएं मजदूरों के लिए कही जाती हैं, उसका क्रियान्वयन नहीं होता है। मजदूरों के लिए स्वास्थ्य के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। इस मौके पर राजेश पाठक, रजनीश सिंह, रिषीकेश पाण्डेय, मुकेश गौड़ आदि मौजूद रहे।



हैलो चैंप्स स्कूल सीताकुंड में सम्मानित किए गये श्रमिक। अमृत विचार

### हैलो चैंप्स स्कूल ने किया श्रमिकों का सम्मान

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** हैलो चैंप्स स्कूल सीताकुंड में बुधवार को श्रमिक दिवस का उत्सव मनाया गया। प्रबंधक संदीप सिंह ने स्कूल के सभी कर्मचारियों को पुष्पमाला दी और उन्हें सम्मानित किया गया। उन्हें उपहार और मिठाई भी दी गई। साथ ही सभी छात्रों ने कार्ड, कोलाज बनाया और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए गतिविधियों में भाग लिया।

# रियासतों में फूट, भारत की गुलामी का कारण

● बीएचयू के पूर्व कुलपति ने चांदा में व्यक्त किए विचार

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** भारत की गुलामी के प्रमुख कारणों में एक कारण यह रहा कि तत्कालीन एक रियासत दूसरे रियासत को देखना तक नहीं चाहती थी। रियासतों की इसी कमी को मुगलों ने, फिर अंग्रेजों ने हथियार बनाया और सदियों तक हमें गुलाम बनाएं रखा। वर्तमान परिपेक्ष में समाज के एक जाति के लोग दूसरे जाति के लोगों को देखना पसंद नहीं कर रही है। समाज किस दिशा में जा रहा है। यह घोर निराशा का विषय बना हुआ है। समय रहते इस बिंदु पर चिंतन नहीं किया गया तो आने वाली पीढ़ियां वर्तमान पीढ़ी को ही दोषी करार देंगे।



बीएचयू के पूर्व कुलपति का चांदा में किया गया स्वागत। अमृत विचार

उक्त उद्गार बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. डॉ. गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने चांदा चौराहे पर एक चर्चा के दौरान व्यक्त किए। वर्तमान की परिस्थितियों के मद्देनजर भी जो मौन है निश्चित रूप से इतिहास में उनका भी नाम लिखा जाएगा। आज आवश्यकता मौन रहने की नहीं है। समाजाजिक बुराइयों से लड़ने की है। यह जिम्मेदारी प्रबुद्ध वर्ग के लोगों की ज्यादा है। राजनीतिक चर्चा पर विस्तार से चर्चा करते हुए प्रोफेसर त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान में देश के जो हालात हैं उन पर बारीकी से नजर रखने की आवश्यकता है। हमें जाति और समाज में बटने की आवश्यकता नहीं है।

## शार्ट सर्किट से सात घर जलकर हुए राख

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचारः** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के उच्चवा भवानीपुर ग्राम सभा में शार्ट सर्किट से आग लग गई। जिसमें श्याम प्रसाद सोनकर, कालिका, पूरन चंद यादव, राजकुमार, ज्ञानचंद सोनकर, रामराज, विश्वनाथ यादव आदि का घर जल कर राख हो गया है। ग्रामीणों के द्वारा स्थानीय पुलिस पारा चौकी को सूचना देने के उपरांत पारा चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड टीम को सूचना दी गई। ग्रामीणों व फायर ब्रिगेड की टीम के द्वारा काफी प्रयास करने के बाद आग पर काबू पाया गया। जब तक चार घरों का पूरा सामान जल कर राख हो गया था और तीन घर आंशिक रूप से जले हैं।

# बिजली संविदा कर्मियों ने किया कार्य बहिष्कार

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचारः** वेतन विसंगति, पहचान पत्र व ईएसआई कार्ड को लेकर विद्युत उपकेंद्र बल्दीराय पर बल्दीराय, हलियापुर और इसौली उप केंद्र के संविदा कर्मियों ने कार्य बहिष्कार किया। संविदा कर्मियों ने बताया कि विगत तीन महीने से वेतन नहीं मिला है। जिससे परिवार का जीवन यापन करना मुश्किल हो गया है।

इस भीषण गर्मी में क्षेत्र में निकलकर काम करने के साथ पब्लिक की चार बातें भी सुननी पड़ती हैं। किसी विषम परिस्थिति में हम संविदा कर्मी खुद को विद्युत विभाग का कर्मचारी भी नहीं साबित कर पाते हैं। जब भी विभागीय अधिकारियों से बात होती है वह जल्द ही पहचान कार्ड उपलब्ध कराने की बात कहते हैं, परन्तु पूरा साल बीत गया अभी तक कार्ड नहीं दिया गया। साथ ही ईएस ई कार्ड भी अब तक नहीं प्रदान किया गया। जिससे खुद व परिजन की दवाओं में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। सामूहिक रूप से सभी संविदा कर्मियों ने कहा कि आज मजदूर दिवस पर हम सबने सामूहिक रूप से आंशिक कार्य बहिष्कार किया है। यदि शीघ्र ही हम सबकी समस्याओं का निदान नहीं किया गया तो पूर्ण रूप से कार्य बहिष्कार किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### सीओ जयसिंहपुर अदालत में तलब

**विधि संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बिना डॉक्टर के बयान लिए ही दलित के साथ मारपीट के केस में आरोप पत्र कोर्ट भेजने पर न्यायाधीश राकेश पांडेय ने सख्त एक्शन लेते हुए सीओ जयसिंहपुर को कोर्ट में तलब कर जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के महमूदपुर जंगल गांव के सौरभ बीते साल 12 अप्रैल को ट्रेक्टर से आ रहे थे। रास्ते में बडौनाडीह एक्सचेंज के पास आरोपियों ने मारपीट कर चोटें पहुंचाई थी। पुलिस ने एस. कुमार यादव, प्रशांत वर्मा, हृदयराम के खिलाफ मारपीट, एससी एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। विवेचक सीओ प्रशांत सिंह ने बिना डॉक्टर का बयान लिए ही आरोप पत्र न्यायालय भेज दिया। जिस पर कोर्ट ने सख्त एक्शन लेते हुए उन्हे तलब कर सात मई को जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। वहीं, कोर्ट ने आरोपियों की अंतरिम जमानत अर्जी को 7 मई तक बढ़ा दी है।

### एसपी ने कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने बुधवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के नामांकन स्थल कलेक्ट्रेट परिसर व कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। साथ ही नामांकन स्थल की सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लेते हुए नामांकन ड्यूटी में लगे अधिकारी/कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



अखंड नगर में सम्मानित किए गए बोर्ड परीक्षा के मेधावी। अमृत विचार

### मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

**अखण्डनगर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** जनता इंटरमीडिएट कालेज कुंदा भैरोपुर अखण्डनगर के माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड परीक्षा 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित करने हेतु विद्यालय हाल में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्रबंधक दिनेश कुमार सिंह ने जिले में स्थान बनाने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए सम्मानित किया और छात्र छात्राओं को विद्यालय परिवार व क्षेत्र का सम्मान बढ़ाने के लिए पुरस्कृत करने हुए इनके के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल के कक्षा 10 के मेधावियों मे मांडवी चौरसिया 95.5 प्रतिशत, अर्पित सिंह 94.3, सेजल वर्मा 94 प्रतिशत व इंटर में आयुष सिंह 94.4, अभिषेक वर्मा 91.8, प्रिया शर्मा 90, नीलंशी 90 प्रतिशत को पुरस्कृत करते हुए सम्मानित किया गया। इस मौके पर इंटर कालेज के प्रधानाचार्य वीरेंद्र बहादुर सिंह एवं शिक्षक राम नरायण सिंह, अनिल कुमार सिंह, भानु प्रताप सिंह तथा अविभावकगण व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### विपक्षियों ने मां-बेटियों को पीटा, मुकदमा दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** घर में चौथ देने के बहाने आए विपक्षियों ने मां एवं बेटियों को मारा पीटा एवं घर में रखे कीमती सामान को तोड़ दिया। कोतवाली के पहाड़पुर श्रीरामपुर निवासिनी भानुमती का कहना है कि बीते 24 अप्रैल को उनके परिवार के पुरुषगण शाम को शादी समारोह में भाग लेने गए थे। तभी विपक्षीगण उनके घर में चौथ देने के बहाने घुसकर भानुमति एवं उनकी बेटियां बबली एवम उपनम सिंह को भद्दी भद्दी गालियां देते हुए बाल पड़कर लात घुसो से बुरी तरह से मारा तथा घर में रखे कीमती सामान को तोड़ दिया। बीते मंगलवार को पीड़िता की तहरीर पर अंबेडकर नगर जिले के बेवाना थाने के आतडीह गांव के शिवेंद्र सिंह, अमित सिंह, अंश सिंह निवासी ग्राम नागपाली इस्लामपुर थाना तारून जिला अयोध्या तथा चंद्रभान सिंह के विरोध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बाइक से गिरकर महिला की मौत

**धम्मौर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** गांव धरमैतेपुर निंगोलिया के पास सुलतानपुर-रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुसुम (32) पत्नी अरविंद निवासी महना हारीपुर थाना पीपरपुर अमेठी अपने देवर राजेन्द्र के साथ मोटरसाइकिल से सुलतानपुर दवा कराने जा रही थी कि अचानक पीछे से तेज रफ्तार अनियंत्रित रोडवेज बस ने टक्कर मारी। जिससे महिला कुसुम का सिर चक्के के नीचे आने से कुचल उठा। राजेन्द्र चोटिल होकर गिर पड़ा। आस पास के लोगों ने पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर शत विक्षत शव को कब्जे में लिया। थानाध्यक्ष तरुण कुमार पटेल ने बताया कि रोडवेज को कब्जे में ले लिया गया, चालक फरार है। तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# नशे के चलते हमारे सामने आपराधिक चुनौतियां

▸▸ नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान के हिंदी विभाग की ओर से बुधवार को नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। रतनपुर गांव में सम्पर्क किया गया। ग्रामीणों से संवाद स्थापित करते हुए छात्रों ने नशा मुक्ति पर जरूरी चर्चा किया।

हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. राधेश्याम सिंह ने कहा कि नशे के बढ़ते प्रकोप ने प्रतिकूल सामाजिक परिस्थितियां उत्पन्न की हैं। नशे के कारण देश में सामाजिक-आर्थिक अपराध एवं स्वास्थ्य चुनौतियां लगातार उत्पन्न हो रही हैं। प्रो. प्रतिमा सिंह ने कहा कि नशा उन्मूलन के प्रति जनचेतना उत्पन्न करना इस कार्यक्रम का मूल मंतव्य है। सुन्दर और खुशहाल समाज निर्माण की अवधारणा नशा मुक्ति के बगैर संभव नहीं है। डा. पवन कुमार रावत ने कहा कि नशे के बढ़ते दायरे ने हमें इसके विराम पर सोचने के लिए बाध्य किया है। डा. प्रिया श्रीवास्तव एवं दीपिका पांडेय ने कहा कि आज नशा उन्मूलन के खिलाफ पूरे मनोयोग से खड़े होने की जरूरत है। इस मौके पर दीपिका पांडेय, प्रियंका, हिमांशु, काजल, विपिन, रंजना, सत्यम, मानसी, कांति, श्वेता, शिवशक्ति, आकाश आदि छात्र उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार दो घायल

**चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के गलहिता निवासी विजय कुमार निषाद (35) पुत्र वासुदेव निषाद और रामप्रसाद निषाद (45) पुत्र लालता प्रसाद निषाद देर रात चांदा बाजार से अपने घर वापस जा रहे थे। इंदौली मोड़ के समीप अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर के चलते विजय और राम प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गये। आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रतापपुर कमैचा ले जाया गया। जहां हालत गंभीर होने की दशा में चिकित्सकों ने उन्हें जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां उनका इलाज जारी है।

# लूट की झूठी काल पर घंटों हांफी पुलिस

● मोबाइल लोकेशन से हुआ खुलासा अपने अड्डे पर 2.30 लाख रुपये रख पीड़ित ने किया था पुलिस को गुमराह

बल्दीराय, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** एक युवक ने बल्दीराय पुलिस को खुद के साथ हुई लूट को लेकर कॉल किया। जिसके बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। एसपी-एएसपी समेत समूचा तंत्र थाने पर जमा हो गया। मोबाइल लोकेशन और इन्वेस्टिगेशन में पता चला कि पीड़ित ने रुपए अपने अड्डे पर रखा और फिर पुलिस को गुमराह करते हुए उसने लूट की झूठी सूचना दी। पुलिस ने रुपए बरामद करते हुए आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई शुरू कर दिया है।

बल्दीराय थानाक्षेत्र के पूरे रिसाल मजरे डीह निवासी सर्वेश पुत्र राम मिलन कोरी ने मंगलवार को पारा बाजार की एचडीएफसी बैंक शाखा से दो लाख तीस हजार रुपए निकाले थे। वो वहां से घर गया तो गांव के पास श्रीनगर चौराहे पर डीह के विशुनपुर निवासी सुधीर मिश्र के जन सेवा केंद्र पर उसने रुपए रख दिया। और लौटकर पारा बाजार की तरफ फिर गया। पारा के पहले गनापुर के पास से डायल 112 को उसने सूचना दी कि दो अपाची सवार अज्ञात बदमाशों ने उससे पैसा छीन लिया है। इस सूचना पर पुलिस के हाथ पांव फूल गए। एसपी सोमेन वर्मा, एएसपी अरुण चंद्र और सीओ बल्दीराय सौरभ सावंत क्राइम ब्रांच टीम के साथ थाने पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने जांच शुरू किया। क्राइम ब्रांच टीम ने मोबाइल लोकेशन और सीसीटीवी फुटेज आदि से छानबीन किया। पुलिस ने पाया कि रुपए निकालने के बाद सर्वेश डीह गया था। वापस आकर उसने लूट की सूचना दी थी। इसी आधार पर पुलिस ने सर्वेश को पकड़ा तो उसने जनसेवा केंद्र से रुपया बरामद करवाया। उसने पुलिस को बताया कि उसने बैंक से लोन लिया था। किसी ने बताया था कि इस तरह बताओगे तो लोन माफ हो जायेगा। इस बाबत बल्दीराय थानाध्यक्ष आर.बी सुमन ने बताया कि शुरुआत से ही घटना संदिग्ध लग रही थी। आरोपी से कड़ाई से पड़ताल की गई और सर्विलांस से मदद ली गई तो सच्चाई सामने आ गई। आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**आयोजन** एबीवीपी ने तीन प्रतियोगिताओं के 265 विद्यार्थियों को पुरस्कृत और सम्मानित किया

# एबीवीपी प्रतियोगिताओं से बढ़ रहा छात्रों का मनोबल : डा. अंश

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राणा प्रताप पीजी कॉलेज इकाई द्वारा कुशभवनपुर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, सड़क सुरक्षा जागरूकता निबंध प्रतियोगिता, डॉ. भीमराव अंबेडकर व्यक्तित्व एवं कृतित्व निबंध प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्रांत सहमंत्री शुभेन्द्र वीर सिंह ने अभाविप के विद्यार्थी, समाज और राष्ट्र हित के विविध कार्यों की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा अभाविप राष्ट्र सेवा में निरंतर संलग्न है। मुख्य अतिथि और महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डीके त्रिपाठी ने कहा अभाविप के युवा कार्यकर्ता राष्ट्र के उन्नयन में हर पल तत्पर है। परिषद गीत से एबीवीपी के महान ध्येय का पता चलता है। कैंपस में संगठन रचनात्मक कार्य कर रहा है। डॉ भीमराव अंबेडकर व्यक्तित्व एवं कृतित्व निबंध प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा असिस्टेंट प्रोफेसर शांतिलता कुमारी ने किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंकुर मिश्रा, द्वितीय स्थान नंदिनी, तृतीय स्थान विवेक कुमार निषाद को मिला। सांत्वना पुरस्कार अंशिका सिंह, मारुत कुमार, आभा शर्मा, जुली बानो को मिला। डॉ सीमा सिंह ने सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता निबंध प्रतियोगिता परिणाम की घोषणा की। प्रतियोगिता में अंकुर मिश्रा प्रथम, अंकिता कसौधन द्वितीय, पूनम मौर्या तृतीय स्थान पर रही। विशिष्ट अतिथि डॉ. भारती सिंह ने कहा एबीवीपी के लोक कल्याणकारी कार्य सराहनीय है। असिस्टेंट प्रो. वीरेंद्र गुप्ता ने बीएड वर्ग हेतु कुशभवनपुर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परिणाम की घोषणा किया। शालिनी द्विवेदी बीएड प्रथम वर्ष प्रथम स्थान, वैशाली सिंह बीएड द्वितीय वर्ष द्वितीय स्थान, प्रतीक्षा त्रिपाठी बीएड प्रथम वर्ष तृतीय स्थान प्राप्त की। महाविद्यालय हेतु आयोजित कुशभवनपुर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की घोषणा कार्यक्रम अध्यक्ष एवं एबीवीपी विभाग प्रमुख डॉ. संतोष अंश ने कहा कि एबीवीपी विविध प्रतियोगिता आयोजित कर विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ा रहा है। गर्मी में विद्यार्थियों और पक्षियों हेतु जलपात्र रखे जा रहे है। इस प्रतियोगिता में मुस्कान सिंह बीए छठे सेमेस्टर को प्रथम स्थान हेतु 1100 रुपये, सूरज कुमार यादव बीए छठे सेमेस्टर को द्वितीय स्थान हेतु 700 रुपये, लक्ष्मी सिंह बीएससी प्रथम सेमेस्टर को तृतीय स्थान हेतु 500 रुपये नगद प्रदान किया गया।



एबीवीपी की ओर से आयोजित प्रतियोगिता के सम्मानित हुए मेधावी। अमृत विचार

प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार रूपक सिंह, अंकुर मिश्र, विजय वर्मा,. नवनीत कुमार, निशा मौर्या, आस्था यादव, रश्मि यादव, अनुष्का मौर्या, कुमारी अंतिमा, स्वाति भीम, अंकित कुमार, मनीषा कुमारी को प्राप्त हुआ। सभी 265 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, मेडल, मोमेंटो प्रदान किया गया। आभार ज्ञापन इकाई अध्यक्ष परमेन्द्र सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन अंशिका सिंह ने किया।

## एक नजर

### व्यय प्रेक्षक ने गठित टीमों के कार्यों का जाना हाल

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** व्यय प्रेक्षक वाई. आनंद ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जनपद के समस्त विधान सभा में कार्यरत फ्लाईंग स्क्वाएड, स्टैटिक सर्विलांस टीम के कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय सम्बन्धित एसडीएम, सीओ, सहायक व्यय प्रेक्षक, लाइजन आफिसर आदि उपस्थित थे। सभी टीमों को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिये। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी व्यय अनुवीक्षण सेल/वरिष्ठ कोषाधिकारी सिद्धार्थनगर रमेंद्र कुमार मौर्य ने दी।

### पुलिस ने क्षेत्रों में पैदल गश्त कर किया जनता से संवाद

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव पर क्षेत्र में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस ने चिन्हित हाट-स्पॉट तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त किया। एसपी प्राची सिंह के निर्देश के क्रम में जनपद के सभी प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष ने अपने-अपने क्षेत्रों में पैदल गश्त व चेकिंग की। इस दौरान आम जनता को सुरक्षा का एहसास कराते हुए निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की। अराजक तत्वों को सख्त चेतावनी दी गई।

### सड़क की मरम्मत न होने से ग्रामीणों को परेशानी

**उसका बाजार, अमृत विचार।** ब्लॉक क्षेत्र के मेहदिया ग्राम में खराब सड़को के कारण ग्रामीणों के समक्ष आवागमन की समस्या उत्पन्न हो गई है। कई ग्रामीणों के घर तक तक रास्ता होने के बाद खड़ंजा सड़क तक नहीं बन पाया है। इससे इन लोगों को काफी दिक्कत हो रही है। बरसात में आवागमन की समस्या और बढ़ जाती है। गांव के वीरेंद्र पाण्डेय और मनीष पाण्डेय के घर तक जाने के लिए आधा अधूरा ही सड़क का निर्माण हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत के बाद भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आवागमन की समस्या दूर करने की मांग की है।

# प्रदेश में सभी 80 सीटें जीतेगी भाजपा : ब्रजेश

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** डुमरियागंज संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी जगदंबिका पाल के समर्थन में बुधवार को बीएसएनएल ग्राउंड में जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक पहुंचकर कार्यकर्ताओं व जनसमूह को संबोधित किया।

केन्द्रीय मंत्री ने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार ही देश को सुशासन दे सकती है। उन्होंने 400 पार का नारा देते हुए डुमरियागंज के प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताने की अपील की। कांग्रेस के घोषणा पत्र को झूठा करार देते हुए कहा कि अगर कांग्रेस सरकार आएगी तो महिलाओं का गहना जेवर भी ले लेगी और जिनके पास जमीन ज्यादा है उसका आधा हिस्सा लेकर सरकार अल्पसंख्यकों को दे देगी।

इसी क्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रदेश की भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि प्रदेश की 80 सीटों में 80 सीट भाजपा जीत रही है। दो चरण का चुनाव हो चुका है जिसमें बीजेपी ही आगे है। कहा कि कहा कि आज प्रदेश में सुख और चैन है, गुंडा, माफिया और बदमाश दूर-दूर तक नजर नहीं आते हैं। सपा और कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों पर हमला करते हुए कहा कि देश में भाजपा सरकार की आवश्यकता है। क्योंकि देश को विश्व गुरु बनाना है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी को भारी बहुमत से जीत दिलाने की अपील की। पत्रकारों से बात करते हुए ब्रजेश पाठक ने कहा कि जगदम्बिकापाल इस बार भी जीतेंगे और मोदी की लहर चल रही है। भाजपा 400 पार करेंगी।



जनसभा में केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर व उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को माला पहनाकर स्वागत करते भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार



**भाजपा प्रत्याशी जगदंबिका पाल ने किया नामांकन**

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** डुमरियागंज लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी जगदंबिका पाल ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर दोपहर 1 बजे अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं विधायक जय प्रताप सिंह, शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उपेंद्र सिंह उपस्थित रहे। इसके अलावा लोकसभा चुनाव के छठवे चरण में के लिए डुमरियागंज सीट पर नामांकन के तीसरे दिन बसपा के ख्वाजा शमसुद्दीन ने दो सेट, आम जनता पार्टी के प्रत्याशी विनय कुमार पाण्डेय ने दो सेटों में तथा हुजन मुक्ति पार्टी के प्रत्याशी विमलेश कुमार ने एक सेट में नामांकन पत्र खरीदा।

# समाज व अर्थव्यवस्था में श्रमिकों का महत्वपूर्ण योगदान

## अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर ने रेलवे के कर्मचारियों को किया सम्मानित

गोरखपुर

**अमृत विचार।** अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस प्रत्येक वर्ष 1 मई को मनाया जाता है। यह दिन श्रमिकों के योगदान को पहचानने, उन्हें सम्मानित करने एवं उनके अधिकारों को बढ़ावा देने के लिये समर्पित है। यह दिन समाज और अर्थव्यवस्था में श्रम के महत्व को याद दिलाने का भी दिन है।

अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन गोरखपुर द्वारा बुधवार को रेलवे प्रेक्षागृह में श्रमिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर बाल कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में पूर्वोत्तर रेलवे के 44 रेल कर्मचारियों को महाप्रबन्धक ने पुरस्कृत किया।

महाप्रबन्धक ने कहा कि निष्ठावान कर्मचारियों के सराहनीय योगदान से भारतीय रेल यात्रियों को सुरक्षित एवं संरक्षित रूप से गन्तव्य तक पहुंचाती है। रेल कर्मचारी गर्मी, बरसात एवं सर्दियों के मौसम में कठिन परिस्थितियों में भी सुरक्षित एवं संरक्षित रेल संचलन में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। कठिन परिस्थितियों में कार्य करने वाले रेलकर्मियों को आज श्रमिक दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जा रहा है। श्रमिक सम्मान समारोह में पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल के 15, वाराणसी मण्डल के 09 एवं इज्जतनगर मण्डल के 20 रेलकर्मियों को महाप्रबन्धक ने सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की उपाध्यक्ष हेमलता सिंह, सचिव सुमा नाज़, संयुक्त सचिव पूजा खरे, कोषाध्यक्ष नीना राय एवं संगठन की अन्य सदस्यायें उपस्थित थीं। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।



अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर सम्मानित कर्मचारियों के साथ महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर। अमृत विचार

### कुर्बानियों के बाद मिले हैं मजदूरों को अधिकार

**गोरखपुर, अमृत विचार।** 1 मई मजदूर दिवस पर पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के केंद्रीय कार्यालय पर मजदूर दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए महामंत्री विनोद राय ने कहा कि आज मजदूरो को जो हक, अधिकार मिले हैं, वह अनेक मजदूर आंदोलनों एवं सैकड़ो मजदूर नेताओं की कुर्बानियों के फल स्वरुप मिला है। हमें एकजुट रहकर इन्हें कायम रखना है। उन्होंने रेलवे में ट्रेड यूनियन चुनाव के मद्दे नजर सभी ब्रांच एवं पदाधिकारियो को सक्रिय हो जाने के लिए अपील किया। कार्यक्रम को कारखाना मंडल के मंडल मंत्री आरपी भट्ट ने भी संबोधित किया। उन्होंने मजदूर आंदोलन के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के संयुक्त मंत्री एके सिंह ने विचार व्यक्त किए।

### भारतीय समाचार पत्र विक्रेता संघ ने मनाया श्रमिक दिवस

**गोरखपुर, अमृत विचार।** भारतीय समाचार पत्र विक्रेता संघ उत्तर प्रदेश कैम्प कार्यालय पर विश्व मजदूर दिवस पर भारतीय समाचार पत्र विक्रेता संघ उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने संकल्प लिया। कहा कि उत्पीड़न और शोषण के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी, जब तक शोषणों मुक्त समाज नहीं बना लेते, तब तक हम चैन से नहीं बैठेंगे। जहा भी समाचार पत्र विक्रेताओं के साथ शोषण का उत्पीड़न होगा, हम इसके समाधान के लिए तन-मन से खड़े रहेंगे। इस मौके पर राम श्रेष्ठ पासवान, प्रदेश सचिव पंकज शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष राज कुमार गुप्ता, श्रवण कुमार प्रदेश संगठन मंत्री, संतोष पासवान, प्रदेश कार्य कारणी सदस्य पीतांबर प्रजापति एवं नृसिंह मिश्रा, विनोद तिवारी, मनोज यादव, दिलीप, सुनील आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# गांव में खसरे का प्रकोप एक दर्जन बच्चे बीमार

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के कैथवलिया ग्राम पंचायत के चौखड़ा गांव में खसरा का प्रकोप फैला है। गांव के लगभग एक दर्जन बच्चे इस रोग से पीडित हैं, मगर स्वास्थ्यविभाग इस ओर से बेपरवाह बना हुआ है। ग्रामीणों ने विभाग से सहायता की गुहार की है। कैथवलिया गांव के चौखढ़ा टोला के कई परिवारों के दर्जनों बच्चे खसरे से पीड़ित हैं।

गांव के निस्बा (17) वर्ष, इकरा (15), अल्ताफ (12), जैद (7), असद (11), आलिया (17), तबस्सुम (38), रुखसाना (20), गुलसाना (15) अदि खसरा से बुरी तरह ग्रसित हैं। इनके अतिरिक्त गांव के कई परिवार खसरा से पीड़ित बताए जा रहे हैं। संक्रामक व विषाणु जनित रोग होने के कारण बच्चे तेज बुखार, लाल चकत्ते, बार-बार गला सूखने, शरीर में दर्द, मितली आदि रोग से पीड़ित हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग इसदिशा में ध्यान नहीं दे रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेवा के अधीक्षक डॉ. विकास चौधरी ने कहा कि जानकारी हुई है, जल्द ही स्वास्थ्य दल भेजकर पीड़ितों का उपचार कराकर दवा का छिड़काव कराया जाएगा।

## निरीक्षण में लापता मिले 11 स्वास्थ्य कर्मचारी

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर डीके चौधरी ने मंगलवार को उसका सीएससी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उसका बाजार पर 11 स्वास्थ्य कर्मी अनुपस्थित पाए गए। सभी का एक दिन का वेतन रोकने का सीएमओ ने आदेश दिया। निरीक्षण के दौरान साफ सफाई की व्यवस्था ना रहने के कारण सीएमओ ने नाराजगी जताई और कहा कि आगे अगर साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त नहीं होगी तो इसके लिए अधीक्षक जिम्मेदार होंगे। अनुपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को 3 दिन के अंदर गैर हाजिर होने का स्पष्टीकरण मांगा गया।

# कूड़ा कलेक्शन के तीन कर्मी निलंबित

गोरखपुर

**अमृत विचार।** नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने महानगर के जोन 5 एवं 6 में सफाई कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन में कम वसूली एवं कार्य में लापरवाही पर तीन ड्राइवरों सतीश, बालेंदर एवं संजय कुशवाहा को निलंबित कर दिया। इसके अलावा सफाई निरीक्षक राम विजय सुपरवाइजर आफताब एवं शहीदुल्लाह से स्पष्टीकरण लेने के लिए जोनल अधिकारी को निर्देश दिया।

डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन ड्राइवर नवीन एवं शैलेश को वसूली बढ़ाने के लिए अंतिम चेतावनी दी। जाएगा सफाई निरीक्षक राम विजय पर कार्यों में लापरवाही के लिए कड़ी नाराजगी व्यक्त की। इस टीम द्वारा कमर्शियल दुकानों में जाकर कलेक्शन को बढ़ावा देने के लिए निर्देश दिया। नगर आयुक्त ने कहा कि किसी भी तरीके से घर का कूड़ा सड़क पर नहीं आना चाहिए। सुपरवाइजर को भी डोर 2 डोर कूड़ा कलेक्शन ड्राइवर के साथ मिलकर शुल्क की वसूली कराये सुखा एवं गीला कूड़ा अलग देने हेतु जागरूक करें जिन ड्राइवर को निलंबित किया जा रहा है उन ड्राइवर को दोबारा कार्य पर न रखा जाए होटल रेस्टोरेंट दुकान से अलग-अलग चार्ज निर्धारित कर वसूली करें सभी गाड़ियों का रूट मैप तैयार कर जीपीएस से जोड़े जाएं तथा की ट्रिपल सी से निगरानी की जाए। प्रत्येक ड्राइवर को 500 घरों की सूची उपलब्ध कराई जाए। जोनल अधिकारी स्वयं होटल रेस्टोरेंट एवं बुक वेस्ट जनरेटर गार्बेज को कलेक्ट करने के लिए मालिकों से बात करें। इन सब की जवाबदेही जोनल सेनेटरी अधिकारी एवं नगर स्वास्थ्य अधिकारी होंगे। समस्त जोनल अधिकारी अपने जोन के आत्मनिर्भर वार्डों की सूची बनाकर उपलब्ध कराएं। स्कूलों में इस एक्टिविटी कारण एवं निगम के सफाई वीडियो चलवाएं एवं बच्चों को कूड़ा सेग्रीगेशन के लिए प्रेरित करें। बैठक में अपर नगर आयुक्त, जोनल अधिकारी, समस्त सफाई निरीक्षक एवं अन्य उपस्थित थे।

# किसान आंदोलन के चलते गाड़ियों का रहेगा मार्ग परिवर्तन

गोरखपुर



**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा उत्तर रेलवे के अम्बाला मंडल के शम्भू स्टेशन पर चल रहे किसान आंदोलन के चलते गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन एवं शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन किया गया है। 3 मई को चलने वाली 14611 गाजीपुर सिटी-श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग अम्बाला कैंट-चण्डीगढ़-न्यू मोरिंडा जं.-सरहिंद-सानेह वाल के रास्ते, 2 मई को चलने वाली 15097 भागलपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग अम्बाला कैंट-चण्डीगढ़-न्यू मोरिंडा जं.-सरहिंद-सानेह वाल के रास्ते, 1 मई को चलने वाली 15653 गुवाहाटी-जम्मूतवी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग अम्बाला कैंट-चण्डीगढ़-न्यू मोरिंडा जं.-सरहिंद-सानेह वाल के रास्ते, कटिहार से 01, 2 एवं 3 मई को चलने वाली 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग जाखल-धूरी जं.-लुधियाना के रास्ते, जयनगर से 3 मई को चलने वाली 04651 जयनगर-अमृतसर विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग जाखल-धूरी जं.-लुधियाना के रास्ते चलाई जायेगी। इसी तरह न्यू जलपाईगुड़ी से 3 मई को चलने वाली 04653 न्यू जलपाईगुड़ी-अमृतसर विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग अम्बाला कैंट-चण्डीगढ़-न्यू मोरिंडा जं.-सरहिंद-सानेह वाल के रास्ते, पूर्णिया कोर्ट से 1, 2 एवं 3 मई को चलने वाली 14617 पूर्णिया कोर्ट-अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग अम्बाला कैंट-चण्डीगढ़-न्यू मोरिंडा-सरहिंद-सानेह वाल के रास्ते, जयनगर से 3 मई को चलने वाली 14659 जयनगर-अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग अम्बाला कैंट-चण्डीगढ़-न्यू मोरिंडा-सरहिंद-सानेह वाल के रास्ते, जयनगर से 01 एवं 2 मई को चलने वाली 14673 जयनगर-अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग अम्बाला कैंट-चण्डीगढ़-न्यू मोरिंडा-सरहिंद-सानेह वाल के रास्ते, सहरसा से 2 मई को चलने वाली 12203 सहरसा-अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग जाखल-धूरी जं.-लुधियाना के रास्ते चलाई जायेगी।

सहरसा से 3 मई को चलने वाली 14603 सहरसा-अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग अम्बाला कैंट-चण्डीगढ़-न्यू मोरिंडा-सरहिंद-सानेह वाल के रास्ते चलाई जायेगी। दरभंगा से 4 मई को चलने वाली 22551 दरभंगा-जलंधर सिटी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग अम्बाला कैंट-चण्डीगढ़-न्यू मोरिंडा-सरहिंद-सानेह वाल के रास्ते चलाई जायेगी।

जम्मूतवी से 3 मई को चलने वाली 15654 जम्मूतवी-गुवाहाटी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग सानेह वाल-चण्डीगढ़-अम्बाला कैंट के रास्ते चलाई जायेगी। जम्मूतवी से 1 मई को चलने वाली 15652 जम्मूतवी-गुवाहाटी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग सानेह वाल-चण्डीगढ़-अम्बाला कैंट के रास्ते चलाई जा रही है। इसी तरह अन्य गाड़ियों का भी संचालन बदला रहेगा।

### गाड़ियों का संचालन रहेगा प्रभावित

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधा में उन्नयन एवं परिचालनिक सुविधा के लिए गोंडा-बुढ़वल खण्ड पर गोंडा-गोंडा कचहरी के मध्य समपार संख्या-263 पर सड़क उपरिगामी पुल के लिए गर्डर लांचिंग के लिए यातायात एवं पॉवर ब्लाक दिये जाने के कारण गाड़ियों का संचालन कुछ मिनट के लिए नियंत्रित किया जाएगा।

## मतदान संपन्न कराने को लेकर की बैठक

**गोरखपुर अमृत विचार।** संतकबीर नगर लोकसभा क्षेत्र के खजनी तहसील में 25 मई को तथा गोरखपुर सदर लोकसभा व बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में 1 जून को मतदान संपन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने बैठक की। डीएम ने मतदान संबंधी तैयारियां समय से पूरी करने का निर्देश दिया। बैठक में प्रमुख रूप से नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल, सीडीओ संजय कुमार मीना, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी, एडीएम वित्त/उप जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कुमार सिंह, एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता सहित अन्य सभी अधिकारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### यात्रियों का सामान बरामद कर सौंपा

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा एवं अवैध सामानों की धर-पकड़ सहित यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का निरन्तर प्रयास किया जाता है। रेलवे सुरक्षा बल एवं चाइल्ड हेल्प लाइन, गोरखपुर को संयुक्त रूप से निगरानी के दौरान प्लेटफार्म संख्या-02 पर 13 वर्ष की लड़की डरी-सहमी हालत में मिली। पूछताछ के बाद लड़की को चाइल्ड लाइन को सुपुर्द किया गया। इसी क्रम में रेलवे सुरक्षा बल, गोंडा द्वारा गाड़ी संख्या-15114 से यात्री का छूटा दो बैग बरामद किया गया। यात्री के उपस्थित होने पर बैग को उसे सुपुर्द किया गया। मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, लखनऊ से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, बढ़नी द्वारा गाड़ी संख्या-12572 से यात्री का छूटा बैग बरामद किया गया। यात्री के उपस्थित होने पर बैग को उसे सुपुर्द किया गया। 30 अप्रैल को मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, लखनऊ से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, गोरखपुर छावनी द्वारा गाड़ी संख्या-12165 से यात्री का छूटा बैग बरामद किया गया। यात्री के उपस्थित होने पर बैग को उसे सुपुर्द किया गया।

### ससुराल वालों पर लगाया बेटी की हत्या का आरोप

**सिद्धार्थनगर।** इटवा थाना क्षेत्र में विवाहिता की मौत के बाद, मायके पक्ष के लोगों ने पति व सास पर जहर देकर मारने का आरोप लगाया है। मृतका मीना के पिता त्रिवेणी निवासी ग्राम सकतपुर की तहरीर पर पुलिस ने दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में त्रिवेणी ने बताया कि उनकी बेटी मीना की शादी थाना क्षेत्र के ही ग्राम ऊंचडीह निवासी पुजारी पुत्र नेबूलाल से वर्ष 2017 में हुई थी। पुजारी दो दिन पूर्व ही मुंबई से घर आया था। मंगलवार को अचानक मीना की तबीयत बिगड़ी तो परिजन उसे सीएचसी इटवा ले गए, जहां रात करीब आठ बजे उसकी मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलने पर सीओ इटवा, नायब तहसीलदार की मौजूदगी में जिले से आई फोरेंसिक टीम ने मृतका के घर पहुंचकर जानकारी ली। एसओ संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है, रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### बाढ़ से निपटने की तैयारियों की हुई समीक्षा

**गोरखपुर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश की अध्यक्षता में संभावित बाढ़ से निपटने के लिए की जाने वाली तैयारियों के दृष्टिगत बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक विकास भवन सभागार में हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने राजस्व, पुलिस, जल निगम, कृषि, पूर्ति, विद्युत, सिंचाई, नगर पालिका, पशु चिकित्सा, स्वास्थ्य, विभाग की तैयारियों से संबंधित कार्य योजना की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान डीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्ययोजना के अनुसार समस्त कार्यों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए गये। अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड को निर्देश दिए कि बचाव के लिए समस्त बाढ़ परियोजनाओं को मई माह के अंत तक पूर्ण करवाया जाए। संबंधित उप जिलाधिकारी मौके पर जाकर कार्यों के प्रगति की समीक्षा करें। डीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के तहत आने वाली बाढ़ चौकियों पर समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण कराने के लिए कहा गया।

### इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिताने की अपील

**शोहरतगढ़, अमृत विचार।** शोहरतगढ़ विधान सभा क्षेत्र के तुलसियापुर में कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन जिलाध्यक्ष काजी सुहेल अहमद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें कार्यकर्ताओं को गठबंधन प्रत्याशी को जिताने के लिए मेहनत से काम करने पर जोर दिया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव विनय शंकर तिवारी ने कहा कि इंडिया गठबंधन के सभी सहयोगी कार्यकर्ता, पदाधिकारी एकजुट हो जाएं। कार्यकर्ताओं की मेहनत रंग लायेगी और गठबंधन प्रत्याशी को भारी जीत मिलेगी। जिलाध्यक्ष काजी सुहेल अहमद ने कहा कि ये चुनाव नहीं देश का संविधान बचाने की चुनौती है। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं से से तन्मयता से जुटकर बूथ स्तर पर अभी से जुट जायें। कांग्रेस जिला महा सचिव दीपक यदुवंशी ने कहा कि कार्यकर्ताओं में बहुत जोश और उत्साह है। इसी जोश और उत्साह के साथ क्षेत्र में कार्यकर्ताओं की मेहनत प्रत्याशी को दिलायेगी। उन्होंने भारी जीत कहा कि महिलाओं का सम्मान अगर कहीं है तो इंडिया गठबंधन में है। आज महिलायें इंडिया गठबंधन को लेकर काफी उत्साहित हैं।

### मजदूरों सभा का किया गया आयोजन

**गोरखपुर , अमृत विचार।** बिगुल मज़दूर दस्ता, टेक्सटाइल मज़दूर यूनियन और भारत की क्रान्तिकारी मज़दूर पार्टी के संयुक्त तत्वाधान में अन्तर्राष्ट्रीय मज़दूर दिवस पर बरगदवा के फर्टिलाइजर मैदान में मजदूरों सभा का आयोजन किया गया। सभा के बाद बरगदवा औद्योगिक इलाके में मार्च निकाला गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे बिगुल मज़दूर दस्ता के अविनाश ने कहा कि मजदूर दिवस की विरासत संघर्षों की विरासत है। लेकिन आज इसकी विरासत पर धूल-मिट्टी डाली जा रही है और इस दिन को कुछ रस्मी कार्यवाइयों तक सीमित कर दिया गया है। मजदूर वर्ग का इतिहास पिछले डेढ़ सौ से भी अधिक वर्षों के संघर्षों का इतिहास है। इतिहास की शिक्षाएं वर्तमान को समझने में मदद करेंगी और पुनर्नवा भविष्य-स्वप्नों को नयी विधि से परियोजनाओं में ढालने का मार्ग प्रशस्त करेंगी। कहा कि आज मज़दूर वर्ग उसके असली मिशन से परिचित करवाए बिना क्रान्तिकारी परिवर्तन संभव नहीं है।



### एसपी ने जनता दर्शन में सुनीं समस्याएं

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं शिकायतों को सुना। पुलिस कार्यालय में एसपी ने जनसुनवाई कर शिकायतकर्ता की समस्या को सुनकर संबंधित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को गूगल मीट के माध्यम से तत्काल गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए निर्देशित किया। जनसुनवाई के दौरान कुल 13 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें सात मारपीट, तीन भूमि विवाद व तीन अन्य विवाद से संबंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

# चुनाव ड्यूटी में गईं बसें, यात्री हो रहे परेशान

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** रोडवेज की 30 बसों को चुनाव ड्यूटी में लगाए जाने से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। कई रूटों पर बस का संचालन बंद होने से प्राइवेट वाहनों से यात्रा करने के लिए यात्री मजबूर है। यात्रियों की मजबूरी को देखते हुए प्राइवेट वाहनों के चालकों ने किराये में दो गुना का इजाफा कर दिया है।

रोडवेज डिपो में 48 बस मौजूद है, लेकिन चुनाव ड्यूटी के कारण 30 बसों को अन्य शहरों में भेज दिया गया है। 18 बसों से परिवहन विभाग यात्रियों की सेवा कर रहा है। लेकिन बसों की संख्या कम होने से कई रूटों पर बस का संचालन बंद हो गया है। बसों का संचालन बंद होने से यात्री प्राइवेट बस व निजी साधनों से यात्रा कर रहे है। लेकिन यात्रियों की जरूरत के हिसाब से प्राइवेट चालक किराया तय कर रहे है। इससे यात्रियों की जेब ढ़ीली हो रही है। जिले से गोरखपुर रूट पर 12 बसों का संचालन होता था, वही लखनऊ व अयोध्या रूट पर 10 बसों का संचालन होता था। लेकिन बसों की कमी के कारण रोडवेज से तीन से चार बसों का ही संचालन किया जा रहा है। हाइडिल तिराहे पर बस का इंतजार कर रहे संदीप ने बताया कि प्राइवेट ऑटो चालक 10 किलोमीटर का 40 रुपया किराया मांग रहे है। जबकि बस से जाने पर 20 रुपया किराया लगता है। दो घंटे से बस का इंतजार कर रहे है। अभी तक बस नहीं आया है।



> चुनाव ड्यूटी में बसों के चले जाने से बसों की संख्या कम हो गई है। लेकिन यात्रियों के अनुसार बसों का संचालन किया जा रहा है। जबकि लोकल रूट के बसों का फेरा भी बढ़ाया जा रहा है।
>
> -वीके गंगवार, एआरएम,

वोटों के बंटवारे और ध्रुवीकरण से

# खिल सकता कमल

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार। पश्चिम बंगाल में सात मई को तीसरे चरण में मालदा उत्तर, मालदा दक्षिण, जंगीपुर और मुर्शिदाबाद लोकसभा सीट पर वोट डाले जाएंगे। इससे पहले राज्य में पहले चरण में कूच बिहार अलीपुरद्वार और जलपाईगुड़ी तथा दूसरे चरण में दार्जिलिंग, रायगंज और बालुरघाट में मतदान हो चुका है। तीसरे चरण के चुनाव वाला पूरा इलाका आर्थिक रूप से काफी पिछड़ा है। यहां के नौजवानों को काम की तलाश में कोलकाता जाना पड़ता है, तो बड़ी संख्या में लोग मजदूरी करने दूसरे राज्य भी जाते हैं। जाहिर है कि गरीबी और बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या है। मालदा और मुर्शिदाबाद दोनों जिलों में गंदगी और जाम की समस्या भी विकराल है। गंगा नदी मालदा से होकर मुर्शिदाबाद में प्रवेश करती है। यह डेल्टा क्षेत्र है, जिसके कारण नदी तट कटाव भी बड़ी समस्या है। गंगा की कटान में पिछले कुछ वर्षों में कई सौ गांव समा चुके हैं और हजारों लोग विस्थापित होकर बेघर हैं। इस बार भी सभी राजनीतिक दल और उनके नेता पिछले चुनावों की ही तरह नदी कटाव से प्रभावित लोगों को आश्वासन दे रहे हैं कि चुनाव बाद ठोस कदम उठाए जाएंगे। सीएए मुद्दे की गूंज भी यहां कम नहीं है। तृणमूल कांग्रेस नेता कह रहे है कि सीएए का असल उद्देश्य मुसलमानों को शिविरों में भेजना है। तृणमूल ने सीएए-एनआरसी के मुद्दे पर 2021 में विधानसभा चुनाव में जीत हासिल



### पं. बंगाल : मोदी बनाम ममता के बीच चुनाव

**तीसरा चरण - 04 सीटें**

पिछला परिणाम

| | |
|---|---|
| टीएमसी | 02 |
| भाजपा | 01 |
| कांग्रेस | 01 |

## टीएमसी, कांग्रेस और माकपा में मुस्लिम मतों के लिए घमासान, भाजपा कर रही जबरदस्त प्रचार

मालदा उत्तर, मालदा दक्षिण, जंगीपुर और मुर्शिदाबाद लोकसभा सीटों पर मुस्लिमों की आबादी ठीक-ठाक है, यही वजह है कि तृणमूल, वामपंथी और कांग्रेस में मुस्लिम समुदाय का समर्थन हासिल करने की होड़ है। ऐसे में भाजपा की उम्मीद मुस्लिम वोटों के विभाजन और मतदाताओं के ध्रुवीकरण पर टिकी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में इन चार सीटों में भाजपा ने मालदा उत्तर का चुनाव जीता था। कांग्रेस मालदा दक्षिण में विजयी रही थी, जबकि तृणमूल को जंगीपुर और मुर्शिदाबाद में सफलता मिली थी। इस बार भाजपा ने चारों सीटों पर जोरदार प्रचार अभियान छेड़ रखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने मालदा में चुनाव प्रचार किया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मुर्शिदाबाद में रैलियां की हैं, तो तृणमूल की तरफ से ममता बनर्जी और पार्टी के महासचिव अभिषेक बनर्जी लगातार सक्रिय हैं। कांग्रेस जरूर प्रचार के मामले में थोड़ी पीछे नजर आ रही है।

### मालदा उत्तर : मुस्लिम वोट बंटने से भाजपा 2019 में पहली बार जीती, इस बार भी जीत का समीकरण वही

भाजपा नेता खगेन मुर्मू मालदा उत्तर से सांसद हैं। पार्टी ने उन्हें दोबारा मैदान में उतारा है। खगेन मूर्मू का इस बार मुकाबला पूर्व आईपीएस अधिकारी टीएमसी प्रत्याशी प्रसून बनर्जी से है। कांग्रेस ने यहां मुश्ताक आलम पर दांव लगाया है। कांग्रेस के इस बार मालदा दक्षिण से प्रत्याशी ईसा खान चौधरी 2019 के लोकसभा चुनाव में मालदा उत्तर से चुनाव लड़े थे, लेकिन जीत नहीं पाए थे। तृणमूल कांग्रेस ने उनकी फुफेरी बहन मौसम बेनजीर नूर को मैदान में उतार दिया था। आपस की लड़ाई और मुस्लिम वोट बंटने से दोनों को हार मिली थी और भाजपा ने पहली बार इस सीट पर कमल खिला दिया था।




### मालदा दक्षिण : पिछली बार मामूली अंतर से हारी भाजपा इस बार कांग्रेस के गढ़ में सेंध लगाने के प्रयास में

- भाजपा की श्रीरूपा मित्रा इस बार यह सीट जीतने में पूरा जोर लगाए हैं। पिछली बार वह आठ हजार वोटों के मामूली अंतर से कांग्रेस अबू हासेम खान चौधरी से हार गई थीं। टीएमसी ने यहां शाहनवाज़ अली रेहान को मैदान में उतारा है, तो कांग्रेस ने अपने मौजूदा सांसद की उम्र देखते हुए उनके पुत्र ईशा खान चौधरी पर दांव लगाया है, जो अपनी पारिवारिक विरासत को बनाए रखने के लिए जूझ रहे हैं। यह सीट कांग्रेस का गढ़ रही है। लेकिन इस बार संघर्ष त्रिकोणीय दिख रहा है। ईशा खान चौधरी के पिता अबू हासेम खान चौधरी पिछले तीन चुनाव से इस सीट पर जीत रहे थे। इससे पहले उनके चाचा स्व. एबीए गनी खान चौधरी कई बार सांसद चुने गए थे। कांग्रेस प्रत्याशी ईशा खान चौधरी इस लोकसभा क्षेत्र की वैष्णवनगर और सूजापुर सीट से विधायक रह चुके हैं। लेकिन 2021 के विधानसभा चुनाव में वह सूजापुर विधानसभा सीट पर तृणमूल कांग्रेस से हार गए थे।

**2019 का वोट शेयर**

| 35% | 34% | 27% |
|---|---|---|
| कांग्रेस | भाजपा | टीएमसी |

### भाजपा ने झोंकी ताकत मोदी की फिर सभाएं

तीसरे चरण के चुनाव के साथ राज्य में चौथे और पांचवे चरण के मतदान का माहौल अपने पक्ष में बनाने के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार राज्य का दौरा कर रहे हैं। एक दिन पहले उन्होंने मालदा में जोश भरा था। अब अगले दो दिनों में उनकी फिर राज्य में रैलियां हो सकती हैं। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के दौरे के बाद असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा भी सभाएं करने आएंगे।

### मुर्शिदाबाद : त्रिकोणीय मुकाबले में चौंकाने वाले परिणाम के कयास

मुर्शिदाबाद सीट पर सीपीआई-एम (माकपा) के राज्य सचिव और तेजतर्रार नेता मोहम्मद सलीम, तृणमूल कांग्रेस से मौजूदा सांसद अबू ताहेर खान और भाजपा के गौरी शंकर घोष के बीच तिकोना मुकाबला हो रहा है। भाजपा प्रत्याशी मुर्शिदाबाद विधानसभा सीट से 2021 में विधायक चुने गए थे, पार्टी ने लोकसभा का टिकट देकर मैदान में उतारा है। सीपीआई-एम का इस सीट पर 1980 से 1999 तक लाल झंडा फहराता रहा है। कांग्रेस ने 2004 और 2009 में जीत हासिल की थी, लेकिन सीपीआई-एम के बद्दरुद्दोज़ा खान ने 2014 में सीट वापस छीन ली थी। 2019 में तृणमूल के अबू ताहेर खान ने जीत हासिल की थी। मुर्शिदाबाद में रामनवमी जुलूस के दौरान हिंसा हुई थी। यहां वोटों का ध्रुवीकरण होने की आशंका जताई जा रही है, लोग मान रहे हैं कि परिणाम चौंकाने वाले हो सकते हैं।




### जंगीपुर : प्रणब दा के बेटे मैदान में नहीं, टीएमसी दूसरी जीत की कोशिश में

जंगीपुर को बीड़ी उद्योग के लिए जाना जाता है। लोकसभा सीट से दिग्गज कांग्रेस नेता पूर्व राष्ट्रपति स्व. प्रणब मुखर्जी ने 2004 और 2009 में चुनाव लड़कर जीता था। राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने सांसद पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद 2012 में हुए उपचुनाव में उनके बेटे अभिजीत मुखर्जी यहां से सांसद चुने गए। 2014 की मोदी लहर में भी अभिजीत यहां से चुनाव जीते थे। 2019 में टीएमसी के उम्मीदवार बीड़ी कारोबारी खलीलुर्रहमान यहां से विजयी हुए थे। उन्होंने भाजपा की माफूजा खातून को तीन लाख से ज्यादा वोटों से शिकस्त दी थी। अभिजीत को ढाई लाख से ज्यादा वोट मिले थे पर वह तीसरे स्थान पर पिछड़ गए थे। इस बार खलीलुर्रहमान फिर टीएमसी से चुनाव लड़ रहे हैं। उनके सामने भाजपा ने संगठन से जुड़े नेता धनंजय घोष को मैदान में उतार है, जबकि कांग्रेस ने अभिजीत मुखर्जी के स्थान पर मुर्तजा हुसैन पर दांव लगाया है।




# एनडीए के लिए साख और राजद की नाक का सवाल

**बिहार तीसरा चरण 05 सीटें**

2019 का परिणाम

| | |
|---|---|
| एनडीए | 05 |
| इंडिया गठबंधन | 00 |

चुनाव डेस्क



अमृत विचार। बिहार में सात मई को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में पांच सीटों मधेपुरा, झंझारपुर, सुपौल, अररिया और खगड़िया में वोट डाले जाएंगे। यहां एनडीए और इंडिया गठबंधन ने प्रचार मे अपनी ताकत झोंक रखी है। इन सभी पांच सीटों पर 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए ने जीत हासिल की थी। ऐसे में इस बार के चुनाव में एनडीए के सामने जहां इन सीटों पर कब्जा बनाए रखने की चुनौती है, वहीं इंडिया गठबंधन में खासतौर पर राजद जिसका पिछले लोकसभा चुनाव में खाता ही नहीं खुला था, इस बार कुछ सीटें छीनने की लड़ाई लड़ता नजर आ रहा है।

एनडीए में जदयू को तीसरे चरण में पांच में तीन वह सीटें मिली हैं, जिस पर उसके सांसद हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस सीटों पर अपने मौजूदा सांसदों को ही चुनाव मैदान में उतारा है। इस चरण में भाजपा और लोजपा (चिराग पासवान) ने एक-एक सीट पर प्रत्याशी उतारे हैं।

इसके मुकाबले इंडिया गठबंधन में राजद तीन सीटों पर चुनाव लड़ रहा है। एक-एक सीट पर विकासशील इंसान पार्टी (वीआइपी) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) का उम्मीदवार मैदान में है। इंडिया गठबंधन से चुनावी अभियान में अगुवा तेजस्वी यादव का साथ केवल मुकेश सहनी देते नजर आ रहे हैं। कांग्रेस और वाम दलों के बड़े नेताओं के दौरे, रैली, रोड शो कुछ भी नहीं हुआ है। बिहार में राहुल गांधी की अब तक केवल एक सभा हो पाई है। इसके मुकाबले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच जनसभाएं कर चुके हैं। दो और रैलियों के कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। गृह मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक पूरी ताकत लगाए हैं। इस तरह प्रचार में इंडिया गठबंधन पीछे नजर आ रहा है। लेंकिन पांचों सीटों पर यादव और मुस्लिम समीकरण

### मधेपुरा : जनता यहां यादव सांसद ही चुनती, इस बार मुकाबला बराबरी का

मधेपुरा तीसरे चरण की सबसे चर्चित सीट है। यहां से राजद प्रमुख लालू यादव, शरद यादव और पप्पू यादव चुनाव लड़ चुके हैं। यहां यादव मतदाता ही जीत-हार तय करते आए हैं। 2019 में इस सीट पर जदयू के दिनेश चंद्र यादव जीते थे। 2014 में राजद के टिकट पर पप्पू यादव जीते थे। इस बार जदयू ने मौजूदा सांसद दिनेश चंद्र यादव पर भरोसा जता है, तो राजद ने प्रो. कुमार चंद्रदीप को मैदान में उतारा है। 1998 के बाद से इस सीट पर तीन बार जदयू और तीन बार राजद ने जीत हासिल की है। दिलचस्प बात यह है कि यहां से अभी तक यादव जाति से ही सांसद चुने गए हैं। लोकसभा क्षेत्र की छह विधानसभा सीटों में चार पर जदयू और एक-एक पर भाजपा व राजद का विधायक है।

**2019 में पप्पू यादव को दिया नाकार**

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत | % |
|---|---|---|---|
| जदयू | दिनेश चंद्र यादव | 6,24,334 | 54.41 |
| राजद | शरद यादव | 3,22,807 | 28.14 |
| जेएपी | पप्पू यादव | 97,631 | 3.35 |

### झंझारपुर : बसपा की चुनौती से त्रिकोणीय संघर्ष होने के आसार

झंझारपुर में जदयू ने मौजूदा सांसद रामप्रीत मंडल को मैदान में उतारा है। इंडिया गठबंधन की ओर से मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के सुमन कुमार महासेठ चुनावी रण में ताल ठोंक रहे हैं। सुमन महासेठ पूर्व विधान पार्षद सदस्य हैं। विधानसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं लेकिन लोकसभा का चुनाव पहली बार लड़ रहे हैं। यहां मुकाबला त्रिकोणात्मक बनाने को लेकर बसपा के गुलाब यादव पूरा जोर लगाए हैं। पिछले चुनाव में जदयू के रामप्रीत मंडल ने राजद के गुलाब यादव को हराया था। माना जाता है कि यहां की राजनीति पिछड़े और अति पिछड़े वर्ग के सांसद ही करते रहे हैं। 2019 में रामप्रीत मंडल ने राजद के गुलाब यादव को तीन लाख से ज्यादा मतों से हराया था। 2014 में यहां पहली बार भाजपा जीती थी।

**2019 में बहुत पीछे था राजद उम्मीदवार**

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत | % |
|---|---|---|---|
| जदयू | रामप्रीत मंडल | 6,02,391 | 56.80 |
| राजद | गुलाब यादव | 2,79,440 | 27.10 |

### सुपौल : अति पिछड़ा ही इस सीट पर तय करेंगे जीत और हार

सुपौल लोकसभा सीट पर सामान्य वर्ग के वोटरों का दबदबा रहता है। राजद ने अनुसूचित जाति के चंद्रहास चौपाल को यहां उम्मीदवार बनाया है, उनकी लड़ाई जदयू के दिलेश्वर कामत से है जो अति पिछड़ा समाज से आते हैं। अब दोनों उम्मीदवार में सामान्य वर्ग के वोट अपने पाले में जंग की छिड़ी है। मुकाबला कांटे का माना जा रहा है। सुपौल में अति पिछड़ा वोटरों की संख्या 40 प्रतिशत से ज्यादा मानी जाती है, जो चुनाव में जीत-हार तय करते हैं। यहां से 2014 में कांग्रेस की रंजीत रंजन जीती थीं और 2019 में चुनाव हार गई थीं।

**2019 में अति पिछड़ा वर्ग ने दिलाई जीत**

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत | % |
|---|---|---|---|
| जदयू | दिलेश्वर कामत | 5,97,377 | 53.78 |
| कांग्रेस | रंजीत रंजन | 3,30,524 | 30.00 |

**2014** में कांग्रेस की रंजीत रंजन यहां जीती थीं चुनाव

**2019** में जदयू के दिलेश्वर कामत ने दी थी रंजीत रंजन को मात

### खगड़िया : लोजपा को बाहरी उम्मीदवार उतारना पड़ सकता भारी

इंडिया गठबंधन में माकपा को खगड़िया सीट मिली है। माकपा ने यहां से संजय कुमार को उतारा है। बसपा ने डॉ. रवि कुमार पर दांव लगाया है। एनडीए में यह सीट चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (रामविलास) को मिली है। पिछले दो चुनाव से लोजपा यहां जीत रही है। लोजपा ने राजेश वर्मा पर दांव लगाया है। राजेश वर्मा भागलपुर से आते हैं। इस कारण 'बाहरी उम्मीदवार' की चुनौती से निपटना पड़ रहा है। इस सीट से लोजपा के महबूब अली कैसर 2014 और 2019 में जीते थे। कहा जाता है कि यहां पिछड़े और अति पिछड़े चुनावी परिणाम प्रभावित करते रहे हैं। यादव बड़ी संख्या में हैं, पर राजद को सिर्फ एक बार ही जीत मिली है। राजद ने लोजपा के सांसद महबूब अली कैसर को शामिल करके लोजपा को बड़ा झटका दिया है।

**2019 में मुकेश सहनी रह गए बहुत पीछे**

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत | % |
|---|---|---|---|
| लोजपा | चौ. महबूब अली | 5,10,193 | 52.8 |
| वीआईपी | मुकेश सहनी | 2,61,623 | 27.10 |

### अररिया : भाजपा सीट बचाने में जुटी राजद की राह भी नहीं आसान

- अररिया लोकसभा सीट से भाजपा ने मौजूदा सांसद प्रदीप कुमार सिंह को फिर चुनावी मैदान में उतारा है। राजद ने शाहनवाज आलम को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा के पास जहां अररिया में अपनी साख बचाने की चुनौती है, वहीं राजद की राह आसान नहीं दिख रही है। शाहनवाज पूर्व केंद्रीय मंत्री व मो. तस्लीमुद्दीन के पुत्र हैं। 2018 में तसलीमुद्दीन के निधन के बाद हुए उपचुनाव में राजद के सरफराज आलम और भाजपा-जेडीयू के प्रदीप सिंह में मुकाबला हुआ था। इसमें राजद प्रत्याशी को जीत मिली थी। लेकिन 2019 में भारतीय जनता पार्टी के प्रदीप सिंह ने बाजी मारी थी। उन्होंने राजद के उम्मीदवार सरफराज आलम को करीब एक लाख 37 हजार मतों से हरा दिया था।

**2019 में राजद ने खो दी थी यह सीट**

| दल | उम्मीदवार | प्राप्त मत | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | प्रदीप कुमार सिंह | 6,18,434 | 52.87 |
| राजद | सरफराज आलम | 4,81,193 | 41.14 |

# शिवसेना उद्धव को यहां मिली राकांपा से चुनौती

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में स्थित उस्मानाबाद को अब धाराशिव नाम से जाना जाता है। हालांकि लोकसभा क्षेत्र का नाम अभी उस्मानाबाद ही है। उस्मानाबाद लोकसभा सीट पर कभी एक-दूसरे के सहयोगी रहे शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अजित पवार के बीच मुकाबला होगा। शिवसेना (उद्धव) ने इस सीट से मौजूदा सांसद ओमप्रकाश राजेनिम्बालकर को राकांपा प्रत्याशी अर्चना पाटिल के खिलाफ मैदान में उतारा है। अर्चना पाटिल का यह पहला चुनाव है। बसपा ने संजय भागवत बाघमारे को टिकट दिया है। एआईएमआईएम से सिद्दीक इब्राहिम बाउदीवाले प्रत्याशी हैं।

उस्मानाबाद लोकसभा सीट पर 1952 से 1996 तक कांग्रेस का एकछत्र राज रहा। लेकिन कोई प्रत्याशी दोबारा नहीं चुना गया, कांग्रेस ने हर बार नया चेहरा दिया। 1984 से 1996 तक लगातार तीन बार कांग्रेस के टिकट से अरविंद कांबले सांसद बने। 2009 में एनसीपी के टिकट पर पद्मसिन्हा पाटील चुने गए थे। 2019 के चुनाव में इस सीट से शिवसेना के प्रत्याशी ओमप्रकाश भुपाल सिंह राजेनिम्बालकर को जीत मिली थी। राष्ट्रवादी कांग्रेस के राणा जगजित सिंह दूसरे नंबर पर रहे थे।

उस्मानाबाद सीट पर सात मई को मतदान होगा। इस सीट के अंतर्गत उस्मानाबाद, तुलजापुर, ओमेरगा, लोहारा, कलांब, भूम, परांडा और वाशी विधानसभा सीटें आती हैं।



उद्धव बालासाहेब ठाकरे।

शिवसेना (यूबीटी) नेता के अनुसार राजेनिम्बालकर लोगों की छोटी-छोटी समस्याओं को सुनकर उनका हल निकालते हैं, जिससे वह लोगों के प्रिय बन गए हैं। राजेनिम्बालकर का कहना है कि उनके पास चीनी कारखाने या कॉलेज नहीं हैं, इसलिए उनका समय पूरी तरह से अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के लिए समर्पित है। पिछले चुनाव में हम (अविभाजित शिवसेना) भाजपा के साथ थे, इसलिए उन्हें लगता है कि मैं मोदी लहर के कारण जीता, लेकिन इन पांच सालों में मैंने लोगों के लिए काम किया है।

राजेनिम्बालकर के मुकाबले में उतरीं राकांपा अजित पवार की अर्चना पाटिल राकांपा से भाजपा में गए तुलजापुर के विधायक राणा जगजीतसिंह पाटिल की पत्नी हैं। अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना और भाजपा का महायुति गठबंधन उन्हें जिताने के लिए एकजुट है।

अर्चना पाटिल का कहना है कि एक महिला यहां से चुनाव लड़ रही है और यह लोकसभा सीट देवी तुलजा भवानी का घर भी है। महायुति महिलाओं का सम्मान करती है। महिलाएं बड़ी संख्या में उनके लिए मतदान करने आएंगी




समर्थन करें

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कोडरमा में पार्टी के उम्मीदवार के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया।

इस सीट पर दूसरे चरण में पड़ने थे वोट, बसपा प्रत्याशी के निधन सेअब सात मई को तीसरे चरण में होगा मतदान

# हैंडक्रॉफ्ट की नगरी में कांग्रेस को वनवास के खात्मे का इंतजार

**बैतूल संसदीय सीट**

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** ग्रीन सिटी के नाम से प्रसिद्ध और हैंडक्राफ्ट उत्पादों के लिए भारत में अलग पहचान रखने वाली बैतूल संसदीय सीट पर कांग्रेस 1996 से वनवास काट रही है। इस सीट से कांग्रेस के अंतिम सांसद प्रसिद्ध हाकी खिलाड़ी असलम शेर खान थे। उन्होंने 1991 में यहां राम लहर के बावजूद जीत दर्ज की थी। इसके बाद यहां के मतदाताओं को भगवा रंग ऐसा भाया कि वे कांग्रेस के हाथ के साथ जाने से परहेज करते रहे। कांग्रेस ने इस बार रामू टेकाम को मैदान में उतारा है तो भाजपा ने अपने सांसद दुर्गा दास उइके पर दांव लगा दिया है। बसपा मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने के लिए अर्जुन भलावी के साथ समर में उतरी है। इस सीट पर बसपा ने पहले उनके पिता को उम्मीदवार बनाया था, लेकिन नामांकन के बाद उनका निधन हो गया था। इस कारण दूसरे चरण में होने वाला मतदान चुनाव आयोग ने रोक दिया था। अब यहां तीसरे चरण में सात मई को वोट डाले जाएंगे।

### 2019 में रामू टेकाम को मिली करारी हार

कांग्रेस ने 2019 में भी रामू टेकाम को उम्मीदवार बनाया था तब भाजपा के दुर्गा दास उइके ने उन्हें बड़े अंतर से हराया था। इस चुनाव में बसपा अशोक भलावी तीसरे नंबर में थे। हालांकि बसपा ने उनके निधन के बाद उनके बेटे अर्जुन भलावी को इस चुनाव में मैदान में उतार दिया है। अुर्जन भलावी लगातार पिता की समाजसेवा के सहारे वोट मांग रहे हैं। जबकि भाजपा मोदी की गारंटी के सहारे है तो कांग्रेस लोगों को यही बताने में जुटी है कि अगर भाजपा आई तो संविधान खत्म कर देगी। पांच गारंटी के बारे में भी लोगों को बताकर रामू टेकाम द्वारा वोट मांगने की कोशिश की जा रही है।

- भाजपा ने वर्तमान सांसद दुर्गा दास उइके पर दोबारा जताया है अपना विश्वास
- कांग्रेस से रामू टेकाम दे रहे टक्कर, बसपा ने प्रत्याशी के निधन के बाद पुत्र को उतारा

### विधान सभा चुनाव में क्लीन स्वीप नहीं कर पाई भाजपा

विधानसभा की यहां आठ सीटें हैं। भाजपा की कोशिश थी कि सभी सीटों को जीत लिया जाए, लेकिन दो सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवार जीतने में कामयाब हो गए थे। विधानसभा चुनाव परिणाम पर भी गौर करें तो यहां भाजपा का पलड़ा भारी है।

1952 में जब पहला चुनाव हुआ था तब कांग्रेस के भीकूलाल चांडक जीते थे। इसके बाद पार्टी के नरेंद्र कुमार साल्वे लगातार दो बार सांसद चुने गए। जब 1977 में चुनाव हुआ तो इस सीट को जनता पार्टी ने कांग्रेस से छीन लिया। जब 1980 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस ने यहां से मुस्लिम चेहरे के रूप में गुफरान आजम को मैदान में उतार दिया। उन्होंने न सिर्फ इस सीट को कांग्रेस की झोली में डाल दी बल्कि पार्टी अगला चुनाव जब 1984 में लड़ी तो फिर उसे यहां से जीत मिली हालांकि तब कांग्रेस का चेहरा गुफरान नहीं बल्कि असलम शेर खान थे। 1989 में जब अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण को लेकर आंदोलन शुरू हुआ तो कांग्रेस के लिए इस सीट पर जीतना मुश्किल हो गया। ऐसी लहर आई की भाजपा के आरिफ बेग ने कांग्रेस के हराया। हालांकि 1991 में राम मंदिर निर्माण आंदोलन की लहर होने के बाद भी भाजपा को यह सीट गंवानी पड़ी थी। तब असलम शेर खान फिर यहां से जीते। यह कांग्रेस के लिए जीत वाला अंतिम चुनाव था। 1996 से लगातार कांग्रेस इस सीट पर हार रही है।

इस सीट पर कांग्रेस हर बार चक्रव्यूह बनाती है लेकिन भाजपा उसे भेद देती है। 1996 में भाजपा के विजय खंडेलवाल जीते थे। उन्होंने इस सीट पर 1998, 1999 और 2004 में भी भाजपा की झोली में डाला। 2008 में उप चुनाव हुआ तो हेमंत खंडेलवाल ने भाजपा को जीत दिलाई। इसी साल परिसीमन बदला और यह सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हो गई। फिर कांग्रेस ने तगड़ी व्यूह रचना की लेकिन उसका कोई भी दांव काम नहीं आया।

## अपनी ढपली अपना राग


कांग्रेस के काल में देश में बम धमाके होते थे और सरकार कुछ नहीं करती थी। हमारी सरकार आई तो आतंकियों को घर में घुसकर मारा। – अनुराग ठाकुर


2014 मोदी लहर ,2019 में मोदी की आंधी, अब मोदी की सुनामी चल रही है। सपा बसपा और कांग्रेस का अस्तित्व खतरे में है। – केशव प्रसाद मौर्य


सपा, बसपा और कांग्रेस कोई पार्टी नहीं है। इन्हें जनता ने नकार दिया है। देश की 140 करोड़ जनता ने मोदी जी को स्वीकार किया है। –संजय निषाद


जब तक लोग मेरे नजदीक नहीं आते मुझे मरकहवा सांड समझते हैं और करीब आने पर दुधारू गाय पाते हैं। उनकी समस्याएं अपने आप ही खत्म हो जाती हैं। –ओपी राजभर

# एक कदम आगे चलने वाली भाजपा कैसरगंज में क्यों ठिठक गई

### जीतने का दावा तो सभी कर रहे, लेकिन अभी तक पत्ते किसी ने नहीं खोले

### कल है नामांकन का आखिरी दिन, 20 मई को होगा मतदान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** आखिर राजनीति में एक कदम आगे चलने वाली भारतीय जनता पार्टी कैसरगंज लोकसभा सीट को लेकर ठिठक क्यों गई है? यहां से अभी तक पार्टी ने प्रत्याशी का ऐलान नहीं किया है। इसके अलावा समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी ने भी उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। भाजपा द्वारा मौजूदा सांसद बृजभूषण सिंह को टिकट को लेकर ऊहापोह कि स्थिति ने सभी दलों के दांव को रोक रखा है।

सच पूछिए तो कैसरगंज सीट इस समय देश की सबसे ज्यादा चर्चित बन गई है। जहां जीतने का दावा तो सभी कर रहे हैं लेकिन अभी तक किसी ने पत्ते नहीं खोले हैं। दरअसल, कैसरगंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र पर 3 मई को नामांकन का आखिरी दिन है। वहीं 20 मई को मतदान होगा। अभी तक तीनों दलों की ओर से प्रत्याशियों की घोषणा न करने से निर्वाचन क्षेत्र की सियासत गर्मा गई है।



इससे पहले तमाम मीडिया में दावा किया जा रहा था कि 26 अप्रैल को दूसरे चरण का मतदान होने के बाद भाजपा अपने प्रत्याशी का ऐलान कर देगी लेकिन अब जबकि नामांकन में 48 घंटे से भी कम वक्त बचा है। तीनों दलों की ओर से उम्मीदवार को लेकर उहापोह के बीच कुछ लोगों ने कथित तौर पर पर्चे भी खरीद लिए हैं लेकिन वह भी आधिकारिक घोषणा के इंतजार में हैं। सूत्रों के मुताबिक, कैसरगंज के तीन स्थानीय नेताओं और एक बाहरी नेता ने पर्चा खरीद रखा है। सूत्र बता रहे हैं कि, सपा और बसपा को अभी भाजपा के फैसले का इंतजार है। प्रत्याशियों की घोषणा में हो रही देरी से यह सवाल भी उठ रहे हैं कि 3 मई को नामांकन के बाद उम्मीदवार के पास प्रचार के लिए सिर्फ 15 दिन ही बचेंगे। नेता और संभावित उम्मीदवार इस बात को लेकर भी बेचैन हैं कि वह इतने कम समय में पूरे क्षेत्र में कैसे प्रचार कर सकेंगे। अभी तक सपा प्रमुख अखिलेश यादव और बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी कोई अंतिम फैसला नहीं लिया है। दोनों दलों को भाजपा के अगले कदम का इंतजार है। हालांकि दोनों दलों की तरफ से अंतिम वक्त में भी नामांकन दाखिल करने की पूरी तैयारी है।

## किसी को मिला टॉर्च तो किसी को गुब्बारा

**अमृत विचार, लखनऊः** चौथे चरण के लोकसभा चुनाव में मैदान में उतरे प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न मिल गए हैं। चुनावी महासमर में उतरे प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न मिलते ही प्रचार तेज हो गया है। अब तक अपना नाम के साथ प्रचार कर रहे थे अब चुनाव चिह्न के साथ मैदान में हैं। कोई ट्रक लेकर चुनाव मैदान में दौड़ा तो कोई टार्च लेकर दौड़ा। गैस सिलेंडर, ऑटो रिक्शा, गुब्बारा, कैची, हॉकी आदि चुनाव चिह्न लेकर प्रत्याशी चुनावी महासमर में कूद पड़े हैं। सभी अब दिन रात एक करके मतदाताओं को अपना चुनाव चिह्न दिखाकर वोट मांग रहे हैं। बताते चर्वऽकि प्रत्याशियों के पास चुनाव प्रचार का समय बहुत कम है। मतदान से 48 घंटे पहले चुनाव प्रचार थम जाएगा। ऐसे में 11 मई की शाम पांच बजे तक ही चुनाव प्रचार कर सकते हैं। शेष बचे 10 दिनों में प्रत्याशी जनसभाएं, गांव-गांव सम्पर्क करने के साथ ही पार्टी के बड़े नेताओं की सभाओं की व्यवस्था में भी लगे हैं, जिससे चुनावी नैया पार हो सके।


राजधानी सहित प्रदेश के अन्य जनपदों में जल्द ही दो लड़कों यानि अखिलेश यादव और राहुल गांधी की जोड़ी रोड शो करने जा रही है। इससे पहले इंडी गठबंधन से जुड़े दलों ने मिलकर झंडे-बैनर जुटा लिए हैं। इसी क्रम में लखनऊ, कैसरबाग स्थित जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय के बाहर एकत्रित किए गए इंडिया गठबंधन के दलों के झंडे। –अमृत विचार

## दिन में प्रचार करने से बच रहे प्रत्याशी

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के कई शहरों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जिसका असर चुनाव प्रचार पर दिखाई दे रहा है। अधिकांश उम्मीदवार बड़ी बैठकों से बच रहे हैं और घर-घर जाकर प्रचार करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। चौथे से लेकर सातवें चरण के उम्मीदवारों को तो गर्मी की चिंता सबसे ज्यादा है, क्योंकि इस समय यहां पर गर्मी अपने चरम पर होगी जिससे दिन में चुनाव प्रचार करना आसान नहीं होगा। इसलिए ये प्रत्याशी सुबह और शाम की जनसभा और कार्यक्रम को प्राथमिकता दे रहे हैं।

# दिग्गजों के चक्रव्यूह को भेदने उतरे राजनीति के नवधा खिलाड़ी

### भाजपा और सपा से मैदान में हैं राजनीति के धुरंधर

### बसपा और भाकपा के प्रत्याशी पहली बार चुनावी मैदान में

### अयोध्या में सज गया मैदान सियासत चढ़ रही परवान

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर चुनावी चक्रव्यूह रचा जाने लगा है। सियासी दलों के थिंक टैंक नित नए प्रयोग कर रहे हैं। सियासी चक्रव्यूह को भेदने के लिए सूरमा मैदान ले चुके हैं। अयोध्या में राजनीति के धुरंधर, दिग्गज खिलाड़ियों के चुनावी चक्रव्यूह को भेदने के लिए इस बार नवधा खिलाड़ी उतर गए हैं। भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी ने कई बार के विधायक और मंत्री रहे पुराने चेहरों को मैदान में भेजा है तो बहुजन समाज पार्टी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने नए खिलाड़ियों को सियासी चक्रव्यूह भेदने का जिम्मा सौंपा है।

यूं तो बदले दौर में अयोध्या की सियासत भी बदली है लेकिन क्रिकेट के खेल और राजनीति में कब क्या हो जाए कहा नहीं जा सकता है। यह जुमला खेल से राजनीति तक चर्चा में रहता है। अब लोकसभा चुनाव की सरगर्मी बढ़ गई है। धर्म के साथ सियासी दृष्टि से अति महत्वपूर्ण मानी जाने वाली अयोध्या (फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र) के रण में इस बार पहले की अपेक्षा कुछ नया है। अमूमन अयोध्या के चुनावी रण में ज्यादातर सधे सियासी खिलाड़ी को ही मैदान में उतारा जाता रहा है। साल 2014 के चुनाव में सियासत के मंझे खिलाड़ियों भाजपा से लल्लू सिंह, सपा से मित्रसेन यादव, कांग्रेस से डॉ. निर्मल खत्री, बसपा से जितेंद्र सिंह बब्लू को मैदान में थे। यह सभी कभी न कभी राजनीतिक कौशल दिखा चुके थे।

साल 2019 के चुनाव मे भी सियासी परिदृश्य ऐसा ही रहा। भाजपा से लल्लू के साथ सपा-बसपा गठबंधन से पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव और कांग्रेस से डा. निर्मल खत्री लोकसभा चुनाव के मैदान में थे। यह सभी राजनीति के लड़ाके रहे हैं, लेकिन इस बार तस्वीर अलग है।

भाजपा और सपा ने अनुभवी, राजनीति के खेल में माहिर राजनेताओं को मैदान में उतारा है। लल्लू सिंह और अवधेश प्रसाद, दोनों पुरानी जमात के नेता हैं। यह कांट-छांट से सियासी पैंतरे में माहिर हैं। दूसरे को पटकनी देने के लिए राजनीति के हर दांव की काट उनके पास होती है।

मैदान सज गया है। कदमताल शुरू हो गई है। कप्तान निर्देश दे रहे हैं। मतदाताओं को जगाए जाने का दौर है। नवधा खिलाड़ी चक्रव्यूह में घुस पाएंगे, भेद पाएंगे या उलझ जाएंगे। यह तो समय बताएगा लेकिन पुराने और नए के बीच चाले चली जानी शुरू हो गई हैं।

### 2014 से सांसद हैं लल्लू

सांसद लल्लू सिंह अयोध्या विधानसभा क्षेत्र से सन् 1991 से 2012 तक विधायक रहे। इस दौरान वह सूबे में ऊर्जा और पर्यटन राज्य मंत्री भी रहे। साल 2004 से अब तक का लोकसभा चुनाव लड़ते आ रहे हैं। 2014 से वह अयोध्या की वीआईपी सीट से सांसद हैं। संगठन से सत्ता प्रतिष्ठान तक ऊंची रसूख रखते हैं। दिल्ली दरबार ने उन पर भरोसा जताया। एक बार फिर फतह के लिए चुनावी मैदान में भेजा है। वह अपनी छवि और अपने पुराने वोट बैंक के सहारे मैदान में है।

### आठ बार विधायक रह चुके हैं अवधेश प्रसाद

सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद समाजवादी पार्टी का पिछड़े वर्ग का चेहरा हैं। अतीत हो चुकी जिले की सोहावल (सु.) विधानसभा क्षेत्र से आठ बार विधायक रहे। वर्तमान में मिल्कीपुर (सु.) से विधायक हैं। वह पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह के करीबी रहे हैं। सपा ने इस बार उन्हें मैदान में भेज नया प्रयोग किया है। कई बार प्रदेश सरकार में समाज कल्याण सहित अन्य विभागों के मंत्री रहे हैं। अतीत में अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ चुके हैं। गठबंधन से इतर भी सपा के जनाधार के साथ ही प्रसाद चुनाव मैदान में है। सियासी खेल में माहिर लल्लू और अवधेश दोनों नेताओं को राजनीति में बेदाग छवि का माना जाता है।

### 2014 : लोकसभा चुनाव में दलों की स्थिति

| दल | उम्मीदवार | मत |
|---|---|---|
| भाजपा | लल्लू सिंह | 4,91,761 मत |
| सपा | मित्रसेन यादव | 2,08,986 मत |
| बसपा | जितेंद्र सिंह बब्लू | 1,41,827 मत |
| कांग्रेस | डा. निर्मल खत्री | 1,29,917 मत |

### 2019 : लोकसभा चुनाव में दलों की स्थिति

| दल | उम्मीदवार | मत |
|---|---|---|
| भाजपा | लल्लू सिंह | 5,29,021 मत |
| गठबंधन | बसपा-सपा - आनंदसेन यादव | 4,63,544 मत |
| कांग्रेस | डॉ. निर्मल खत्री | 53,383 मत |


लल्लू सिंह


अवधेश प्रसाद


अरविंद सेन


सच्चिदानंद पांडेय

### पिता से सीखी है अरविंद ने राजनीति

इस बार राजनीति के इन धुरंधरों को चुनौती देने के लिए नवधा खिलाड़ी मैदान में ताल ठोंक रहे हैं। चुनावी धारा बदलने के प्रयास में हैं। राजनीतिक विचारों की लड़ाई को नए सिरे से परवान चढ़ाने के लिए अरविंद सेन यादव चुनाव मैदान में उतरे हैं। यादव पूर्व आईपीएस अधिकारी हैं। वाम विचारधारा से जुड़े पूर्व विधायक, पूर्व सांसद स्व. मित्रसेन यादव के बड़े पुत्र है। सियासी परिवार का होने के नाते राजनीति का ककरहा उन्होंने अपने पिता के साथ ही सीख लिया था।

### सच्चिदानंद की प्रोफाइल पुरानी नहीं

कभी यहां बेहतर प्रदर्शन करने वाली बसपा ने भी राजनीति के नवधा खिलाड़ी सच्चिदानंद पांडेय को दिग्गजों के सामने सियासत में दो-दो हाथ करने के लिए भेजा है। पांडेय पड़ोसी अंबेडकरनगर जिले के रहने वाले हैं। राजनीति में उनकी प्रोफाइल पुरानी नहीं है। पड़ोसी जिले के जिला स्तरीय एक भाजपा नेता के साथ राजनीति में उतरने वाले पांडेय को अंबेडकरनगर में भाग्य आजमाने का मौका नहीं मिला तो उन्होंने राम नगरी से सियासत की शुरुआत कर दी।

## चुनावी चक्कर

### पहचानत हो, हम धनंजय सिंह की मेहरारू हैं

नाम से पहले डॉन, माफिया, बाहुबली जैसे विशेषण का प्रयोग भले धनंजय सिंह के व्यक्तित्व से कुछ लोगों को सशंकित करता हो, लेकिन उनकी दक्षिण भारतीय पत्नी श्रीकला की छवि इससे बिल्कुल इतर है। श्रीकला बसपा के टिकट पर जौनपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहीं हैं। वहां, जनसभाओं को संबोधित करते हुए श्रीकला का मजाकिया अंदाज चर्चा का विषय बन गया है। पिछले दिनों उन्होंने एक जनसभा में ऐसा कह दिया कि इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। दरअसल, क्षेत्र में श्रीकला का प्रचार करने और वोट मांगने का तरीका ही दिलचस्प है। नामांकन से पहले श्रीकला ने जब एक चुनावी जनसभा में खुद को धनंजय की मेहरारू कह कर परिचय दिया तो वहां मौजूद सभी हंस पड़े। इससे पहले, लोगों को उम्मीद थी कि श्रीकला दक्षिण भारतीय भाषा वाले लहजे में ही संभवत: बातचीत करें। लेकिन उन्होंने लगभग सभी को चकित करते हुए ठेठ भोजपुरी भाषा में अपनी बात रखी। उनके बात करने का यह देसी तरीका ही चर्चा में आ गया है। भीड़ में एक उम्रदराज महिला को चाची कहकर संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, हमें पहचानत हो, हम कौन हैं? इससे पहले कि जवाब आता, श्रीकला बोलीं अरे हम धनंजय सिंह की मेहरारू हैं। श्रीकला यहीं नहीं रुकतीं हैं। वह जनसभा में आई महिलाओं से कहती हैं- ''हम आपकी पतोह हैं। अगर वोट ना देबो तो हम आपसे आके झगड़ा करबे। सोच लिहो, हम बड़ी झगड़ालू हैं।'' दक्षिण भारतीय मूल की श्रीकला के बोलने के अंदाज को देखकर वहां मौजूद सभी जोरदार ठहाका लगाते हैं। वहीं, क्षेत्रीय राजनीति की नब्ज पकड़ते हुए श्रीकला प्रचार के दौरान सरेराह कहीं समोसे की दुकान पर रुक जातीं हैं तो कहीं अचानक ठेले पर गोलगप्पा खाने लगतीं हैं। बहरहाल, चुनाव में क्षेत्र के मतदाताओं ने उनके इस अंदाज को कितना पसंद किया यह तो मतदान के परिणाम ही बताएंगे।

# मतदाताओं की चुप्पी से बढ़ीं प्रत्याशियों की मुश्किलें

### लालगंज लोकसभा क्षेत्र में पिछले चुनाव की तरह नहीं है माहौल

### भाजपा से नीलम, सपा से दरोगा सरोज व बसपा से इंदू मैदान में

### बसपा को यहां से चार, सपा को दो और भाजपा को एक बार मिली है जीत

चुनाव डेस्क, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर जहां प्रचार-प्रसार जोरों पर है, वहीं मतदाताओं की चुप्पी से प्रत्याशी परेशान हैं। कुछ यही स्थिति आजमगढ़ की लालगंज सुरक्षित संसदीय सीट की भी है।

इस चुनाव में कहीं विकास तो कहीं स्थानीय समस्याओं को लोग मुद्दा बना रहे हैं। यहां चुनावी मैदान में जहां नीलम सोनकर भाजपा से हैं वहीं इंडी गठबंधन से सपा प्रत्याशी दरोगा सरोज ताल ठोक रहे हैं, जबकि बसपा ने डॉ. इंदु चौधरी पर अपना दांव खेला है। बुधवार को भाजपा और इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों ने नामांकन भी कर दिया।

पिछले कई चुनावों की तरह इस चुनाव में अभी तक चौक-चौराहों व चाय-पान की दुकानों पर प्रत्याशियों का आकलन व हार-जीत के दावे भी अभी तक शुरू नहीं हुए हैं। गांवों में प्रत्याशियों के पहुंचते ही समर्थक जिंदाबाद के नारे को बुलंद करने लगते हैं। मतदाता भी सभी को जीत का आशीर्वाद दे खुशी-खुशी विदा कर रहे हैं। ग्रामीण अपनी समस्या से अवगत करा प्रत्याशी को वोट का आश्वासन भी दे रहे हैं। प्रत्याशी के जाते ही उसकी चर्चा भी खत्म हो जाती है। जिससे प्रत्याशियों के चेहरे पर चिंता की लकीरें दिख रही हैं। वोटर दबी जुबान कहते हैं कि इस बार सोच-समझ कर वोट डालना है, वोट बर्बाद नहीं करना है। वोट देने के सवाल पर चुप्पी तोड़ते हुए कहते हैं कि इस बार मतदाताओं का आकलन करना इतना आसान नहीं होगा। हां चुनाव से एक दिन पहले निर्णय जरूर हो जाएगा।

वहीं दूसरी ओर भाजपा की मौजूदा सांसद और प्रत्याशी नीलम सोनकर केंद्र की योजनाओं, राममंदिर के निर्माण के सहारे तथा प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे को सामने रख कर जनता से मिल रही हैं और दोबारा जिताने के लिए अपील कर रहीं हैं। इंडी गठबंधन के सपा प्रत्याशी दरोगा सरोज पिछड़ी जाति को आधार बना पीएम मोदी और सीएम योगी को घेरते हुए जनता से वोट मांग रहे हैं। बसपा की प्रत्याशी डॉ. इंदू यहां सोशल नेटवर्किंग के माध्यम से पिछड़े वर्ग के मतदाताओं से जुड़ कर वोट पाने की जुगत लगा रहीं हैं।

2019 लोकसभा चुनाव में बसपा और सपा की साझा प्रत्याशी संगीता आजाद ने भाजपा की प्रत्याशी नीलम सोनकर को हराया था। संगीता 518,820 मत मिले तो नीलम सोनकर के खाते में 3,57,223 वोट आए थे। इससे पहले 2014 के चुनाव में मोदी लहर के बीच यह सीट भाजपा के खाते में चली गई थी। भाजपा के टिकट पर नीलम सोनकर ने समाजवादी पार्टी की सरोज को कड़े मुकाबले में 63,086 मतों के अंतर से हराया था। बसपा के डॉक्टर बलिराम तीसरे स्थान पर रहे थे और उन्हें 2,33,971 वोट मिले थे।


नीलम सोनकर


दरोगा सरोज


डॉ इंदू चौधरी



### 1984 के बाद कांग्रेस को नहीं मिली सफलता

1990 के बाद के राजनीतिक परिणामों पर नजर डालें तो यहां पर किसी भी दल का एकाधिकार नहीं रहा। कांग्रेस को 1984 के बाद से यहां पर जीत नहीं मिली है, लेकिन जनता दल, बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी को बारी-बारी से जीत मिल चुकी है। हालांकि बहुजन समाज पार्टी को इस दौरान चार बार जीत मिली तो समाजवादी पार्टी को दो बार, जबकि भारतीय जनता पार्टी को महज एक बार ही जीत मिली है।

### 'राम' नाम वालों को मिली ज्यादातर जीत

लालगंज के चुनावों में एक दिलचस्प बात यह है कि 1962 से 2014 तक हुए 14 लोकसभा चुनावों में यहां से ज्यादातर ऐसे प्रत्याशी जीते, जिनके नाम में राम लगा हुआ था। 1967 से लगातार 1996 लोकसभा चुनाव जीतने वाले प्रत्याशियों के नाम में राम शब्द लगा हुआ था। 1999 और 2009 में यही हुआ था।

### 1962 में हुआ था पहला चुनाव

लालगंज सीट पर पहली बार 1962 में चुनाव हुए थे, यहां से प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के विश्राम प्रसाद चुनाव जीते थे। उसके बाद 1967 व 71 में यहां से कांग्रेसी उम्मीदवार रामधन राम लगातार जीते थे। इमरजेंसी के बाद देशभर में चुनाव हुए तो रामधन यहां से भारतीय लोकदल के टिकट पर खड़े हुए और जीत दर्ज की। इसके बाद 1980 में भी यह सीट जनता पार्टी के पास रही। यहां से छंगुर राम जीते, 1984 और 1989 के चुनाव में यहां से कांग्रेस के टिकट पर फिर रामधन राम जीते।

### 1996 में बसपा का खुला खाता

1989 में रामधन पाला बदलकर फिर जनता दल में गए और जीते। 1991 में राम बदन राम यहां से जनता दल से फिर चुनाव जीते। 1996 में इस सीट पर पहली बार बसपा का खाता खुला और पार्टी उम्मीदवार डॉ. बलिराम जीते। 1998 में सपा के दरोगा प्रसाद सरोज, 1999 में डॉ. बलिराम ने फिर जीत हासिल की। 2004 में दरोगा प्रसाद सरोज ने बाजी मारी, 2009 में डॉ. बलिराम फिर जीते।

### लालगंजः 2019 के चुनाव का लेखा जोखा






| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| संगीता आजाद | 5,18,820 |
| नीलम सोनकर | 3,57,223 |
| पंकज मोहन सोनकर | 17,630 |

### 2014 में किसको कितने वोट

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | नीलम सोनकर | 3,24,016 |
| सपा | बेचई सरोज | 2,60,930 |
| बसपा | डॉ. बलिराम | 2,33,971 |
| कांग्रेस | बलिहारी बाबू | 21,832 |




### निर्वाचित सांसद



| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1962 | विश्राम प्रसाद | प्रजा सोशलिस्ट पार्टी |
| 1967 व 71 | रामधन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | रामधन | जनता पार्टी |
| 1980 | छांगुर राम | जनता पार्टी |
| 1984 | रामधन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | रामधन | जनता दल |
| 1991 | राम बदन | जनता दल |
| 1996 | बलिराम | बहुजन समाज पार्टी |
| 1998 | दरोगा प्रसाद सरोज | समाजवादी पार्टी |
| 1999 | बलिराम | बहुजन समाज पार्टी |
| 2004 | दरोगा प्रसाद सरोज | समाजवादी पार्टी |

| 2014 नोटा | 2019 नोटा |
|---|---|
| 7,713 | 5,060 |

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| बसपा | डॉ. बलिराम | 2,07,998 |
| भाजपा | नीलम सोनकर | 1,68,050 |
| सपा | दरोगा प्रसाद सरोज | 1,47,182 |

### 2024 - मतदाताओं की संख्या

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | - 18,32,489 |
| पुरुष | - 8,74,236 |
| महिला | - 9,58,229 |
| अन्य | - 24 |



## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 985 फ्लैग 1100 डीएमओ 880 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 985 फ्लैग 1100 बोल्ड 1140 डीएमओ 880।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-12500 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# रियल एस्टेट क्षेत्र में तीन गुना बढ़ा निवेश

## परामर्श कंपनी सीएंडब्ल्यू के अनुसार जनवरी-मार्च में 5,743 करोड़ रुपये पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी



आवासीय रियल एस्टेट खंड में निवेश मार्च तिमाही में तीन गुना से अधिक होकर 5,743 करोड़ रुपये हो गया। रियल एस्टेट परामर्श कंपनी कुशमैन एंड वेकफील्ड (सीएंडडब्ल्यू) के अनुसार, यह कुल रियल एस्टेट क्षेत्र में कुल प्रवाह का 63 प्रतिशत है। सीएंडडब्ल्यू की बुधवार को जारी पूंजी बाजार की रिपोर्ट में कहा गया कि मार्च तिमाही के दौरान रियल एस्टेट में निवेश बढ़कर 9,124 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल समान अवधि में 8,830 करोड़ रुपये था।

रिपोर्ट के अनुसार, कुल निवेश में से आवासीय खंड में निवेश बढ़कर 5,743 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल समान तिमाही में 1,735 करोड़ रुपये था। कार्यालय संपत्तियों में निवेश मामूली बढ़कर कैलेंडर वर्ष 2024 की पहली तिमाही में 2,248 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल इसी तिमाही में 2,180 करोड़ रुपये था। हालांकि, मिश्रित उपयोग वाली परियोजनाओं में निवेश मार्च तिमाही में घटकर 865 करोड़ रुपये रह गया, पिछले साल समान तिमाही में 1,645 करोड़ रुपये था। औद्योगिक और लॉजिस्टिक खंड में भी मार्च तिमाही में 268 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जो पिछले साल की समान तिमाही में 2,170 करोड़ रुपये था। होटल परियोजनाओं में निवेशकों ने समीक्षाधीन तिमाही में कोई रुचि नहीं दिखाई।

हालांकि पिछले साल समान तिमाही में इस खंड में 1,100 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था। सीएंडडब्ल्यू की मूल्यांकन, परामर्श और पूंजी बाजार खंड के प्रबंध निदेशक सोमी थॉमस ने कहा-चालू कैलेंडर की पहली तिमाही में भी रियल एस्टेट क्षेत्र में मजबूत पूंजी प्रवाह देखा गया। इसमें नए ग्राहक और निवेशकों के विश्वास के कारण आवासीय क्षेत्र का दबदबा रहा।

### मुंबई में संपत्तियों का पंजीकरण 11 प्रतिशत बढ़ गया

बृहन्मुंबई महानगरपालिका क्षेत्र में मजबूत आवास मांग के दम पर संपत्तियों का पंजीकरण अप्रैल में 11 प्रतिशत बढ़कर 11,628 इकाई हो गया। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। मुंबई में अप्रैल 2023 में 10,514 इकाइयों का पंजीकरण हुआ था। नाइट फ्रैंक के अनुसार-पिछले महीने 11,628 इकाइयों का पंजीकरण हुआ। मुंबई के बाजार में मकान खरीदने वालों के सकारात्मक रुख के बीच मुंबई में संपत्ति पंजीकरण 2024 में लगातार चौथे महीने 10,000 से अधिक रहा। कुल पंजीकृत संपत्तियों में से 80 प्रतिशत आवासीय इकाइयां हैं। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा-बाजार की सकारात्मक परिस्थितियों ने राज्य के खजाने को काफी बढ़ावा दिया, जिससे अप्रैल में राजस्व संग्रह अब तक का सर्वाधिक रहा। अप्रैल में संपत्ति पंजीकरण में तेजी आई है...यह सकारात्मक गति जारी रहने की उम्मीद है, जो मजबूत आर्थिक वृद्धि व स्थिर ब्याज दरों से प्रेरित है, जिनके स्थिर रहने की उम्मीद है।

### 11 प्रतिशत बढ़ गई बिजली की खपत

**नई दिल्ली।** देश में बिजली की खपत अप्रैल में सालाना आधार पर करीब 11 प्रतिशत बढ़कर 144.25 अरब यूनिट रही है। मुख्य रूप से तापमान बढ़ने से बिजली खपत बढ़ी है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। अप्रैल, 2023 में बिजली की खपत 130.08 अरब यूनिट थी। एक दिन में बिजली की अधिकतम मांग भी अप्रैल, 2024 में बढ़कर 224.18 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) हो गई, जबकि अप्रैल, 2023 में यह 215.88 गीगावाट थी। बिजली मंत्रालय ने गर्मियों के दौरान बिजली की अधिकतम मांग लगभग 260 गीगावाट रहने का अनुमान लगाया है। विशेषज्ञों ने कहा कि बिजली की खपत के साथ-साथ मांग में वृद्धि मुख्य रूप से तापमान बढ़ने और इस्पात तथा बिजली जैसे क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों में तेजी के कारण हुई।

## ई-वाणिज्य केंद्र विकसित करना नई सरकार के एजेंडे में हो सकता है शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

- **भारतीय निर्यात संगठन महासंघ (फियो) के महानिदेशक ने निर्यात को लेकर दी जानकारी**

ऑनलाइन माध्यम से भारत के निर्यात को और बढ़ावा देने के लिए देश में ई-वाणिज्य केंद्र विकसित करने का मुद्दा नई सरकार के लिए वाणिज्य मंत्रालय के 100 दिन के एजेंडे में शामिल होने की उम्मीद है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

वाणिज्य मंत्रालय की शाखा विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) पहले से ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और वित्त मंत्रालय सहित संबंधित मंत्रालयों के साथ ई-वाणिज्य माध्यम से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई कदमों पर काम कर रही है क्योंकि इस क्षेत्र में निर्यात के बड़े अवसर हैं। यह कवायद इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि मंत्रालयों को नई सरकार के लिए 100 दिन की योजना तैयार करने को कहा गया है। भारत में सात चरणों में



होने वाले लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल को शुरू हुए। मतगणना चार जून को होगी। अधिकारी ने कहा कि ये केंद्र ई-वाणिज्य माध्यमों से निर्यात को और बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं। उद्योग जगत के एक विशेषज्ञ के अनुसार, ऐसे केंद्र में निर्यात मंजूरी को सुगम बनाया जा सकता है। इसके अलावा इसमें भंडारण सुविधाएं, सीमा शुल्क मंजूरी, रिटर्न प्रोसेसिंग, लेबलिंग, टेस्टिंग और रीपैकेजिंग की भी सुविधा हो सकती है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 82,100 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 72,900 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,300-54,500 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 70,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 70,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 81,000 |
| चांदी तैयार | 81,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 68,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 67,600 |
| चांदी पक्की | 765 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 69,350 |
| चांदी आभूषण | 78,100। |

## विदेशी निवेशकों ने शेयरों से 8,700 करोड़ रुपये निकाले

नई दिल्ली, एजेंसी

- **दो महीने बाद अप्रैल में एफपीआई फिर हुई बिकवाली**

लगातार दो माह तक खरीदार रहने के बाद अप्रैल में विदेशी निवेशक शुद्ध बिकवाल बन गए और उन्होंने 8,700 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। मॉरीशस के साथ कर संधि में संशोधन से उपजी चिंताओं और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल लगातार बढ़ने से रुख में यह बदलाव देखने को मिला। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मार्च में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। लेकिन अप्रैल में यह रुझान पलट गया और एफपीआई ने 8,700 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी कर ली।

वर्ष 2024 के पहले चार महीनों में भारतीय शेयर बाजार में एफपीआई का कुल शुद्ध निवेश 2,222 करोड़ रुपये और ऋण या बॉन्ड बाजार में 44,908 करोड़ रुपये रहा है। आंकड़ों के मुताबिक, एफपीआई ने भारतीय इक्विटी से 8,671 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है।

### जीएंडबी, गोदरेज प्रॉपर्टीज में भूमि विकास पर जारी रहेगी साझेदारी

**नई दिल्ली।** गोदरेज समूह के संस्थापक परिवार द्वारा कारोबारी समूह के सौहार्दपूर्ण विभाजन की घोषणा के अगले दिन बुधवार को गोदरेज एंड बॉयस और गोदरेज प्रॉपर्टीज ने कहा कि वे मुंबई के विखरोली में भूमि विकास के लिए सहयोग जारी रखेंगी।

गोदरेज एंड बॉयस (जीएंडबी) और गोदरेज प्रॉपर्टीज ने संयुक्त बयान में कहा कि जब भी मालिक भूमि विकसित करने के इच्छुक होंगे, तब समय-समय पर दोनों कंपनियां विखरोली में भूमि विकास के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) को जारी रखेंगी।

## बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री रफ्तार हुई सुस्त

नई दिल्ली, एजेंसी

- **अप्रैल में वाहन की 3.38 लाख इकाइयां बेची गईं**

देश में यात्री वाहनों की बिक्री नए वित्त वर्ष (2024-25) के पहले महीने में स्थिर रही। अप्रैल में वाहन की 3.38 लाख इकाइयां बेची गईं। बिक्री पर उच्च तुलनात्मक आधार प्रभाव और आम चुनावों के कारण कम मांग का असर हुआ। यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में 1.77 प्रतिशत वृद्धि के साथ 3,38,341 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने में 3,32,468 इकाई थी।

इस दौरान मारुति सुजुकी इंडिया, हुंदै और टाटा मोटर्स की घरेलू थोक बिक्री में मामूली वृद्धि



हुई है। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यपालक अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये संवाददाताओं से कहा कि अप्रैल में सपाट वृद्धि पिछले साल उद्योग के उच्च तुलनात्मक आधार के कारण है। इसके अलावा चल रहे आम चुनावों का प्रभाव भी है। उन्होंने कहा-हमने इस साल बहुत ऊंचे आधार पर शुरुआत की है... अभी देश में चुनाव चल रहे हैं और आदर्श आचार संहिता लागू है...चुनाव के दौरान बाजार थोड़ा सुस्त है। एक बार चुनाव ख़त्म हो जाएं, तो मुझे लगता है कि हम एक अलग बाजार देखेंगे। मारुति सुजुकी की कुल घरेलू यात्री वाहन बिक्री अप्रैल में 1,37,952 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने में 1,37,320 इकाई थी। दूसरी ओर हुंदै मोटर इंडिया की घरेलू थोक बिक्री अप्रैल में एक प्रतिशत बढ़कर 50,201 इकाई रही, जो पिछले साल इसी माह 49,701 इकाई थी।

## राष्ट्रीय

# कांग्रेस लिखित में गारंटी दे कि वह धर्म के आधार पर नहीं देगी आरक्षण: नरेंद्र मोदी

## प्रधानमंत्री बोले-आपकी मंशा मुसलमानों को धर्म के आधार पर आरक्षण देने की है

बनासकांठा (गुजरात), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को दावा किया कि कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहती है। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस और उसके गठबंधन में शामिल घटकों को लिखित में यह गारंटी देने की चुनौती दी कि वे ऐसा कभी नहीं करेंगे। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा-आपकी मंशा मुसलमानों को धर्म के आधार पर आरक्षण देने की है।

लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के बाद गुजरात में अपनी पहली चुनावी रैली में मोदी ने कहा



नरेंद्र मोदी गुजरात में लोकसभा चुनाव के लिए सार्वजनिक बैठक के दौरान। ● एजेंसी

कि जब तक वह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता में हैं, तब तक अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को नौकरियों और शिक्षा में दिए गए आरक्षण की रक्षा की जाएगी। भाजपा के दिग्गज नेता ने जोर देकर कहा-मैं कांग्रेस के शहजादे (राहुल गांधी की ओर इशारा करते हुए) के साथ-साथ उनकी पार्टी और समर्थकों को चुनौती देता हूं कि वे घोषणा करें कि कभी भी धर्म के नाम पर आरक्षण का दुरुपयोग नहीं करेंगे, न ही कभी संविधान के साथ खिलवाड़ करेंगे या कभी धर्म के नाम पर आरक्षण नहीं देंगे। उन्होंने कहा-कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन लिखित में गारंटी दें कि वे धर्म के नाम पर कभी आरक्षण नहीं देंगे क्योंकि उन पर भरोसा नहीं किया जा सकता है।

### आवश्यक रस्मों के बिना हिंदू विवाह वैध नहीं: उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि हिंदू विवाह नाचने-गाने, खाने-पीने या वाणिज्यिक लेनदेन का अवसर नहीं है और वैध रस्मों को पूरा किए बिना किसी शादी को हिंदू विवाह अधिनियम के तहत मान्यता नहीं दी जा सकती है।

न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि हिंदू विवाह एक संस्कार और पवित्र बंधन है जिसे भारतीय समाज में काफी महत्व दिया जाता है। हाल ही में पारित अपने आदेश में पीठ ने युवक-युवतियों से आग्रह किया कि वे विवाह की संस्था में प्रवेश करने से पहले ही इसके बारे में गहराई से विचार करें क्योंकि भारतीय समाज में विवाह एक पवित्र बंधन है। पीठ ने दो प्रशिक्षित वाणिज्यिक पायलटों के मामले में अपने आदेश में यह टिप्पणी की।




**नई दिल्ली :** एयर मार्शल नागेश कपूर 1 मई को बेंगलुरु में एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (एओसी-इन-सी) ट्रेनिंग कमांड का पदभार संभालने के बाद अन्य लोगों के साथ मार्च करते हुए। ● एजेंसी

## एक नजर

### जम्मू के किश्तवाड़ में भूकंप के झटके

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के पहाड़ी हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने ''एक्स'' पर एक पोस्ट में कहा कि दरमियानी रात को किश्तवाड़ जिले में आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3 .4 मापी गयी। भूकंप 30 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। कम तीव्रता वाले इस भूकंप से लोगों में दहशत फैल गई। भूकंप से अब तक किसी के घायल होने या बड़े नुकसान की सूचना नहीं है।

### डॉ. अतुल वर्मा हिमाचल के नए डीजीपी नियुक्त

**शिमला।** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 1992 बैच के अधिकारी डॉ. अतुल वर्मा को हिमाचल प्रदेश का नया पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति आईपीएस संजय कुंडू की सेवानिवृत्ति के बाद हुई है। डॉ. वर्मा, जो पहले सीआईडी, हिमाचल प्रदेश के महानिदेशक के रूप में कार्यरत थे, अब जनहित में राज्य पुलिस बल के प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालेंगे। डॉ. वर्मा की नियुक्ति की अधिसूचना हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल द्वारा बुधवार यानी एक मई को तत्काल प्रभाव से जारी कर दी गई है।

## भाजपा न तो आरक्षण हटाएगी और न ही कांग्रेस को ऐसा करने देगी

कोरबा (छत्तीसगढ़), एजेंसी

- **अमित शाह ने छत्तीसगढ़ की जनसभा में विपक्षी दल पर लगाया झूठ बोलने का आरोप**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि भाजपा न तो अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण को हटाएगी और न ही कांग्रेस को ऐसा करने देगी। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर झूठ बोलने का आरोप लगाया और कहा कि चार जून को वह अपनी हार का ठीकरा अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर फोड़ने वाली है।

शाह कोरबा लोकसभा क्षेत्र के कटघोरा कस्बे में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस चुनाव जीतने के लिए देश में आतंकवाद और नक्सलवाद का पोषण करती रही है। शाह ने कहा-कांग्रेस पार्टी का एक सूत्र है- झूठ बोलो, जोर से बोलो, सार्वजनिक रूप से बोलो। वे कहते हैं कि मोदी जी को बहुमत मिलेगा तो आरक्षण हटा देंगे। उन्होंने मेरा एक 'फर्जी वीडियो' प्रसारित किया है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि 10 साल से आपके आशीर्वाद से मोदी जी के पास बहुमत है। मोदी ने ना आरक्षण हटाया, ना हटाएंगे।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बहुमत का उपयोग अनुच्छेद 370 हटाने, राम जन्मभूमि पर मंदिर



बनाने, सीएए लागू करने, तीन तलाक समाप्त करने और नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए किया। उन्होंने कहा-मैं आपको मोदी की गारंटी देने आया हूं, जब तक भारतीय जनता पार्टी का एक भी सांसद भारत की संसद में है, एसटी, एससी और ओबीसी आरक्षण को ना हम हटाएंगे, ना ही कांग्रेस को हटाने देंगे। भाजपा नेता ने कोरबा लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी सरोज पांडेय को वोट देने की अपील की। इस सीट पर सात मई को मतदान है।

कांग्रेस अध्यक्ष पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा-खरगे साहब! क्यों एक परिवार के लिए झूठ बोल रहे हैं? चार जून (चुनाव परिणाम) को हारने के बाद हार का ठीकरा आप पर ही फूटने वाला है। आपको नहीं पता ये किसी के नहीं होते।

## दिल्ली की अदालत ने की प्रवर्तन निदेशालय की आलोचना

नई दिल्ली, एजेंसी

- **कहा-मजबूत नेता और एजेंसियां जिनकी रक्षा की जिम्मेदारी उठाते हैं, उन्हें ही बनाते हैं शिकार**

दिल्ली की एक अदालत ने धनशोधन मामले में एक आरोपी का इलाज करने वाले डॉक्टरों के बयान दर्ज करने के लिए सख्त पीएमएलए कानून का उपयोग करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की आलोचना करते हुए कहा कि इतिहास सिखाता है कि मजबूत नेता, कानून और एजेंसियां आम तौर पर जिनकी रक्षा का संकल्प लेते हैं उन्हीं को पलटकर निशाना बनाते हैं।

विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने यह टिप्पणी अमित कत्याल द्वारा दाखिल एक आवेदन पर फैसला करते हुए की, जिसमें रेलवे नौकरी के बदले जमीन घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में चिकित्सा आधार पर पांच फरवरी को दी गई अंतरिम जमानत को बढ़ाने का अनुरोध किया गया था। न्यायाधीश ने 30 अप्रैल को अंतरिम जमानत के विस्तार को यह देखते हुए अस्वीकार कर दिया कि कात्याल स्पष्ट रूप से ठीक होने की राह पर हैं और जेल परिसर के भीतर निर्धारित जीवन शैली का पालन कर सकते हैं। न्यायाधीश ने हालांकि कहा कि कात्याल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विकास पाहवा ने उन डॉक्टरों के बयान दर्ज करने में ईडी द्वारा पीएमएलए की धारा 50 के उपयोग पर आपत्ति जताई थी।

## कांग्रेस के दो पूर्व विधायकों ने छोड़ी पार्टी आप के साथ गठबंधन पर जताई नाराजगी

**नई दिल्ली।** आप से गठबंधन के विरोध में कांग्रेस के दो पूर्व विधायकों नीरज बसोया और नसीब सिंह ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले कांग्रेस की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने पद से इस्तीफा दे दिया था। लवली द्वारा आप के साथ गठबंधन का हवाला देकर इस्तीफा देने और राष्ट्रीय राजधानी में कांग्रेस उम्मीदवारों के बयानों के बाद पार्टी की दिल्ली इकाई में दरारें उजागर हुई थी। इन घटनाक्रम के बाद कांग्रेस ने मंगलवार को पूर्व विधायक देवेंद्र यादव को अपनी दिल्ली इकाई का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे पत्रों में नीरज बसोया और नसीब सिंह ने दावा किया कि कांग्रेस कार्यकर्ता परेशान हैं और आप से गठबंधन के कारण अपमानित महसूस कर रहे हैं।

# कोर्ट ने मिशेल की जमानत याचिका पर सीबीआई और ईडी का रुख पूछा

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने 12 वीवीआईपी हेलीकॉप्टर की खरीद से संबंधित 3,600 करोड़ रुपये के अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला मामले में नियमित जमानत का अनुरोध करने वाले कथित बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की याचिका पर केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से उनका रुख व्यक्त करने के लिए कहा है।

न्यायमूर्ति ज्योति सिंह ने ब्रिटिश नागरिक की जमानत याचिकाओं पर जांच एजेंसियों को नोटिस जारी किया, जिसे दिसंबर 2018 में दुबई से प्रत्यर्पण के तहत लाया गया था

**अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला**




और बाद में कथित घोटाले में भूमिका के लिए उसे गिरफ्तार किया गया था। न्यायाधीश ने 22 अप्रैल को पारित दो अलग-अलग आदेशों में सीबीआई और ईडी के वकील से तीन सप्ताह में अपनी स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए कहा। इस मामले की अगली सुनवाई 16 मई को होगी। पिछले साल सात फरवरी को शीर्ष अदालत ने जेम्स को जमानत देने से इनकार कर दिया था। जेम्स फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। शीर्ष अदालत ने जेम्स की उस दलील को खारिज कर दिया था जिसमें कहा गया था कि उसे इस आधार पर रिहा किया जाए कि वह इस मामले में दी जाने वाली अधिकतम कारावास की सजा का आधा हिस्सा जेल में बिता चुका है। इसके पहले उच्च न्यायालय ने मार्च 2022 में सीबीआई और ईडी, दोनों से ही जुड़े मामलों में उसकी जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। कथित घोटाला अगस्ता वेस्टलैंड से 12 वीवीआईपी हेलीकॉप्टर की खरीद से जुड़ा है। सीबीआई ने अपने आरोपपत्र में आरोप लगाया कि वीवीआईपी हेलीकॉप्टर की आपूर्ति के लिए 8 फरवरी, 2010 को हस्ताक्षरित सौदे के कारण सरकारी खजाने को लगभग 2,666 करोड़ रुपये का अनुमानित नुकसान हुआ।

### दिल्ली उच्च न्यायालय ने अदालत के विस्तार की मांग वाली याचिका पर केंद्र से मांगा जवाब

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को उस याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा जिसमें अदालत, अदालत कक्षों, वकीलों के कक्षों, पार्किंग स्थान और बुनियादी ढांचे के विस्तार का अनुरोध किया गया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने याचिका पर केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों तथा कानून एवं न्याय मंत्रालय और उच्च न्यायालय के प्रशासनिक पक्ष को नोटिस जारी किया। यह याचिका दिल्ली उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन द्वारा दायर की गई है। इस याचिका में केंद्र को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि उच्च न्यायालय के विस्तार के लिए ढांचागत जरूरतों के मद्देनजर यहां बापा नगर की पूरी जमीन का कब्जा सौंप दिया जाए। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा-परेशानी यह है कि उच्च न्यायालय यहीं है। हमें अगल-बगल की भूमि की आवश्यकता होगी। हम इस पर गौर करेंगे और देखेंगे कि हम क्या कर सकते हैं। वस्तुत: आज हमारे पास कोई जमीन नहीं है। मामले मे अगली सुनवाई 31 जुलाई को होगी। इस मामले में केंद्र का प्रतिनिधित्व स्थायी वकील अनुराग अहलूवालिया ने किया, वहीं दिल्ली उच्च न्यायालय के प्रशासन पक्ष का प्रतिनिधित्व वकील रावी बीरबल ने किया।

**आज का मुकाबला**

सनराइजर्स हैदराबाद
बनाम
राजस्थान रॉयल्स
शाम 7:30 बजे

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 09 | 509 |
| विराट कोहली (आरसीबी) | 10 | 500 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 10 | 418 |

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 09 | 14 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 09 | 14 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 09 | 14 |

# टी-20 विश्व कप के लिए बेहतर एकादश बनाने में जुटी सभी टीमें

## जेक फ्रेजर मैकगुर्क को नहीं मिली ऑस्ट्रेलियाई टीम में जगह



सिडनी, एजेंसी

अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में होने वाले आगामी टी-20 विश्वकप के लिए ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को मिचेल मार्श की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। आईपीएल ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करने वाले युवा बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगुर्क और स्टीव स्मिथ को टीम में जगह नहीं मिली है। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने बुधवार की सुबह मिचेल मार्श को टी-20 कप्तान भी नियुक्त कर दिया है।

मार्श इससे पहले तीन टी-20 सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी कर चुके हैं। उस वक्त वह तकरीबन 12 महीनों के लिए टीम के कार्यवाहक कप्तान थे। विश्वकप के लिए टीम के तेज गेंदबाजी क्रम में पैट कमिंस, जॉश हेजलवुड और पैट कमिंस के अलावा टीम में युवा गेंदबाज नाथन एलिस को भी जगह दी गई है। वहीं विकेटकीपिंग में जोश इंग्लस को पहली पसंद के कीपर मैथ्यू वेड के बाद रिजर्व विकेटकीपर के तौर पर चुना गया है। बल्लेबाजी क्रम में चयनकर्ताओं ने अनुभवी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर पर फिर से भरोसा जताया है। इसके अलावा ट्रेविस हेड भी टीम में हैं। मध्यक्रम में ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टॉयनिस और टिम डेविड का साथ शायद विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर मैथ्यू वेड देंगे। चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने बताया कि एगर और ग्रीन को अन्य खिलाड़ियों से पहले टीम में तरजीह दी गई। ऑस्ट्रेलियाई टीम में मिचेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लस (विकेटकीपर), ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर और एडम जैम्पा शामिल हैं।




## अफगानिस्तान ने किया टीम का ऐलान



काबुल, एजेंसी

अफगानिस्तान ने अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में होने वाले टी-20 विश्वकप के लिए राशिद खान की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। चयनकर्ताओं ने टीम में केवल चार बल्लेबाजों रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जदरान, नजीबुल्लाह जदरान और बैकअप विकेटकीपर मोहम्मद इशाक को शामिल किया है। टीम में अजमतुल्लाह उमरजई, नबी, गुलबदीन नईब, करीम जनत और नांगेयालिया खरोटे के रूप में छह ऑलराउंडर्स को जगह दी गई है। अफगानिस्तान की स्पिन गेंदबाजी की जिम्मेदारी मुजीब और नूर, राशिद पर होगी। इसके अलावा टीम में नबी और खरोटे भी टीम में हैं। वहीं तेज गेंदबाज के तौर पर नवीन उल हक एकमात्र दाहिने हाथ के गेंदबाज हैं। उनके अलावा बाएं हाथ के गेंदबाज फजलहक फारूकी और फरीद अहमद भी टीम में हैं। नूर, जनत और इशाक के लिए यह पहला टी-20 विश्वकप होगा। इसके अलावा हजरतउल्लाह जजई भी 15 सदस्यीय टीम में नहीं हैं। उन्हें रिजर्व के तौर पर टीम में शामिल किया गया है।

## न्यूयॉर्क में फ्लोरिडा से लाई जा रही हैं 'ड्रॉप इन' पिचें

**न्यूयॉर्क।** आगामी टी20 विश्व कप के लिये फ्लोरिडा से 'ड्रॉप इन' पिचें न्यूयॉर्क लाई जा रही हैं जहां बाकी मैचों के अलावा नौ जून को भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप चरण का मैच भी होना है। ये ऐसी पिच होती है, जिसे मैदान या वेन्यू से दूर कहीं बनाया जाता है और बाद में स्टेडियम में लाकर बिछा दिया जाता है। फ्लोरिडा में दिसंबर से दस ड्रॉप इन पिचें बनाई जा रही थी। ये पिचें एडीलेड ओवल टर्फ सोल्यूशंस के मार्गदर्शन में बनाई जा रही हैं जिसकी अगुवाई एडीलेड ओवल के मुख्य क्यूरेटर डेमियन हॉग कर रहे हैं। आईसीसी की विज्ञप्ति के अनुसार चार पिचें नासाउ स्टेडियम में लगाई जाएंगी जबकि छह आसपास अभ्यास परिसर में लगेंगी। टूर्नामेंट के दौरान एडीलेड ओवल टर्फ सोल्यूशंस टीम न्यूयॉर्क में ही रहेगी ताकि पिच के रख रखाव में मदद कर सके। टूर्नामेंट दो से 29 जून तक अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेला जाएगा।

# चेपॉक में पंजाब ने चेन्नई को किया चित

## सात विकेट से जीती पंजाब किंग्स, ऋतुराज के अर्धशतक पर बेयरस्टो और रुसो ने फेरा पानी

चेन्नई, एजेंसी

जॉनी बेयरस्टो (46), राइली रुसो (43) की दमदार पारियों की बदौलत पंजाब किंग्स ने बुधवार को आईपीएल के 49वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को सात विकेट से हरा दिया है। पंजाब किंग्स की यह चौथी जीत और चेन्नई सुपर किंग्स की पांचवीं हार है।

पंजाब किंग्स के गेंदबाजों ने बेहतरीन गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स को बड़ा स्कोर बनाने से रोका और उसके बाद जॉनी बेयरस्टो और राइली रुसो ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए टीम को जीत की ओर अग्रसर किया। जॉनी बेयरस्टो ने 30गेंदों में सात चौके और एक छक्के की मदद से (46) रन बनाए। वहीं राइली रुसो ने 23 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए (43) रनों की पारी खेली। सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह 10 गेंदों में 13 रन बनाकर आउट हुये। शशांक सिंह 27 और सैम करन 26 रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब ने 17.5 ओवर में तीन विकेट पर 163 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला जीत लिया। चेन्नई की ओर से शार्दुल ठाकुर, रिचर्ड ग्लीसन और शिवम दूबे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।


अर्धशतक लगाने के बाद दर्शकों का अभिवादन करते ऋतुराज।»

इससे पहले कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (62) और अजिंक्य रहाणे (29) की शानदार पारियों के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने पंजाब किंग्स को जीत के लिए 163 रनों का लक्ष्य दिया था। एम ए चिदंबरम स्टेडियम में पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई की ऋतुराज गायकवाड़ और अजिंक्य रहाणे की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 64 रन जोड़े। हालांकि इस जोड़ी के बाद कोई बड़ी साझेदारी नहीं हो सकी। नौवें ओवर में हरप्रीत बराड़ ने पहले अजिंक्य रहाणे 24 गेंदों में (29) और इसी ओवर में शिवम दूबे (शून्य) पर आउटकर पंजाब को दोहरी सफलता दिलाई। इसके बाद रवींद्र जडेजा (2) और समीर रिजवी (21) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। मोईन अली (15), एमएस धोनी(14) रन बनाकर आउट हुये। ऋतुराज गायकवाड़ ने सर्वाधिक (62) रन बनाए। चेन्नई ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 162 रनों का स्कोर खड़ा किया।

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 | +0.694 |
| कोलकाता | 9 | 6 | 3 | 12 | +1.096 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.094 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 5 | 10 | +0.627 |
| हैदराबाद | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.075 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.442 |
| पंजाब | 10 | 4 | 6 | 8 | -0.062 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 | -1.113 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.272 |
| बेंगलुरु | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.415 |




### ऋतुराज को मिली ऑरेंज कैप

ऋतुराज ने अर्धशतक जड़ने के बाद विराट कोहली से ऑरेंज कैप छीन ली। विराट का अभी तक ऑरेंज कैप पर कब्जा था। ऋतुराज ने अब तक एम ए चिदंबरम स्टेडियम में पिछले 5 मैचों में 46, 67, 108*, 98 और 62 रन बनाए। शानदार फॉर्म में होने के बावजूद रुतुराज को टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिली।

**चेन्नई 162/7** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 18

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अजिंक्य रहाणे का रोसेयु बो बराड़ | 29 | 24 | 5/0 |
| रुतुराज गायकवाड़ बो अर्शदीप | 62 | 48 | 5/2 |
| शिवम दुबे पगबाधा बराड़ | 0 | 1 | 0/0 |
| रविंद्र जडेजा पगबाधा चाहर | 2 | 4 | 0/0 |
| समीर रिजवी का हर्षल बो रबाडा | 21 | 23 | 1/0 |
| मोईन अली बो राहुल चाहर | 15 | 9 | 1/1 |
| महेंद्र सिंह धोनी रन आउट | 14 | 11 | 1/1 |
| डेरिल मिचेल नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** रबाडा 4-0-23-1, अर्शदीप 4-0-52-1, कुरेन 3-0-37-0, बराड़ 4-0-17-2, राहुल चाहर 4-0-16-2, हर्षल 1-0-12-0

**पंजाब 163/3** — 17 .5 ओवर, अतिरिक्त : 10

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| प्रभसिमरन का गायकवाड़ बो ग्लीसन | 13 | 10 | 1/1 |
| जॉनी बेयरस्टो का धोनी बो दुबे | 46 | 30 | 7/1 |
| राइली रुसो बो शारदुल | 43 | 23 | 5/2 |
| शशंक सिंह नाबाद | 25 | 26 | 1/1 |
| सैम कुरेन नाबाद | 26 | 20 | 3/0 |

**गेंदबाजी :** चाहर 0 .2-0-4-0, शारदुल 3 .4-0-48-1, ग्लीसन 3 .5-0-30-1, मुस्ताफिजुर 4-1-22-0, जडेजा 3-0-22-0, मोईन 2-0-22-0, दुबे 1-0-14-1

## खेल डायरी

### थॉमस कप में इंडोनेशिया से 1-4 से हारा भारत

**चेंगदू (चीन)।** गत चैंपियन भारत बुधवार को यहां थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में इंडोनेशिया की मजबूत टीम के खिलाफ 1-4 से हार गया और अपने ग्रुप में शीर्ष पर नहीं पहुंच पाया। भारत और इंडोनेशिया दोनों पहले ही अपने शुरुआती दोनों मैच जीतकर इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं लेकिन इंडोनेशिया ग्रुप सी के विजेता के रूप में नॉकआउट में जाएगा। पुरुष एकल में भारत के नंबर एक खिलाड़ी एचएस प्रणय ने शुरुआती मैच में पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए एंथनी गिंटिंग को 13-21, 21-12, 21-12 से हराकर टीम को 1-0 से आगे कर दिया। पहले पुरुष युगल मैच में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार जोड़ी मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और बागस मौलाना से हार गई। इंडोनेशिया की जोड़ी ने सात्विक और चिराग को हराया जिससे मुकाबला 1-1 से बराबर हो गया। लक्ष्य सेन इसके बाद ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के पुरुष एकल विजेता जोनाथन क्रिस्टी से 18-21, 21-16, 17-21 से हार गए जिससे भारत 1-2 से पिछड़ गया।

### मुंबई पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

**लखनऊ।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में दूसरी बार टीम की ओवरगति धीमी रहने के कारण 24 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया है। इंपैक्ट खिलाड़ी समेत बाकी खिलाड़ियों पर छह छह लाख रूपये या मैच फीस के 25 प्रतिशत में से जो कम हो, जुर्माना लगाया गया। मुंबई को लखनऊ ने चार विकेट से हराया। आईपीएल ने कहा मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर टाटा इंडियन प्रीमियर लीग के 48वें मैच के दौरान धीमी ओवरगति के लिए जुर्माना लगाया गया है। इसमें कहा गया यह इस सत्र में धीमी ओवर गति संबंधित टीम का दूसरा अपराध था तो पंड्या पर 24 लाख रूपये जुर्माना लगाया है। बाकी सदस्यों पर छह छह लाख रूपये का जुर्माना लगाया गया है।

### महिला हॉकी लीग में हरियाणा-महाराष्ट्र जीते

**रांची।** हरियाणा ने राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के पहले चरण के दूसरे दिन बुधवार को यहां मणिपुर को 8-0 जबकि महाराष्ट्र ने मिजोरम को 3-0 से हराया। हरियाणा के लिए एकतरफा जीत में शशि खासा (49वें, 50वें और 56वें मिनट) ने हैट्रिक बनाई जबकि रितिका ने दो गोल दागे। टीम के लिए पूजा (दूसरे मिनट), मंजू चौरसिया (20) और भतेरी (37) ने एक-एक गोल किया। महाराष्ट्र को भी मिजोरम के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा। तनुश्री दिनेश काड़ू ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके महाराट्र को बढ़त दिलाई जबकि मोनिका टिर्की ने 26वें मिनट में टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। कप्तान अश्विनी कोलेकर (50वें मिनट) ने दूसरे हाफ में गोल दागकर टीम की 3-0 से जीत सुनिश्चित की।

### सेमीफाइनल में पहुंचे चार भारतीय मुक्केबाज



**अस्ताना (कजाखस्तान)।** भारतीय मुक्केबाजों आर्यन, यशवर्धन सिंह, प्रियांशु और साहिल ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर एएसबीसी एशियाई अंडर-22 एवं युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। आर्यन ने 51 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान के जुराएव शाकरबाय को सर्वसम्मत फैसले में 5-0 से हराकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। यशवर्धन (63 .5 किग्रा) ने पहले दौर में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ईरान के मिराहमादी बाबाहेदारी को 4-1 से हराया। दूसरी तरफ प्रियांशु (71 किग्रा) और साहिल (80 किग्रा) को अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा और उन्होंने क्रमश: चीनी ताइपे के वू यू एन और तुर्कमेनिस्तान के यकलीमोव अब्दिरहमा के खिलाफ रैफरी के मुकाबला रोकने (आरएससी) के फैसले के साथ अगले दौर में प्रवेश किया। युवा वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले शुक्रवार को खेले जाएंगे। आर्यन (92 किग्रा), निशा (52 किग्रा), आकांक्षा फलसवाल (70 किग्रा) और रुद्रिका (75 किग्रा) बुधवार रात अपने-अपने युवा वर्ग के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में उतरेंगे।

## मैड्रिड ओपन में आखिरी बार खेलते हुए हार के बाद भावुक हुए नडाल



### ये यादें साथ रहेंगी : राफेल

**मैड्रिड।** बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन राफेल नडाल मैड्रिड ओपन के चौथे दौर में मिली हार के बाद भावुक हो गए चूंकि यहां वह आखिरी बार खेल रहे हैं। पांच बार के चैंपियन नडाल को 31वीं रैंकिंग वाले जिरि लेहेका ने हराया। हार के बाद नडाल ने कहा यह काफी कठिन दिन है लेकिन यही हकीकत है। मेरा शरीर और जिंदगी काफी समय से संकेत दे रहे हैं। मैं इस कोर्ट को अलविदा कह रहा हूं और मेरे लिए यह बहुत भावुक पल है। यहां की यादें सदैव मेरे साथ रहेंगी। नडाल के हमवतन स्पेन के ही कार्लोस अल्काराज तीन घंटे तक चले मैच में जान लेनार्ड स्ट्रफ को हराकर अगले दौर में पहुंच गए। शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनेर ने कारेन खाचानोव को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। तीसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदव ने अलेक्जेंडर बुबलिक को हराया। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने बीट्रिज हदाद माइया को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना अमेरिका की मेडिसन कीस से होगा। जिन्होंने ओंस जबाउर को हराया।

# जीत के ढर्रे पर आना चाहेगी हैदराबाद

हैदराबाद, एजेंसी

लक्ष्य का पीछा करते हुए भटकने वाली सनराइजर्स हैदराबाद शीर्ष पर काबिज राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में अपने अभियान को ढर्रे पर लाना चाहेगी। रॉयल्स का प्लेआफ में स्थान लगभग पक्का है लेकिन सनराइजर्स के लिए इस मैच में बहुत कुछ दाव पर है।

कुछ दिन पहले तक शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए मिली हार का खामियाजा भुगतना पड़ा है। इन पराजयों के बाद टीम शीर्ष चार से बाहर हो गई।

पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम के शीर्ष और मध्यक्रम के बल्लेबाज लक्ष्य का पीछा करते हुए नाकाम रहे हैं जिससे कोच डेनियल विटोरी को स्वीकार करना पड़ा कि लक्ष्य का पीछा करते हुए अति आक्रामक खेलने की रणनीति गलत रही।



दूसरी ओर रॉयल्स का अब तक का सफर बेदाग रहा है । पहले सत्र की विजेता टीम ने हर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन किया है। उसके पास जोस बटलर, यशस्वी और कप्तान सैमसन जैसे फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज हैं। गेंदबाजी में उनके पास चहल, बोल्ट का अनुभव और आवेश, संदीप का जोश है।

# बॉलीवुड हलचल

## राजामौली ने बाहुबली : क्राउन ऑफ ब्लड का किया ऐलान



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एसएस राजामौली ने अपने आगामी प्रोजेक्ट बाहुबली : क्राउन ऑफ ब्लड का ऐलान कर दिया है। बाहुबली, बाहुबली 2 और आरआरआर जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म देने के बाद, फैंस और दर्शक निर्देशक एसएस राजामौली की अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। राजामौली ने अपने आगामी प्रोजेक्ट बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड एनिमेटेड सीरीज का एलान किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक क्लिप के जरिए अपने प्रोजेक्ट के टाइटल का खुलासा किया है। एसएस राजामौली ने अपने ऑफिशियल एक्स (ट्विटर) पर अपने आगामी प्रोजेक्ट का खुलासा करते हुए एक वीडियो पोस्ट किया है और कैप्शन में लिखा है, जब महिष्मति के लोग उनका नाम जपते हैं, तो ब्रह्मांड की कोई भी ताकत उन्हें वापस लौटने से नहीं रोक सकती। बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड, एक एनिमेटेड सीरीज का ट्रेलर, जल्द ही आएगा। वीडियो में टाइटल को धुएं से निकलते हुए दिखाया गया है। बैकग्राउंड में लोगों को बाहुबली के नारे लगाते हुए सुना जा सकता है।

## दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट में अक्षय-अरशद शुरू करेंगे जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग



**मुंबई।** बॉलीवड अभिनेता अक्षय कुमार और अरशद वारसी दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट में फिल्म जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। वर्ष 2013 में सुभाष कपूर के निर्देशन में बनी 'जॉली एलएलबी' में अरशद वारसी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इसके बाद वर्ष 2017 में जॉली एलएलबी की सीक्वल प्रदर्शित हुई, जिसमें अक्षय कुमार की मुख्य भूमिका थी ।लंबे समय से इस फ्रेंचाइजी के फैंस को इसके तीसरे पार्ट का इंतजार है। कहा जा रहा है कि जॉली एलएलबी 3 में अक्षय और अरशद एक साथ दिखेंगे। बताया जा रहा है कि जॉलीएलएलबी 3 की शूटिंग राजस्थान में शुरू हो चुकी है। कहा जा रहा है कि अक्षय और अरशद जल्द ही दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट में जॉलीएलएलबी 3 की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। शूटिंग जून से जुलाई तक 30-40 दिनों तक चल सकती है। बताया जा रहा है कि 2024 में फिल्म की शूटिंग पूरी हो जाएगी और 2025 में फिल्म थिएटर्स में दस्तक दे सकती है।

## एमएसके प्रसाद बोले-काफी होंगे तीन तेज गेंदबाज, अमेरिका और वेस्टइंडीज में धीमी पिचों की उम्मीद

# क्या विश्व कप की चुनौती में सफल हो पाएंगे अर्शदीप और सिराज



- आईपीएल के इस सत्र में अब तक महंगे साबित हुए हैं दोनों की भारतीय तेज गेंदबाज

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत की टी20 विश्व कप टीम में चार स्पिनरों से पता चलता है कि भारतीय चयनकर्ताओं को अमेरिका और वेस्टइंडीज में स्पिन की अनुकूल धीमी पिचों की उम्मीद है लेकिन क्या उन्होंने 15 सदस्यीय टीम में केवल तीन तेज गेंदबाजों को चुनकर कोई गलती की है। तेज गेंदबाजी में पसंद पर भी सवाल उठे हैं। आईपीएल शुरू होने से पहले तेज गेंदबाजी विभाग में सिर्फ जसप्रीत बुमराह का चयन तय था जबकि अन्य तेज गेंदबाजों को लीग में खुद को साबित करना था।

मंगलवार को चुनी गई टीम को देखते हुए चयनकर्ताओं ने सुरक्षित रुख अपनाया और एक जून से शुरू होने वाले आईसीसी टूर्नामेंट में बुमराह का साथ देने के लिए मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह को चुना। भारत के लिए सिराज ने 10 और अर्शदीप ने 44 टी20 अंतर्राष्ट्रीय खेले हैं। इन दोनों का मौजूदा आईपीएल में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा लेकिन भारत के लिए उनके अतीत के प्रदर्शन के आधार पर उन्हें टीम जगह मिली है।

सिराज ने 9.50 रन प्रति ओवर की दर से रन दिए हैं जबकि अर्शदीप महंगे साबित हुए हैं और उन्होंने प्रति ओवर 9.63 रन की दर से रन लुटाए हैं। अर्शदीप ने हालांकि नौ मैच में 12 विकेट चटकाए हैं। पूर्व मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद की राय में विश्व कप में तीन तेज गेंदबाजों को ले जाना काफी होगा और उन्हें चुने गए खिलाड़ियों से भी कोई दिक्कत नहीं है। वहां की पिचों से धीमे गेंदबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है और इसीलिए वे चार स्पिन विकल्पों के साथ जा रहे हैं। प्रसाद ने टीम को संतुलित बताया, हालांकि उन्हें लगता है कि राहुल इसमें जगह पाने के हकदार थे। बल्लेबाजी के नजरिए से यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि राहुल जैसा खिलाड़ी चूक गया है लेकिन मुझे यकीन है कि वह जोरदार वापसी करेगा।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# चुनाव के दांव-पेच सीखने भारत आए 10 देशों के दल

नई दिल्ली, एजेंसी

● ऑस्ट्रेलिया, रूस समेत 18 राजनीतिक दल चुनावी प्रक्रिया को समझने भारत दौरे पर आए

देशभर में चल रहे लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया को देखने और समझने के लिए पूरी दुनिया से लोग भारत आए हैं। भाजपा के विदेश विभाग के प्रभारी डॉ. विजय चौथाईवाले ने बताया कि भारत के चुनावी इतिहास में पहली बार 10 देशों के कई राजनीतिक दल भाजपा के निमंत्रण पर एक से पांच मई तक भारत दौरे पर रहेंगे।

लोकसभा चुनाव का शुरुआती अनुभव लेने के लिए सत्तारूढ़ पार्टी के निमंत्रण पर 10 देशों के 18 राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भारत की यात्रा पर आए हैं। इस दौरान यह लोग भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और विदेश मंत्री एस जयशंकर सहित भाजपा के कई नेताओं से बातचीत करेंगे। डॉ. विजय चौथाईवाले ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, मॉरीशस, नेपाल, रूस, श्रीलंका, तंजानिया, युगांडा और वियतनाम सहित 10 देशों से आने वाले प्रतिनिधि भारतीय चुनावी प्रक्रिया के साथ-साथ भाजपा की चुनाव अभियान रणनीतियों को समझने के लिए नई दिल्ली में वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। ऑस्ट्रेलिया की लिबरल पार्टी, वियतनाम की वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी, बांग्लादेश की अवामी लीग, इजराइल की लिकुड पार्टी, युगांडा की नेशनल रेसिस्टेंस मूवमेंट, तंजानिया की चामा चा मापिनदुजी और रूस की यूनाइटेड रशिया पार्टी उन राजनीतिक दलों में शामिल हैं।



## अमेरिका: 300 प्रदर्शनकारी गिरफ्तार

न्यूयॉर्क, एजेंसी

फिलिस्तीनी समर्थक लोग अमेरिका भर के विवि में प्रदर्शन कर रहे हैं। विश्वविद्यालय के कैंपस में तंबू लगाकार कई दिनों से छात्र विरोध प्रदर्शन करने में जुटे हुए हैं। पुलिस बार-बार छात्रों से अपील कर रही है कि वे तत्काल कैंपस से हट जाएं। वहीं, कोलंबिया विश्वविद्यालय पर छात्रों ने कब्जा कर लिया, इसके बाद विवि ने छात्रों को निलंबित करना शुरू कर दिया है। पुलिस कार्रवाई के दौरान 300 से ज्यादा छात्रों को हिरासत में लिया है। फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों के बीच रात भर यूसीएलए परिसर में हिंसक झड़प हुई और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए दंगा रोधी साजो-सामान के साथ पुलिस पहुंची। लोगों ने एक दूसरे पर कुर्सियां फेंकीं। लाठियों से लैस कुछ लोग दूसरों को पीटते नजर आए। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कितने लोग घायल हुए हैं। बता दें, अबतक एक हजार से अधिक प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है।

# एआई की रेस में भारतीय कंपनियां सबसे आगे

**60%** अग्रणी देशों में कंपनियों के पास एआई प्रोजेक्ट चल रहे हैं

### कौनसा देश किसी स्थिति में

- भारत : 70% कंपनियां एआई प्रोजेक्ट संचालित कर रही हैं।
- सिंगापुर : 57% कंपनियों के पास एआई प्रोजेक्ट।
- अमेरिका : 53% कंपनियां एआई प्रोजेक्ट से लैस हो चुकी हैं।
- जापान : 19% कंपनियां ही एआई प्रोजेक्ट पर चला रही हैं।

*आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) ने दुनिया को अग्रणी और पिछड़े देशों में विभाजित कर दिया है। डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी नेटएप की रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई की रेस में भारत, सिंगापुर, ब्रिटेन और अमेरिका अग्रणी हैं। स्पेन, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी पिछड़े देशों में से हैं। अग्रणी देशों में 60% कंपनियों के पास एआई प्रोजेक्ट चल रहे हैं। जबकि भारत में 70% कंपनियां एआई प्रोजेक्ट संचालित कर रही हैं। पीछे रहने वाले ने देशों में 36% कंपनियों के पास ही ऐसे प्रोजेक्ट हैं नेटएप ने यह रिपोर्ट सवंता के साथ साझेदारी में की गई स्टडी से तैयार की है।*

### अपनाने में कौन आगे

- 70 फीसदी टेक्नोलॉजी
- 55 फीसदी बैंकिंग और फाइनेंशियल
- 50 फीसदी मैनुफैक्चरिंग
- 38 % हेल्थकेयर
- 25% मीडिया और एंटरटेनमेंट

- 10 देशों के 1,300 से अधिक अधिकारियों से सवाल पूछे गए। रोचक बात यह है कि भारत की 91% कंपनियों की योजना एआई प्रोजेक्ट को ट्रेन्ड करने के लिए अपना डेटा इस्तेमाल करने की है। वैश्विक स्तर 20/ भारतीय कंपनियों का 53% भारत कि वे आईटी की जगह एआई की मदद लेंगी।



### इससे लाखों लोगों की जा सकती है नौकरी

फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक के आईटी सेक्टर में सबसे ज्यादा नौकरी कॉल सेंटर्स में मिलती है लेकिन अगले दो साल में यह नजारा कुछ और होने वाला है। तमाम कॉल सेंटर्स में एआई का इस्तेमाल बड़े स्तर पर होने लगेगा और इंसानों की जरूरत नहीं होगी। ऐसे में अगले दो साल में यानी 2025 तक दुनियाभर में कॉल सेंटर्स के लाखों लोग बेरोजगार होंगे। उन्होंने कहा कि एआई इनकमिंग कॉल को आसानी से हैंडल कर सकते हैं और उनके जवाब दे सकते हैं। कॉल सेंटर में इंसानों की जरूरत नहीं होगी।

### कई क्षेत्रों में हो रहा एआई का इस्तेमाल

आर्टिफिशिल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल आज कई क्षेत्रों में हो रहा है। मोबाइल से लेकर टीवी तक में एआई का सपोर्ट मिल रहा है। एआई का इस्तेमाल तब खतरनाक हो जा रहा है जब यह इंसानों को रिप्लेस करने लग रहा है। एक रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि अगले दो साल में कॉल सेंटर्स में इंसानों की जरूरत नहीं होगी। लोगों की जगह एआई काम करेंगे।

## एक नजर

### ब्रिटेन में भारतीय मूल की लेखिका को डॉक्टरेट की उपाधि

**लंदन।** कोलकाता में जन्मी इतिहासकार-लेखिका श्राबणी बासु को साहित्य तथा साझा ब्रिटिश भारतीय इतिहास के अध्ययन के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए लंदन विश्वविद्यालय ने डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की है। सर्वाधिक बिकने वाली जीवनी संबंधी पुस्तकों की लेखिका बासु ने मंगलवार को एक दीक्षांत समारोह में 'डॉक्टर ऑफ लिटरेचर' की अपनी मानद उपाधि ग्रहण की। विक्टोरिया एंड अब्दुल : द ट्रू स्टोरी ऑफ क्वीन्स क्लोजेस्ट कॉन्फिडेंट' पर एक फिल्म भी बनी है जिसे ऑस्कर के लिए नामित किया गया था और उसमें डेम जूडी डेंच ने अभिनय किया था। ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय की बहन प्रिंसेज रॉयल ने विवि की कुलाधिपति के तौर पर बासु को यह डिग्री प्रदान की।

### लद्दाख में चट्टान पर फंसे दो विदेशी पर्यटकों को सुरक्षित निकाला

**लेह।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के खालसी उपमंडल में खतरनाक चट्टान पर फंसे दो विदेशी पर्यटकों को बुधवार को सफलतापूर्वक बचा लिया गया। खालसी पुलिस थाना के प्रभारी अधिकारी निसार अली ने बताया कि महिला पर्वतरोही आयरलैंड की सुलिवन डिएड्रे और नीदरलैंड की वान डेर वीजडेन 10 हजार फुट की ऊंचाई पर फंस गईं थीं और मदद की गुहार लगाई थी। अली ने कहा कि उन्हें सूचना मिलने के बाद टीम को तत्काल नबताकला चट्टान की ओर रवाना हो गए। फंसे हुए पर्यटकों तक पहुंचने के लिए आंग और हेमिस-शुकपाचन के बीच खतरनाक रास्ते पर करीब दो घंटे तक चढ़ाई की और उन्हें सुरक्षित निकालकर खालसी पुलिस थाना लाया गया।

### एनसिल संभालेगी सभी आईआरएस एपग्रह डेटा उत्पादों की जिम्मेदारी

**बेंगलुरु।** द न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनसिल) ने कहा है कि वह सभी भारतीय दूर संवेदी उपग्रह (आईआरएस) आंकड़ों और उत्पादों का जिम्मा संभालेगी। एनसिल भारत सरकार का एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है, जो अंतरिक्ष विभाग के अधीन है। यह इसरो की वाणिज्यिक शाखा है, जिसकी प्राथमिक जिम्मेदारी भारतीय उद्योगों को उच्च प्रौद्योगिकी अंतरिक्ष से संबंधित गतिविधियों को शुरू करने में सक्षम बनाना है और अंतरिक्ष कार्यक्रम से जुड़े उत्पादों के लिए भी जिम्मेदार है। एनसिल ने एक्स पर कहा एक मई से आईआरएस उपग्रह डेटा और व्यावसायिक गतिविधियां एनसिल संभालेगी।

### शहबाज के करीबी मंत्री की हत्या में शामिल दो आतंकियों को किया ढेर

**लाहौर।** प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के मंत्रिमंडल के एक वरिष्ठ सदस्य की हत्या करने की साजिश में संलिप्त तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी) के दो आतंकियों को पाकिस्तानी सुरक्षा कर्मियों ने ढेर कर दिया है। पंजाब पुलिस के आंतकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) ने बताया कि मारे गए आतंकवादियों की पहचान अदील उर्फ शैफुल्लाह खोरसानी और जैन उर्फ असदुल्लाह खोरसानी के तौर पर की गई है। बयान के मुताबिक दोनों आतंकवादी संघीय मंत्री रियाज हुसैन पीराजादा की हत्या की साजिश रचने के मामले में संलिप्त थे।

# भारतीय दूतावास पर हमले में शामिल 10 खालिस्तानियों पर होगी कार्रवाई

## अमेरिका में मार्च 2023 में सैन फ्रांसिस्को स्थित दूतावास पर हुआ था हमला

न्यूयॉर्क, एजेंसी

पिछले साल मार्च में सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हुए खालिस्तान समर्थकों के हमले को लेकर अब अमेरिकी सरकार एक्शन में आ गई है। अमेरिकी संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) दूतावास हमले में शामिल 10 आरोपियों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी करने की तैयारी में है।

एफबीआई के एक अधिकारी ने बताया है कि, लुकआउट नोटिस यह सुनिश्चित करेगा कि अमेरिकी एजेंसियां सक्रिय रूप से हमले में शामिल 10 आरोपियों को हिरासत में लेगी। अमेरिकी अधिकारियों और बाद में भारतीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा उनसे पूछताछ, पहचान और गिरफ्तारी की तैयारी में लग जाएंगी। गौरतलब है कि भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमला 18 और 19 मार्च 2023 की मध्यरात्रि को हुआ था। जब कुछ कथित खालिस्तान समर्थकों ने अवैध रूप से वाणिज्य दूतावास में प्रवेश किया और आग लगाने का प्रयास किया। दूतावास की इमारत को क्षतिग्रस्त कर दिया और दूतावास के अधिकारियों को घायल कर दिया था। इसके अलावा 18 जून 2023 को कनाडा के सुरीं में अलगाववादी खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) के प्रमुख हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद 1 और 2 जुलाई 2023 की मध्यरात्रि में कुछ आरोपी फिर से वाणिज्य दूतावास में घुस गए और उसे जलाने की कोशिश की थी।

### खालिस्तानी प्रदर्शनकारी नहीं, अब इन्हें अपराधी माना जाएगा



खालिस्तानी समर्थकों के लेकर अमेरिका जांच एजेंसियों के रुख में बड़ा बदलाव आया है। एफबीआई के एक अधिकारी ने बताया कि अमेरिका में भारतीय दूतावास पर हमले में शामिल खालिस्तानी संगठनों को अब प्रदर्शनकारी नहीं माना जाएगा, बल्कि इन्हें अपराधी मानते हुए कार्रवाई की जाएगी। एफबीआई कथित तौर पर ऐसे समूहों के खिलाफ आपराधिक कानूनों के अनुसार कार्रवाई की योजना बना रही है और उसने कई लोगों के नाम भी तय कर लिए हैं। इससे पहले, ऐसे खालिस्तानी समर्थक संगठनों की गतिविधियों को अमेरिका के द्वारा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के दायरे में रखा जाता था।

### खालिस्तानी संगठनों की फंडिंग पर लगेगी रोक

खालिस्तानी संगठनों की फंडिंग को ट्रैक कर इस पर रोक लगाई जाएगी एफबीआई खालिस्तानी संगठनों की फंडिंग की भी जांच कर रही है। अमेरिका ने इन संगठनों की वित्तीय सहायता को ट्रैक करने और रोकने प्रयासों को तेज कर दिया है। एफबीआई और एनआईए की जांच में यह भी पता चला कि खालिस्तानी संगठनों के कई समर्थक ऑनलाइन कट्टरपंथ से प्रभावित थे और तस्करी जैसे अपराधों में शामिल हैं। एफबीआई अधिकारियों ने एनआईए से कहा है कि खालिस्तानी अपराधियों के नाम और पासपोर्ट के अलावा बायोमेट्रिक्स भी प्रदान करें। भारतीय एजेंसियां इंटरपोल से रेड कॉर्नर नोटिस का अनुरोध करते समय आरोपी का नाम, पासपोर्ट विवरण साझा करती हैं। एफबीआई के मुताबिक बायोमेट्रिक्स डेटा से अपराधियों का तलाश आसान होगी।

## जेल में बंद नेताओं को डिजिटल प्रचार की नहीं मिली अनुमति

**नई दिल्ली।** जेल में बंद नेताओं को दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने जेल में बंद नेताओं को लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचार करने की अनुमति देने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि यह अर्जी बहुत ही दुस्साहसिक और कानून के मौलिक सिद्धांतों के विरुद्ध है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी. एस. अरोड़ा की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि अदालतें नीतिगत निर्णय नहीं लेती हैं और ऐसे मुद्दों पर निर्णय लेना संसद का काम है।

पीठ ने कहा, हम ऐसे किसी भी व्यक्ति को चुनाव प्रचार करने की अनुमति नहीं दे सकते जो हिरासत में है। अन्यथा, सभी बलात्कारी, हत्यारे चुनाव से महज पहले राजनीतिक दल बनाने लगेंगे। उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता को जुर्माना लगाने की चेतावनी दी। अदालत विधि छात्र अमरजीत गुप्ता की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। गुप्ता निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता की घोषणा किए जाने के बाद नेताओं, खासकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, की गिरफ्तारी के समय को लेकर आहत हैं।

# जज को तो शनिवार-रविवार को भी अवकाश नहीं मिलता

नई दिल्ली, एजेंसी



● अदालतों और हाईकोर्ट के जजों की छुट्टी को लेकर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

सुप्रीम कोर्ट ने अदालतों और हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की छुट्टी को लेकर एक टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जो लोग न्यायालय और न्यायाधीशों की लंबी छुट्टियों को लेकर आलोचना करते हैं, उन्हें यह नहीं पता कि न्यायाधीशों को तो शनिवार और रविवार को भी छुट्टी नहीं मिलती।

छुट्टी का मुद्दा तब सामने आया, जब सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के एक मामले में दलीलों के लिए गुरुवार का दिन तय किया। अदालत ने दोनों पक्षों से कहा कि सुप्रीम कोर्ट के 20 मई से गर्मियों की छुट्टियों पर जाने से पहले दलीलें पूरी कर ली जाएं। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ बुधवार को पश्चिम बंगाल सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें सीबीआई पर राज्य से पूर्व अनुमति लिए बिना जांच करने का आरोप लगाया गया है। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से कहा, 'जो लोग यह आलोचना करते हैं कि शीर्ष अदालत और हाईकोर्ट लंबी छुट्टियां लेते हैं, उन्हें नहीं पता कि न्यायाधीश कैसे काम करते हैं।' उन्होंने केंद्र का पक्ष रखते हुए पीठ से कहा, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश रोजाना 50 से 60 मामले देखते हैं और वह छुट्टियों के हकदार हैं।

### सिंध में जबरन हो रहा हिंदू लड़कियों का धर्म परिवर्तन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी हिंदू नेता और सीनेट के सदस्य दानेश कुमार पलयानी ने सिंध प्रांत में गंभीर मानवाधिकार संकट पर चिंता जताते हुए कहा कि हिंदू समुदाय की लड़कियों को जबरन इस्लाम में परिवर्तित किया जा रहा है। दानेश कुमार पलयानी ने कहा कि कुछ अराजक तत्वों द्वारा हिंदू लड़कियों से जबरन इस्लाम धर्म कबूल करवाया जा रहा है। जिन इलाकों में हिंदू बसे हुए हैं, वहां लड़कियों का धर्म परिवर्तन किया जा रहा है। सीनेट में अपनी बात रखते हुए पलयानी ने कहा कि पाकिस्तान हमें यह अधिकार देता है कि कोई भी किसी को धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर नहीं कर सकता। कुरान में भी इस बात का जिक्र किया गया है कि धर्म में कोई जबरदस्ती नहीं होनी चाहिए।

### बर्फ हटाने में जुटे सैनिक



**चमोली :** उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा के पैदल यात्रा मार्ग से सैनिकों ने बर्फ हटाने का कार्य शुरू कर दिया है। 25 मई से शुरू हो को लेकर सेना के जवान प्रतिकूल मौसम के बीच घांघरिया और लोकपाल साहिब के रास्ते से बर्फ हटाने में जुटे हुए हैं। हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए 22 मई को ऋषिकेश से पंज प्यारों की अगुवाई में पहला जत्था रवाना होगा। यात्रा मार्गों पर पैदल रास्तों के चौड़ीकरण और सुधारीकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। ● एजेंसी

## चीन के ग्वांगदोंग में राजमार्ग ढहा, वाहन फंसे, 24 की मौत

**बीजिंग।** दक्षिणी चीन में बुधवार को राजमार्ग का एक हिस्सा ढह गया, जिससे कई वाहन फंस गए और 24 लोगों की मौत हो गई। चीनी मीडिया के अनुसार, राजमार्ग का 17.9 मीटर (58.7 फीट) हिस्सा ढह गया 18 वाहन नीचे गिर गए।

अधिकारियों ने बताया है कि, बीते दो हफ्तो में ग्वांगदोंग प्रांत के हिस्सों में भारी बारिश और ओलावृष्टि हो रही है, जिससे बाढ़ जैसे हालात हैं। मीझोऊ के कुछ गांवों में अप्रैल में बाढ़ आई और हाल के दिनों में शहर में भारी बारिश हुई है। स्थानीय मीडिया को बताया कि बचावदल मौके पर पहुंच गया है। फंसे लोगों में निकाला जा रहा है, 30 लोगों को अस्पताल में भर्ती किया गया है।

# ब्रिटेन में छात्र वीजा के बदलाव से आश्रितों की संख्या घटी

लंदन, एजेंसी

● सख्त नियमों का दिखा असर, 80 प्रतिशत तक दर्ज हुई गिरावट



ब्रिटेन में छात्र वीजा को लेकर इस साल सख्त नियम जारी किए गए हैं। ऐसे में अब विदेशी छात्रों के साथ जाने वाले आश्रितों की संख्या में महत्वपूर्ण गिरावट देखने को मिली है, जिसका ब्रिटेन सरकार ने स्वागत किया है। ब्रिटेन के गृह विभाग का कहना है कि पिछले साल की तुलना में इस साल जनवरी से लेकर मार्च के महीने में छात्रों के साथ आने वाले आश्रितों की संख्या में 80 प्रतिशत तक गिरावट देखने को मिली है। इसके अलावा दुनियाभर से 26,000 से कम छात्रों ने वीजा के लिए आवेदन किया है। बीते कुछ वर्षों में वीजा आवेदन के मामले में भारतीय छात्र अगृणी रहे हैं लेकिन इस बार के आंकड़े कुछ अलग कहानी बयां कर रहे हैं। वीजा आवेदन में गिरावट का मतलब है कि इस बार कम भारतीय छात्रों ने यूके के विश्वविद्यालयों को चुना है।

जनवरी से प्रभावी नियमों के तहत रिसर्च कोर्स करने वाले छात्रों को छोड़कर अधिकांश छात्र अपने परिवार के सदस्यों को स्टूडेंट वीजा पर साथ नहीं ला सकते। इसके अलावा वे अपना कोर्स पूरा करने से पहले वीजा नहीं बदल सकते।

## ताइवान से तनाव के बीच चीन का उन्नत विमानवाहक पोत लांच

**बीजिंग।** चीन ने अपने सबसे उन्नत और तीसरे विमानवाहक पोत फुजियान का समुद्री परीक्षण शुरू कर दिया है। फुजियान के चीनी सेना में शामिल होने के बाद ड्रैगन की ताकत काफी ज्यादा बढ़ जाएगी। ताइवान और दक्षिण चीन सागर में जारी विवाद के बीच चीन ये परीक्षण कर रहा है।

बुधवार से शुरू हो रहे परीक्षण में पोत के स्थायित्व, और इलेक्ट्रिक सिस्टम का प्राथमिक तौर पर परीक्षण किया जाएगा। चीन ने साल 2022 में फुजियान विमानवाहक पोत को लॉन्च किया था। अभी तक फुजियान पोत अपने मूरिंग परीक्षण और अन्य तकनीकी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर चुका है। विमानवाहक पोत के परीक्षण के चलते चीन ने यांग्जी नदी में यातायात परिवहन रोक दिया है।

# साइफर मामले में इमरान के विरुद्ध ठोस सबूत नहीं: कोर्ट

इस्लामाबाद, एजेंसी

● गोपनीय दस्तावेज लीक मामले में पूर्व पीएम को राहत



पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को राहत मिलने की उम्मीद है। दरअसल, इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) के पास इस बात का कोई सबूत नहीं है कि जेल में बंद खान के पास गोपनीय दस्तावेज (साइफर) था और यह उनके पास से गायब हुआ।

इमरान और तत्कालीन विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने साइफर मामले में आरोप सिद्ध होने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। जिस पर मंगलवार को फिर से सुनवाई शुरू हुई। इस्लामाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक और न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब की खंडपीठ ने सवाल किया कि क्या एजेंसी के पास कोई सबूत है, जो साबित कर सके कि पूर्व पीएम के पास गुप्त दस्तावेज थे। साल 2022 मार्च में अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान से पहले एक जनसभा के दौरान पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान ने जेब से एक कागज निकालकर लहराया था और दावा किया था कि उनकी सरकार गिराने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साजिश रची जा रही है। आरोप है कि साल 2022 में वाशिंगटन से पाकिस्तान स्थित दूतावास में एक केबल भेजा गया था, जो लीक हो गया और इमरान खान ने कथित तौर पर उसे ही जनसभा के दौरान लहराया था।

**विज्ञान** तारों की उत्पत्ति व विकास का रहस्य समझने में मील का पत्थर साबित होगी यह तस्वीर

# कैमरे में कैद हुई निहारिका की भीतरी संरचना

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** स्याह अंधकार के बीच चमकती निहारिका की भीतरी संरचना को कैमरे में कैद करने की सफलता जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने हासिल की है। इस निहारिका का नाम हॉर्सहेड नेब्यूला है, जो हमसे 13 सौ प्रकाशवर्ष दूर है।

तारों की उत्पत्ति व विकास का रहस्य समझने के लिए यह तस्वीर मील का पत्थर साबित होगी। नासा के अनुसार यह निहारिका धूल और गैस की अशांत लहरों का विशाल समुद्र है। जिसे बरनार्ड 33 के नाम से भी जाना जाता है। इस निहारिका की तस्वीर में नई रोशनी नज़र आती है। जिससे निहारिका के एक क्षेत्र की जटिलता को आसानी से समझा जा सकता है। नई जानकारी के अनुसार यह निहारिका विभिन्न पदार्थों के ढहते अंतरतारकीय बादल से बनी है और बेहद चमकती है। साथ ही यह भी पता चलता है कि इसके आसपास के गैस के बादल समाप्त हो चुके हैं। जैसे ही प्रकाश धूल के बादल को वाष्पित करता है, धूल के कण गर्म गैस के साथ बादल से दूर चले जाते हैं।

इससे निहारिका बादलों के नेटवर्क का पता लगाया है। साथ ही धूल के अवरुद्ध होने और प्रकाश उत्सर्जन की जानकारी मिलती है। इसके अलावा नेबुला के बहुआयामी आकार को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलती है। इतना ही नही इससे निहारिका में मौजूद सामग्री के भौतिक और रासायनिक गुणों के विकास में अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। जिस कारण यह खोज बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी में यह शोध गत दिवस प्रकाशित हुआ है।



हॉर्सहेड निहारिका।

### करिश्माई है वेब टेलीस्कोप

जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप वास्तव में करिश्माई है। जिसने खगोल विज्ञान को अंतर्दृष्टि दी है। यह टेलीस्कोप अभी तक ब्रह्मांड के अनेक पदार्थों का रहस्य उजागर करने में बेहद मददगार साबित हुई है। खगोल वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि इस टेलीस्कोप के जरिए निकट भविष्य के ब्रह्मांड के अनेक राज उजागर हो सकेंगे।

# हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा को 27 देशों के सैन्य कमांडर एकजुट

नई दिल्ली, एजेंसी

● सम्मेलन में शामिल हुए सीडीएस सहयोग बढ़ाने पर हुई चर्चा



27 देशों के वरिष्ठ सैन्य कमांडर हिंद प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर वर्चुअल सम्मेलन में शामिल हुए। इस आयोजन में भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने भी भाग लिया।

मंगलवार को अमेरिका की इंडो पैसिफिक कमांड के कमांडर एडमिरल जॉन सी एक्विलिनो समेत अन्य ने सैन्य सहयोग बढ़ाने, साझा सुरक्षा मुद्दों पर सहयोग, हिंद प्रशांत क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने जैसे मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही उद्देश्यों की पूर्ति संबंधी समीक्षा भी की गई।

हिंद प्रशांत महासागर का क्षेत्र अमेरिका की सामरिक रणनीति का केंद्र है और अमेरिका इस क्षेत्र में भारत के साथ व्यापक सहयोग का हिमायती है। हिंद प्रशांत महासागर में चीन का प्रभाव भी लगातार बढ़ रहा है, जिसकी वजह से अमेरिका इस क्षेत्र के देशों के साथ लगातार सहयोग बढ़ा रहा है। वर्तमान में हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में 38 देश शामिल हैं, जो दुनिया के कुल सतह क्षेत्र का 44 प्रतिशत हैं। यहीं पर दुनिया की 65 प्रतिशत आबादी रहती है और आर्थिक तौर पर बात करें तो दुनिया की कुल जीडीपी में से 62 प्रतिशत हिस्सा हिंद प्रशांत क्षेत्र से ही आता है।